

// सिर्फ शब्दों से न कीजिए, किसी के वजूद की पहचान। हर कोई उतना कह नहीं पाता, जितना समझता और महसूस करता है। //

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी

माता के आंसुओं से ज्यादा भार जगत में किसी और वस्तु में नहीं है।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, रविवार, 14 सितंबर, 2025 | अश्विन कृष्ण पक्ष: अष्टमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 254 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12







## न्यूज़ ब्रीफ

### हरियाणा सरकार का फैसला: प्रदेश में 135 स्वास्थ्य संस्थानों का होगा निर्माण



**चंडीगढ़, 13 (अप्रस)।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 135 नए स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान कर दी है। इन संस्थानों के निर्माण पर लगभग 74.43 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने शनिवार को जारी जानकारी में कहा कि इनमें 126 सब हेल्थ सेंटर शामिल हैं, जिन पर लगभग 6993 लाख रुपये की लागत आएगी। इसी के साथ 9 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट्स के निर्माण को भी स्वीकृति प्रदान की गई है, जिन पर कुल 450 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने विस्तार से बताया कि जिन जिलों में सब हेल्थ सेंटर स्थापित किए जाएंगे, उनमें महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, भिवानी, चरखी दादरी, फतेहाबाद, गुरुग्राम, झज्जर, जींद, करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल, पलवल, पानीपत और सोनीपत शामिल हैं। वहीं 'ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट्स' का निर्माण सिरसा, भिवानी, रेवाड़ी, झज्जर और पानीपत जिलों में किया जाएगा। आरती सिंह राव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि राज्य का कोई भी नागरिक बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे।




### मुख्यमंत्री की बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास और सफाई अभियान को बड़े पैमाने पर शुरू करने की घोषणा

# 10 दिनों में मलबे से मुक्त होंगे बाढ़ प्रभावित गांव: सीएम मान

इस अभियान पर खर्च होंगे 100 करोड़ रुपए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 सितंबर।** पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 100 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्वास और सफाई अभियान बड़े पैमाने पर शुरू किया जाएगा। 10 दिनों के अंदर बाढ़ प्रभावित गांवों को मलबे से मुक्त किया जाएगा। यह घोषणा सीएम भगवंत मान ने पत्रकारवार्ता के दौरान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई क्षेत्रों में अब बाढ़ का पानी कम हो रहा है, लेकिन गांवों और कस्बों में कीचड़ और गंदगी बहुत फैली हुई है। उन्होंने कहा कि जन-जीवन सामान्य होने की ओर बढ़ रहा है, इसलिए इन क्षेत्रों की सफाई का काम बहुत जरूरी है। इसके लिए राज्य सरकार 2300 प्रभावित गांवों और वार्डों में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान शुरू करने जा रही है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि प्रत्येक गांव के लिए सरकार ने टीमें गठित की हैं, जिनके पास जेसीबी मशीनें, ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और श्रमिकों की व्यवस्था होगी। ये टीमें कीचड़ और मलबा हटाएंगी और प्रत्येक गांव की पूरी सफाई सुनिश्चित करेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 सितंबर तक सभी गांवों को साफ करके कीचड़ और मलबे से मुक्त कर दिया जाएगा और 15 अक्टूबर तक सार्वजनिक स्थानों पर मरम्मत का काम पूरा कर लिया जाएगा।

शेष पृष्ठ 12 पर




### पशु चिकित्सकों की टीमें गांवों में की तैनात

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी गांवों में पशु चिकित्सकों की टीमें तैनात की गई हैं और पशुओं वाली जगहों की सफाई और कीटाणु-मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन जगहों से मलबा और खराब चारा हटाया जाएगा और किसानों को चारा और पानी कीटाणु-मुक्त करने के लिए पोटाशियम परमैंगनेट प्रदान किया जाएगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि बीमारियों के फैलाव को रोकने के लिए सभी प्रभावित जानवरों का टीकाकरण 30 सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने की अटकलों को मान ने बताया निराधार

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें पद से हटाए जाने की अटकलें निराधार हैं और वह मुख्यमंत्री बने रहेंगे। मान ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ तथाकथित विशेषज्ञों ने उनके अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान चार बार राज्य का मुख्यमंत्री बदल डाला। मुख्यमंत्री को बृहस्पतिवार को मोहाली के एक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जहां उन्हें थकान और हृदय गति धीमी होने के कारण भर्ती कराया गया था। भगवंत मान ने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल अमृतसर के स्वर्ण मंदिर आए थे, तब उन्होंने कहा था कि मान ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। उन्होंने कहा, ''ये कौन हैं? पूर्व पत्रकार, पूर्व तस्कर, पूर्व गैंगस्टर, पूर्व नशेड़ी। ये लोग सोशल मीडिया पर विशेषज्ञ बनकर बैठे हैं। ये वीडियो के 'व्यूज' के लिए कुछ भी कह सकते हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ नहीं बोलते क्योंकि वे ईडी से डरते हैं।'' सीएम मान ने लोगों से ऐसे ''फेसबुक विशेषज्ञों'' से बचने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं है। बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे पर आए केंद्रीय मंत्रियों से संबंधित सवाल पर मान ने आरोप लगाया कि वे सिर्फ फोटो खिंचवाने के लिए यहां आ रहे हैं।

### भाजपा का पंजाब विरोधी चेहरा हुआ बेनकाब

भाजपा पर तंज कसते हुए भगवंत सिंह मान ने कहा कि भाजपा का पंजाब विरोधी चेहरा बेनकाब हो गया है क्योंकि उन्होंने मुश्किल समय में राज्य की मदद नहीं की और इसलिए अब वे बेकार की बातों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के लोग भाजपा से स्पष्ट रूप से सवाल पूछ रहे हैं कि केंद्र सरकार ने राज्य को कब और कितना पैसा दिया है। उन्होंने कहा कि इस सवाल का जवाब दूध का दूध और पानी का पानी कर देगा, लेकिन भाजपा नेता इससे बच रहे हैं क्योंकि इससे उनका असली चेहरा नंगा हो जाएगा। उन्होंने भाजपा नेताओं को सलाह दी कि वे मुश्किल समय में पंजाब के साथ घटिया राजनीति न खेलें क्योंकि पंजाबी ऐसी बातों को कभी नहीं भूलते। भगवंत सिंह मान ने कहा कि जहां तक केंद्र से आए फंडों और कितना खर्च किया गया है, इसकी रिपोर्ट से तस्वीर साफ हो जाती है। उन्होंने विवरण देते हुए कहा कि राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) साल 2010 में बनाया गया था और उस साल से लेकर अब तक इस कोष में 5012 करोड़ रुपए का फंड आया है, जिसमें से इन वर्षों के दौरान प्राकृतिक आपदाओं के मौके पर राहत कार्यों के लिए 3820 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मुद्दे उठाने के बजाय, सभी को पंजाब के लोगों की मदद के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी पंजाबियों को बाढ़ के कहर से तबाह हुए पंजाब को फिर से खड़ा करने की जरूरत है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार इस नेक कार्य के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

### किसानों के साथ पूरी ताकत से खड़ी सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट के इस समय में किसानों के लिए भले ही कोई भी मदद अभी नाकाफी हो, फिर भी सरकार अपनी पूरी ताकत लगाने के लिए दृढ़ है। उन्होंने कहा कि पंजाब में धान की खरीद शुरू होने जा रही है और मंडियों में 16 सितंबर से खरीद शुरू करने के लिए व्यवस्थाएं पहले ही की जा चुकी हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि बाढ़ की मार झेलने वाली मंडियों की बड़े पैमाने पर सफाई और मरम्मत की जा रही है और 19 सितंबर तक ये बाढ़ प्रभावित मंडियां भी खरीद के लिए तैयार हो जाएंगी।

### बाढ़ प्रभावित सभी गांवों में लगेंगे मेडिकल कैंप

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित करना बहुत महत्वपूर्ण है कि बाढ़ के बाद कोई बीमारी न फैले और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं वाले किसी भी व्यक्ति को तुरंत चिकित्सा सहायता मिले। इस उद्देश्य के लिए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी 2,303 बाढ़ प्रभावित गांवों में मेडिकल कैंप लगाएगी। उन्होंने कहा कि 596 गांवों में, जहां आम आदमी क्लीनिक पहले से मौजूद हैं, वहां मेडिकल कैंप, स्वास्थ्य सुविधाएं और दवाइयां उपलब्ध होंगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि बाकी 1,707 गांवों में ये मेडिकल कैंप स्कूलों, धर्मशालाओं, आंगनवाड़ी केंद्रों या पंचायत भवनों जैसी साझा जगहों पर लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक कैंप में डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ और चिकित्सा सुविधाएं मौजूद होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस विशेष अभियान के लिए 550 एम्बुलेंस की व्यवस्था की है ताकि प्रभावित गांवों के लोगों को चिकित्सा सेवा प्राप्त करने में कोई देरी या परेशानी न हो। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अब तक की रिपोर्टों के अनुसार, 713 गांवों के लगभग 2.50 लाख पशु बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और उनमें बीमारियों के फैलाव को रोकने के लिए सरकार ने विशेष अभियान शुरू किया है ताकि पशुपालकों की सहायता की जा सके।

### पंचकूला में अश्वनी गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सब-जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट का आगाज

# खिलाड़ियों का लक्ष्य ओलंपिक खेलों में पदक जीतना होना चाहिए: सीएम सैनी

विभिन्न राज्यों से आए करीब 2000 प्रतिभागी ले रहे हैं हिस्सा

मुख्यमंत्री ने स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी, पंचकूला को 11 लाख रुपये देने की करी घोषणा

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**पंचकूला 13 सितम्बर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खिलाड़ियों का लक्ष्य ओलंपिक खेलों में पदक जीतना होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2036 के ओलम्पिक खेलों में भारत को खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश सरकार ओलम्पिक खेलों की तैयारियों में अभी से लग गई है। मुख्यमंत्री शनिवार को पंचकूला में योनेक्स-सनराइज अश्वनी गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सब-जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 के उद्घाटन समारोह में देशभर से आए खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर, मुख्यमंत्री ने बैडमिंटन टूर्नामेंट के शुभारंभ की घोषणा की और अपने स्वैच्छिक कोष से स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी, पंचकूला को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न राज्यों से आए करीब 2000 प्रतिभागी खिलाड़ियों का हरियाणा में स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन आपका जज्बा और खेल भावना ही आपको महान खिलाड़ी बनाएगी। यह भी याद रखें कि आपकी मंजिल केवल एशियन जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतना होना चाहिए। उन्होंने हरियाणा को स्पोर्ट्स हब बताते हुए कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 11 साल पहले हरियाणा में खेलों के लिए एक विजन विकसित किया जिसके अनुरूप हमने शखेले हरियाणा-बढ़े हरियाणा के मंत्र के साथ खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया है और खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित किया।

### सरकार खिलाड़ियों को तराशने के लिए खोल रखी हैं नर्सरियां

सीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों को बचपन से ही तराशने के लिए खेल नर्सरियां खोली हुई हैं। हरियाणा को शखेलों की नर्सरीश् कहा जाता है। इन नर्सरियों में खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता व प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस समय प्रदेश में 1,489 खेल नर्सरियां कार्यरत हैं। इनमें 37 हजार 225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन नर्सरियों में नामांकित 8 से 14 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को 1500 रुपये तथा 15 से 19 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को 2000 रुपये प्रति माह दिये जाते हैं।

**जवाब** | चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को दिया हलफनामा

# वोटर लिस्ट बनाना, बदलना सिर्फ हमारा काम: चुनाव आयोग


एसआईआर कराना विशेष अधिकार, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश देना हमारे काम में दखल

अर्थ प्रकाश नेटवर्क




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा कि पूरे देश में समय-समय पर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराना उसका विशेषाधिकार है। कोर्ट इसका निर्देश देगी तो ये अधिकार में दखल होगा। आयोग ने कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार वोटर लिस्ट बनाना और उसमें समय-समय पर बदलाव करना सिर्फ चुनाव आयोग (ईसी) का अधिकार है। यह काम न किसी और संस्था और न ही अदालत को दिया जा सकता। चुनाव आयोग ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और वोटर लिस्ट को पारदर्शी रखने के लिए लगातार काम करते हैं। यह हलफनामा एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया था। याचिका में मांग की गई थी कि चुनाव आयोग को भारत में विशेष रूप से चुनावों से पहले एसआईटार कराने का निर्देश दिया जाए, ताकि देश की राजनीति और नीति केवल भारतीय नागरिक ही तय करें। बता दें कि 5 जुलाई 2025 को बिहार को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) को पत्र भेजकर 1 जनवरी 2026 की पात्रता तिथि के आधार पर स्ढ्ढक्रकी तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया था।

**वोटर लिस्ट में बदलाव करने की कोई तय समय सीमा नहीं:** धारा 21 के मुताबिक, वोटर लिस्ट में बदलाव करने की कोई तय समय सीमा नहीं है। बल्कि ये सामान्य जिम्मेदारी है, जिसे हर आम चुनाव, विधानसभा चुनाव या किसी सीट के खाली होने पर होने वाले उपचुनाव से पहले पूरा करना जरूरी है। नियम 25 से साफ है कि मतदाता सूची में थोड़ा-बहुत या बड़े स्तर पर बदलाव करना है या नहीं, यह पूरी तरह चुनाव आयोग के फैसले पर निर्भर करता है। मतदाता सूची को सही और भरोसेमंद रखना चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। इसलिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत 24 जून 2025 के एसआईआर आदेश के मुताबिक अलग-अलग राज्यों में स्ढ्ढक्रकराने का फैसला किया है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के अनुसार आयोग को छूट है कि वह तय करे कि कब समरी रिवीजन किया जाए और कब इंटेंसिव रिवीजन।

# पंजाब सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए कर रही है दिन-रात कार्य : हरपाल सिंह चीमा

## हम बाढ़ प्रभावित लोगों के घर-घर जाकर उन्हें पूरा मुआवजा प्रदान करेंगे : हरजोत सिंह बैंस

कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 2 लाख रुपये का योगदान दिया

पानी से उत्पन्न होने वाली बीमारियों के फैलाव को रोकने के लिए किए जा रहे विशेष उपाय : गोयल





अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**चंडीगढ़, 13 सितंबर।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी अगुवाई में पंजाब सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए दिन-रात कार्य कर रही है। बाढ़ प्रभावित लोगों को कोई भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि उनका जो भी नुकसान हुआ है, उसकी पूरी भरपाई पंजाब सरकार द्वारा की जाएगी। सभी कैबिनेट मंत्री और पूरा प्रशासन बाढ़ पीड़ितों की सहायता में जुटा हुआ है और स्थिति पूरी तरह सामान्य होने तक बाढ़ प्रभावित लोगों को हर प्रकार की सहायता प्रदान की जाएगी।

सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने फाजिल्का जिले के गांव राम सिंह भैणी समेत लगभग 20 गांवों के बाढ़ प्रभावित लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उस जमीन का भी मुआवजा दिया जाएगा जहाँ कोई फसल की बुवाई नहीं की गई थी। उन्होंने बताया कि %गिरदावरी% का कार्य प्रगति अधीन है। उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष में 2 लाख रुपये का योगदान भी दिया। उन्होंने बताया कि सड़कें मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है और आवागमन सुविधाएं जल्द ही बहाल कर दी जाएंगी।

कैबिनेट मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि बाबा गुरदिता जी गुरुद्वारा की इमारत भी भारी बारिश के कारण ढह गई है और अरदास उपरांत गुरुद्वारा बाबा गुरदिता जी की इमारत के आसपास कंक्रीट के ठाम लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि इसके आसपास के क्षेत्र को चौड़ा किया जाएगा और वहाँ बड़ी पार्किंग सुविधा प्रदान की जाएगी। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और हरजोत सिंह बैंस ने नंगल क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का भी दौरा किया। कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज संगरूर के लहिरागागा में घग्गर नदी का दौरा भी किया।

### लाल चंद कटारूचक्क ने बाढ़ प्रभावित 25 गांवों में महा सफाई अभियान का नेतृत्व किया

इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क की अगुवाई में जिला पठानकोट के 25 बाढ़ प्रभावित गांवों में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इन गांवों में तास, मखनपुर, बरमल जट्टां, अखवाना, मंजीरी जट्टां, माजरी अराईयां, सेखूपुर मंजीरी, मंजीरी राजपूत, पहाड़ीपुर, फरवाल, बमियाल, भागवाल, दतियाल, जैनपुर, झरक, पम्मण, कोहलियां, अनियाल, किलपुर, गाज़ीबरवन, चारोली, बसाऊ बरवन, आदम बरवन, कांसी बरवन और खुदाईपुर शामिल हैं। इस सफाई अभियान के दौरान गली-नालियों की सफाई, गंदे पानी पर छिड़काव और फॉगिंग भी की गई। साथ ही लोगों को सफाई अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित भी किया गया।

# भाजपा कठिन घड़ी में भी लाशों पर राजनीति कर रही है : वित्त मंत्री

## वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया दौरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**श्री आनंदपुर साहिब, 13 सितंबर।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा कठिन समय में भी लाशों पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार के पास बाढ़ राहत को लेकर 12 हज़ार करोड़ रुपये के आंकड़े हैं, तो उन्हें सार्वजनिक किया जाए, क्योंकि पंजाब सरकार अपने आंकड़े पहले ही जारी कर चुकी है। चीमा आज श्री आनंदपुर साहिब हलके के विशेष दौरे पर शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के साथ पहुंचे और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मिलकर भरोसा दिलाया कि मकानों, फसलों, पशुधन, सड़कों और पुलों के नुकसान की भरपाई की जाएगी। जिन गांवों में अधिक नुकसान हुआ है, वहां विशेष गिरदावरी करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण दरियाओं और नहरों में आया उफान लोगों के लिए तबाही बनकर आया है। कई जगहों पर खेतों में रेत भर गई है और ज़मीनें बर्बाद हो गई हैं। चीमा ने कहा कि ÷ऑपरेशन राहत÷ के तहत विधायक हरजोत सिंह बैंस द्वारा राहत कार्य किए गए हैं, जिनमें पंच, सरपंच, नौजवान और 'आप' वालंटियरों की सराहनीय भूमिका रही है।

वित्त मंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों की सुरक्षा के लिए दरियाओं को चैनलाइज़ करना ज़रूरी है। क्षतिग्रस्त पुल, सड़कें और डंगे दोबारा बनाए जाएंगे और छोटी पुलियों का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि अवैध माइनिंग पर सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति लागू है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार पर पंजाब का 60,000 करोड़ रुपये जीएसटी और आरडीएफ का बकाया है, और 20,000 करोड़ रुपये अंतरिम राहत की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि कुल 80,000 करोड़ रुपये जारी कर केंद्र को पंजाब के जख्मों पर मरहम लगाना चाहिए।

शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि बाढ़ से सड़क नेटवर्क, पुल और डंगे प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों का सामान, फर्नीचर नष्ट हुआ है, उन्हें भी मदद दी जा रही है। आने वाले दिनों में करोड़ों रुपये की लागत से पुल, सड़कें और क्रेट वॉल्स बनाई जाएंगी। वित्त मंत्री और शिक्षा मंत्री ने सिंहपुर पलासी, बिभौर साहिब, पिंगवड़ी, खिंगड़ी सहित अन्य इलाकों का दौरा ट्रैक्टर-ट्रालियों पर किया और लोगों को हर संभव मदद का भरोसा दिया।

# 'युद्ध नशों खिलाफ': 196वें दिन, पंजाब पुलिस ने 383 स्थानों पर छापेमारी की; 99 नशा तस्कर गिरफ्तार

ऑपरेशन के दौरान 77 एफ आई आर दर्ज, 2.5 किलो हेरोइन, 1.2 किलो अफीम बरामद

'डी-अडिक्शन' के तहत, पंजाब पुलिस ने 51 व्यक्तियों को नशा मुक्ति उपचार के लिए किया राज़ी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 सितंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा प्रदेश से नशों के खात्मे हेतु छेड़ी गई नशा विरोधी जंग ÷युद्ध नशों खिलाफ÷ को लगातार 196वें दिन भी जारी रखते हुए, पंजाब पुलिस ने आज 383 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान पूरे प्रदेश में 77 एफ आई आर दर्ज कर 99 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही, 196 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 29,387 हो गई है।

इस छापेमारी के दौरान पकड़े गए नशा तस्करों के कब्जे से 2.5 किलो हेरोइन, 1.2 किलो अफीम, 5 किलो गांजा, 65 किलो भुंकी, 1108 नशीली गोलियाँ/कैप्सूल और 6770 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों से पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने का निर्देश दिया है। पंजाब सरकार ने नशा विरोधी युद्ध की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमिटी का भी गठन किया है।

इस ऑपरेशन के दौरान 76 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1200 से अधिक पुलिसकर्मियों वाली 150 से ज्यादा पुलिस टीमों ने पूरे प्रदेश में छापेमारी की। दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 418 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की।

प्रदेश सरकार द्वारा नशों के खात्मे के लिए तीन-स्तरीय रणनीति ङ्क एनफोर्समेंट, डी-अडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी) ङ्क लागू की गई है, और पंजाब पुलिस ने %डी-अडिक्शन% के तहत आज 51 व्यक्तियों को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास उपचार के लिए राज़ी किया है।

# पीएसपीसीएल पूरे पंजाब में पावर लाइनों का मेकओवर शुरू करेगा, पावर मंत्री संजीव अरोड़ा ने की घोषणा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लुधियाना, 13 सितंबर।** केबिनेट मंत्री (पावर) संजीव अरोड़ा ने आज पंजाब भर में पावर लाइनों के समग्र 'मेकओवर' की घोषणा की। अरोड़ा ने कहा कि विभिन्न चुनावी बैठकों के दौरान यह जनता की मुख्य माँग रही है।

पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) ने 13 प्रमुख नगर निगमों के 87 उपविभागों में पावर लाइनों को उन्नत करने के लिए विशेष परियोजना आरंभ की है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक सुरक्षा बढ़ाना, बिजली कटौती कम करना और शहरी सौंदर्य में सुधार करना है।

डिश केबल, इंटरनेट फाइबर और अन्य गैर-पीएसपीसीएल वायरिंग को पोलों से हटाया जाएगा ताकि सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित हो और लाइन निरीक्षण व दोष पता लगाने में आसानी हो।

विशेषकर भारी वाहनों से होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तारों को सुरक्षित ऊँचाई पर लाया जाएगा।

कई जोड़ हटाकर नई सतत केबल लगाई जाएगी, जिससे ट्रिपिंग, वोल्टेज उतार-चढ़ाव और आग का जोखिम कम होगा। मीटर बॉक्सों को सुरक्षित रूप से बंद व सील कर मौसम, छेड़छाड़ और अन्य जोखिमों से बचाया जाएगा।

अमृतसर, जालन्धर, लुधियाना, पटियाला, बठिंडा, फगवाड़ा, मोहाली, मोगा, होशियारपुर, पठानकोट, अबोहर, बटाला और कपूरथला। उपरोक्त 13 नगर निगमों के 87 पीएसपीसीएल उपविभाग।

### एमएए वेस्ट क्षेत्र में शामिल प्रमुख स्थान

आरती चौक, बाबा बालक नाथ रोड, बसन्त रोड, सर्किट हाउस, कॉलेज रोड, सीपी ऑफिस, डंडी स्वामी रोड, डीसी ऑफिस, दीवान हॉस्पिटल रोड, डॉ. हिरा सिंह रोड, दुर्गा माता मंदिर, दयाल नगर, फैरोज़ गांधी मार्केट, फिरोज़पुर रोड, फ्रेंड्स कॉलोनी, घुमार मंडी, गोबिंद नगर, ग्रीन फील्ड, ग्रीन पार्क, गुरु नानक भवन, गुरु नानक स्टेडियम, हैबोवाल चौक, हीरो बेकरी चौक, जगजीत नगर, जसवंत नगर, कितलू नगर, कोचर मार्केट, कृष्णा नगर, लेखी रोड, लूम्बा स्ट्रीट, मॉल एन्क्लेव, मॉल रोड, मलेरकोटला हाउस, मलवा स्कूल रोड, माया नगर, मेयर हाउस, महाराज नगर, मॉडल ग्राम, नैशनल रोड, न्यू कोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, न्यू लाजपत नगर, न्यू प्रेम नगर, निहाल चंद रोड, ऑफिसर कॉलोनी, पीएयू रोड, पाक्हावल रोड, पार्क स्ट्रीट, प्रताप कॉलोनी, पटेल नगर, पुलिस लाइन, प्रिंस हॉस्टल, रानी झांसी रोड, राजपुरा पिंड, राख बाग, रोज़ एन्क्लेव, रोज़ गार्डन, सग्गू चौक, संगत रोड, संत ईशर नगर, संत नगर, सरगोढ़ा कॉलोनी, शाम सिंह रोड, शक्ति नगर, शिवदेव मारग, टैगोर नगर, सिंह नगर और विश्वमित्र स्ट्रीट।

### पायलट परियोजना

सिटी वेस्ट लुधियाना सबडिवीजन में 25 फीडरों पर पायलट शुरू होगा। पीएसपीसीएल सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराएगा; पायलट के श्रम कार्य (लगभग 1.2 करोड़ रुपये) बाहरी ठेके पर दिए जाएंगे ताकि कार्य तीव्रता से और कुशलता से किया जा सके। पायलट दो माह के अंदर पूरा करने का लक्ष्य है। पायलट में लुधियाना वेस्ट और नॉर्थ के चयनित क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा।

### एमएलए नॉर्थ क्षेत्र में शामिल प्रमुख स्थान

डमोरिया ब्रिज, न्यू कुडनपुरी, शाही मोहल्ला, गुरु नानक पूरा, कुडन पुरी, चंदर नगर, दीप नगर, न्यू दीप नगर, विवेक नगर, राम नगर, दशहरा ग्राउंड, उपकार नगर, न्यू उपकार नगर, बिंदरबान रोड, विमेन सेल, सत्संग रोड, चम्पा स्ट्रीट, यूनाइटेड स्ट्रीट, कैलाश चौक, राजिंदर नगर, आकाश पुरी, नीम चौक, जंदू चौक, पार्क लेन रोड, शिव मंदिर चौक और प्रेम नगर।

### पूर्ण रोलआउट


पायलट के अनुभव और सीख के आधार पर कार्यक्रम को चरणबद्ध तरीके से बाकी 87 उपविभागों में लागू किया जाएगा, जिसे जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### अपेक्षित लाभ

नीचे लटकी लाइनों और अनाधिकृत तारों से होने वाले हादसों में तुरंत कमी। दोषों की तेज पहचान और त्वरित सुधार के कारण बिजली कटौती और आउटेज में कमी। कई जॉइंट हटाने से वोल्टेज की स्थिरता में सुधार और आग के जोखिम में कमी। मीटर उपकरणों की बेहतर सुरक्षा और छेड़छाड़ में कमी, जिससे उपभोक्ता सुरक्षा बढ़ेगी। सड़कों तथा नगर दृश्यों की सौंदर्य-स्थिति में सुधार।

### प्रेस कॉन्फरेंस में ये रहे उपस्थित

माननीय केबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के साथ डीसी हिमांशु जैन, डायरेक्टर (ट्रांसमिशन) इंदरपाल, मुख्य अभियंता पीएसपीसीएल जगदेव सिंह हांस और अन्य वरिष्ठ पीएसपीसीएल अधिकारियों ने भाग लिया।

DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 JACKAL SATURDAY WEEKLY LOTTERY

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)

2nd Prize Amount (50) Rs. 9,000/- (On 5 digits)


3rd Prize Amount (250) Rs. 5,000/- (On Last 4 digits)

4th Prize Amount (500) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)

5th Prize Amount (500) Rs. 1000/- (On last 4 digits)

6th Prize Amount (500) Rs. 500/- (On last 4 digits)

7th Prize Amount (40,000) Rs. 100/- (On last 4 digits)



DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 1000 MONTHLY LOTTERY

MRP Rs 1000/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 50 Lakhs (On 4 digits With Series)

B 1557

2nd Prize Amount (1) Rs. 10 Lakh (On 4 digits With Series)

Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

Check the final result with Official Gazette Notification


# पंजाब भर में आयोजित तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत, 4.50 लाख मामलों का निपटारा हुआ

अर्थ प्रकाश संवाददाता


**साहिबजादा अजीत सिंह नगर, 13 सितंबर।** जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा, जज, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी चेयरमैन, पंजाब राज्य कानूनी सेवाएँ प्राधिकरण जी की योग्य अध्यक्षता में राज्य प्राधिकरण द्वारा 13.09.2025 को राज्य भर में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब राज्य कानूनी सेवाएँ प्राधिकरण की मेंबर सेक्रेटरी नवजोत कौर ने बताया कि इस लोक अदालत में राज्य के सभी जिलों और सब-डिवीजनों में कुल 447 लोक अदालत बेंचों का गठन किया गया था, जिसमें कुल 5.18 लाख मामले लगाए गए। जिनमें से कुल 4.50 लाख मामलों का निपटारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत के माध्यम से राज्य भर में लंबे समय से चल रहे हजारों मामले आपसी सहमति से निपटाए गए और इस प्रकार यह लोक अदालत मामलों के बोझ को काफी हद तक कम करने में प्रभावशाली साबित हुई। इस अवसर पर जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा, कार्यकारी चेयरमैन, पंजाब राज्य कानूनी सेवाएँ प्राधिकरण ने राज्य भर के न्यायिक अधिकारियों, जिला कानूनी सेवाएँ प्राधिकरण और वॉलंटियरों के प्रयासों की सराहना की। माननीय जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा ने कहा कि 'लोक अदालतें इस विचार का प्रमाण हैं कि न्याय में देरी या विरोधी होना आवश्यक नहीं है। यह देखकर खुशी होती है कि पंजाब के लोग न्याय प्रदान करने के इस सहयोगी तरीके को अपनाते हैं।' पंजाब राज्य कानूनी सेवाएँ प्राधिकरण द्वारा माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, राज्य भर की सभी जिला कानूनी सेवाएँ प्राधिकरण, राज्य के समस्त न्याय अधिकारी, बार मेंबर, पुलिस अधिकारी और सिविल प्रशासन को इस लोक अदालत में सहयोग देने के लिए तहे दिल से धन्यवाद किया गया।

# हरजोत सिंह बैंस की ओर से भविष्य में बाढ़ के प्रकोप से बचाव के लिए केंद्र सरकार से सरसा और सवां नदियों को चैनलाइज करने की मांग

शिक्षा मंत्री ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. मुरुगन से सहयोग मांगा

केंद्र सरकार द्वारा घोषित 1600 करोड़ रुपये के राहत पैकेज को बताया 'अपर्याप्त'

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 13 सितंबर।** पंजाब के शिक्षा तथा सूचना एवं लोक संपर्क मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने आज केंद्र सरकार से सरसा और सवां नदियों के चैनलाइजेशन की मांग करते हुए प्रदेश में बाढ़ के कारण बार-बार हो रही तबाही को कम करने हेतु तत्काल सहायता प्रदान करने की अपील की।

एक वीडियो संदेश में, स हरजोत सिंह बैंस ने रूपनगर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने आए केंद्रीय संसदीय मामलों और सूचना प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन का गर्मजोशी से स्वागत किया और सरसा तथा सवां नदियों के चैनलाइजेशन के माध्यम से बाढ़ से बार-बार हो रही तबाही का स्थायी व पक्का समाधान प्रस्तुत करने की मांग की, ताकि भविष्य में इस समस्या से न जूझना पड़े। उन्होंने इस महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के लिए केंद्र सरकार से आवश्यक स्वीकृतियाँ और फंड प्राप्त करने में केंद्रीय मंत्री के सक्रिय सहयोग की आवश्यकता जताई।

स बैंस ने पंजाब के भाजपा नेताओं से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि केंद्रीय मंत्री स्वयं बाढ़ के कारण हुई तबाही का मूल्यांकन करें। एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, 'मैं उनसे अपील करता हूँ कि वह डॉ. मुरुगन को सिर्फ मुख्य स्थानों पर नहीं, बल्कि गांव खेड़ा कलमोट, बेलियां और अन्य बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में भी ले जाएं, जहाँ गरीब लोगों ने अपना सबकुछ खो दिया है। उन्हें केवल रस्मी ब्रीफिंग नहीं, बल्कि वास्तविक हालात देखने दें।'

स बैंस ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित 1600 करोड़ रुपये के राहत पैकेज को ÷अपर्याप्त÷ करार दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फंड (एस.डी.आर.एफ.) के नियमों के तहत मिलने वाला न्यूनतम मुआवजा पीड़ितों का मजाक बनाने जैसा है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा, 'थोड़े नुकसानों के लिए पक्के घर हेतु मात्र 6,500 रुपये और तबाह घरेलू आवश्यक सामान के लिए 2,500 रुपये का मुआवजा अपमानजनक से कम नहीं है। क्या इतनी राशि से घर फिर से बनाया जा सकता है? क्या देश का सीना तानने वाले लोग केवल यही उम्मीद रखें?' उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा कि वह उनके साथ हरिवाल और चंदपुर बेला के खेतों में जाकर किसानों से पूछें कि क्या 6,800 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा उनकी पूरी बर्बाद हुई फसलों की सफाई करके खेत पुनः तैयार करने के लिए जरूरी डीजल की लागत को भी पूरा कर पाता है? पंजाब द्वारा देश को दिए गए ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख करते हुए, स हरजोत सिंह बैंस ने कहा, 'देश की सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा में पंजाब हमेशा अग्रणी रहा है। हम दान नहीं मांगते; हम अपना हक मांगते हैं। मैं केंद्रीय मंत्री से निवेदन करता हूँ कि वे असली तस्वीर देखें और हमारे लोगों की असली परिस्थितियों के बारे में प्रधानमंत्री को तुरंत रिपोर्ट करें।'

# राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में पारित किए 4 संकल्प

**हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सांझा किए संसदीय अनुभव**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 13 सितंबर।** बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) के 11वें भारतीय क्षेत्रीय सम्मेलन का समापन शनिवार को हो गया। इस अवसर पर 4 संकल्प पेश कर पारित किए गए। इससे पूर्व हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने संसदीय परंपराओं और भविष्य की आवश्यकताओं पर अपने अनुभव सांझा किए। इस दौरान कल्याण ने हरियाणा विधान सभा में उनके द्वारा शुरू की गई पहलों का भी जिक्र किया।

शनिवार को पेश कर पारित किए पहले संकल्प में कहा गया कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए सदनों के अंदर गतिरोध और व्यवधान को समाप्त किया जाना चाहिए। इससे हमारे सदनों में जन कल्याण के विषयों पर अधिक से अधिक चर्चा हो सकेगी।

दूसरा संकल्प अनुसंधान और सन्दर्भ शाखाओं पर केंद्रित रहा। इसमें कहा गया कि संसद के सहयोग से राज्यों की विधायी संस्थाओं की अनुसंधान और सन्दर्भ शाखाओं को मजबूत किया जाना चाहिए। विधायिकाओं में सभी महत्वपूर्ण विषयों पर एक व्यापक डाटाबेस बने ताकि हमारी विधायी संस्थाओं में चर्चा की गुणवत्ता और अधिक बेहतर हो सके।

तीसरे संकल्प में विधायी संस्थाओं की दक्षता में अपेक्षित सुधार के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी के अधिक से अधिक उपयोग पर बल दिया गया। इसमें कहा गया कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यवाही को जनता के बीच उचित रूप से ले जाना चाहिए। इससे विधायी संस्थाओं की दक्षता में सुधार के साथ-साथ इन संस्थाओं के प्रति जन-विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

चौथा संकल्प युवाओं और महिलाओं की सहभागिता को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित रहा। इसमें कहा गया कि हमारे देश की जनसंख्या का एक बड़ा भाग युवाओं और महिलाओं का है। इसलिए लोकतांत्रिक संस्थाओं में उनकी और अधिक भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए विधायी संस्थाएं आवश्यक प्रयास करें।

इससे पूर्व हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विधानमंडल केवल ईट-पत्थरों की इमारत नहीं बल्कि लोकतंत्र के मंदिर हैं, जहां जनता की सामूहिक आवाज़ गूंजती है। उन्होंने सम्मेलन के विषय 'विधानसभाओं में बहस एवं विचार-विमर्श- जनता का विश्वास निर्माण और जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति' पर अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा कि बहस और विचार-विमर्श केवल प्रक्रियाएं नहीं बल्कि लोकतंत्र की आत्मा हैं।

## इन्नर व्हील क्लब ने की पौष्टिक आहार की किटें वितरित

**कैथल (अप्रस)।** इन्नर व्हील क्लब कैथल ने अपने सेवा कार्यों की कड़ी में 2 प्रोजेक्टों का आयोजन किया गया। डॉ. राजरानी गर्ग ने बताया कि क्लब के पहले प्रोजेक्ट के अंतर्गत क्लब की और से 7 बालिकाओं को बच्चेदानी के कैंसर से बचाव के लिए वेक्सीनेशन लगाई गई ताकि आने वाले समय में उन्हें इस प्रकार के रोग से सुरक्षा मिल सके। उन्होंने बताया कि यह वेक्सीनेशन 9 साल से 30 साल तक की बालिकाओं और महिलाओं को लगाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि क्लब के दूसरे प्रोजेक्ट के अंतर्गत 7 तपेदिक रोग से पीड़ित मरीजों को पौष्टिक आहार की किटें वितरित की गईं, जिनका इलाज सामान्य अस्पताल में चल रहा है, ताकि वे दवाइयों के साथ-साथ पौष्टिक आहार लेकर जल्दी स्वस्थ हो सकें। इस अवसर पर क्लब की प्रधान मीना चौधरी, शालिनी चौधरी, डॉ. रेनू चावला, डॉ. सोनी बंसल व डॉ. कमलेश जिंदल ने सहयोग दिया।

## हिंदी केवल भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय स्वाभिमान की धरोहर : डॉ. लालचन्द गुप्त



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 13 सितंबर।** बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल में हिन्दी-विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने की। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि हिन्दी हमारी संस्कृति, सभ्यता और पहचान की आत्मा है। राजभाषा हिन्दी के बिना राष्ट्रीय एकता की कल्पना अधूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे हिन्दी को केवल अध्ययन की भाषा तक सीमित न रखकर व्यवहार, अनुसंधान और रोजगार के क्षेत्र में भी अपनाएँ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में पधारे प्रो. डॉ. लालचन्द गुप्त 'मंगल' पूर्व अध्यक्ष हिन्दी विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने हिन्दी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिन्दी केवल भाषा नहीं, बल्कि राजभाषा के रूप में भारतीय संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय स्वाभिमान की धरोहर है। उन्होंने यह भी बताया कि आज हिन्दी विज्ञान, प्रौद्योगिकी, प्रशासन और वैश्विक संचार की भाषा बनने की ओर अग्रसर है। युवाओं का कर्तव्य है कि वे हिन्दी के प्रयोग को अपने जीवन का स्वाभाविक हिस्सा बनाएं। कार्यक्रम में स्टाफ सेक्रेटरी डॉ. राधिका खन्ना, वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. कुसुम, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपचन्द सहित सभी अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ. नैन्सी गुलाटी, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य एवं कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस द्वारा किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### हवन यज्ञ कर सभी के सुख शांति और समृद्धि की कामना की



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** छत्रपति शिवाजी सेवा बस्ती में हरियाणा सेवा भारती, जिला करनाल नरसी भगत शाखा व विश्वकर्मा शाखा हवन यज्ञ कर सभी के सुख शांति और समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात प्रसाद वितरण एवं संस्कार प्रतियोगिता आयोजित की गई। हवन यज्ञ में मुख्य यजमान श्रीमती एवम श्री राजकुमार बहल जी रहे। सेवा भारती के जिला अध्यक्ष श्री विपिन अरोड़ा ने बताया कि इस मौके पर बस्ती से लगभग 120 महिलाएं, बच्चे व पुरुष उपस्थित रहे। बस्ती के साफ सुथरे घरों निरीक्षण किया गया और उपहार स्वरूप शिव मन्दिर सैक्टर 6 द्वारा वस्त्र भेंट किए गए। भारत माता के नारों से सारा माहौल गूंज उठा। इस मौके पर परमानंद खुराना, संरक्षक, छत्रपति शिवाजी सेवा बस्ती, सिलाई केन्द्र व बाल संस्कार केन्द्र , इस कार्यक्रम में सेवा भारती से प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री रोशन लाल गुप्ता जी, प्रांतीय सहकोषाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र गोयल जी, नगर अध्यक्ष प्रेम शांडिल्य, नगर सचिव जगदीश छाबड़ा जी, समर्थ किशोरी विकास प्रकल्प जिला प्रमुख श्रीमती अनिता सिंह, नगर कोषाध्यक्ष नरेश माटा जी, नगर कार्यवाह केशव नगर श्री मंदीप जी, जिला सह समन्वयक भारत विकास परिषद् श्रीमति प्रियंका काठपाल जी, नगर मंडलाध्यक्ष मोहन लोधी जी,नरसी भगत शाखा कार्यवाह राकेश अरोड़ा जी, राधाकृष्ण शाखा अध्यक्ष उमेश तनेजा जी, पंकज गुप्ता जी, कुश सेठी जी, विश्वकर्मा शाखा सेवा कार्यकर्ता रविन्द्र कुमार गुलिया जी, अर्जुन शाखा से गौरव गर्ग जी, राजेश गुप्ता , सुरेंद्र सैनी ओमप्रकाश विरमानी उपस्थित रहें।

### 22 सितम्बर से रामलीला महोत्सव व दशहरा मेला



**रोहतक (अप्रस/सुकरमपाल)।** श्री रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव व दशहरा मेला 22 सितम्बर से पुराना आईटीआई ग्राउंड, सरकुलर रोड में शुरू होगा। बी.पी. जैन स्किल डेवलपमेंट सेंटर में साधु-संतों की छत्रछाया में हुई प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य संरक्षक राजेश जैन ने बताया कि कार्यक्रम भव्य स्तर पर होगा। पहली बार अक्षरधाम मंदिर व दुबई की आकृति वाली 150 फुट चौड़ी डबल स्टोरी स्टेज बनाई जा रही है। तीन बड़े मंच, 10 हजार कुर्सियों की व्यवस्था, 300 कैबिन, सीसीटीवी कैमरे, 92 गार्ड व पुलिस बल सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। मुंबई के झूले, एलईटी स्क्रीन, आकर्षक सजावट और विशेष टैंट भी लगाए जाएंगे। रामलीला का मंचन मुंबई व मुरादाबाद के कलाकारों द्वारा होगा। 2 अक्टूबर को दशहरे पर 200 फुट ऊंचे रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले दहन किए जाएंगे। आतिशबाजी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और हनुमान बारात भी मुख्य आकर्षण रहेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में महामंडलेश्वर बाबा कपिल पूरी, बाबा कर्णपुरी सहित अनेक संत, पदाधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन आज

**हांसी (अप्रस/दिनकर गावड़ी)।** सर्वेश हेल्थ सिटी हिसार व जेसीआई हांसी फोर्ट ट्रस्ट के सौजन्य से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 14 सितम्बर 2025, रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक हांसी के सैनी धर्मशाला, जींद चौक हांसी में लगाया जाएगा। कैंप में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सक जिनमें डॉ. प्राजक्ता परचाके(सामान्य रोग विशेषज्ञ), डॉ. अंकित सिंगला (नवजात व शिशु रोग विशेषज्ञ),डॉ. साहिल पूनियां( मूत्र रोग व किडनी विशेषज्ञ),डॉ. अभिषेक हंस( हड्डी रोग विशेषज्ञ),डॉ. आरशिफ खान ( नेत्र रोग विशेषज्ञ) अपनी सेवाएं देंगे।इस अवसर पर पूर्व जिला समाज कल्याण विभाग से डॉ. दलबीर सैनी एवं डॉ. साक्षी चौधरी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।कैंप में मरीजों के लिए फ्री ईसीजी, बीपी, शुगर, फेफड़ों से संबंधित जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही यथासंभव दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की जाएंगी।इस आयोजन की जानकारी देते हुए जेसीआई हांसी फोर्ट के प्रधान जेसी सर्वेश सैनी व प्रभारी जेसी प्रीति गर्ग ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य समाज के अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### लड़की का सम्मान, शिक्षा और पोषण जरूरीः डॉ. गुरप्रीत

**शहजादपुर (अप्रस)।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत गांव पतरेहड़ी और शहजादपुर में आशा वर्कर व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शहजादपुर के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) डॉ. गुरप्रीत सिंह के मार्गदर्शन में निकाली गई। डॉ. गुरप्रीत सिंह ने कहा कि समाज में लड़कियों के प्रति सम्मान, उनकी शिक्षा और पोषण पर ध्यान देना बेहद आवश्यक है। यदि हम लड़कियों को उचित शिक्षा और अच्छा पोषण देंगे, तो उनका भविष्य उज्ज्वल होगा और वे आत्मनिर्भर बनकर समाज में योगदान दे सकेंगी। लड़की का सम्मान – समाज में लड़कियों को समान अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए। शिक्षा – लड़कियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना जरूरी है ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। पोषण – लड़कियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उचित पोषण आवश्यक है। कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूकता – कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीति को समाप्त करना होगा और लड़कियों को समान अवसर व अधिकार देने होंगे।

## संत मोहन सिंह लबाना कॉलेज में किया हिंदी दिवस का आयोजन

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराडा, 13 सितंबर।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज बराड़ा में हिंदी दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। हिंदी दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ दलजीत कौर विर्क , हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ नवनीत कौर व डॉ सुमन देवी द्वारा किया गया। प्राचार्या डॉ दलजीत कौर विर्क ने हिंदी भाषा दिवस की बधाई दी और छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, इतिहास और पहचान का अभिन्न हिस्सा है। यह वह सेतु है, जो भारत की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोता है। प्रतियोगिता में छात्राओं ने हिंदी भाषा के महत्व और इसकी प्रासंगिकता पर अपनी रचनात्मकता और भाषा कौशल का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक स्लोगन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में हिंदी भाषा के महत्व और इसके इतिहास पर चर्चा की गई।

इस प्रतियोगिता में कोमल बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम , हिमांशी बी ए द्वितीय दूसरे और यश्वी बीए प्रथम वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वही विभागाध्यक्ष डॉ नवनीत कौर और सुमन देवी द्वारा छात्राओं को हिंदी भाषा के प्रति अपनी जिम्मेदारी और समर्पण को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। दूसरी ओर कॉलेज प्रांगण में लाइब्रेरी ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन पुस्तकालयाध्यक्ष सीमा सैनी द्वारा किया गया , जिसका उद्देश्य प्रथम वर्ष की छात्राओं को लाइब्रेरी के संसाधनों और सुविधाओं से परिचित कराना था।

## कांग्रेस और जेजेपी में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहे प्रबुद्ध लोगों ने इनेलो पार्टी का थामा दामन

# रोहतक में होने वाली सम्मान दिवस रैली के माध्यम से जनता इनेलो के झंडे तले प्रदेश में लोकराज लाने का काम करेगी : चौ. अभय चौटाला

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 13 सितंबर।** इनेलो पार्टी के लिए शनिवार का दिन बेहद खास और ऊर्जा से भरा रहा। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए कांग्रेस और जेजेपी में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहे प्रबुद्ध लोगों ने इनेलो पार्टी का दामन थाम लिया। अभय सिंह चौटाला ने भी सभी का दिल खोल कर इनेलो पार्टी में शामिल होने पर हार्दिक स्वागत किया। इनेलो के संगठन सचिव उमेद लोहान के प्रयासों से राहुल गांधी विचार मंच के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार पानू अपने रोहतक निवास पर इनेलो में शामिल हुए। साथ ही हांसी से पूर्व पुलिस अधिकारी अशोक मलिक, सात बास से दीपक मलिक, तोशाम से एडवोकेट रवि मील, पूर्व सरपंच कृष्ण जाटान इनेलो में शामिल हुए। जेजेपी पार्टी को भी बड़ा झटका देते हुए पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन सुमेर, पूर्व हलका अध्यक्ष सुरेंद्र बल्हारा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय मलिक मोखरा, सरपंच राजेंद्र सिंह सिंहपुरा, ईश्वर, एससी सेल प्रदेश उपाध्यक्ष हवासिंह नंबरदार, नवीन मुरादपुर टेकना, हलका कार्यकारिणी सदस्य फूल मदीना, पूर्व जिला उपाध्यक्ष चंद्र सिंह गहलोहत, सोनू गद्दीखेड़ी, विकास, साहिल, प्रताप, पूर्व सरपंच कर्मबीर मदीना एवं मुन्ना ने घर वापसी करते हुए इनेलो परिवार में अपनी आस्था व्यक्त की। रोहतक के कलहावड़ गांव से पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी सुमित मलिक भी इनेलो में शामिल हुए। चौ. अभय सिंह चौटाला शनिवार को जननायक सम्मान दिवस समारोह की तैयारियों का निरीक्षण करने हेतु रोहतक की नई अनाज मंडी स्थित रैली स्थल पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिम्मेदार साथियों से चर्चा कर रैली स्थल पर आने वाली भारी भीड़ के लिए जरूरी सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और पंडाल प्रबंधन को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस पावन धरा पर इस भव्य समारोह के माध्यम से प्रदेश की जनता इनेलो के झंडे तले प्रदेश की राजनीति में लोकराज लाने का काम करेगी।

## जेनिसिस क्लासिस ने किया टैलेंट सर्च एग्जाम -2025 का ऐलान

**आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए विशेष पहल**

**प्रतिभाशाली छात्रों को मिलेगा 1 करोड़ तक का इनाम**

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 13 सितंबर।** उत्तर भारत के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान जेनिसिस क्लासिस ने गत दिनों अपने वार्षिक टैलेंट सर्च एग्जॉम 2025 की औपचारिक घोषणा कर दी है। यह परीक्षा विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हर वर्ष आयोजित की जाती है। इस वर्ष यह 18वां संस्करण होगा। टैलेंट सर्च एग्जाम की घोषणा शनिवार, 10 सितम्बर को जेनिसिस क्लासिस के मैनेजिंग डायरेक्टर जितेंद्र सिंह अहलावत व संदीप खन्ना द्वारा पोस्टर विमोचन के माध्यम से की गई। आयोजन में परीक्षा से जुड़ी प्रमुख जानकारियां दी गईं। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा कक्षा 5वीं से 12वीं तक के मेडिकल व नॉन-मेडिकल स्ट्रीम के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन पूर्णतः ऑफलाइन मोड में किया जाएगा, जिससे विद्यार्थी वास्तविक परीक्षा का अनुभव ले सकें। टीएसई-2025 में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को एक करोड़ तक के नकद पुरस्कार, 18 करोड़ तक की स्कॉलरशिप, और 90 प्रतिशत तक कोचिंग फीस में छूट प्राप्त हो सकती है। इसके अतिरिक्त, राज्य स्तरीय रैंक, मेडल, ट्रॉफी और पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कक्षा-10 के विद्यार्थियों को मेगा प्राइजेज के रूप में पहला पुरस्कार स्कूटी, दूसरा पुरस्कार लैपटॉप और तीसरा पुरस्कार टैबलेट के रूप में दूसरे चरण के बाद दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा न केवल होनहार छात्रों को मंच देती है, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को भी विशेष सहयोग प्रदान करती है। जेनिसिस क्लासिस पहले भी लाखों छात्रों को मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी में मदद कर चुकी है। टीएसई-2025 का परिणाम और पुरस्कार वितरण समारोह नवंबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। इसके तहत चयनित छात्रों को स्कॉलरशिप और पुरस्कार सीधे प्रदान किए जाएंगे। अब तक 3 लाख से अधिक विद्यार्थी टीएसई में शामिल हो चुके हैं और कई ने अपनी मेहनत से नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में इतिहास रचा है।

## आईटीआई में दाखिला की तिथि 30 सितंबर तक बढ़ी

**शहजादपुर (अप्रस)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भारांपुर के प्रधानाचार्य सुलतान सिंह ने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए संस्थान में रिक्त रह गई सीटों के प्रति दोबारा दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आवेदक दाखिला पोर्टल पर दिनांक 13 सितंबर 2025 से आवेदन भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सत्र 2025-26 में रिक्त सीटों पर ऑन द स्पॉट दाखिला प्रक्रिया 15 सितम्बर 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक संस्थान स्तर पर आयोजित की जाएगी। दाखिला नए एवं पुराने आवेदनों की संयुक्त मेरिट के आधार पर किया जाएगा। इसमें कोई आरक्षण लागू नहीं होगा। इच्छुक अभ्यर्थी 30 सितम्बर 2025 दोपहर 12:00 बजे तक अपने मेरिट कार्ड एवं सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ संस्थान में उपस्थित होकर दाखिला ले सकते हैं। दाखिला प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से होगी एवं फीस भी ऑनलाइन जमा होगी। प्रधानाचार्य सुलतान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय आई0 टी0 आई0 भारांपुर में विभिन्न व्यवसायों जैसे ड्रेस मेकिंग, पेंटर जनरल, प्लम्बर, शीट मेटल वर्कर, टर्नर, वेल्डर व वुड वर्क टेक्नीशियन सहित कुल 136 सीटे खाली है।

## एशिया के सबसे बड़े साहित्य उत्सव में व्याख्यान देंगे प्रो. महासिंह पूनिया

**25 से 28 सितंबर तक पटना, बिहार में आयोजित होगा महोत्सव**

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 13 सितंबर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आईआईएचएस हिंदी विभाग के अध्यक्ष व जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान व लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया साहित्य अकादमी, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में, बिहार सरकार के सहयोग से 25 से 28 सितंबर 2025 तक पटना, बिहार में आयोजित होने वाले एशिया के सबसे बड़े उन्मेष अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव के तीसरे संस्करण में हरियाणा राज्य की तरफ से व्याख्यान देंगे। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि साहित्य अकादमी भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन कार्यरत भारत की प्रमुख साहित्यिक संस्था है, जो इसके द्वारा मान्यता प्राप्त 24 भाषाओं में भारतीय साहित्य को बढ़ावा देती है। इस महोत्सव में देश-विदेश के लगभग 600 लेखक, विद्वान, आलोचक, अनुवादक और प्रतिष्ठित हस्तियाँ भाग लेंगी। यह महोत्सव सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर, गांधी मैदान रोड, पश्चिम गांधी मैदान, मुरादपुर, पटना, बिहार में 25 से 28 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के दौरान, 28 सितंबर को भारत में लोककथाओं, जादू और शहरी वास्तविकता से वियोग पर एक सत्र आयोजित किया जाएगा।

## कटेसरा गांव में जल निकासी समस्या पर ग्रामीणों से हुई चर्चा : डॉ अशोक रंगा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 13 सितंबर।** कलानौर विधानसभा क्षेत्र के गांव कटेसरा में भाजपा जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) डॉ. अशोक कुमार रंगा ने ग्रामीणों से जल निकासी कार्य को लेकर चर्चा की। इस मौके पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि बल्ला व बी डी सी मेम्बर सुदामा कोच सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। डॉ. रंगा ने गांव का दौरा कर क्षतिग्रस्त घरों में जाकर बारिश के कारण हुए नुक्सान का जायजा लिया। उन्होंने खंडित मकानों में पानी भरने और खेतों में जलभराव की समस्या को भी देखा। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में जल निकासी के लिए पास में कोई नहर व नाला ना होने के कारण जल निकासी की समस्या अधिक रही है तथा खेतों में बड़ी मात्रा में पानी खड़ा होने के साथ-साथ जोहड़ का पानी भी रोड़ को पार कर घरों तक पहुंच गया। गांव की गलियों में भी जलभराव होने से परेशानी का सामना करना पड़ा है। जिन मकानों के आसपास खेतों की जमीन लगती है उन घरों में ज्यादा नुक्सान पहुंचा है। डॉ अशोक कुमार रंगा ने ग्रामीणों से कहा कि सरकार ने क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया है जिसमें किसान अपनी फसल के नुकसान का ब्योरा सरकार को दे सकते हैं, वहीं क्षतिग्रस्त मकानों के चित्र, अपने राशन कार्ड के साथ जिला प्रशासन को भी भेज सकते हैं।

सरकार इस प्राकृतिक आपदा में लोगों के साथ खड़ी है तथा प्रशासन जल निकासी कार्य में लगातार कार्यरत है । इस दौरान डॉ. अशोक रंगा ने तुरंत संबंधित विभागीय अधिकारियों को जानकारी देते हुए और समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह भी किया। भाजपा जिला प्रभारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाया जाएगा और जल्द ही व्यवस्थित जल निकासी तंत्र विकसित किया जाएगा। इस दौरान गोलू फौजी, सोमबीर,गौरव,देव ,मैशा सहित गांव काहनौर सरपंच प्रतिनिधि, तैमूर पुर सरपंच प्रतिनिधि तथा महाबोधी सरपंच प्रतिनिधि सहित अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया की हरियाणा ईकाई ने जिला करनाल के पदाधिकारियों की बुलाई अहम बैठक

# राकेश लांबा को हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया

**डब्ल्यूजेआई के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र चौहान की माता जी के आकास्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रख दी श्रद्धांजलि**

**प्रदेशाध्यक्ष शिव कुमार शर्मा बोले, हरियाणा के सभी जिलों का होगा तुरंत विस्तार**

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 13 सितंबर।** वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ़ इंडिया की विभिन्न मुद्दों को लेकर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में बैठक हुई। आज की बैठक में जिला के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया। बैठक हरियाणा के अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा के दिशानिर्देश पर बुलाई गई, जिस की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सन्नी चौहान ने की। इस बैठक में मुख्य तौर डब्ल्यूजेआई के राष्ट्रीय सचिव व हरियाणा के प्रभारी विकास सुखीजा जी भी पहुंचे। सबसे पहले वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ़ इंडिया की हरियाणा इकाई सहित जिला की टीम द्वारा वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र चौहान की माता जी के देहांत पर सभी पदाधिकारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने व परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके बाद बैठक में खासतौर पर उपस्थित हुए वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र जैन को जिला करनाल की इकाई का मुख्य सरंक्षक बनाया गया, इसी के साथ साथ पत्रकार राकेश लांबा को भी हरियाणा कार्यकारिणी का सदस्य मनोनित किया गया है। उल्लेखनीय है कि दोनों वरिष्ठ साथियों के नामों का अनुमोदन प्रदेशाध्यक्ष शिव कुमार शर्मा व जिलाध्यक्ष सन्नी चौहान ने किया, जिसके बाद इन साथियों की घोषणा वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव एंव हरियाणा प्रभारी विकास सुखीजा ने करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय हैं कि आज की यह बैठक करनाल जिले के विस्तार सहित अन्य कई मुद्दों पर आयोजित की गई। आज की इस बैठक में चार विषयों को गंभीरता से लेकर चर्चा की गई, जिसमें पहला विषय था सभी सदस्य विधिवत रूप से डब्ल्यूजेआई की ओनलाइन डिजिटल साईट पर जाकर फार्म भर कर अपनी अपनी सदस्यता ग्रहण कर लें और जो पुराने सदस्य है यदि उन्होंने अपना रिन्यूअल नहीं कराया तो वो भी करवा लें, ताकि संगठन की गतिविधियों को गति प्रदान की जा सकें। दूसरे विषय में जिला कार्यकारिणी के विस्तार को लेकर भी निर्णय लिया गया, तीसरे विषय में हरियाणा व प्रदेश के सभी जिला व कस्बों-गांवो तक के पत्रकारों को संगठन से जोडने की रूपरेखा तैयार की गई। चौथे विषय में पत्रकार साथियों की मांगों को ले कर हरियाणा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा रखे गए सुझावों को ध्यान में रखते हुए डब्ल्यूजेआई के राष्ट्रीय सचिव एंव हरियाणा के प्रभारी विकास सुखीजा ने कहा की सबसे पहले करनाल जिले के पत्रकारों के हित में जिला उपायुक्त महोदय को एक पत्र सौंप कर मांग की जाएंगी कि पत्रकारिता करते समय यदि कोई पत्रकार हादसें का शिकार अथवा घायल हो जाता है तो उसके उपचार के लिए जिला उपायुक्त महोदय कम से कम 25 हजार रुपये कीआर्थिक सहायता प्रदान करें, ताकि पत्रकार का प्राथमिक उपचार कराया जा सकें।

# नायब सरकार की अच्छी खेल नीति से हरियाणा खेलों का हब बना : पंडित मोहन लाल बड़ौली

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने सोनीपत में ''कमल कप क्रिकेट'' टूर्नामेंट का शुभारंभ किया
- सोनीपत की चार विधानसभाओं के भाजपा कार्यकर्ता टूर्नामेंट में ले रहे हैं भाग
- युवा नशा से दूर रहकर देशहित मे आगे बड़े : बड़ौली







अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत, 13 सितंबर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने शनिवार को सोनीपत के मोतीलाल नेहरू खेल विश्वविद्यालय राई में दो दिवसीय ''कमल कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। श्री बड़ौली ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए नशा से दूर रहने का संदेश दिया। सोनीपत भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज की अध्यक्षता में हो इस टूर्नामेंट में सांसद कार्तिकेय शर्मा, जिला प्रभारी सतीश नांदल, विधायक निखिल मदान, कृष्णा गहलावत, पवन खरखौदा, मेयर राजीव जैन और गन्नौर से भाजपा प्रत्याशी रहे देवेंद्र कौशिक भी मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि सोनीपत की चार विधानसभाओं के भाजपा के कार्यकर्ता इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया नीति शुरू की। खेलो इंडिया के तहत देश भर में अनेकों प्रतियोगिताएं हो रही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने विकास के साथ-साथ खेल को भी महत्व दिया है।

श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए नई खेल नीति बनाई। उसी का परिणाम है कि हमारे खिलाड़ी ओलंपिक सहित राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का नाम रोशन कर रहे हैं। श्री बड़ौली ने कहा कि नायब सरकार ओलंपिक विजेताओं को देश में सबसे अधिक इनाम राशि दे रही है। हरियाणा की भाजपा सरकार खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए खेल नर्सरियों खोल रही है। नायब सरकार की अच्छी खेल नीति के कारणा अब हरियाणा खेलों का हब बन चुका है।

श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा 'सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास तथा सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए कार्य करती है। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट संगठन की एकजुटता और भाईचारा और खेल भावना को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि नायब सरकार हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा नशा से दूर रहकर देशहित मे आगे बढ़े।

जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने टूर्नामेंट में आए सभी नेताओं और खिलाड़ियों और अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट संगठन की एकजुटता को और अधिक मजबूत करेगा। श्री भारद्वाज ने कहा कि इस फ्रेंडली टूर्नामेंट में भाजपा के विधायक सभी पदाधिकारी भाग ले रहे हैं।

# फल्गु लोककला महोत्सव में झूमें दर्शक कलाकारों ने बिखेरे सांस्कृतिक कला के रंग

- फल्गु तीर्थ पर तीन दिवसीय लोककला महोत्सव

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश




**कैथल, 13 सितंबर।** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा एवं फल्गु मंदिर सुधार समिति के संयुक्त तत्वावधान में फल्गु तीर्थ पर तीन दिवसीय लोककला महोत्सव के दूसरे दिन लोकगायन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. रामपाल सैनी, कुलपति, चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद, अध्यक्षता पद्मश्री महाबीर गुड्डू और विशिष्ट अतिथि डॉ ऋषिपाल प्राचार्य जनता कॉलेज कौल ने दीप प्रज्वलित से किया।

इसके बाद अतिथियों और कलाकारों का स्वागत आयोजक समिति की ओर से स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। लोकगायन कार्यक्रम की शुरुआत में लोकगायक सुरेश भाणा ने फल्क ऋषि की वंदना प्रस्तुत की। जिसके बाद उन्होंने मर्द व्यवहारी न सरता कोन्या की प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह कर खूब तालियां बटोरी। लोकगायिका आरती जांगड़ा की घर मैं गंगा बहण लागरी रागनी की प्रस्तुति श्रोताओं को खूब भायी और उनकी प्रस्तुति के दौरान कई बार तालियां बजी। लोकगायक दिनेश किलोई ने रागनी आपणी आपणी चलती के मै और दो दो दिन का खेल जगत मैं की प्रस्तुति दी। सुप्रसिद्ध हरियाणवी लोकगायिका राजबाला बहादुरगढ़ ने श्रद्धा करकै चालो भाइयो फल्गु जी पै जाणा और दशरथ राजा तन्नै वचन भरया था आदि बेहतरीन रागनियों की प्रस्तुति दी। सानिया बहादुरगढ़ ने सौ सौ पड़ै मुसीबत बेटा की सराहनीय प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि डॉ. रामपाल सैनी ने हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत फल्गु लोककला महोत्सव के आयोजन के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा एवं फल्गु मंदिर सुधार समिति को साधुवाद दिया और एक देशभक्ति की हरियाणवी रागनी भी प्रस्तुत करते हुए संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष पद्मश्री महाबीर गुड्डू ने सामाजिक और संस्कृति से ओत-प्रोत प्रस्तुति पर लोक कलाकारों की प्रशंसा की और गंगा जी तेरे खेत मै की प्रस्तुति भी दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. ऋषिपाल ने कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के कलाकारों की प्रस्तुति और श्रोताओ के अनुशासन की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन करते हुए दिनेश शर्मा ने तीसरे दिन के हास्य-मखौल और कवि सम्मेलन कार्यक्रम की जानकारी देने के बाद कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा से कार्यक्रम में उपस्थित संदीप नैन के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। इस मौके पर इंद्रप्रस्थ अध्ययन केंद्र नई दिल्ली से प्रो. मोनिका सेठी और प्रशांत, करनाल से अमित, दीपशिखा, सूबे सिंह आदि कार्यक्रम में पहुंचे।

# सरकार पोर्टल का चक्कर छोड़कर स्पेशल गिरदावरी करवाकर दें मुआवजा : सुल्तान जडौला

- मांग- बाढ़ पीड़ितों को 70 हजार प्रति एकड़ मुआवजा दे भाजपा सरकार

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 13 सितंबर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला ने कहा है कि सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद और उन्हें राहत पहुंचाने के लिए पुख्ता कदम नहीं उठा रही है। लोगों में बीजेपी सरकार की इस नीति को लेकर भारी रोष है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के चलते हरियाणा में भयंकर तबाही मची है। किसानों 18 लाख एकड़ में खड़ी फसल बाढ़ की भेंट चढ़ चुकी है। करीब 6000 गांव, 11 शहर और 72 कस्बे बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। 4 लाख किसानों ने बाकायदा पोर्टल पर खराबे की जानकारी अपलोड की है। जबकि पीड़ितों की संख्या इससे कहीं ज्यादा है। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए कांग्रेसी नेता सुल्तान जडौला ने कहा कि सरकार पोर्टल का चक्कर छोडकर तुरंत स्पेशल गिरदावरी करवाए और किसानों तक आर्थिक मदद पहुंचाए, क्योंकि पोर्टल का झमेला सिर्फ किसानों को मुआवजे से वंचित करने के लिए खड़ा किया जा रहा है। जिन गांवों में 100 प्रतिशत तक खराबा है, वहां के किसानों को भी पोर्टल पर रजिस्टर करने के लिए कहा जा रहा है। जबकि जब सरकार को पराली जलाने के केस दर्ज करने होते हैं तो व सेटेलाइट के आधार पर फैसला ले लेती है। तो क्या इस सरकार को खेतों में आई बाढ़ सेटेलाइट इमेज में नजर नहीं आती ?। पूर्व विधायक सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि प्रधानमंत्री और कृषि मंत्री को पंजाब की तरह हरियाणा में हुए नुकसान का भी जायजा लेना चाहिए था। साथ ही हरियाणा को भी विशेष पैकेज मिलना चाहिए था। लेकिन प्रदेश सरकार मुआवजे के नाम पर भी लोगों के साथ भद्दा मजाक कर रही है। मात्र 7-15 हजार का ऐलान किसानों के जख्मों पर नमक के समान है। उन्होंने कहा कि जब किसानों की शुरुआती लागत ही 30 से 35 हजार प्रति एकड़ है, सालाना पट्टा लगभग 70 हजार प्रति एकड़ है, ऐसे में सिर्फ 7 हजार का मुआवजा क्या किसानों से अत्याचार और हरियाणा की खेती-किसानी को पूरी तरह चौपट करने वाला नही है ?।

# इंद्री के गांव टपरियों में प्रशासन द्वारा अवैध कब्जा छुड़वाया

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी







**इन्द्री, 13 सितंबर।** उपमंड़ल के गांव टपरियों में प्रशासन द्वारा अवैध कब्जा छुडवाया गया। यह सारी कार्यवाही जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ अर्पित धीमान की देखरेख में की गई। इस मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। गौरतलब है कि टपरियों गांव में 2009 से पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर इन्द्री एसडीएम कोर्ट में केस चल रहा था जिसको लेकर एसडीएम ने जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ अर्पित धीमान को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर मौके पर से कब्जा हटवाने के लिए भेजा। कब्जा हटवाने की कार्यवाही के दौरान काफी संख्या में गांववासी जमा हो गए। इस दौरान मौके पर पहुंचें सरपंच के साथ कब्जाधारियों की काफी नोंकझोंक भी हुई।पंचायत अधिकारी नरेश कुमार के समझाने बाद जेसीबी की मदद से कब्जा हटवा दिया गया।

इस बारे में जानकारी देते हुए पंचायत अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि एसडीएम ने कब्जा हटवाने के लिए डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया जिसकी मौजूदगी मे यह कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि निशानदेही के अनुसार जहां जहां निशान लगाए गए थे वहां से कब्जा हटवा दिया गया है। सरपंच गुरदेव सैनी ने बताया कि 2009 से कोर्ट में केस चल रहा था ओर कई बार इनको कब्जा हटाने के आदेश भी दिए गए थे। इसी को लेकर आज यह अधिकारियों की देखरेख में कब्जा हटवाया गया है।

# रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम पर हमला, मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिला

**कलायत, 13 सितंबर।** कलायत में शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर लाल-नीली बत्ती, प्रैसर होरन व बुलेट पटाखा वाहनों की जांच के लिए देर रात्रि अभियान चला रही पुलिस टीम पर 15-20 लड?ों द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना उस समय हुई जब पुलिस कर्मी रात्रि करीब 10 बजे बस अड्डा के पास मौजूद थे। थाना प्रबंधक रामनिवास शर्मा ने बताया कि इस दौरान न्यू रेड मून होटल के सामने शराब के नशे के प्रभाव में 15-20 लड़कों ने पुलिस के साथ मारपीट की। पुलिस स्टेशन में तैनात पीएसआई रवि की शिकायत पर उक्त युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसएचओ ने बताया कि पुलिस कर्मचारीयों के साथ मारपीट करने, वर्दी फाड़ने, जान से मारने की धमकी देने व सरकारी ड्यूटी में बाधा पहुंचाने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर लाल-नीली बत्ती, प्रैसर होरन व बुलेट पटाखा वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इसके तहत बस अड्डा के पास सब इंस्पेक्टर विजय कुमार के साथ पुलिस टीम कार्यवाही में लगी थी। करीब 10.00 बजे थाना में सुचना प्राप्त हुई कि न्यू रेड मून होटल के सामने करीब 15-20 लड़के शराब के नशे में पुलिस कर्मचारीयों के साथ गाली गलौच, हाथापाई व मारपीट कर रहे हैं। विभिन्न पुलिस टीमें तुरंत मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता पुलिस कर्मी रवि ने बताया कि साथी कर्मचारीयों ने बीच बचाव किया तो मौका पर लड़कों ने हाथापाई की व चर्दी की कमीज का बाएं साईड का सोल्डर फाड़ दिया।

# भूसली की महिला सुमन डांगी ने आजीविका के साथ शहर की सफाई में दिया योगदान

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 13 सितंबर।** जिला के गांव भूसली की महिला सुमन डांगी के अनोखे प्रयास ने स्वच्छता के प्रति लोगों की सोच में बदलाव लाया है। जब पूरी दुनिया अर्थ डे पर पर्यावरण की रक्षा और सामुदायिक भागीदारी की बात कर रही है, तब एकता महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य सुमन डांगी ने प्लास्टिक कचरे को सामाजिक बदलाव का साधन बना दिया है। उन्होंने एक अनोखा मॉडल शुरू किया, जिसमें लोग 500 ग्राम रीसाइक्लेबल प्लास्टिक के बदले पौष्टिक भोजन प्राप्त करते हैं। अब तक 15 सौ किलो से ज़्यादा प्लास्टिक इकट्ठा कर कबाड़वालों को बेचा गया है और तीन हजार से अधिक भोजन परोसे जा चुके हैं। उनकी इस पहल से न सिर्फ करनाल जिला की सफाई हो रही है, बल्कि जरूरतमंदों को भोजन भी मिल रहा है और सुमन को एक स्थायी आजीविका भी मिली है। यह मॉडल स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के उद्देश्यों के साथ गहराई से जुड़ा है और दिखाता है कि कैसे एक स्थानीय पहल पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक भलाई दोनों में बदलाव ला सकती है।

बता दें कि सुमन डांगी एकता महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित अटल किसान मजदूर कैंटीन में काम करती हैं। वह अपने साथ पांच से छह स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के रोजगार का साधन बनी हुई हैं। यहां उन्होंने एक ऐसी पहल शुरू की है जिसने प्लास्टिक कचरे की समस्या को एक समाधान में बदल दिया है – एक ऐसा समाधान जो स्वच्छता को भी बढ़ावा देता है और सामुदायिक भलाई को भी। इस कैंटीन में, यदि कोई व्यक्ति 500 ग्राम रीसाइक्लेबल प्लास्टिक लाता है, तो उसके बदले में एक गरम और पौष्टिक भोजन दिया जाता है। यह सरल सा दिखने वाला आदान-प्रदान वास्तव में एक गहरी सोच और बड़े सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। लेकिन इस पहल के पीछे की कहानी उतनी सीधी नहीं है। कुछ साल पहले, सुमन खुद आर्थिक तंगी से जूझ रही थीं। उनकेपास कोई स्थायी आमदनी नहीं थी। ऐसे समय में उन्हों ने स्व-सहायता समूह की कैंटीन से जुडकर अपने परिवार की जिम्मेदारी संभाली। यह काम उन्हें न सिर्फ रोजगार, बल्कि आत्मनिर्भरता का एहसास भी देने लगा। हर दिन जब सुमन अपने गांव से कैंटीन में आती है, तो अपने आसपास के प्लास्टिक के कचरे, बोतल, रैपर, प्लास्टिक बैग को देखकर यह गहरी चिंता में डूब जाती हैं। इस चिंता से एक विचार ने जन्म लिया कि क्या हम इस रीसाइक्लेबल प्लास्टिक के कचरे के प्रबंधन के लिए कुछ कर सकते हैं। इस विचार को उन्होंने अपने कैंटीन के साथियों के साथ साझा किया और रीसाइक्लेबल प्लास्टिक के बदले में भोजन देने का निर्णय लिया। सुमन ने यह सोच हकीकत में बदलते हुए जन्नत महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन से 50 हजार रुपये का ऋण लेकर इस मॉडल की शुरुआत की, जिसमें 500 ग्राम साफ, छांटा हुआ रीसाइक्लेबल प्लास्टिक के बदले पौष्टिक भोजन देने का प्रावधान रखा।

# रूमी के सिर सजा मिस फ्रैशर का ताज, तरसेम बने मिस्टर फ्रैशर

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 13 सितंबर।** जाट पीजी कालेज कैथल के धन्ना भक्त ऑडिटोरियम हॉल में फ्रैशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्नातक तृतीय वर्ष के छात्रों ने मुख्य अतिथि व जाट हाई स्कूल सोसाइटी कार्यकारिणी सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया। तत्पश्चात प्राचार्य एवं शिक्षकों का तिलक लगाकर स्वागत किया। स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का भी तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मंच का संचालन डॉक्टर संदीप कुमार धालीवाल ने किया। सर्वप्रथम मुख्य अतथि राजकुमार बेनीवाल व डा. दिनेश सिंह ढिल्लों ने देवी सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके पार्टी का शुभारंभ किया। स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं पर टाइटल बनाए गए, सभी छात्र-छात्राएं अपने-अपने टाइटल पर खूब झूमे। मुख्य अतथि ने कहा कि फ्रैशर पार्टी का मुख्य उद्देश्य नए छात्रों का कॉलेज समुदाय में गर्म जोशी से स्वागत करना है जिससे वह सहज महसूस करें, वरिष्ठ छात्रों से जुड़े, आत्मविश्वास बढ़े और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह ढिल्लों ने भी अपने संबोधन में मुख्य अतथि व प्रथम वर्ष के छात्रों का कॉलेज में स्वागत किया।


न्यायलय नायब तहसीलदार कम सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी करनाल ।

[illegible]

नायब तहसीलदार कम सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी करनाल

मैं, मंजू पत्नी शीलू राम संपत्ति के संबंध में मालिक हूं। Part of bearing Khewat No. 1544, Khatoni no. 1727, Khasra No. 1533(0-8), measuring 0K-8M, situated at Gorkhpur Tehsil Bhuna District Fatehabad as per Sale Deed No. 2224 dated 22.12.2022 and as per Fard Jamabandi of the year 2019-20. मैंने फतेहाबाद में कहीं भी ट्रांसफर डीड नंबर 1678 दिनांक 20.09.2022 खो दिया है। फतेहाबाद में एक डीडीआर नंबर 132560072501781/2025 भी पंजीकृत है। मैं यह भी घोषणा करती हूं कि मैंने उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी सीमा या ओडी सीमा नहीं ली है। अगर किसी को इस संपत्ति के संबंध में आपत्ति है। कृपया इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981 # 1591 सेक्टर 16-17 हिसार से संपर्क करें।

सार्वजनिक सूचना

**संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में श्री नवीन डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी के समक्ष**



विषय: स्व. श्री संतोख सिंह की पंजीकृत वसीयत दिनांक 08.07.2005 के आधार पर श्री जोगिंदर सिंह के नाम मकान सं. 2685, सेक्टर 22-ए,चंडीगढ़ (आरपी-2359) के संबंध में 50% हिस्से के विस्तार तक स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, मकान सं. 2685, सेक्टर 22-ए, चंडीगढ़ के नाम से जानी जाती संपत्ति 50% हिस्से के विस्तार तक श्री संतोख सिंह के नाम में दर्ज है।

श्री जोगिंदर सिंह द्वारा सूचित किया गया है कि उक्त कथित संपत्ति के 50% हिस्से के विस्तार तक स्वामी श्री संतोख सिंह की 04.01.2007 को मृत्यु हो गई है। अब, श्री जोगिंदर सिंह ने स्व. श्री संतोख सिंह की पंजीकृत वसीयत दिनांक 08.07.2005 के आधार पर अपने पक्ष में 50% हिस्से के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है तथा मृत के सभी कानूनी उत्तराधिकारियों के नामों को निम्नानुसार सूचित किया है:-

| क्र.सं. | नाम | मृतक के साथ संबंध |
|---|---|---|
| 1. | कृष्ण कौर | पत्नी (12.11.1989 को मृत्यु) |
| 2. | सुरजीत सिंह उर्फ काला | पुत्र (06.11.2018 को मृत्यु) |
| | **श्री सुरजीत सिंह उर्फ काला के कानूनी उत्तराधिकारी** | |
| i) | दविंदर कौर | पुत्रवधू |
| ii) | हरप्रीत सिंह | पौत्र |
| iii) | चन्नी सिंह | पौत्र |
| 3. | जोगिंदर कौर | पुत्री (06.03.2021 को मृत्यु) |
| | **जोगिंदर कौर के कानूनी उत्तराधिकारी** | |
| i) | कवलप्रीत सिंह | पौत्र |
| ii) | हरप्रीत सिंह | पौत्र |
| 4. | जोगिंदर सिंह | पुत्र |
| 5. | कुलवंत कौर | पुत्री |
| 6. | जसबीर कौर | पुत्री |
| 7. | अमरजीत कौर | पुत्री |

यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा कार्यालय, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामत: आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा तदनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**श्री नवीन, डेनिक्स,**
**सहायक संपदा अधिकारी,**
**संपदा अधिकारी,यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए**


# सेवा पखवाड़ा के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

**कलायत, 13 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कैथल के प्रशिक्षण विभाग द्वारा कलायत स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। विधानसभा स्तरीय इस कार्यशाला के संयोजन की कमान पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा के हाथ रही। अध्यक्षता विधानसभा के सभी चार मंडलों के अध्यक्ष राजीव राजपूत, नरेंद्र जुलानी खेड़ा, सुशील पांचाल व अनिल मलिक ने संयुक्त रूप से की। विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करने के लिए मुख्य वक्ता के तौर पर खुद पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा, डीएनटी वाइस चेयरमैन जसवंत पठानिया, स्वदेशी जागरण मंच के प्रमुख तारा चन्द, जिला आई.टी. प्रमुख रवींद्र धीमान और संघ शताब्दी वर्ष विषय पर यशवीर सिंह ने विचार रखे। पार्टी परंपरा अनुसार आयोजन की शुरूआत हुई। कमलेश ढांडा ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। हर क्षेत्र में देश उन्नति की उड़ान भर रहा है। अंतिम पंक्ति में खड़े हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। इसी तरह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा प्रदेश को हर स्तर पर नई पहचान देने में लगे हैं। सबका साथ सबका विकास की नीति जन-जन के लिए आगे बढने की राहें खोल रही है। डीएनटी वाइस चेयरमैन जसवंत पठानियां ने समाज के वंचित वर्गों के उत्थान की दिशा में केंद्र सरकार की योजनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने भाजपा के विचारधारा आधारित संगठन के निर्माण में प्रशिक्षण की भूमिका पर बल दिया। स्वदेशी जागरण मंच के प्रमुख तारा चन्द जी ने स्वदेशी संकल्प यात्रा पर बोलते हुए आत्मनिर्भर भारत की आवश्यकता और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को जीवन शैली का हिस्सा बनाने की बात कही। उन्होंने देश की आर्थिक स्वतंत्रता में जनभागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। यशवीर ने संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों और संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया। कार्यशाला में क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भाजपा की नीतियों व कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का का संकल्प लिया। इस अवसर पर बाल संरक्षण आयोग सदस्य सुमन राणा, डा.प्रीतम कौलेखां, नगर पालिका प्रधान चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे मेनपाल राणा, धर्मपाल धीमान, वीरेंद्र राणा, राजकिशन काका राणा, रिषीपाल कौलेखां, रमेश ढूंढवा, सचिन शर्मा, बी.डी बंसल, राकेश कांसल, राजेश जेष्ठ, पार्षद रेणू धानियां, कुलदीप दहिया, प्रीत जगदेव, प्रदीप राणा, महीपाल पंवार, संजय सिंगला, विनोद जेष्ठ, रवींद्र निर्मल बंटी, अमित बैद और अन्य-पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राम दरबार स्पोर्ट्स वेलफेयर सोसाइटी ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित

अर्थ प्रकाश संवाददाता


फोटो : अजय चौधरी

**चंडीगढ़, 13 सितंबर।** राम दरबार स्पोर्ट्स वेलफेयर सोसाइटी द्वारा फेस-2 रामदरबार की मार्केट में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त डीएसपी गुरजीत कौर और मुख्य अध्यापक डॉ. धर्मेंद्र शास्त्री ने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रामदरबार के बच्चों को सम्मानित किया।

सोसाइटी के अध्यक्ष श्री देवी सिंह ने चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा रामदरबार में इनडोर स्टेडियम बनाए जाने की घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस पहल की नींव भाजपा सांसद के कार्यकाल में रखी गई थी और अब यह खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा तोहफा है।

घोषणा के बाद क्षेत्र के कोच सुनील मचल, विनोद, भानू, सुनील गोगलिया सहित खिलाड़ियों में उत्साह की लहर है।

सोसाइटी के सह सचिव विजेंद्र सूद ने शिक्षक दिवस पर राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में राज्य स्तरीय अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर डॉ. धर्मेंद्र शास्त्री को बधाई दी।

सोसाइटी के महासचिव ग्रैंडमास्टर चित्रेन्दर कुमार ने भी सभी अतिथियों का आभार जताते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

▲ अधिकतम 31 डिग्री से.
डिग्री से. 26 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.06 बजे
सूर्यास्त 6.31 बजे
सोना 24 कैरेट : 111300.00
सेंसेक्स : 81,906.70
अमेरिका : 88.27
कैनेडियन : 63.70
आस्ट्रेलिया : 58.56

# जीरकपुर- अंबाला रोड पर ड्रेन ओवरफ्लो से हाल बेहाल, गंदगी और बदबू से लोग परेशान

## पिछले कई दिनों से भरा पड़ा है गंदा पानी, राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतें

एनएचएआई और नगर निकाय पर लापरवाही के आरोप, लोगों ने दी विरोध की चेतावनी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**ज़ीरकपुर, 13 सितंबर।** चंडीगढ़-अंबाला हाईवे पर जीरकपुर अंबाला रोड की ड्रेन पिछले कई दिनों से ओवरफ्लो हो रही है, जिससे गंदा पानी सड़क पर फैल गया है। इसके कारण लोगों को न केवल बदबू का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि रोज़ाना गंदगी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्हें फ्लाईओवर के नीचे से लेकर अंबाला की ओर जाते समय इस गंदे पानी से होकर निकलना पड़ता है, जिससे वाहन चालकों और पैदल राहगीरों दोनों के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं।

ड्रेन में सिल्ट और कचरा जमा होने के कारण पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो चुकी है। यही वजह है कि बिना बारिश के भी यह ड्रेन ओवरफ्लो होकर सड़क पर पानी फैला रही है। तेज़ रफ्तार से गुजरने वाले वाहनों के कारण यह गंदा पानी पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहन चालकों पर छींटों के रूप में पड़ता है। इससे न केवल राहगीरों का निकलना दुश्वार हो गया है, बल्कि गंदगी से बदबू और बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदार विभाग सफाई पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ड्रेन में फंसी पॉलिथिन और कचरा पानी के बहाव को रोक रहा है, जिससे हर जगह रुकावट बन रही है। नगर निकाय और एनएचएआई को बार-बार शिकायत करने के बावजूद सफाई का काम समय पर नहीं किया जा रहा।

एनएचएआई ने पानी की निकासी के लिए करीब दो किलोमीटर लंबा नाला बनाया हुआ है, जो शहर के कई इलाकों को कवर करता है, ताकि बारिश के समय पानी आसानी से बह सके। लेकिन लंबे समय से सफाई न होने के कारण कई जगह नाला ब्लॉक हो चुका है। यही वजह है कि बिना बरसात के भी ड्रेन ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सड़क पर ला रहा है। इससे हाईवे की सड़कें भी टूटने लगी हैं और यातायात प्रभावित हो रहा है।

वासियों का कहना है कि इस समस्या के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। दुकानदारों ने बताया कि बदबू और गंदगी से ग्राहकों का आना-जाना कम हो गया है, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है।

### ड्रेन व नाले की जल्द सफाई कराने की मांग

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ड्रेन और नाले की जल्द से जल्द सफाई कराई जाए और पानी की निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे सामूहिक विरोध करने को मजबूर होंगे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर बार अस्थायी सफाई कर समस्या को टाल दिया जाता है, जबकि स्थायी समाधान के लिए पूरी ड्रेन लाइन की सफाई और मरम्मत बेहद जरूरी है।

# धार्मिक स्थलों को सोलर पैनल लगवाने के लिए सब्सिडी मिलनी चाहिए: हरभूषण गुलाटी

## श्री सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर 27 में शीघ्र ही तीनों टाइम लंगर की सेवा शुरू की जाएगी: संजीव शर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 13 सितंबर।** शहर में धार्मिक स्थल भारी भरकम बिजली के बिलों से त्रस्त हैं, परन्तु अगर वे इससे बचने के लिए अपने यहां सोलर पैनल लगवाना भी चाहें, इनको स्थापित करने के खर्चे को वहन करना धार्मिक स्थलों के संचालकों के लिए बेहद कठिन है, क्योंकि ये संस्थाएं सिर्फ श्रद्धालुओं के दान पर ही निर्भर हैं। इसलिए धार्मिक संस्थाओं को सोलर पैनल लगवाने के लिए सब्सिडी का प्रावधान करना चाहिए। ये कहना था श्री सनातन धर्म मंदिर सभा, सेक्टर 27 के अध्यक्ष हरभूषण गुलाटी का, जो आज मंदिर परिसर में एक प्रेस वार्ता की संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में सौर ऊर्जा को अधिकाधिक बढ़ावा देने के मिशन में जुटे हुए हैं और इसी के अनुरूप चण्डीगढ़ प्रशासन का भी लक्ष्य शहर को 100 प्रतिशत अक्षय ऊर्जा से भरपूर करना है। परन्तु धार्मिक संस्थाओं को इस मिशन से जोड़े बिना ये लक्ष्य हासिल करना असंभव है। इसलिए सब्सिडी दी जानी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि वे जल्द ही शहर के सभी धार्मिक स्थलों के संचालकों एवं हिन्दू पर्व महासभा से संपर्क करेंगे व इस मुद्दे पर एकजुट होकर चण्डीगढ़ के प्रशासक से भेंट करके सब्सिडी की मांग उठाएंगे। इस अवसर पर यहां मौजूद चण्डीगढ़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव चड्ढा व हिमाचल महासभा, चण्डीगढ़ के अध्यक्ष पृथी सिंह प्रजापति ने भी इस मांग को बिल्कुल सही करार देते हुए समर्थन किया।

प्रेस वार्ता में मंदिर सभा के महासचिव संजीव शर्मा ने सभा द्वारा किए जा रहे सामाजिक सेवा कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सभा ने वर्ष 2020 में कोरोना काल के दौरान मजदूरों एवं जरूरतमंद वर्ग के लोगों की सहायतार्थ रोजाना लंगर शुरू किया था, जो अभी लगभग साढ़े पांच वर्ष बाद भी निरन्तर जारी है व रोजाना बिना नागा 400 लोगों का लंगर तैयार करके मन्दिर के बाहर बांटा जाता है। इसके अलावा अब इस सेवा कार्य को विस्तार देते हुए सुबह का नाश्ता भन्डारा भी शुरू कर दिया है और आने वाले समय में रात्रि का भन्डारा भी शुरू कर दिया जाएगा।

उन्होंने जानकारी दी कि मंदिर सभा द्वारा सेक्टर 27, 28 के क्षेत्र में रहने वाले जरूरतमंद बुजुर्गों के लिए मुफ्त टिफिन सेवा भी चलाई जा रही है तथा आने वाले समय में इसे चंडीगढ़ के और क्षेत्रों के लिए शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लंगर मंदिर सभा द्वारा रखे गए स्थाई रसोइयों द्वारा मंदिर परिसर में ही तैयार किया जाता है तथा गुणवत्ता से कोई समझौता न करते हुए लंगर को ब्रांडेड तेल, घी व मसालों से ही बनाया जाता है। इसके अलावा प्रति वर्ष मंदिर की महिला कीर्तन मंडली द्वारा श्रावण मास के पहले दिन से श्री राधाष्टमी तक रोजाना दोपहर 3 बजे से सांय 6 बजे तक संकीर्तन किया जाता है। प्रेस वार्ता में मंदिर सभा के सदस्य कमल ठाकुर, राजेंद्र कुमार, देवेंद्र ठाकुर व राजेश शर्मा आदि भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि श्री सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर 27 शहर के सबसे बड़े व पुराने मंदिरों में से एक है। ये मंदिर 60 साल पूर्व वर्ष 1966 में डेढ़ एकड़ क्षेत्र में बना था।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट और सरकारी जॉब दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस ने दो अलग अलग मामलो में ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट और सरकारी जॉब दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले किसी अज्ञात शख्स का फोन आया। उसने पीड़िता को झांसे में लेते हुए कहा कि अगर वह कुछ पैसा इन्वेस्टमेंट करती है तो उसे अच्छा मुनाफा होगा। पीड़िता उसके झांसे में आ गई। उसने बताए गए खाते कुल मिलाकर 2 लाख 85 हजार रुपए भेज दिए ।जब पीड़िता ने कुछ दिन बाद संपर्क किया तो उसने संपर्क करना बंद कर दिया ।पता चला कि उसके साथ ठगी हो गई ।मामले की शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**केस नंबर दो:** जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि उसका कुछ समय पहले पंजाब के जिला लुधियाना निवासी राम किशोर से संपर्क हुआ था। उसने पीड़िता को झांसे में लेते हुए कहा था कि वह उसको दिल्ली पुलिस/रेलवे पुलिस में जॉब दिलवा देंगे। पीड़िता उसके झांसे में आ गई। उसने कुल मिलाकर उक्त आरोपी को 10 लाख रुपए दे दिए। जब कुछ दिन बाद संपर्क किया तो वह टाल मटोल करता रहा ।और बाद में संपर्क करना बंद कर दिया। पीड़िता को पता चला कि उसके साथ ठगी हो गई। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नई जीएसटी दरों की निगरानी, छोटे दुकानदारों को न किया जाए तंग: कैलाश जैन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 13 सितम्बर।** उद्योग व्यापार मंडल, चंडीगढ़ (यूवीएम) आने वाली 22 सितम्बर से लागू होने वाली नई जीएसटी दरों के निर्णय का स्वागत किया है। इस निर्णय से आम उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा तथा महंगाई में आंशिक राहत की उम्मीद है।

यूवीएम के प्रधान कैलाश जैन एवं महासचिव नरेश कुमार गोयल ने प्रशासन द्वारा गठित निगरानी टीमों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इनका उद्देश्य सही जीएसटी दरों को लागू करवाना और उपभोक्ताओं को लाभ पहुँचाना होना चाहिए। किंतु इस प्रक्रिया में छोटे रिटेल दुकानदारों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आम दुकानदारों के हित सुरक्षित रहें।

कैलाश जैन का कहना है कि छोटे दुकानदार बिल पर स्वतः ही घटा हुआ जीएसटी चार्ज करेंगे और इसका लाभ सीधे ग्राहकों तक पहुँचेगा। अतः प्रशासन को निगरानी का मुख्य फोकस बड़ी सप्लाई चेन और थोक व्यापार पर रखना चाहिए, जहाँ से वास्तविक मूल्य निर्धारण प्रभावित होता है।

उद्योग व्यापार मंडल का आईमानना है कि निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यवाही से ही उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों का विश्वास प्रशासन पर कायम रहेगा।

# नगर निगम चुनाव 2026 के लिए तैयार हुई चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की व सांसद मनीष तिवारी की अगुवाई में हुई बैठक

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 13 सितम्बर।** जमीनी स्तर पर संगठन को मज़बूत बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगर निगम चुनाव 2026 से पहले शहर के सभी 35 ब्लॉकों/वार्डों के लिए समन्वयकों की नियुक्ति की है। ये समन्वयक अपने-अपने वार्डों में बूथ समितियों का गठन करेंगे ताकि पार्टी का ढांचा हर घर और हर मतदाता तक पहुँच सके।

यह बैठक कांग्रेस भवन, सेक्टर-35, चंडीगढ़ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की और चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी की अगुवाई में हुई। दोनों नेताओं ने नव-नियुक्त समन्वयकों को निष्ठा, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ काम करते हुए कांग्रेस पार्टी की मज़बूत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए एच.एस. लक्की ने कहा-'कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर से सशक्त बनाने में विश्वास रखती है। सभी 35 वार्डों में समन्वयकों की नियुक्ति आगामी नगर निगम चुनावों के लिए मज़बूत और पारदर्शी संगठनात्मक ढांचा खड़ा करने की दिशा में पहला कदम है। हर बूथ लोकतंत्र की नींव है और बूथ समितियों को मज़बूत कर हम चंडीगढ़ के हर नागरिक तक विकास, जवाबदेही और जन-केंद्रित शासन का संदेश पहुँचाने की तैयारी कर रहे हैं। हमारी लड़ाई केवल सीटों के लिए नहीं, बल्कि उस गरिमा और प्रभावशीलता को बहाल करने के लिए है जिसे भाजपा शासन में नगर निगम ने खो दिया है।'

इस मौके पर चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी ने कहा-'चुनाव केवल अभियानों से नहीं जीते जाते, बल्कि जनता के साथ निरंतर जुड़ाव से जीते जाते हैं। आज नियुक्त किए गए समन्वयकों की ऐतिहासिक जिम्मेदारी है कि वे चंडीगढ़ के नागरिकों के विश्वास को कांग्रेस पार्टी में पुनः स्थापित करें। हमारा शहर ऐसे नगर निगम का हकदार है जो वास्तविक मुद्दों–चाहे पानी हो, स्वच्छता हो, सड़कें हों या शहरी नियोजन–का समाधान करे, न कि केवल राजनीतिक नौटंकी में उलझा रहे। कांग्रेस पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि चंडीगढ़ को एक साफ-सुथरा, जवाबदेह और दूरदर्शी स्थानीय शासन प्रदान किया जाए। हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के सहयोग से मुझे पूरा विश्वास है कि कांग्रेस 2026 में विजयी होगी।'

चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ज़ोर दिया कि यह पहल मज़बूत संगठनात्मक अभियान की शुरुआत है, जिसके अंतर्गत आने वाले महीनों में और भी कार्यक्रम तथा जनता से जुड़ाव अभियान चलाए जाएंगे।

# डड्डूमाजरा में भाजपा ने टीबी मरीजों को दी मुफ्त टीबी किट

प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा रहे मुख्य अतिथि

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 13 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश द्वारा आज सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत दादू माजरा सिविल डिस्पेंसरी कॉलोनी में टीबी मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाते हुए टीबी मरीजों को मुफ्त टीबी किट का वितरण किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने किया। टीबी किट में मरीजों की पोषण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री जैसे विभिन्न प्रकार की दालें, सोयाबीन एवं अन्य पोषक तत्वों से भरपूर आहार शामिल किए गए। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को इलाज के साथ-साथ पर्याप्त पोषण भी उपलब्ध हो, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो सके और वे शीघ्र स्वस्थ हो सकें। इस अवसर पर स्टेट टीबी ऑफिसर नवनीत कंवर, एसएमओ इंचार्ज डॉ. माला तथा अस्पताल स्टाफ विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मेडिकल सेल के सहयोग से किया गया। मेडिकल सेल चंडीगढ़ के प्रधान ललित तकियार, दीपक पाठक, विकास बंसल, गजेंद्र चौहान एवं प्रदेश सचिव सोनिया दुग्गल उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष रेखा सूद और पूर्व मेयर राजेश कालिया भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा और प्रदेश कोषाध्यक्ष अवी भसीन ने स्वयं मरीजों को टीबी किट वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है 'टीबी मुक्त भारत' का, और इसी दिशा में भाजपा चंडीगढ़ प्रदेश की यह पहल एक ठोस कदम है। प्रधानमंत्री का यह भी लक्ष्य है कि देश का कोई भी गरीब व्यक्ति, जो टीबी जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहा है, उसे उचित चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ पर्याप्त पोषण भी मिले।

प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने बताया कि यह अभियान मात्र एक दिन का कार्यक्रम नहीं है बल्कि इसे एक निरंतर मिशन के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। आने वाले छह महीनों तक भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश द्वारा नियमित रूप से टीबी मरीजों को प्रोटीन युक्त टीबी किट उपलब्ध करवाई जाएंगी। इससे जहां मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा वहीं 'टीबी मुक्त भारत' अभियान को भी गति मिलेगी।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य केवल राजनीति करना नहीं बल्कि समाज की सेवा करना है। सेवा पखवाड़ा इसी सोच को आगे बढ़ाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि टीबी जैसी बीमारी से मुक्त भारत बनाने में हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है और भाजपा लगातार जनता के सहयोग से इस दिशा में कार्यरत है।

इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि आने वाले समय में अधिक से अधिक मरीजों तक यह सुविधा पहुंचाई जाएगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत के संकल्प को सफल बनाने में चंडीगढ़ प्रदेश भाजपा अपना पूरा योगदान देगी।

# चंडीगढ़ व्यापार मंडल ने बाढ़ पीड़ितों के लिए जुटाई 15 लाख रुपये से अधिक की राहत राशि, संस्था में 9 नए सदस्य शामिल किए गए

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 13 सितंबर।** चंडीगढ़ व्यापार मंडल (सीबीएम) की दूसरी कार्यकारी निकाय बैठक संस्था के अध्यक्ष संजीव चड्ढा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में संस्था में 9 नए सदस्यों को शामिल करने के साथ ही पंजाब और हिमाचल के बाढ़ पीड़ितों के लिए 15 लाख रुपये से अधिक की राहत राशि एकत्र किए जाने की जानकारी दी गई। यह राशि पंजाब के राज्यपाल के मार्गदर्शन में वितरित की जाएगी।

संस्था ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में हाल ही में की गई कटौती के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया और कहा कि इससे व्यापार और उपभोक्ता–दोनों को लाभ होगा। बैठक में ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल की उस मांग का भी समर्थन किया गया, जिसमें भामाशाह जयंती को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में मनाने की अपील की गई है।

सीबीएम ने अपने संस्थापक अध्यक्ष स्व. इंदर लाल बत्रा की स्मृति में व्यापारियों व उनके स्टाफ के लिए कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने का भी संकल्प लिया। इनमें जरूरतमंद आश्रितों को आर्थिक सहायता और छात्रवृत्ति देना शामिल है। संजीव चड्ढा ने संगठन की प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी दी, जैसे अनाज मंडी की सफाई, फड़ियों की समस्या का समाधान, डीजीपी के आदेश के बाद गलत चालानों पर रोक और बुड़ैल मार्केट में पार्किंग प्रस्ताव पास कराना। बैठक में व्यापारिक समुदाय की एक स्मारिका प्रकाशित करने का प्रस्ताव भी रखा गया।

सीबीएम के वरिष्ठ सदस्य ज्ञान चंद गुप्ता ने जीएसटी कटौती की सराहना की, जबकि उपाध्यक्ष दिवाकर साहूंजा ने संस्थापक सदस्यों को आजीवन सदस्यता देने की घोषणा की। महासचिव सुनील गुप्ता ने बैठक का संचालन किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

# गुरदर्शन सिंह सैनी ने अमलाला घग्गर पुल की मरम्मत के लिए दी 1.01 लाख रुपये की सहायता

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**डेराबस्सी, 13 सितंबर।** सरकारें जहाँ लोगों की समस्याओं को नज़र अंदाज़ करती हैं, वहीं समाजसेवी संस्थाएँ ही आगे आकर काम कर रही हैं। यह बात डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी गुरदर्शन सिंह सैनी ने कही।

उन्होंने गाँव अमलाला में घग्गर नदी पर बने पुल की मुरम्मत के लिए घग्गर पुल समिति को 1 लाख 1 हज़ार रुपये की सहायता राशि प्रदान की।

इस मौके पर मीरा जी घाडांम डेरा से बाबा बुल्ले शाह मल जी भी मौजूद रहे, जिन्होंने वर्ष 2011 में इस पुल के निर्माण में अहम योगदान दिया था। सैनी ने बाबा जी का स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

सैनी ने बताया कि पंज ग्रामी गांव को बनूड़ से जोड़ने वाला यह पुल हाल की आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गया है। पानी के तेज़ बहाव से पुल के कुओं का आधार कमजोर हो चुका है। समिति के अनुसार, इसकी मरम्मत पर 10 लाख रुपये से अधिक खर्च आने का अनुमान है।

उन्होंने कहा, 'पंज ग्रामी के लोग मेरा परिवार हैं और उनकी सुविधा के लिए पुल की मरम्मत करवाना ज़रूरी है। असल में यह काम सरकारों का है, लेकिन जब वे सिर्फ़ बयानबाज़ी तक सीमित रह जाती हैं, तब समाज का दर्द समझने वाले लोग ही आगे आते हैं।'

उन्होंने आश्वासन दिया कि मीरा जी डेरा और समिति द्वारा किए जा रहे इस प्रयास में वह हर संभव सहयोग देंगे।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष बाबा गफूर शाह, उपाध्यक्ष गुरध्यान सिंह, सचिव दलजीत सिंह काका, कोषाध्यक्ष सुखदर्शन सिंह, सहित हरमेश सिंह, हरदीप सिंह बंटी, मेजर सिंह, पोम्पी, राज किशन, विकर्ण एडवोकेट, भरदवाज और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शहर की जर्जर सीवरेज प्रणाली को सुदृढ़ करना अति आवश्यक

एमसीसी के सर्वेक्षण में 600 करोड़ खर्च का अनुमान

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह




**चंडीगढ़, 13 सितंबर।** चंडीगढ़ शहर की सीवरेज प्रणाली चुस्त और दुरुस्त करने के लिए करोड़ों रुपये की जरुरत है। इसके लिए एमसीसी की तरफ से ग्राउंड सर्वे कराया गया है। उसके अनुसार सीवरेज लाइन तब्दील करने के लिए लगभग 600 करोड़ रुपये की दरकार होगी।

उलेखनीय है कि चंडीगढ़ शहर की सीवरेज प्रणाली 50 वर्ष से भी अधिक पुरानी है। शहर का विस्तार और आबादी बढ़ने के साथ-साथ यह प्रणली पूरा भार नहीं उठा पा रही है। यह प्रणाली 3 से 5 लाख आबादी के लिए तैयार की गई थी। अब इसकी आबादी 15 लाख के लगभग हो गई है। यही कारण है कि अब यह पूरा सिस्टम ध्वस्त होने वाला है।

बता दें कि जगह-जगह सड़कों पर सीवरेज लाइन बैठने से बड़े गड्ढे हो रहे हैं। इस बारिश के मौसम में ही 30 से भी अधिक जगह यह गड्ढे गुफा जैसे स्वरूप लेने लगे हैं। इसलिए सडकों पर चलते हुए अब डर लगने लगा है। गड्ढे इतने बड़े हैं कि एक महीने

### सर्वे में खर्च का आंकलन

इस पूरी सीवरेज प्रणाली को अपग्रेड करने और बदलने पर 600 करोड़ से भी ज्यादा खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। निगम ने ग्राउंड सर्वेक्षण के बाद यह रिपेयर तैयार की है। हालांकि यह कार्य निगम अपने लेवल पर नहीं कर सकता है। क्योंकि उसके पास फंड की पहले से ही कमी चल रही है। ऐसे में नगर प्रशासन से फंड मिले बगैर यह कार्य संभव नहीं हो सकेगा। इसलिए प्रशासन को इसकी रिपोर्ट भेजी गई है।

### 50 वर्ष पुरानी प्रणाली

बता दें कि चंडीगढ़ में पूरे शहर की सीवरेज प्रणाली पुरानी है। इसको बदलने के लिए सड़कों की खुदायी करनी पड़ेगी। रोड अवरुद्ध होने से यातायात की भी गंभीर समस्या पैदा हो सकती है और इसमें समय भी बहुत ही ज्यादा लगेगा। इसके चलते इसे एक साथ बदला भी नहीं जा सकता है। पूरे शहर को अलग-अलग फेजों में आवंटित कर यह कार्य करना पड़ेगा।

### स्टार्म वाटर लाइन भी होगी अपग्रेड

बरसाती पानी की निकासी भी अब शहर की आबादी को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त नहीं है। यह कारण है कि लगातार सौ एमएम बारिश भी शहर झेल नहीं सकता है। इसलिए पूरे शहर में जल भराव हो जाता है। स्टार्म वाटर लाइन को भी अपग्रेड करने की जरूरत है।

सम्पादकीय

# मणिपुर में लौटेगी खुशहाली, प्रधानमंत्री के दौरे से बंधी उम्मीद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मणिपुर दौरा राज्य के लोगों के लिए उम्मीद की नई किरण जगाने वाला है। हालांकि बीते कुछ समय के दौरान राज्य जातीय हिंसा की आग में जिस प्रकार जला है, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्ष की मांग यह रही है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते हैं। इस दौरान राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया और बीते कुछ समय के दौरान गृह मंत्री अमित शाह राज्य का दौरा कर हालात की समीक्षा कर चुके हैं। लेकिन अब प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में जहां रैली को संबोधित किया है, वहीं 7 हजार करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया है। निश्चित रूप से केंद्र सरकार ने किसी भी तरह से पूर्वोत्तर और उसमें मणिपुर को अपनी प्राथमिकताओं से दूर नहीं किया है। मणिपुर एक जातीय समाज में बंटा हुआ प्रदेश है और मैतेयी एवं कूकी समुदायों के बीच यहां सदियों से संघर्ष जारी है। बीते कुछ वर्षों में यह संघर्ष भीषण हुआ है और इसने पूरे देश का ध्यान अपनी तरफ खींचा है।

**प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इस दौरे में राज्य में दोनों समुदायों के बीच हुई हिंसा का संदर्भ लेते हुए कहा कि विभिन्न समुदायों के बीच समझौते हुए हैं, और यह सब केंद्र एवं राज्य के समुदायों के बीच हुई वार्ता के बाद के परिणाम हैं। उन्होंने संवाद, सम्मान और आपसी समझ को महत्व देते हुए शांति की स्थापना के प्रयासों को जरूरी बताया। प्रधानमंत्री का यह कहना सर्वथा उचित है कि मणिपुर की धरती आशा और विश्वास की भूमि है। जाहिर है, विकास और हिंसा साथ-साथ नहीं हो सकते। विकास की गति तभी तेज होगी, जब उस स्थल पर हिंसा नहीं होगी। मणिपुर में विकास की अनंत संभावनाएं हैं। पूर्वोत्तर के सभी राज्य प्रकृति का अनमोल खजाना संजोए हैं, यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं।**

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इस दौरे में राज्य में दोनों समुदायों के बीच हुई हिंसा का संदर्भ लेते हुए कहा कि विभिन्न समुदायों के बीच समझौते हुए हैं, और यह सब केंद्र एवं राज्य के समुदायों के बीच हुई वार्ता के बाद के परिणाम हैं। उन्होंने संवाद, सम्मान और आपसी समझ को महत्व देते हुए शांति की स्थापना के प्रयासों को जरूरी बताया। प्रधानमंत्री का यह कहना सर्वथा उचित है कि मणिपुर की धरती आशा और विश्वास की भूमि है। जाहिर है, विकास और हिंसा साथ-साथ नहीं हो सकते। विकास की गति तभी तेज होगी, जब उस स्थल पर हिंसा नहीं होगी। मणिपुर में विकास की अनंत संभावनाएं हैं। पूर्वोत्तर के सभी राज्य प्रकृति का अनमोल खजाना संजोए हैं, यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। लेकिन यह आवश्यक है कि यहां सड़कें, रोड बेहतर हों और नए का निर्माण किया जाए। अस्पताल, स्कूल, औद्योगिक क्षेत्र और रोजगार की अन्य संभावनाओं का विकास हो। यह भी जरूरी है कि जातीय समुदायों के लोगों को नए दौर में लाकर उनके सामने शांतिपूर्ण तरीके से जीवनयापन की अहमियत समझाई जाए। हालांकि जातीय समुदायों के बीच तनाव की वजह बनने वाली बातों का निराकरण किया जाना भी जरूरी है। और प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से संभव है, यह दौर गति पकड़ेगा। मालूम हो, इस समय राज्य में विधानसभा निर्लंबित है, जिसका कार्यकाल साल 2027 तक है। राज्य में बीते 21 महीनों से जातीय हिंसा का दौर जारी रहा, जिसमें करीब ढाई सौ लोगों की मौतें हुई थी और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। आरक्षण पर हाईकोर्ट के फैसले के बाद यहां हालात बदले और मैतेयी व कुकी समुदायों के बीच हिंसा शुरू हो गई। जाहिर है, यह विषय बेहद गंभीर है और इसकी वजह से केंद्र सरकार पर आरोप लग रहे हैं। राज्य सरकार की छत्रछाया में ही लोकतांत्रिक अधिकार कायम रहते हैं, हालांकि राष्ट्रपति शासन लागू करने के पीछे की मंशा का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है।

मणिपुर की जनता ने बीते कुछ समय के दौरान जो झेला है, उसके घाव अभी भी हरे हैं और वहां विस्थापित परिवार तंबूओं में जीवन जीने को मजबूर हैं। जिन आरोपियों पर केस दर्ज हुए और जिन्होंने वहशीपन की सीमाओं को लांघा, उनके संबंध में कोई निर्णय नहीं हो सका है। जिन परिवारों ने अपने आशियाने बर्बाद होते देखे हैं और उन महिलाओं ने जो अपमान झेला है, उसकी भरपाई जैसा भी अभी तक कुछ नहीं हुआ है। यह कितना कूटनीतिक दिखता है कि उन अराजक हालात को रोक पाने में सरकार की मशीनरी विफल रही हो और पूरे देश एवं दुनिया में मणिपुर जैसे शांत प्रदेश की छवि एक अशांत और अराजकता पूर्ण राज्य के रूप में स्थापित हो गई हो, वहां सरकार के मुखिया क्षमा प्रार्थना करके अपने दायित्व की इतिश्री समझ रहे हों। इन घटनाओं की शेडो में प्रधानमंत्री मोदी ने जिस प्रकार राज्य का दौरा किया है, उससे उम्मीद बंधती है कि राज्य में राजनीतिक हालात में भी बदलाव आएगा और जनता पुनः अपने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से विकास पथ पर चलेगी। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा पूर्वोत्तर को संबल देने और शेष भारत से उसकी निकटता को और बढ़ाने के मद्देनजर बेहद अहम माना जाएगा। निश्चित रूप से प्रदेश की जनता को अपने मतभेद दूर कर सामूहिक रूप से राज्य की खुशहाली के लिए काम करना होगा।

हिन्दी दिवस पर विशेष

# हिन्दी पर अंग्रेजी की मार जिम्मेदार कौन?


दैनिक अर्थ प्रकाश

आजादी से पहले यह कल्पना की जा रही थी भारत भी एक राष्ट्र देश होगा। उसकी पहचान के लिए उसकी अपना एक राष्ट्र भाषा होगी। लेकिन आजादी के बाद भाषा की कल्पना, कल्पना बनकर ही रह गई। राष्ट्रीय आन्दोलन के दौरान अपने देशव्यापी दौरे में गांधी जी ने स्पष्टतः यह महसूस किया था कि हिन्दी ही एकमात्र ऐसी भाषा है जो पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में बांध सकती है। इसका विकल्प न तो अंग्रेजी है और न ही अन्य कोई भारतीय भाषा। गांधी जी ने 6 फरवरी 1916 को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में बोलते हुए कहा था कि 'आपको ताज्जुब होगा कि मुम्बई के वे तमाम श्रोता केवल उन भाषणों से प्रभावित हुए जो हिन्दी में दिए गए थे। उन्होंने भारतीय भाषाओ की तुलना में अंग्रेजी का पक्ष लेने वालों से स्पष्ट कहा था कि 'यदि हमें एक विदेशी भाषा पर अधिकार पाने के लिए जीवन के अमूल्य वर्ष लगा देना पड़े तो फिर और हो क्या सकता है?' जब यह स्वतंत्रता संग्राम की अलख जगाने के लिए कोलकत्ता पहुँचे तो उन्होंने अपने भाषण में फिर दोहराया कि आज की पहली और सबसे बड़ी समाज सेवा यह है कि हम अपनी देशी भाषाओं की ओर मुड़े और हिन्दी को राष्ट्रभाषा के पद पर प्रतिष्ठित करे। हमें अपनी सभी प्रादेशिक कार्यवाही अपनी-अपनी भाषाओं में चलानी चाहिए तथा हमारी राष्ट्रीय कार्यवाही की भाषा हिन्दी होनी चाहिए। स्वतंत्रत्ता प्राप्ति के बाद जिस तरह से भारतीय भाषाओं की उपेक्षा कर देश के राजनितिक्षेप अफसरशाही के हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं की उपेक्षा कर अंग्रेजी के वर्चस्व को स्थापित किया और हिन्दी और उसकी संस्कृति को दफन कर दिया।

गांधी जी ने हिन्दी संस्कृति का जो सपना सजोया था च भारतीयों ने जो कल्पना की थी यह भी उसी के साथ-साथ दफन हो गई। इस प्रक्रिया ने जिस नयी भाषा और सास्कृति को जन्म दिया है, जो हमारी नही है कि जिस पर हम एक भारतीय होने का गर्व कर सके। लेकिन देश की आजादी के बाद जिस तरह से राष्ट्रीय राजनीतिज्ञों और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा हिन्दी और उक्त भारतीय भाषाओं की उपेक्षा कर अंग्रेजी का वर्चस्व स्थापित किया गया वह बाद के दिनों एक ऐसी विडम्बना बनी जिसने हमारी राष्ट्रीयता की भावना को तो खण्डित किया ही साथ ही साथ हमें एक ऐसी सभ्यता और संस्कृति की ओर ढकेल दिया जो हमारी अपनी नहीं है। इधर भारतीय राजनीति में जिस तरह के परिवर्तन हुए है उससे हमारी केन्द्रीय सत्ता कमजोर हुई है। परिणाम स्वरूप हिन्दी की स्थिति भी डामाडोल हुई है।

एक जमाने में हिन्दी, हिन्दू और हिन्दुस्तानी का नारा जो राजनीतिज्ञ लगाते थकते नहीं थे। उन्होंने भी हिन्दी से अपना पल्ला झाड लिया। अब तो हमें यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि हिन्दी अंग्रेजी का स्थान नहीं ले सकती यदि एक शब्द में इसकी वजह पूछी जाये तो जवाब यही होगा कि हमारा राजनीतिक नेतृत्त्व हिन्दी के प्रति ईमानदार नहीं है। भारत वर्षो गुलाम रहा और जब आजाद हुआ तो अपनी भाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए ईमानदारी से प्रयास नहीं किये ।

एशिया के कई देश बिना किसी विदेशी भाषा का सहारा लिए विज्ञान और तकनीकि क्षेत्र में उन्नति कर रहे है। चीन और जापान इसके सबसे बड़े उदाहरण है यह स्थिति समझ से बाहर है कि जब एशिया के दूसरे देश अपनी मातृ भाषा के बलबूते पर प्रगति कर सकते है तो भारत क्यों नहीं? चीन, जापान अथवा सोवियत संघ ने जिस भाषा और संस्कृति के आधार पर अपनी राष्ट्रीयता का विकास किया उसका अपना एक जनाधार था तथा इन राष्ट्रों ने कभी अपने देश की भाषा और संस्कृति की अवहेलना नहीं की जैसा कि भारत में हुआ। रूस, जापान और चीन में शुरू से ही रूसी, जापानी और चीनी भाषाओं का वर्चस्व रहा तथा उनके समानान्तर वहाँ किसी भी ऐसी भाषा का विकास नहीं हो पाया जो उन्हें पूरी ताकत के साथ चुनौती दे सके। भारत की तरह ये राष्ट्र कभी भी उपनिवेश नही रहे और न ही बाहरी आक्रमणकारी मुगलों और अंग्रेजों की तरह इन पर किसी ने शासन किया। इसलिए इन देशों की भाषा और संस्कृति उस तरह से नष्ट नहीं हुई जैसी कि भारत में। इन देशों में राज-काज की भाषा अपनी ही भाषा बनी रही। अन्य भाषाओं को इन देशों में केवल ज्ञान की सीमा



तक महत्व मिला।

भारत में जितने भी आन्दोलन चले सभी में हिन्दी ही प्रयोग की गई। दयानन्द सरस्वती ने आर्य समाज का आन्दोलन चलाया और अपना मुख्य ग्रन्थ 'सत्यार्थ प्रकाश' हिन्दी में ही लिखा। भाषा मानव के विचारों व भावों की अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण साधन। ऐसी भाषा जिसे किसी भी समाज अथवा राष्ट्र के अधिकाश लोग बोलते व समझते है यह 'राष्ट्र भाषा' कहलाती है। आज राष्ट्र असमानता, जातियाव, क्षेत्रवाद तथा आतंकवाद की आग में झुलस रहा है। उसमें राष्ट्र भाषा ही सभी के एक माला में पिरोकर एक जूट होने व मानवता का संदेश देने में समर्थ रखती है। भारत की मातृभाषा हिन्दी राष्ट्र भर में प्रचारित भाषा है।

स्वतन्त्रता के बाद जब भारतीय संविधान की रचना की गई तब यह घोषणा की गई थी कि सारे भारत में कुछ वर्षों तक हिन्दी लागू कर दी जायेगी। सभी प्रकार को व्यावसायिक कार्यो तथा शिक्षा का माध्यम हिन्दी होगा लेकिन आज 78 वर्ष बीत जाने पर भी हिन्दी का यह स्थान कही भी दिल्याई नहीं देता। हर साल एक दिन हिन्दी दिवस के नाम पर आरक्षित कर दिया है। हमारे नेता भी सभाओं में हिन्दी के इतिहास पर बड़े-बड़े भाषण देते है और चले जाते है और हिन्दी का स्थान ज्यो का त्यों ही रह जाता है, लेकिन आज भी अंग्रेजी के प्रति श्रद्धा रखना भारतीय संस्कृति को नष्ट कर रही है। जहां तक हिन्दी की अपनी विशेषता का प्रश्न है मे मानता हूँ कि किसी भी भाषा के प्रसार के मुख्य कारण समाजगत होते है भाषागत नहीं।

हिन्दी को राजभाषा का दर्जा नहीं मिल पाने का सबसे महत्त्वपूर्ण कारण हिन्दी समाज रहा है। जनसंघ के नेता दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी में भक्त होने का दावा करते कभी थकते नहीं थे। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की शाखाओं में वेल्ट जैसे हिन्दी में खप चुके अंग्रेजी शब्दों के लिए 'कमरपेटी' का उपयोग होता था। आज उनकी परम्परा की अगली कड़ी की योजना में हिन्दी कही नहीं है। उनके नेता हिन्दू राष्ट्र बनाने की कल्पना तो करते है और हिन्दुत्व का नारा लगाकर सत्ता भी हथिया लेते है। हिन्दू राष्ट्र बनाने की तो दूर की बात उन्होने अपने शासनकाल में हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने की जहमत भी नहीं उठाई।

आज हमारे राजनेता मंच पर हिन्दी का जय-जयकार करते है और व्यक्तिगत आचरण में अंग्रेजी को गले लगाये रहते है। क्या वही राजनेता अपने देश में सदा हिन्दी में बोलते है? अपना राजकाज हिन्दी में चलाते है। संसद में वे किस भाषा का प्रयोग करते है? क्या कभी उन्होने इस सम्बन्ध में सोचा है? यदि हम पह निर्णय कर ले कि हमें अपनी राष्ट्र भाषा पर गर्व करना है, उसे सम्मान देना है, आगे बढ़ाना है तो हम अवश्य ही हिन्दी को उन्नत्ति के शिखर पर देखेंगे और हिन्दी का प्रयोग करके अपने सच्चे राष्ट्रीय प्रेन का परिचय देगे। अपनी हिन्दी सम्बन्धी हीनभावना को त्याग अंग्रेजों के मोह को छोड़कर हम हिन्दी को पूरी ताह अपना ने तो केवल 14 सितम्बर ही हिन्दी दिवस नहीं होगा, सारे दिन हिन्दी के होंगे और हिन्दी हमारे सम्मान का प्रतीक होगी। हम भारतवासियों के लिए अनेकता में एकता स्थापित करने के लिए, आत्मनिर्भरता और आत्म-सम्मान को पाने के लिए राष्ट्रीय एकता जगाने के लिए हिन्दी ही मूलमन्त्र या मूल आधार आश्रय से एकना और राष्ट्र प्रेम बलशाली होगे और देश उन्नत्ति के शिखर पर पहुंचेगा, सम्मानित

**-डॉ. रमेश सेनी**
**चांद सराम, जुण्डला में करनाल, हरियाणा)**

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### 7 खाड़कुओं सहित 10 मरे, एक खाड़कू का खाड़कुओं द्वारा अपहरण

चंडीगढ़। पंजाब में 7 खाड़कुओं सहित 10 लोग मारे गए। इस बीच खाड़कुओं के एक गिरोह ने एक खूंखार खाड़कू का अपहरण कर लिया। मजीठा पुलिस जिला के गांव थरड़े में जब पुलिस दस्ता 3 खाड़कुओं साहिब सिंह, दलबीर सिंह उर्फ काला व बलविन्द्र सिंह को हथियारों की बरामदगी के लिए कही ले जा रही थी तो उसके साथियों ने उन्हें छुड़ाने के प्रयास में पुलिस दस्ते पर गोलीबारी की। दोनों ओर से चली गोलाबारी में यह तीनों खाड़कू व उनको छुड़ाने आए खाड़कुओं में एक खाड़कू मारा गया। साहिब सिंह व दलबीर सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित खूंखार खाड़कू बताए जाते है। जगराओ पुलिस जिला गुरदासपुर जिला व तरनतारन पुलिस जिला में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक-एक खाड़कू मारा गया। पुलिस ने मुकाबले वाले स्थान से हथगोले बरामद किये है। खाड़कुओं ने बठिंडा जिला के गांव कमालू में शराब के ठेके के दो कर्मियों सुरेन्द्र कुमार व जगदीश लाल की हत्या कर दी जबकि जगराओ पुलिस जिला में ओम प्रकाश नामक व्यक्ति को खाड़कुओं ने मार डाला। चार खाड़कुओं ने बरनाला पुलिस जिला से अवतार सिंह नामक एक खुंखार खाड़कू का अपहरण कर लिया।

### बिजली के बिलों में घपलेबाजी से आम नागरिक परेशान

चंडीगढ़। पिछले काफी अर्सो से शहर के आम नागरिकों को बिजली के बिलों का लंबा चोड़ा भुगतान करना पड़ रहा है। इस संबंध में चंडीगढ़ जिला युवा कांग्रेस (आई) के महासचिव सुरेश मनचंदा ने प्रशासक के सलाहकार बालेश्वर राय को पत्र लिखकर उनके ध्यान में यह बात लाने की कोशिश की है कि लोगों को बिजली विभाग जो बिल भुगतान के लिए भेजपा है, वह बिल बिजली विभाग की अनियमितत्ताओं व घपलेबाजियों का सबूत होते है क्योंकि बिजली उपभोक्ता की खपत कम रहती है लेकिन बिल बढ़ा चढ़ाकर भेजा जाता है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1774- भारत में सती प्रथा खत्म करने वाले लॉर्ड विलियम बैंटिक का जन्म हुआ।
1901- अमेरिकी राष्ट्रपति विलियम मैकिनले की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई।
1917- रूस औपचारिक तौर पर गणतंत्र घोषित हुआ
1949- हिन्दी को भारत की राजभाषा का दर्जा दिया गया।
1960- खनिज तेल उत्पादक देशों ने मिलकर ओपेक की स्थापना की।
1998- माइक्रोसॉफ्ट दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बनी। अप्रैल 1975 में स्थापित माइक्रोसॉफ्ट की 14 सितंबर 1998 को न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में की वैल्यू 261 बिलियन डॉलर आंकी गयी।
1999- किरीबाती, नाउरू और टोंगा संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
2000- प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अमेरिकी सीनेट के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया, ओलिंपिक मशाल सिडनी पहुंची।
2000- माइक्रोसॉफ्ट ने विंडोज एमई की लॉन्चिंग की।
2003- एस्टोनिया यूरोपीय संघ में शामिल हुआ।
2003- गुयाना-बिसाउ में सेना ने राष्ट्रपति कुंबा माला की सरकार का तख्ता पलटा।
2006- परमाणु ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने पर इब्सा में सहमति। तिब्बत के आध्यात्मिक निर्वासित नेता दलाई लामा को संयुक्त राज्य अमरीका के सर्वोच्च न्यायालय सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा।
2007- जापान ने तानेगाशिया स्थित प्रक्षेपण केंद्र से पहला चंद्र उपग्रह एच-2ए प्रक्षेपित किया।
2008- रूस के पेर्म क्राई में पेर्म हवाई अड्डे पर एयरोफ्लोट विमान 821 के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से विमान में सवार सभी 88 लोग मारे गए।
2009- भारत के लिएंडर पेस और चेक गणराज्य के लुकास लोही ने महेश भूपति और मार्क नोल्स की जोड़ी को हराकर यूएस ओपन के पुरुष युगल का ख़िताब जीता।
2016- पैरालिंपिक में भारत ने चौथा पदक जीता।

## बोल ब्यूटीफुल



**हर्ष गोयनका:** हर चुनाव हमारी नैतिकता की परीक्षा भी लेता है। अगर हम जानबूझकर भ्रष्ट नेताओं को चुनते है, तो हम खुद को पीड़ित कहने का अधिकार खो देते है। चुनाव सिर्फ नेताओं के ही बारे में नहीं बताता है। यह उन लोगों के चरित्र के बारे में भी बताता है जो उन्हें जिताते है।

**राज बब्बर:** देश के नए उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई। उपराष्ट्रपति संविधान के आदर्शों का पालन करते हुए लोकतंत्र की परांपराओं को और मजबूत करेंगे, ऐसी उम्मीद है। यह भी अपेक्षा है कि उपराष्ट्रपति संसद में सभी वर्गों की आवाज को सम्मान देंगे।

**आनंद रंगनाथन:** राहुल गांधी को दलित राम नाथ कोविन्द से पहली शिष्टाचार भेंट करने में सात महीने लगे। आदिवासी द्रोपदी मुर्म से पहली शिष्टाचार भेंट करने में 23 महीने लगे। उम्मीद है कि ओबीसी सीपी राधाकृष्णन से पहली शिष्टाचार भेंट करने में उन्हें और ज्यादा समय नहीं लगेगा।

# भारत की डिजिटल क्रांति : परिवर्तन का एक दशक और भावी योजना

दैनिक अर्थ प्रकाश

पिछले एक दशक में भारत में एक ऐसी डिजिटल क्रांति आई है जो असाधारण है। जो प्रक्रिया लक्षित प्रौद्योगिकीय अंतःक्षेपों की एक श्रृंखला के रूप में शुरू हुई थी वह अब एक व्यापक परिवर्तन के रूप में विकसित हो चुकी है, जो भारतीय जीवन के लगभग हर पहलू जैसे अर्थव्यवस्था, शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, वाणिज्य, और देश के कोने-कोने में बसे किसानों और छोटे उद्यमियों के जीवन को भी प्रभावित कर रही है। यह यात्रा आकस्मिक नहीं थी। इसे भारत सरकार द्वारा ठोस नीति निर्धारण, अंतरमंत्रालयी सहयोग, और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया है। जब संबद्ध मंत्रालयों जैसे इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), वित्त मंत्रालय (एमओएफ), कृषि मंत्रालय, और अन्य मंत्रालयों ने बड़े पैमाने में ज़मीनी स्तर पर परियोजनाओं को पूरा किया, तो दूसरी ओर नीति आयोग ने अभिसरण को बढ़ावा देकर, विचारों को नेतृत्व देकर, और स्केलेबल, नागरिक-प्रमुखता वाले नवाचारों की ओर प्रणाली को प्रेरित कर नीति इंजन का काम किया है।

जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी की शुरुआत के साथ इसमें एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। लगभग 55 करोड़ बैंक खातों के खोलने के साथ-साथ, करोड़ों लोगों को, जो पहले वित्तीय प्रणाली की पहुंच से बाहर थे, उन्हें अकस्मात बैंकिंग व्यवस्था और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तक पहुंच प्राप्त हुई है। ओडिशा के एक छोटे से गांव में पहली बार बिना बिचौलिए की सहायता से एक सिंगल मदर को कल्याणकारी लाभ सीधे उनके खाते में प्राप्त करने में सक्षम बनाया गया। उनकी कहानी भारत भर के करोड़ों लोगों की कहानी बन गई है। यह वृहद वित्तीय समावेशन आंदोलन वित्त मंत्रालय के समर्थन और आधार तथा मोबाइल पैठ की सक्षम सहायता से अगला कदमः एक वित्तीय-प्रौद्योगिकी विस्फोट का आधार बना।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन में विकसित एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) ने भारतीयों के लेन-देन के तरीके में क्रांति ला दी है। किसी मित्र को पैसे भेजने के एक अनूठे तरीके के रूप में शुरू किया गया यह तरीका शीघ्र ही छोटे व्यवसायों, सब्ज़ी विक्रेताओं और गिग वर्कर्स की जीवनरेखा बन गया। आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआई के माध्यम से लेनदेन होते हैं, और यहाँ तक कि सड़क किनारे के विक्रेता वाले भी एक साधारण क्यूआर कोड के ज़रिए डिजिटल भुगतान स्वीकार कर रहे हैं।

इसी दौरान, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत भारत के डिजिटल अवसंरचना के मुख्य तंत्र को धीरे-धीरे और निरंतरता से तैयार किया जा रहा है। भारतनेट जैसी परियोजनाओं ने दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों तक ब्रॉडबैंड पहुँचाया है, जबकि इंडिया स्टैक ने कागज़-रहित, उपस्थिति-रहित और नकदी-रहित सेवाओं का ढाँचा तैयार किया। डिजी-लॉकर ने छात्रों को अपने प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में रखने, और ई-हस्ताक्षर ने महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के लिए दूरस्थ प्रमाणीकरण प्रदान किया। डिजी-यात्रा एक अग्रणी पहल है जो चेहरे के पहचान की तकनीक का उपयोग करके निर्बाध, कागज़-रहित और संपर्क-रहित हवाई यात्रा को संभव बनाती है। यह त्वरित चेक-इन, बेहतर यात्री अनुभव और बेहतर हवाई अड्डे की क्षमता में सुधार



सुनिश्चित करती है, साथ ही विकेंद्रीकृत पहचान प्रबंधन के माध्यम से डेटा गोपनीयता की सुरक्षा भी करती है। यह भारतीय विमानन के भविष्य की तैयारी और यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ये मात्र ऐप ही नहीं हैं - ये एक डिजिटल गणराज्य की आधारशिला हैं।

डिजिटल गवर्नेंस ने भी गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) के शुभारंभ के साथ बड़ी उछाल लगाई है। सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए डिज़ाइन किए गए, जेम ने 1.6 लाख से अधिक सरकारी क्रेताओं को 22 लाख से अधिक विक्रेताओं से जोड़ा है - जिसमें महिला उद्यमियों और एमएसएमई की बढ़ती संख्या शामिल है। राजस्थान के एक छोटे हस्तशिल्प विक्रेता के लिए, इसका अभिप्राय सरकारी संविदाओं तक पहुंच प्रदान करना था जो पहले अकल्पनीय था।

कृषि क्षेत्र, जिसे प्रायः परिवर्तन के प्रतिरोधी के रूप में देखा जाता है, ने भी डिजिटल साधनों को अपनाना शुरु कर दिया है। पीएम-किसान जैसे प्लेटफॉर्म ने यह सुनिश्चित किया कि आय सहायता किसानों तक सीधे पहुँचे। ई-नैम ने राज्यों की कृषि मंडियों को जोड़ा, जिससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिल सके। डिजिटल मृदा स्वास्थ्य कार्ड ने उन्हें यह समझने में मदद की कि उन्हें कौन सी फसलें उगानी चाहिए और अपनी भूमि में कौन से पोषक तत्वों का प्रयोग करना चाहिए। झारखंड के ग्रामीण-क्षेत्रों में, स्थानीय उद्यमियों द्वारा संचालित सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) उनके लिए एक प्रकार से डिजिटल जीवन रेखा बन गए, जो टेली-मेडिसिन से लेकर बैंकिंग और कौशल विकास कार्यक्रमों तक, हर चीज की पेशकश करते हैं।

महामारी भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे के लिए एक कठिन परीक्षा थी जिसमें हम बखूबी सफल हुए। स्कूल बंद होने के बावजूद, दीक्षा और स्वयं जैसे प्लेटफॉर्मों ने यह सुनिश्चित किया कि पढ़ाई अनवरत चलती रहे। लद्दाख और केरल के छात्र भी भारत भर के शिक्षकों द्वारा तैयार की गई शिक्षण सामग्री का प्रयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने अपना आकार लिया, जिससे नागरिकों को एक डिजिटल आईडी के माध्यम से अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुँच प्राप्त हुई और अस्पतालों एवं राज्यों में एक सहज वातावरण बन सका। वाणिज्य में भी एक शांत क्रांति देखी गई। डीपीआईआईटी की एक पहल, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) अब छोटी किराना दुकानों और हथकरघा बुनकरों को बड़ी ई-कामर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बना रही है। डिजिटल कॉमर्स के कार्यों को एकीकृत करके, ओएनडीसी प्रतिस्पर्धा के मैदान को समतल कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे व्यवसाय आसानी से लॉजिस्टिक्स, भुगतान और ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणालियों तक पहुँच सकें।

नीति आयोग की अभिसरण भूमिका–मंत्रालयों, राज्यों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत को एकजुट करना है–जो सुनिश्चित करता है कि डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएँ अंतर-संचालनीय, समावेशी और स्केलेबल हों। जैसे-जैसे भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, नए आयाम उभर रहे हैं- एआई-सक्षम शासन, विकेन्द्रीकृत वाणिज्य, और बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम डिजिटल सेवाएँ जो देश के सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुँच सकती हैं। लेकिन यह सिर्फ़ एक सरकारी सफलता से जुड़ी कहानी नहीं है। यह एक राष्ट्र की कहानी है–करोड़ों नागरिकों की कहानी है जिन्होंने बदलाव को अपनाया, उद्यमियों की कहानी है जो डिजिटल रेल पर आगे बढ़े, और स्थानीय लीडरों की कहानी है जिन्होंने सेवा वितरण की नई कल्पना की।

भारत का डिजिटल दशक सिर्फ़ तकनीक का नहीं है–यह बदलाव का दशक भी है और यह कहानी का अभी प्रारंभिक चरण ही है।

**लेखक- केंद्रीय मंत्री श्री राव इंद्रजीत सिंह**
**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री**

## गड़सा घाटी की तीन पंचायतों में भारी तबाही, दो दर्जन परिवार घर से बेघर



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 13 सितंबर।** गड़सा घाटी में इस आपदा ने तबाही मचाई है। ग?सा घाटी के ग्राम पंचायत हुरला,ग्राम पंचायत पारली व जेष्ठा में अभी तक दो दर्जन मकान तबाह हो चुके हैं और यहां के 24 परिवारों ने पलायन कर लिया है।

हैरानी इस बात की है कि अभी तक इन परिवारों को तिरपालों के सिबाये कुछ भी नहीं दिया गया है। लोगों को मलाल है कि अभी तक उन्हें फौरी राहत तक नहीं दी है। हुरला पंचायत के बोहरा सेरी, शकोरा व थवारी में 19 से अधिक मकान भूस्खलन की चपेट में आए हैं। पंचायत के उप प्रधान धनवीर पाल ने बताया कि उनकी पंचायत में 19 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं।

इन परिवारों के पास न तो रहने के लिए घर रहे और न ही जमीन। उन्होंने सरकार से मांग की है कि शीघ्र इन परिवारों की रहने व खाने की व्यवस्था की जाए। वहीं पारली व जेष्ठा पंचायत के प्रभावितों ने बताया कि सरकार व प्रशासन ने अभी तक उन्हें किसी भी तरह की व्यवस्था नहीं की है और न ही अभी तक फौरी राहत नहीं दी है।

ग्रामीणों ने बताया कि इसके अलावा गड़सा घाटी के नी णु, गड़सा, ठेला,कमांद, निगणा, हवाई शियाह आदि गांव में भी भारी नुकसान हुआ है।

# नैना देवी के गुतराहण में बादल फटा

### मलबे की चपेट में आए चार वाहन, सौभाग्य से वाहनों को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर, 13 सितम्बर।** नैना देवी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मौजा गुतराहण में शनिवार तड़के लगभग तीन बजे बादल फटने की घटना हुई। बादल फटने के कारण भारी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गया और आसपास के खेतों में भर जाने से किसानों की खड़ी फसलें नष्ट हो गई। प्रभावित किसानों में कश्मीर सिंह, रतीराम, रतन लाल, बालक राम, संतोष, जीतराम, जगदीश सहित कई ग्रामीण शामिल हैं।

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि मलबे की चपेट में चार वाहन भी आए, लेकिन सौभाग्य से वाहनों को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और न ही किसी प्रकार की जनहानि हुई है। सभी गाड़ियों को वहां से निकाल दिया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन तुरंत हरकत में आया। तहसीलदार नमोल, नायब तहसीलदार और स्थानीय पटवारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। लोक निर्माण विभाग ने जेसीबी मशीनें लगाकर सड़क पर आया मलबा हटाने का कार्य आरंभ कर दिया है ताकि आवागमन शीघ्र बहाल हो सके।



उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों की फसल क्षति का आकलन किया जा रहा है और रिपोर्ट मिलने के बाद नियमों के अनुसार राहत एवं सहायता प्रदान की जाएगी। इस दौरान बीडीसी सदस्य एवं उपाध्यक्ष महत राम तथा देसराज उपप्रधान भी मौके पर मौजूद रहे।

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया बंजार विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित स्थानों का दौरा



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 13 सितंबर।** केंद्रीय राज्य मंत्री (पोर्ट्स, शिपिंग एवं जलमार्ग मंत्रालय), भारत सरकार, शांतनु ठाकुर आज से बंजार विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित स्थानों का दौरा किया। उन्होंने वन विभाग के विश्रामगृह शाईरोपा में प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने आपदा में क्षतिग्रस्त ?शैणी, दाडी, बंजार, सैंज में आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया व प्रभावित परिवारों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने लारजी, तथा बिहाली में भी आपदा प्रभावित लोगों से मुलाक़ात की। मंत्री ने आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर के बंजार विधानसभा क्षेत्र में हुए नुकसान का आकलन किया। उन्होंने कहा कि व केंद्र सरकार के समक्ष क्षेत्र की मांग रखते हुए यथासंभव सहायता के लिए बात रखेंगे। इस दौरान बंजार विधानसभा के विधायक सुरेन्द्र शौरी सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## जनता की सेवा ही संगठन का मूलमंत्र : भाजपा

**ऊना (रोहित शर्मा)।** प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए भारतीय जनता पार्टी जिला ऊना अध्यक्ष शाम मिन्हास जिला महामंत्री पहु लाल भारद्वाज, लखबीर सिंह लख्खी ने बताया कि

**सेवा पखवाड़ा में होगा जन कल्याणकारी कार्यक्रम**

ऊना जिला इकाई द्वारा भारतवर्ष के यशस्वी, ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) से लेकर महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती (2 अक्तूबर) तक चल रहे ÷सेवा पखवाड़ा÷ के अंतर्गत जिला भर में विभिन्न सेवा और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा इस सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के संयोजक भाजपा जिला महामंत्री लखबीर सिंह लख्खी होंगे

जिसमें अलग अलग जनकल्याणकारी कार्यक्रम सभी विधानसभाओं में आयोजित होंगे नेताओं ने बताया की इस अवसर पर स्थानीय विधायकगण, पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, सभी भाजपा के मोर्चों तथा मंडल स्तर तक के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे ।

# मुख्यमंत्री ने नाबार्ड के विशेष नियम निर्धारण की आवश्यकता पर दिया बल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के उप-प्रबंध निदेशक गोवर्धन सिंह रावत ने आज मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से ओक ओवर में शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा प्रदेश सरकार और नाबार्ड के मुख्य कार्यालय के मध्य समन्वय को सुदृ? करने में निभाई गई भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि इससे महत्वपूर्ण मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित हुआ है।

मुख्यमंत्री ने नाबार्ड से ग्राउंड माउंटिड सौर परियोजनाओं को ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) के अंतर्गत वित्त पोषण के लिए पात्र मानने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजनाओं से पंचायतों को ऊर्जा में आत्मनिर्भरता हासिल करने और राज्य



सरकार के हरित हिमाचल के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने आरआईडीएफ सहायता के अंतर्गत इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करने का भी अनुरोध किया।

पहा?ी राज्यों की भौगोलिक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने वार्षिक राज्यवार आवंटन तय करते समय 11 पहा?ी राज्यों के लिए अलग मानदंड बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने सुझाव दिया कि वन क्षेत्र, हरित पहल और पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान जैसे मापदंडों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने नाबार्ड से राज्य योजना विभाग को मत्स्य पालन और पशुपालन क्षेत्र में उपभोक्ताओं तक एक मजबूत और निर्बाध आपूर्ति एवं मूल्य श्रृंखलाएं विकसित करने में सहायता प्रदान करने का आग्रह भी किया। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने सुधार के दृष्टिगत नाबार्ड द्वारा स्वीकृत कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के दौरान परियोजनाओं के अनुरूप विशेष परिवर्तन करने के लिए राज्य सरकारों को अधिक अधिकार प्रदान करने पर बल दिया।

नाबार्ड अधिकारियों ने बताया कि धारा 118 के प्रावधानों के कारण सहकारी समितियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों से उनके कार्यक्षेत्र का दायरा सीमित होता है। उन्होंने नई समितियां बनाने के बजाय दूध खरीद का कार्य प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों को सौंपने का सुझाव दिया।

मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि नाबार्ड के सभी सुझावों पर विचार किया जाएगा और व्यावहारिक सुझावों को राज्य की विकास रणनीति में शामिल किया जाएगा। उन्होंने सतत विकास और ग्रामीण समृद्धि में योगदान देने वाले नवाचारों के प्रति राज्य सरकार की कार्यनीति से अवगत करवाया। नाबार्ड के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार के सुझावों पर विचार किया जाएगा और उन्हें भविष्य के दिशा-निर्देशों में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

## पीएम मोदी के मार्गदर्शन में हम जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध : शांतनु

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुल्लू।** राज्य मंत्री बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग शांतनु ठाकुर ने बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गुशैनी, तीर्थन एवं सैंज का दौरा किया।

राज्य मंत्री ने बताया कि मैंने बंजार विधानसभा का दौरा किया और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान का आकलन किया। इस दौरान, मैंने आपदा पीड़ितों की समस्याएँ भी सुनीं। उन्होंने कहा कि हिमाचल बाढ़ के कारण बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस कठिन समय में हिमाचल वासियों का धैर्य प्रेरणादायक है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, हम जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए



प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि 20 जून से 12 सितंबर तक 386 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। 451 लोग घायल हुए हैं। 41 लोग अभी भी लापता हैं। इस दौरान 168 लोगों की सड़क हादसों में मौत हुई है। राज्य में 538 पक्के, 834 कच्चे मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। 1878 पक्के और 4005 कच्चे मकानों को आंशिक तौर पर नुकसान हुआ है। यह हिमाचल प्रदेश के लिए बहुत बड़ी क्षति है जिसकी कभी पूर्ति नहीं हो पाएगी, कुछ दिन पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल प्रदेश है और उन्होंने हिमाचल प्रदेश के आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात भी की।

### कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा का पलटवार, बोले

## राजेंद्र राणा जैसे नेता आपदा में अवसर तलाशते हैं, सीएम सुक्खू मोर्चे पर डटे

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र राणा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाज़ी करने वाले नेता शायद भूल गए हैं कि प्रदेश की जनता सब देख रही है कि कौन उनके हित में काम कर रहा है और कौन केवल सस्ती सुर्ख़ियों के लिए बयानबाज़ी कर रहा है।

विवेक शर्मा ने शनिवार को ऊना में पत्रकार वार्ता में कहा कि राजेंद्र राणा अपने समय में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन रहते सिर्फ़ अधिकारियों के कंधों पर चढ़कर आपदा का मुआयना करने तक ही सीमित रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू आपदा के हर मोर्चे पर मजबूती से डटे रहे हैं। उनके नेतृत्व में अधिकारी दिन-रात राहत और बहाली कार्यों में जुटे हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में आई आपदा की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1500 करोड़ रुपये की राहत राशि बेहद कम है।

# 'हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति की आत्मा'

**गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोलन, में हिंदी दिवस का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन**

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोलन में हिंदी दिवस बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय ढंग से मनाया गया। 10 सितम्बर से प्रारंभ हुए हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, कविता पाठ, वाद-विवाद, भाषण, प्रश्नोत्तरी, लघु नाटिका, गीत और पोस्टर निर्माण जैसी विविध गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और भाषाई कौशल का परिचय दिया। 13 सितम्बर को आयोजित मुख्य समारोह में विद्यालय प्रांगण हिंदीमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा, जहाँ विद्यार्थियों ने कविताओं और गीतों के माध्यम से हिंदी भाषा की महत्ता और गौरवशाली परंपरा को प्रस्तुत किया। यद्यपि हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है,



किंतु विद्यालय प्रांगण में इसे 13 सितंबर को विशेष रूप से आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. लखविंदर कौर अरोड़ा ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति की आत्मा और पहचान है।

बच्चों का उत्साह और उनकी सृजनात्मक अभिव्यक्ति यह दर्शाती है कि वे भाषा, संस्कृति और मूल्यों के प्रति गहरी आस्था रखते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे भविष्य में भी हिंदी भाषा के संवर्धन और प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएँ और अपनी मातृभाषा पर गर्व करें।

विद्यालय प्रबंधन ने भी इस आयोजन की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी पखवाड़े जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और भारतीय संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, और यही कारण है कि गुरुकुल इंटरनेशनल सदैव शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन में भी अग्रणी बना हुआ है।

विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने भी बच्चों के उत्साह की सराहना की और माना कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों के भीतर आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और भाषा के प्रति लगाव विकसित होता है। हिंदी पखवाड़ा केवल प्रतियोगिताओं तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम बन गया, जहाँ उन्होंने टीम वर्क, अनुशासन और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यालय ने यह स्पष्ट कर दिया कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि भाषा, संस्कृति और मूल्यों को आत्मसात कर बच्चों को आदर्श नागरिक बनाना भी उतना ही आवश्यक है।

## न्यूज ब्रीफ

### रक्तदान कर मनाया पूर्व विधायक देवेंद्र का जन्मदिन

**ऊना (रोहित शर्मा)।** जिला ऊना के विधानसभा क्षेत्र कुटलैहड़ से पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता दविंद्र भुट्टो का 53 वां जन्मदिवस भाजपा



कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र के समूरकलां स्थित मंदिर में रक्तदान शिविर लगाकर करीब 25 यूनिट रक्तदान किया गया। इसके साथ ही डेरा बाबा रुद्रा मंडल के अध्यक्ष राजकुमार वर्मा की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अपने नेता दविंद्र भुट्टो को 51 हजार रुपए आपदा पीड़ितों के लिए एकत्रित कर आर्थिक मदद के रूप में दिए गए। इस दौरान पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता देवेंद्र भुट्टो ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके द्वारा उन्हें जो पार्टी और उनके प्रति लग्न व विश्वास मिल रहा है, उसकी वह शब्दों में सराहना नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि आज कुटलैहड़ भाजपा के दोनों मंडल एकजुटता के साथ पार्टी हित में आगे बढ़ रहे हैं, और जिन कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह उसे पूरी लग्न व ईमानदारी से निर्वहन कर रहे हैं, जबकि जिन कार्यकर्ताओं को कोई भी जिम्मेदारी नहीं दी गई है वह भी दिन-रात एक कर पार्टी हित में कार्य कर रहे हैं, जिससे वह अपने आपको गौर्बान्वित महसूस कर रहे हैं।

### सीएम सुक्खू को 51 लाख का चेक दिया



**शिमला।** 13 सितंबर 2025 को शिमला में हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम, हमीरपुर के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल पियार सिंह अत्री की ओर से निगम की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु 51 लाख रुपये का चेक मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को भेंट किया गया।



वहीं शिमला में आपदा राहत कोष के लिए एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट जुपिटर ग्रुप बद्दी हिमाचल प्रदेश द्वारा मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को 5 लाख रुपये का चेक भेंट किया गया।

### राज्यमंत्री ने जांची स्थिति क्षतिग्रस्त जगहों पर राहत कार्य में तेजी के निर्देश

**कुल्लू 13 सितम्बर।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, सावित्री ठाकुर ने शनिवार को मनाली के समाहण, वशिष्ट, पलचान, बाहंग, सोलंग गांव और ओल्ड मनाली क्षेत्र में हुए नुकसान का निरीक्षण किया।

केंद्रीय मंत्री ने परिधि गृह मनाली में प्रशासन व संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। बैठक में आपदा से हुए नुकसान का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने अधिकारियों को कहा कि प्रभावित इलाकों में हुए नुकसान का विस्तृत आंकलन की पूर्ण रिपोर्ट तैयार करें, ताकि राहत एवं पुनर्वास कार्यों को गति मिल सके। उन्होंने जिला प्रशासन और सरकारी मशीनरी द्वारा विपरीत परिस्थितियों में भी दिन-रात कार्य कर मूलभूतआवश्यकताओं सड़क, पानी और विद्युत इत्यादि कार्य प्राथमिकता पर करने का सराहना की।

**जनता दरबार** | सरकारी सेवाओं को सीधे लोगों तक पहुंचाने के लिए डिजिटल तकनीक का हो रहा व्यापक इस्तेमाल

# आईटीआई घुमारवीं को मिलेगा अपना भवन, धनराशि स्वीकृत : राजेश

**घुमारवीं में जन समस्याएं सुनने के दौरान तकनीकी शिक्षा मंत्री ने दी जानकारी**

अर्थ प्रकाश/ अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर, 13 सितंबर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) घुमारवीं को आने वाले समय में अपना भवन मिलेगा।

उन्होंने कहा कि आईटीआई के भवन निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने प्रारंभिक तौर पर 6 करोड़ रूपये की धनराशि भवन निर्माण एजेंसी हिमुडा को उपलब्ध करवा दी गई है तथा शेष धनराशि भी चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस भवन निर्माण पर



लगभग 15 करोड़ रूपये व्यय किये जाएंगे। राजेश धर्माणी आज लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह घुमारवीं में जन समस्याएं सुन रहे थे।

उन्होंने कहा कि घुमारवीं आईटीआई को अपना भवन उपलब्ध हो जाने पर प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि भरा?ी आईटीआई भवन निर्माण के लिए भी जमीन की तलाश की जा रही है।

जमीन उपलब्ध हो जाने पर भरा?ी आईटीआई के लिए भी समुचित धनराशि उपलब्ध करवाकर भव्य भवन निर्माण किया जाएगा ताकि हमारे युवाओं को घर के समीप ही बेहतर तकनीकी प्रशिक्षण की सुविधा सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर उन्होंने जन समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के समयबद्ध निपटारा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निपटारा करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार की विभिन्न सेवाओं को कुशलता, पारदर्शिता और सीधे लोगों तक पहुंचाने के लिए डिजिटल तकनीक का व्यापक इस्तेमाल सुनिश्चित बनाया है।

उन्होंने कहा कि आज राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों की 315 सेवाएं हिमाचल ऑनलाइन सेवा (ई-डिस्ट्रिक्ट) पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जा रही हैं ताकि लोग घर बैठे सरकारी सेवाओं का लाभ उठा सकें। नागरिक शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री सेवा संकल्प (एमएमएसएस) हेल्पलाइन 1100 एक प्रभावी मंच के रूप में कार्य कर रही है। इससे न केवल आम लोगों के धन व समय की बचत भी हो रही है बल्कि लोगों को विभिन्न सरकारी सेवाओं का समयबद्ध लाभ भी सुनिश्चित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने अब तक के सेवाकाल में विभिन्न विभागों की सेवाओं का डिजिटलीकरण भी किया है ताकि लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने प?। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के यह कदम नागरिकों को समयबद्ध और प्रभावी सेवा उपलब्ध करवाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### लोक अदालत में बड़ी संख्या में पक्षकारों ने सुलह-समझौते की भावना से भाग लिया

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 17,941 मामलों का निपटारा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, जिला न्यायालय परिसर, पंचकूला और उप-मंडल न्यायालय, कालका में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत वेद प्रकाश सिरोही, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पंचकूला और अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला की समग्र देखरेख में आयोजित की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव अपर्णा भारद्वाज ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशों के अनुपालन में, जिला न्यायालय परिसर, पंचकूला में छह बेंच और उप-मंडल न्यायालय परिसर, कालका में एक बेंच का गठन किया गया। इन बेंचों की अध्यक्षता न्यायिक अधिकारी हिमांशु सिंह, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचकूला, मनमीत कौर घुम्मन, जेएमआईसी द्वारा की गई। अजय



*कालका में राष्ट्रीय लोक अदालत में मौजूद वकील।*

कुमार घनघस, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पंचकूला, अरुणिमा चौहान, संयुक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, पंचकूला, ज्योति संधू, संयुक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, पंचकूला। कालका में अभिमनु सिंह, उप-न्यायाधीश, कालका मौजूद रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 17,941 मामलों का निपटारा किया गया।

अपर्णा भारद्वाज ने पंचकूला में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में योगदान देने के लिए सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, पीएलवी, कर्मचारियों और अन्य हितधारकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि विधिक सेवा प्राधिकरण सभी के लिए न्याय तक पहुँच के संवैधानिक दायित्व को पूरा करने के लिए भविष्य में भी ऐसी लोक अदालतों का आयोजन करता रहेगा।

कार्यवाही के दौरान, विभिन्न प्रकार के मामलों पर विचार किया गया, जिनमें दीवानी, आपराधिक समझौता योग्य, वैवाहिक विवाद, बैंक वसूली मामले, एमएसीटी दावे, बिजली और पानी के बिल संबंधी विवाद, और आपसी सहमति से निपटारे के लिए उपयुक्त अन्य मामले शामिल थे। राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य मामलों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करना, लंबित मामलों को कम करना और वादियों को एक प्रभावी वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र प्रदान करना था।

लोक अदालत में बड़ी संख्या में पक्षकारों ने सुलह-समझौते की भावना से भाग लिया। लंबे समय से लंबित कई विवादों का दोनों पक्षों की संतुष्टि के अनुसार सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा किया गया, जिससे शांति और सद्भाव सुनिश्चित हुआ। इन समझौतों से न केवल पक्षकारों को राहत मिली, बल्कि अदालतों में लंबित मामलों का बोझ भी कम हुआ।

राष्ट्रीय लोक अदालत में विधिक समुदाय, वादकारियों, बैंकों एवं बीमा कंपनियों के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिनके सहयोग से मामलों का सफल निपटारा संभव हुआ। आपसी समझ और सहयोग के माहौल ने इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## संगठन मजबूत करने को कार्यकर्ताओं ने दिए सुझाव

भाजपा कार्यालय पंचकमल में अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक सम्पन्न

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** भाजपा कार्यालय पंच कमल में अनुसूचित जाति मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कार्यकारी अध्यक्ष श्री जसबीर सिंह जस्सा जी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में मन की बात कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक राजेश बतौरा जी उपस्थित रहे। उन्होंने आगामी 14 सितंबर को पानीपत में होने जा रही अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की और सभी कार्यकर्ताओं से इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का आह्वान किया।

बैठक में मन की बात के जिला संयोजक श्री राजेंद्र नौनीवाल जी, निवर्तमान जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष राकेश वाल्मीकि जी, पूर्व पिंजौर मंडल अध्यक्ष एवं वर्तमान में रायतन मंडल अध्यक्ष श्री कृष्ण जी, मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं पिंजौर पार्षद पवन जी, जिला उपाध्यक्ष संत राम संता जी सहित कई पार्षद साथी, जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

बैठक में जिलेभर से आए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने संगठन को मज़बूत करने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे श्री जसबीर सिंह जस्सा जी ने सभी उपस्थित साथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा संगठन है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुँचाने के लिए निरंतर कार्यरत है।

## शिव नगर में गहराया पेयजल संकट लोगों ने पार्षद को दी लिखित शिकायत



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** कालका के वार्ड नंबर 6, खिला कॉलोनी के निवासियों को बीते चार दिनों से पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने एकजुट होकर पार्षद महेश शर्मा (टिंकू) को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा। शिकायत में बताया गया है कि अमृत योजना-1 से मिलने वाला पानी लगातार बाधित हो रहा है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि पानी छोड़ने वाले कर्मचारी न केवल समय पर पानी उपलब्ध नहीं कराते बल्कि जब उनसे पानी को लेकर पूछताछ की जाती है, तो वे अपशब्दों का प्रयोग करते हैं।

लोगों ने मांग की है कि पेयजल समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए और अमृत योजना से जुड़े उन कर्मचारियों पर भी सख्त कार्रवाई हो जो अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं।

पार्षद महेश शर्मा (टिंकू) ने आश्वासन दिया कि वह इस विषय को माननीय विधायक, संबंधित मंत्री और विभागीय अधिकारियों तक पहुँचाएँगे और समस्या का स्थायी समाधान करवाएँगे। साथ ही, अपशब्दों का प्रयोग करने वाले कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों ने पक्षियों की पिंजरों से आजादी पर चित्रकला प्रतियोगिता में लिया भाग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 सितंबर।** विगत 11 वर्षों से मूक परिंदों की पिंजरों से आजादी की आवाज को बुलंद करने के लिए सितंबर माह के दूसरे रविवार को बर्ड फ्रीडम डे के रूप में मनाया जाता है।

चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अभियान के संस्थापक विपिन कुमार जैन ने बताया कि ÷बर्ड फ्रीडम डे÷ हर वर्ष सितंबर माह के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। यह अभियान जयपुर से शुरू होकर अमेरिका स्थित शिकागो तक अपनी गूंज पहुंच चुका है। और इस वर्ष दुबई से भी इस अभियान की शुरुआत हो चुकी है। गुलाबी नगरी जयपुर से वर्ष 2014 में शुरू हुए ÷बर्ड फ्रीडम डे÷ अभियान ने अपने 12 वें स्थापना दिवस प्रवेश कर रहा है और इस बार मूक परिंदों की पिंजरों से आजादी की आवाज बुलंद होगी। पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में, और इस विश्व अभियान से जोड़ा जाएगा। पंजाब और हरियाणा के निवासियों को जिसकी शुरुआत चंडीगढ़ में सेक्टर 21ए जीएमएसएस स्कूल से हो चुकी है और अनेक स्कूली बच्चों ने पक्षियों की पिंजरों से आजादी पर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। अपने कोमल मन से चित्रों के माध्यम से पक्षियों की पिंजरों से आजादी की आवाज बुलंद की।





## पितृपक्ष में श्री राम कथा एवं श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व 251 कलश के साथ यात्रा निकाली

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू-चंडीगढ़।** पितृपक्ष में श्री राम कथा एवं श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के शुभारंभ से पहले एक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 251 कलश से सुशोभित थे । कथा वाचक परम पुज्य संत श्री श्याम गोपाल जी महाराज तथा बाल व्यास श्री हरी ओम शरण जी एक रथ में विराजमान थे ।

बैंड बाजों के साथ यह शोभा यात्रा आर्दश नगर से चली जिसमे श्री गोपाल सत्संग सेवा समिति रजिस्टर कार्यक्षेत्र समस्त भारत के प्रधान विनोद बिन्दोलिया ,कमल सिंह पंवार,मुरारी लाल भटट, ,राकेश मैठानी,बच्चन सिंह बुटोला,लक्षमण सिह भंडारी ,हेमेन्द्र नौडियाल,रमेश चन्द नेगी सहित सभी सहित लगभग 300 लोग यात्रा मे शमिल थे । यह शोभा यात्रा आदर्श नगर से चल कर गोरी शंकर मंदिर मे रुका तथा वहां पर नतमस्तक होने के बाद मेन बाजार व गलियो से होते हुऐ



कथा स्थल दशमेश नगर के ढिल्लों फार्म मे पहुंचे । रास्ते मे लोगों द्वारा कथा वाचक परम पुज्य संत श्री श्याम गोपाल जी महाराज व हरिओम शरण जी को नतमस्तक हो कर आर्शीवाद लिया । उनके कथा स्थल पर पहुंचने पर उनकी आरती उतारी गई तथा कथा स्थल के आगमन पर प्रधान विनोद बिंदोलिया द्वारा रिबन काट कर प्रवेश किया गया । कथा वाचक परम पुज्य संत श्री श्याम गोपाल जी महाराज ने बताया कि श्री राम कथा और श्री भगवत कथा जैसे आध्यात्मिक आयोजनों से पहले कलश यात्रा निकालने का प्रचलन है, जो शुभता, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। इस यात्रा में महिलाएं सिर पर जल से भरे पवित्र कलश धारण करती हैं, और पूरे वातावरण में वेद मंत्रों और भजनों से भक्तिमय माहौल बनता है। कलश को देवी-देवताओं का प्रतीक माना जाता है, और इस यात्रा से कथा स्थल पर दिव्य ऊर्जा का संचार होता है, जो भक्तों को कथा में एकाग्र होने के लिए प्रेरित करता है।

## नवरात्रों में श्रद्धालुओं को नहीं होगी परेशानी, प्रशासन ने कसी कमर

नवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर कालका एसडीएम कार्यालय में बैठक

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** नवरात्रि पर्व को लेकर शुक्रवार को कालका एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम संयम गर्ग ने की। इसमें बिजली विभाग, ट्रैफिक पुलिस, नगर परिषद, पीडब्ल्यूडी, जन स्वास्थ्य विभाग तथा श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था,



यातायात प्रबंधन और अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। एसडीएम ने सभी विभागों को समय पर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

एसडीएम संयम गर्ग ने बताया कि नवरात्रों से पहले कालका-पिंजौर मार्ग की सड़कों को दुरुस्त करने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देशित किया गया है। वहीं, ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए कालका अनाज मंडी में पार्किंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। नवरात्रों के दौरान बड़े वाहनों की नो-एंट्री और ट्रैफिक को सुचारू रखने की जिम्मेदारी ट्रैफिक पुलिस को सौंपी गई है।

नगर परिषद को शहर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के आदेश दिए गए। बिजली और पानी से जुड़ी व्यवस्थाएं भी समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कालका काली माता मंदिर प्रबंधन को नवरात्रों से पहले मंदिर प्रांगण में सभी तैयारियां पूरी करने को कहा गया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर प्रबंधन की ओर से इस बार भी 12 ऑटो दो शिफ्टों में चलाए जाएंगे, ताकि आने-जाने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष कृष्ण लांबा, मंदिर सचिव पृथ्वीराज, सूरजपुर ट्रैफिक प्रभारी अभिषेक, राजकुमार (एसडीओ, पीडब्ल्यूडी), नीरज कुमार (एसडीओ, बिजली विभाग), मंदीप (एसडीओ, जन स्वास्थ्य विभाग) सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## स्कूटी सवार 2 युवकों से मिली हेरोइन, 3 दिन के रिमांड पर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सफलता हासिल की है। सैक्टर-16 पुलिस चौकी टीम ने दो नशा तस्करों को 12 सितम्बर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 18.33 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि दो युवक एक्टिवा स्कूटी पर सवार होकर किसी को हेरोइन सप्लाई करने जा रहे हैं। सूचना के आधार पर सैक्टर-16 चौकी इंचार्ज सिंह राज की अगुवाई में पुलिस टीम ने सैक्टर-16 स्थित पार्क के पास विशेष नाकेबंदी कर जाल बिछाया। इस दौरान दोनों युवकों को घेराबंदी कर मौके पर काबू किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रिषभ निवासी हुड्डा प्लॉट, सैक्टर-19 पंचकूला और मुकेश कुमार निवासी जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर रिषभ की जेब से 18.33 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। दोनों के खिलाफ थाना सैक्टर-14 पंचकूला में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों को 13 सितम्बर को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### न्यूज ब्रीफ

#### महाराजा अग्रसेन जयंती पर होगा भव्य आयोजन



**पंचकूला।महाराजा** अग्रसेन जयंती के अवसर पर पंचकूला में इस बार एक ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है।पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने महाराजा अग्रसेन भवन का निरीक्षण किया और शेष कार्य तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए। भवन को लड्डुओं और रंग-बिरंगी सजावट से आकर्षक रूप दिया जा रहा है। सेक्टर-20 की विभिन्न सड़कों पर झालरें और रोशनी की लड़ियां लगाई जा रही हैं।अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, सनसिटी परिक्रमा रेजिडेंट्स, काली माता मंदिर बैकुंठ धाम और अन्य सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में श्री अग्र भागवत कथा एवं महाराजा अग्रसेन भवन के लोकार्पण का तीन दिवसीय आयोजन 17 से 19 सितंबर तक होगा। आयोजन समिति के अतुल गर्ग, अनुज अग्रवाल, उदित मित्तल सहित अन्य ने बताया कि महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर-20 पंचकूला में नगर निगम पंचकूला द्वारा तैयार किया गया है। इस भवन का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल की उपस्थिति में होगा। महाराजा अग्रसेन भवन के निर्माण को समाज की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने के रूप में देखा जा रहा है।

#### पीएम मोदी मानवता की ओर अग्रसर : एन.के. वर्मा

**न्यू चंडीगढ़।** नोबेल पुरस्कार विश्व का सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। यह उन व्यक्तियों या संगठनों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने मानवता के



कल्याण, शांति, विज्ञान, साहित्य और समाज की बेहतरी के लिए अभूतपूर्व योगदान दिया हो। विशेष रूप से शांति पुरस्कार उन नेताओं को दिया जाता है जिन्होंने युद्ध को रोकने, वैश्विक भाईचारे को बढ़ावा देने और मानवीय सेवा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल की हो। पिछले वर्षों में कई राष्ट्राध्यक्षों और प्रधानमंत्रियों को यह सम्मान प्राप्त हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा को 2009 में परमाणु निरस्त्रीकरण और वैश्विक कूटनीति के प्रयासों के लिए, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल को 1953 में साहित्य के लिए, दक्षिण अफ्रीका के नेल्सन मंडेला को रंगभेद समाप्त करने में योगदान के लिए, और इज़राइल-मिस्र के नेताओं को कैंप डेविड समझौते के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आज जब दुनिया युद्ध, आतंकवाद और जलवायु संकट से जूझ रही है, ऐसे समय में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल देश के भीतर बल्कि विश्व स्तर पर भी शांति, सहयोग और मानवता की नई परिभाषा गढ़ी है।

## घर में चोरी करने वाले तीन शातिर चोर दबोचे, कैश व 3 बाइक बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** शहर में चोरी व स्नैचिंग जैसे मामलों में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर क्राइम ब्रांच और थाना-चौकी स्तर की टीमें पूरी तत्परता और एकजुटता से कार्य कर रही हैं। इसी क्रम में डीसीपी सृष्टि गुप्ता के नेतृत्व में अमरावती चौकी पुलिस टीम ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजु उर्फ सूरज, अजय उर्फ कट्टी और सूरज उर्फ नट्टी के रूप में हुई है। तीनों के खिलाफ थाना पिंजौर में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की। डीसीपी के अनुसार इनमें से संजु के खिलाफ पहले से चोरी के 4 मामले दर्ज हैं, सूरज उर्फ नट्टी पर चोरी के 2 मामले दर्ज हैं, जबकि अजय पहली बार इस तरह के अपराध में संलिप्त पाया गया है।

गत 5 अगस्त को एक युवक ने पुलिस चौकी अमरावती में शिकायत दर्ज कराई थी कि 4 अगस्त की रात डीएलएफ वैली, पंचकूला स्थित उसके घर में चोरी की वारदात हुई। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वे सुबह उठे तो घर का सामान बिखरा हुआ मिला और कीमती वस्तुएं चोरी हो चुकी थीं। शिकायत पर अमरावती चौकी इंचार्ज प्रीतम की अगुवाई में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने गुप्त सूचना और तकनीकी इनपुट के आधार पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए 12 सितंबर को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद मामले की जांच डिटेक्टिव स्टाफ को सौंपी गई। डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज मनदीप सिंह की टीम ने आरोपियों से गहन पूछताछ की और उनकी निशानदेही पर 21,500 नकद, 11 चांदी के सिक्के तथा चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद कीं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

भक्ति

### चिन्मय मिशन द्वारा आयोजित छह दिवसीय ज्ञान यज्ञ का हुआ समापन

## ज्ञान यज्ञ में 200 से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया भाग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** सैक्टर - 20 पंचकूला में स्थित चिन्मय मिशन द्वारा आयोजित छह दिवसीय द्विसत्रीया (सुबह-शाम) ज्ञान यज्ञ का आज पूज्य स्वामी अभेदानन्द जी के सांय के प्रवचन के बाद समापन हुआ। इस ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन 200 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

प्रातःकालीन सत्र में स्वामी जी द्वारा बृहदारण्यकोपनिषद से उद्धृत अजातशत्रु -ब्राह्मण प्रसंग से आत्मा के बारे ज्ञान के जटिल विषय को व सांयकालीन सत्र में श्रीमद देवी भागवत पर आधारित शक्ति की भक्ति विषय को विभिन्न प्रसंगों सहित बड़ी ही सरलता व सहजता से श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने बड़े ध्यानपूर्वक सुना। स्वामी जी के



प्रवचन सुनने के लिये दूर दराज से भी श्रद्धालुओं ने आ कर भाग लिया। चिन्मय मिशन पंचकूला की सचिव सुनीशा शर्मा ने पूज्य स्वामी जी के साथ 2 अपने सभी सहयोगियों, साथियों ,श्रद्धालुओं व मीडिया का इस ज्ञान यज्ञ की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया। मिशन की रेजिडेंट आचार्य ब्रह्मचारिणी कालिंदी चैतन्य जी ने बताया कि चिन्मय श्रुति आश्रम में श्री रामेश्वर महादेव मंदिर के अलावा भगवान श्री कृष्ण मंदिर व पंचमुखी हनुमान मंदिर में रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु सुबह व सायं पूजा अर्चना व आरती में भाग लेने के लिये आते हैं। आश्रम के परिसर में बाहर एक विशालकाय हनुमान जी प्रतिमा भी स्थापित है जो चिन्मय आश्रम की एक खास पहचान बन गया है ।

आचार्य जी स्वयं सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार व बृहस्पतिवार को क्रमशः श्रीमदभगवद्गीता, तत्व बोध व श्रीमदभागवद्महापुराण कथा पर प्रवचन देती है । इस के अलावा यहां हर मंगलवार को प्रातः 11 बजे से 12.30 बजे तक सामूहिक सुंदरकांड का पाठ होता है और सप्ताह में हर रविवार व सोमवार के दिन 6 से 14 वर्ष के बच्चों को अच्छे संस्कार व नैतिक मूल्य सीखने के लिये बाल विहार की क्लास लगती हैं। 2 से 6 वर्ष के बच्चों के लिये शिशु विहार, युवाओं के लिए युवावीर और महिलाओं का देवी ग्रुप भी चल रहा है।

यहां संगीतमय भजन गायन सीखने के लिये स्वरांजलि ग्रुप भी स्थापित है । यहां पर हर बुधवार को स्वाध्याय व शनिवार को वानप्रस्थ ग्रुप के सदस्य आध्यात्मिक, स्वास्थ्य व प्रौढ़ संस्कार के विषयों पर परस्पर चर्चा करते हैं।

हर रविवार सेवा दिवस पर श्रद्धालु अपने सामर्थ्य के अनुसार आश्रम के रख रखाव में अपना श्रमदान/योगदान देते हैं। चिन्मय मिशन का ध्येय वाक्य है अधिक से अधिक लोगों को अधिक से अधिक काल के लिए अधिक से अधिक सुख व खुशी प्रदान करना। यह सभी कार्य इलाके के लोगों की सेवा व सहयोग के साथ चल रहे हैं।

**किसानों की असली हितैषी भाजपा**

# हरियाणा बना 24 फसलों की एमएसपी पर खरीद करने वाला पहला राज्य : बड़ौली

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

रोहतक। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मोदी और नायब सरकार दिन रात किसान हित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसके प्राण है। श्री बड़ौली ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री बड़ौली ने यह उद्बोधन शनिवार को रोहतक स्थित भाजपा कार्यालय मंगल कमल में किसान मोर्चा की प्रदेश समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यसमिति की बैठक के बाद कांग्रेस पर तंज भी कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में तो बारिश के समय शहर के शहर डूब जाते थे। भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश समिति की इस बैठक की अध्यक्षता किसान मोर्चा की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजबाला चहल ने की। कार्यसमिति की बैठक में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, राष्ट्रीय किसान मोर्चा महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अनिल बोंडे, किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सैला राम सहारण उपस्थित रहे। कार्यसमिति का संचालन किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सुनील शर्मा ने किया। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से शुरू हो रहे सेवा पखवाड़ा को लेकर योजना रचना तैयार की गई। बैठक में सरकार के किसानों से जुड़े कार्यों को जनता तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई।

कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत कृषि में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र को लेकर कई बड़े कदम उठाए हैं। केंद्र की मोदी और हरियाणा की नायब सरकार का लगातार प्रयास है कि उत्पादन बढ़े लागत घटे, उपज का उचित मूल्य मिले और आपदा में किसानों को उचित मुआवजा मिले। श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार किसानों की सही मायन में हितैषी सरकार है। नायब सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है जो 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है।

श्री बड़ौली ने कहा कि मोदी और नायब सरकार दिन-रात किसान हित में कार्य कर रही है। उन्होंने किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान आप लोग अधिक से अधिक लोगों से संवाद करें और किसानों को भाजपा सरकार की किसान हितैषी नीतियों से अवगत कराएं तथा योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायक बनें। श्री बड़ौली ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के दौरान दर्जनभर कार्यक्रम चलेंगे। सेवा ही संगठन के मूलमंत्र पर चलते हुए हमें लोगों की सहायता करनी है। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाढ़ ग्रस्त हिमाचल प्रदेश, पंजाब और जम्मू कश्मीर को 5-5 करोड़ रुपये की सहायता राशी दी है। हरियाणा में भी जिनका नुकसान बाढ़ के कारण हुआ है सरकार पूरा मुआवजा देगी। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। जनता ने केंद्र और राज्य में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई है। हरियाणा की नायब सरकार जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतर रही है। इस बार भयंकर बारिश हुई, लेकिन अन्य राज्यों की तुलना में हरियाणा में कम नुकसान हुआ है। कांग्रेस के शासन काल में तो शहर के शहर डूबे जाते थे। हरियाणा में कांग्रेस की सरकार ने ढाई-ढाई रुपये के चेक देकर किसानों का अपमान किया था।

श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में नायब सरकार चौतरफा विकास करा रही है। सरकार के पास विकास के नाम पर धन की कोई कमी नहीं है। सरकार ईमानदारी से काम कर रही है। एक अन्य सवाल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि झूठ बोलना और लोगों को गुमराह करना कांग्रेस की आदत है। कांग्रेस ने अपने समय में जो कर्जा लिया था उसकी किस्त नायब सरकार भर रही है।

इस अवसर पर किसान मोर्चा प्रभारी वेदपाल एडवोकेट, किसान मोर्चा की प्रदेश संयोजक एडवोकेट राजबाला चहल, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर खरक, मनोज राज यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामपाल यादव, प्रदेश संयोजक राजबाला, मोर्चा प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र यादव, सुनील वत्स, राज कुमार सुनारिया, प्रदीप गुर्जर, नवीता सहित मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।




### बूथों पर किसानों से संवाद करें कार्यकर्ता: फणीन्द्रनाथ शर्मा

संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान हमें हर बूथ पर किसानों से संवाद करना है। किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराना है। किसान संबंधी जो मोदी और नायब सरकार की योजनाएं हैं उनसे किसानों को अवगत कराना हमारा दायित्व है। श्री शर्मा ने कहा कि बूथ पर होने वाले हर कार्यक्रम से बूथ सशक्त होते हैं और बूथों को सशक्त करना ही भाजपा के हर कार्यकर्ता का दायित्व है।

### हर जिम्मेदारी को संकल्प के साथ पूरा करेंगे: राजबाला चहल

भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश संयोजक एडवोकेट राजबाला चहल ने सभी नेताओं का स्वागत किया और भरोसा दिया कि किसान मोर्चा को जो भी कार्यक्रम और जिम्मेदारी मिली है उसे संकल्प के साथ पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान किसान मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार की जो भी किसान हितैषी योजनाएं हैं उन्हें गांव-गांव में किसानों तक पहुंचाने का काम करेंगे।

### पहले की सरकारें सिर्फ नारे लगाती थी, मोदी और नायब सरकार काम करके दिखाती है: श्याम सिंह राणा

किसान मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि पहले की सरकारें सिर्फ नारे लगाती रहीं, गरीबों और किसानों के लिए कोई काम नहीं किया। केंद्र की मोदी और प्रदेश की नायब सरकार किसान हित में कल्याणकारी योजनाएं बना रही हैं जिनका लाभ भी किसान वर्ग को मिल रहा है। राणा ने कहा कि हमारी केंद्र और राज्य सरकारों ने किसानों के लिए आयुष्मान, प्रधानमंत्री आवास, हर घर शौचालय, उज्जवला, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं बनाई और लागू की। इन योजनाओं का लाभ लोगों को मिल भी रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान किसान मोर्चा गांव-गांव तक मोदी और नायब सरकार की योजनाएं और उपलब्धियों को पहुंचाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जो किसान सरकार की योजनाओं से वंचित रह गए हैं उन्हें किसान मोर्चा के कार्यकर्ता लाभ दिलाने का काम करें।

### किसान हित की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने का दायित्व किसान मोर्चा का है: अनिल बोंडे

राष्ट्रीय किसान मोर्चा के महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अनिल बोंडे ने कहा कि मोदी और नायब सरकार की किसान कल्याणकारी देश और प्रदेश में चल रही है। किसान हित की योजनाओं को सभी किसानों तक पहुंचाने का दायित्व किसान मोर्चा के हर कार्यकर्ता का है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवा?ा के दौरान कार्यकर्ताओं को गांवों में रहने वाले लोगों से जुड़ना, उन्हें पार्टी के विचारों से और संगठन से जो?ना बहुत महत्वपूर्ण काम है। किसान मोर्चा पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए श्री बोंडे ने कहा कि हर गांव की अपेक्षाएं अलग तरह की होती हैं। मोर्चा कार्यकर्ता उनके हिसाब से निदान का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि मोदी और राज्य की नायब सरकार ने गांवों, गरीबों और किसानों के लिए बहुत काम किए हैं, कई योजनाएं लागू की हैं। मोर्चा कार्यकर्ता इन कामों और योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाएं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 100 से अधिक मामलों का मौके पर निपटारा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



खरखौदा। राष्ट्रीय लोक अदालत अभियान के दौरान खरखौदा न्यायालय में भी सीनियर डिवीजन न्यायाधीश विक्रांत ने लोक अदालत लगाई। जिसमें 100 से अधिक मामलों का निपटारा मौके पर ही किया गया। इस मामले में जिन लोगों के चालान ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत थे, उन्हें कम राहत मिली है । क्योंकि उनकी लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटना हो सकती थी, बड़ा हादसा भी हो सकता था। इसीलिए उनको चेतावनी भी दी है कि अगर ड्रिंक एंड ड्राइव वाले चालक का दोबारा से ड्रिंक एंड ड्राइव का चलान आता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। उन्हें राहत नहीं मिलेगी। इसीलिए जब भी कोई चालक शराब के नशे में है तो वह गाड़ी को बिल्कुल भी ना चलाएं, क्योंकि इसमें उसकी जान का खतरा है और जो रास्ते में राहगीर है या दूसरे वाहन चालक है उनकी जान का खतरा बना रहता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामले लेकर आए । क्योंकि लोक अदालत में मामले साथ के साथ निपटाए जाते हैं और राष्ट्रीय लोक अदालत अभियान लगातार लोक अदालतें लगाकर लोगों की सुनवाई कर रही हैं ताकि लोगों को साथ साथ न्याय मिले।

## बेगा में रंजिश के चलते मजदूर पर हमला, तीन नामजद

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। गांव बेगा में रंजिश के चलते दिहाड़ी मजदूर पर हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित रियाज ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में बताया कि 8 सितंबर की शाम मस्जिद में नमाज के दौरान गांव के ही मुसाहिद, उसके बेटे समीर और सोहेल ने गाली-गलौज कर लकड़ी की पटरी से हमला कर दिया। बचकर घर पहुंचने पर भी आरोपित उसके घर घुस आए और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का इलाज पहले गन्नौर अस्पताल में हुआ, बाद में उसे खानपुर मेडिकल कालेज रेफर किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित मुसाहिद, समीर और सोहेल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस ने भेजा चालान, वाहन मालिक बोला गाड़ी तो घर पर खड़ी थी

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

**गन्नौर।** दिल्ली के मयूर विहार निवासी एक व्यक्ति उस समय हैरान रह गया, जब उसके नाम पर सोनीपत पुलिस का चालान घर पहुंचा। चालान जिस गाड़ी का था वह किया कंपनी की कार निकली, जबकि उनके पास लाल रंग की आल्टो कार है। पीड़ित अमिताभ सिन्हा ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में बताया कि 29 जनवरी 2025 को जीटी रोड पर पुलिस ने एक गाड़ी का चालान किया, लेकिन चालान उनके नाम पर भेज दिया गया। उन्हें आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी आल्टो का नंबर फर्जी तरीके से अपनी किया गाड़ी पर लगा रखा है और उसी का चालान हुआ है। शिकायत के आधार पर थाना बड़ी में केस दर्ज किया गया और पुलिस फर्जी नंबर का प्रयोग करने वाले अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुट गई। शिकायतकार्ता ने सहायक पुलिस आयुक्त, यातायात सोनीपत को शिकायत देकर चालान रद्द करने की भी मांग की है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस से भाजपा सेवा पखवाड़ा मनाएगी भाजपा : रेखा संजय गोयल



अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा सेवा पखवाड़ा मनाएगी उक्त जानकारी देते हुए रेखा संजय गोयल (भाजपा मंडल अध्यक्ष समालखा शहरी व सदस्य जिला कष्ट निवारण समिति) नें बताया कि सेवा पखवाडा का उद्देश्य सामाजिक जुड़ाव बढ़ाना और संगठन की पहुंच को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। इस दौरान स्वच्छता अभियान पौधारोपण और रक्तदान शिविर जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नमो मैराथन का आयोजन होगा जिसका विषय आत्मनिर्भर भारत फिट इंडिया होगा। भारतीय जनता पार्टी के वार्षिक उत्सव सेवा पखवाड़ा के निमित यशस्वी जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के निर्देशानुसार , सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला संयोजक संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में शहरी मंडल की मुख्य कार्यकारिणी, शक्तिकेंद्र प्रमुख, आई टी प्रमुख, सेवा पखवाड़ा के संयोजक पार्षद संजय गोयल, सहसंयोजक रेनू वर्मा, नरेंद्र शर्मा महामंत्री, रॉकी वर्मा महामंत्री, मन की बात के संयोजक संदीप धीमान, सहसंयोजक सम्मलित रहें । बैठक में मुख्य वक्ता के रूप पर रविंद्र तुषामड़ जिला सचिव एवं प्रभारी, मनजीत डिकाडला संयोजक मन की बात समालखा विधानसभा, विधायक प्रतिनिधि जसराज भाटी भी उपस्थित रहे।

## तीन किलो गांजा सहित तस्कर काबू

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। क्राइम यूनिट खरखौदा पुलिस ने गुप्त सूचना पर एक युवक को तीन किलो गांजे के साथ काबू किया है। युवक की सुनील उर्फ मिश्रा निवासी गांव घसौली का रहने वाला है। क्राइम यूनिट टीम ने आरोपित के खिलाफ थाना बड़ी में केस दर्ज करवाया है। शिकायत अनुसार क्राइम यूनिट खरखौदा पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी सूचना मिली कि पिपली खेड़ा मोड़ के पास एक युवक नशीला पदार्थ लेकर खड़ा है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और युवक को पकड़ लिया। नियमानुसार जांच में उसके बैग से तीन किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। थाना बड़ी पुलिस ने आरोपित सुनील उर्फ मिश्रा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

**आपदा मे बाढ़ पीड़ितों की मदद कर बने मिसाल**

## सरपंच सूरजपाल और भूरा ने निभाया सामाजिक फर्ज

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



फरीदाबाद। हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित करीब 27 गांवों के लोग अब राहत महसूस कर रहे हैं। बाढ़ के दौरान जहां प्रशासन ने अपनी ओर से राहत कार्य किए, वहीं फरीदाबाद सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल उर्फ भूरा ने चांदपुर गांव मे अपने निजी खर्चे से बाढ़ पीड़ितों के लिए भोजन, दवाइयां, भजन-कीर्तन व अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाईं। शेल्टर होम में ठहरे सभी बाढ़ प्रभावित लोग अब अपने घरों को लौट रहे हैं। जाते समय मजदूरों और ग्रामीणों ने सरपंच सूरजपाल व भूरा का धन्यवाद किया और उन्हें मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया कि उनका विकास दिन-रात दोगुना हो। सरपंच सूरजपाल ने कहा कि इस मदद में जो भी खर्च हुआ है, उसमें एक भी रुपया सरकारी खजाने से नहीं लिया गया। उन्होंने इसे अपना सामाजिक फर्ज मानते हुए जरूरतमंदों की सहायता की।

यह उदाहरण एक बार फिर साबित करता है कि मुश्किल समय में समाज के लोग जब आगे आते हैं, तो हर आपदा को पार किया जा सकता है।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

**मैं,** Rambkhas पुत्र मंगल राम निवासी गांव खानपुर जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम Rambkhas से बदलकर Ram Bakhash रखता हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** मंजू पत्नी दिनेश कुमार निवासी मकान नं 33, 2nd फ्लोर, गुरु गोबिंद सिंह नगर, ढ़कौली जिला एस ए एस नगर (मोहाली) पंजाब अपना नाम मंजू से बदलकर मंजू अग्गरवाल रखती हूँ। भविष्य में मुझे मंजू अग्गरवाल के नाम से जाना जाए। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-4645

I Ramanpreet Kaur (Aadhaar no 859541832316) W/o S. Manjeet Singh R/0 # HE 98 phase 9 sector 63, Mohali (Punjab), have changed my name from Raman to Ramanpreet Kaur
एपी-4646

**मैं,** Gian Chand Bali पुत्र Hukam Chand Bali, निवासी फ्लैट संख्या 5245, मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, मनीमाजरा, चंडीगढ़ ब्यान करता हूँ कि मेरे पेंशन रिकॉर्ड (पीपीओ संख्या 240199604373) में मेरे पुत्र और पुत्री के नाम Panit Kumar Bali, Pankuj Bali & Babita Bali (Married) गलत दर्ज हैं। उनके सही नाम Puneet Bali, Pankaj Bali & Babita Bali (unmarried ) हैं। संबंधित नोट करे।
एपी-4647

**मैं,** राजेश कुमार पुत्र जग नारायण, निवासी मकान नंबर 403, मलोआ कॉलोनी, गांव मलोआ चंडीगढ़, घोषणा करता हूं कि राजेश यादव और राजेश कुमार दोनों नाम मेरे हैं और मैं दोनों नामों वाला एक ही व्यक्ति हूं।
एपी-4647

**मैं,** परमजीत पत्नी बसंत कुमार निवासी # 48 अशोक नगर निकट शिव मंदिर महेश नगर वीटीसी अंबाला, जिला अंबाला ने अपना नाम परमजीत से बदलकर परमजीत कौर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाएगा।.
एपी-4653

**मैं,** एस लीला, सैन्य संख्या-18003907N रैंक-नायक नाम-राजेश आर की मां हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 61 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 7/116ए, चेम्मंथरविलई नट्टलम पोस्ट, नट्टलम, डाकघर- नट्टलम, जिला- कन्याकुमारी, तमिलनाडु- 629165 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम एस लीला से बदलकर लीला एस कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 13/09/1966 से 12/04/1964 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA216721, दिनांक- 13/09/2025

**मैं,** रसेल राज, सैन्य संख्या-18003907N रैंक-नायक नाम-राजेश आर का पिता हूँ वर्तमान में यूनिट- 61 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 7/116ए, चेम्मंथरविलई नट्टलम पोस्ट, नट्टलम, डाकघर- नट्टलम, जिला- कन्याकुमारी, तमिलनाडु- 629165 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम रसेल राज से बदलकर रसेलराज मणिकम कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 05/02/1963 से 13/07/1963 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA216722, दिनांक- 13/09/2025

**मैं,** सूरज पाल सिंह सैन्य संख्या-18019369P रैंक-सैपर नाम-महेंद्र सिंह का पिता हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 61 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है, स्थायी पता- 143, थाना ककोड गांव - सूंपेडा, पोस्ट - ककोड, चोला, बुलंदशहर, ककोड, उत्तर प्रदेश, 203203 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम सूरज पाल सिंह से बदलकर सूरज पाल कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 01/01/1963 से 01/01/1955 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA216720, दिनांक- 13/09/2025

**मैं,** विमलेश देवी, सैन्य संख्या-18019369P रैंक-सैपर नाम-महेंद्र सिंह की माँ हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 61 इंजीनियर रेजिमेंट C/o 56 APO में तैनात है स्थायी पता- अर्धांगिनी- सूरज, 143, थाना ककोड गांव - सूंपेडा, पोस्ट - ककोड, चोला, बुलंदशहर, ककोड, उत्तर प्रदेश, 203203 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम विमलेश देवी से बदलकर विला उर्फ विमलेश कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 10/12/1965 से 01/01/1965 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 216835, दिनांक- 13/09/2025

**मैं,** राजपाल सिंह, सैन्य संख्या-4205720एन रैंक- लास/नायक नाम- रवींद्र सिंह का पिता हुं स्थायी पता- गांव और पोस्ट-कचनाव कलां, तहसील- गोरमी, जिला-भिंड, राज्य-मध्य प्रदेश- 477660 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम राजपाल सिंह से बदलकर राजपाल सिंह यादव कर लिया है।

**मैं,** गाबाजी, सैन्य संख्या- 15569029H रैंक- हवलदार नाम- कदम संदीप गाबाजी का पिता हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 118 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- मु निमगुले मोटे पोस्ट मळगाव, ता मालेगाव, निम्गुले, मालगाव, नाशिक, महाराष्ट्र, 423212 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम गाबाजी से बदलकर गाबाजी कनिलाल कदम कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 04/01/1957 से 01/01/1946 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 216724, दिनांक- 13/09/2025

**मैं,** माखा बाई, सैन्य संख्या-15569029H रैंक- हवलदार नाम- कदम संदीप गाबाजी की माता हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 118 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- मु निमगुले मोटे पोस्ट मळगाव, ता मालेगाव, निम्गुले, मालगाव, नाशिक, महाराष्ट्र, 423212 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम माखा बाई से बदलकर मखमलाबाई गबाजी कदम कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 04/01/1961 से 01/01/1951 में सही ली है। शपथ पत्र संख्या-11AA216723, दिनांक- 13/09/2025
एपी-4649

**मैं,** भगवन्त सिंह पुत्र अमरजीत सिंह निवासी गाँव उल्लक तहसील सरदूलगढ़ जिला मानसा ने अपनी पुत्री का नाम अमनदीप कौर से बदल कर जसप्रीत कौर रख लिया है।
एपी-4654

**मैं,** सुमन पत्नी श्री अजमेर सिंह निवासी गांव लालैन पंगाला तहसील असंध जिला करनाल ब्यान करती हु कि मेरे पति का पासपोर्ट मे नाम अजमेर है और मेरे सभी दस्तावेजों में अजमेर सिंह है , इसलिए भविष्य मे मेरे पति को अजमेर सिंह नाम से जाना जाये।
एपी-4655

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चन्दलाना में सफाई कर्मचारी की नियुक्ति हेतु दिनांक 15/09/2025 से 19/09/2025 तक प्रातः 9:00 बजे से सायं 5.00 बजे तक आवेदन पत्र है तथा दिनांक 26/09/2025 के प्रातः 11:00 बजे खण्ड कार्यालय ढाण्ड में गठित कमेटी के समक्ष सफाई कर्मचारी को प्रस्तुत हेतु साक्षात्कार किया जाना है। शर्ते निम्न प्रकार है:-
1) प्रार्थी की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
2) प्रार्थी अनुसूचित जाति का होना चाहिए।
3) प्रार्थी सजायाफता नहीं होना चाहिए।
4) प्रार्थी शारीरिक रूप से ठीक होना चाहिए। बाकी शर्ते जानने के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच से व बीडीपीओ कार्यालय संपर्क करे।
एपी-4656

**बेदखली सूचना**

**मैं,** कांता (आधार नं. 6017 1491 3310) पत्नी स्व. श्री प्रेम नाथ निवासी खुराना रोड़ नजदीक सरोजनी नायडू स्कूल, नानक पुरी कॉलोनी कैथल तहसील व जिला कैथल की स्थाई निवासी हूं ब्यान करती हूं कि पूनम पत्नी श्री सुनील पुत्री प्रेमनाथ निवासी सिरटा रोड़, तहसील व जिला कैथल मेरी वास्तविक पुत्री है जो हमारे कहने सुनने से बाहर है अब मेरा वह मेरे परिवार का उक्त पुत्री पूनम से कोई संबंध नहीं रहा है भविष्य मे इससे किसी भी प्रकार का लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मैं अपनी पुत्री पूनम को अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करती हूं।
एपी-4645

हम निरंजन सिंह पुत्र अर्जन सिंह और चरण कौर पत्नी निरंजन सिंह, निवासी मकान नंबर 357/ए, मलबेरी विला पॉकेट नंबर 6, ओमेक्स टाउनशिप रानी माजरा, एसएएस नगर मोहाली, पंजाब सूचित करते हैं कि हमारा बेटा मनदीप सिंह और उसकी पत्नी पूजा सिंह हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। हम उन्हें अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। उनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-4648

**मैं,** Jharkhande Prasad पुत्र Kesho Prasad निवासी मकान न. 455, Small Flat धनास चंडीगढ़ ब्यान करता हूं कि मेरी बेटी Pooja Rajbhar मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं उसको अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं उसके साथ लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा, मैं उसके किसी भी कृत्य/करार के लिए जिम्मेदार नहीं होऊंगा।
एपी-4647

**मैं,** राजेश कुमार पुत्र इंद्रभान निवासी पटेल नगर, रेलवे रोड, जींद अपने हल्फ से बयान करता हूँ कि मेरा लड़का सूरज मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उससे जो भी लेनदेन करेगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
एपी-4650

**मैं,** निर्मला पत्नी स्व. श्री आजाद सिंह निवासी गांव गढ़ शहाजानपुर, जिला सोनीपत ब्यान करती हूं कि मेरा लड़का संदीप मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है इसलिए मै इसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इसके साथ लेन देन व अन्य व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-4651

**मैं,** राजेश कुमार पुत्र श्री मनोहर लाल निवासी गाँव उमरी, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र मानिक व पुत्रवधु प्रियंका सहगल मेरे कहने सुनने से बाहर है व मेरी पुत्रवधु झगड़ालू किस्म की है को अपनी समस्त चल व अचल संपति से बेदखल करता हूँ । आज के बाद जो कोई भी मेरे पुत्र /पुत्रवधु मानिक व प्रियंका सहगल से किसी भी तरह का लेन देन या लड़ाई झगडा करता है या इनके द्वारा किये गए किसी गलत कार्य करने पर मैं या मेरी पत्नी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी । इसके लिए वह स्वयं ही जिम्मेवार होगा ।
एपी-4652

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**अर्थ प्रकाश**
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभावित करें

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

## प्रदेश में 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक मनाया जाएगा राष्ट्रीय सेवा पखवाड़ा

# गरीब व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सेवा पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य: बेदी

नरवाना विधानसभा क्षेत्र में इस दौरान होंगे जन कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित

कैबिनेट मंत्री विश्वकर्मा धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम को कर रहे थे सम्बोधित



अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 13 सितंबर।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि आगामी 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक प्रदेश में राष्ट्रीय सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। यह पखवाड़ा देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में उत्साह एवं हर्षोउल्लास के साथ चलाया जाएगा। इस पखवाड़ा के दौरान नरवाना विधानसभा क्षेत्र में भी जन कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। सरकारी योजनाओं का आमजन तथा समाज के अन्तिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना और अंत्योदय कल्याण इस पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य रहेगा।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शनिवार को विश्वकर्मा धर्मशाला के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अपने जीवन के 75 वर्ष पूरे कर रहे है, उनके जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक प्रतिदिन जनसेवा को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण, आत्म निर्भर भारत, महिला सहशक्तिकरण, गरीब उत्थान, ग्रामीण विकास, सामाजिक समरस्ता तथा सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के प्रति जन जागृति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित होंगे। इस दौरान लोगों को एक पेड़ मां के नाम, बहन के नाम तथा बेटे के नाम लगाने और उसका संरक्षण करने के प्रति प्रेरित किया जाएगा ताकि ग्लोबल वार्मिंग तथा औद्योगिकरण के युग में बढ़ते प्रदुषण पर अंकुश लगाया जा सके और पर्यावरण संरक्षण किया जा सके। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 750 गांवों को चिन्हित किया गया है जिनमें स्वास्थ्य कैम्प, स्वच्छता अभियान, सामाजिक सेवाओं एवं योजनाओं का जन- जन तक लाभ पहुंचाना, पेयजल, बिजली आपूर्ति, शिक्षा व्यवस्था जैसे तमाम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगीं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम में सरकार व प्रशासन के साथ आमजन की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। इसी दौरान ब्लॉक एवं उपमंडल स्तर पर दिव्यांगों की सहायता के लिए शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें दिव्यांग व्यक्तियों को कान की मशीन, चश्मा, ट्राई साइकिल सहित सभी प्रकार के कृत्रिम अंग भी प्रदान किए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री ने वातावरण की शुद्धि के लिए 17 सितंबर को शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में हवन यज्ञ करवाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हथकरघा एवं हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति यथाशक्ति स्वदेशी वस्तुओं की खरीद भी करें ताकि प्रधानमंत्री के आत्म निर्भर भारत एवं लोकल फोर वोकल की अवधारणा को बल मिल सके। राजस्व व शहरी स्थानीय निकाय विभाग इस दौरान स्वामित्व योजना के तहत लोगों को मालिकाना हक दिलवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए पखवाड़ा के दौरान लम्बित रजिस्ट्री तथा इंतकाल के कार्यों का निपटान करें। कैबिनेट मंत्री ने वर्तमान में प्रदेशभर में बने बाढ़ के हालात पर चिंता जताई और कहा कि आपदा की इस घड़ी में मौजूदा राज्य सरकार पूर्णतया गरीब, मजदूर एवं किसान के साथ खड़ी है। भारी बरसात तथा जलभराव से हुए नुकसान की पूरी भरपाई सरकार द्वारा की जाएगी, इसके लिए प्रभावित गांवों व कस्बों में ई- क्षतिपूर्ति पोर्टल पर नुकसान का ऑनलाईन ब्यौरा लिया जा रहा है।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र ढुल, पूर्व विधायक पीरथी नंबरदार, बलदेव वाल्मीकि, मंडलाध्यक्ष सत्यवान शर्मा, सुरेंद्र प्रजापति, सुरेंद्र हथो, , भीम दनौदा, प्रमोद शर्मा, हसंराज समैन, विरेन्द्र नैन, बैशाखी राम सैनी, मांगे राम सैनी, रिछपाल शर्मा, एडवोकेट मनदीप चहल, भगवती प्रसाद बागड़ी, एडवोकेट राजेश शर्मा, एडवोकेट सुशील नायक,नगर पार्षद पूनम शर्मा, सुनीता भ्याण, सतप्रकाश सैनी, सुरेश दनौदा, सुशील शास्त्री, अमित धरौदी, अमित ढाकल, तेजपाल शर्मा, सुरेंद्र नंबरदार, राममेहर नम्बरदार, कुलदीप काला सरपंच दबलैन, सुरेश पांचाल, सत्यवान बेदी, सतीश सुरजाखेड़ा, अमनदीप गुप्ता, रघुवीर सरपंच प्रतिनिधि कलौदा, सोमदत्त बेदी, सतीश सुरजाखेड़ा, बेलरखां सरपंच पिरथी सिंह, विनय बेलरखां, राजेन्द्र नैन, अमनदीप गुप्ता, मंडी एसोसिएशन प्रधान ईश्वर गोयल, गुरलाल रसीदा, रमेश बेलरखां, कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक फकीर चन्द, मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा एवं जसबीर नैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## भाजपा विधायक ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की कार्यकर्ताओं के साथ बनाई रूपरेखा



अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 13 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर गांधी जयंती तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर चुलकाना में मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्यतिथि भाजपा विधायक मनमोहन भड़ाना ने किया। इस दौरान विधायक भड़ाना बताया कि 15 दिवसीय सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, ट्राई साइकिल वितरण तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आधारित प्रदर्शनी जैसी गतिविधियां होंगी। इससे पूर्व चुलकाना में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि मनमोहन भड़ाना का फूल मालाओं से कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिस पर अध्यक्ष कुलदीप जांगड़ा नें बताया कि सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर तक विश्व के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक संगठन द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। विकसित भारत का स्वपन व कल्पना की जो नींव रखी है उसको पूरा करने का आह्वान किया। संगठन के तमाम कार्यक्रम 16 दिन चलने वाले हैं जो प्रदेश जिला व मंडल स्तर पर आयोजित किए जायेंगे।

इस अवसर पर महामंत्री सुनील कांसल, सेवा पखवाड़ा संयोजक संजय अग्रवाल, मंडल प्रभारी जगबीर आर्य, विधायक प्रतिनिधि जसराज भाटी, सारिक निजी सचिव व विजय शेखर, मंडल अध्यक्ष कुलदीप जांगड़ा, महामंत्री अमित रावल, पवन त्यागी, जोगिंदर छोककर , नरेश छोककर, चरणसिंह छोककर रामपाल चौहान, सत्यवान राजेंद्र देशवाल, भूषण नंबरदार, दिनेश चंद्र, चुलकाना धाम मंडल भाजपा मीडिया प्रभारी सोनू शर्मा छदिया सहित सभी शक्ति केंद्र प्रमुख मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रामलीला का मंचन 18 सितंबर से शुरू



लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)। श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा 18 सितम्बर से रामलीला मंचन शुरू किया जाएगा। समिति के सचिव हेमंत सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन हर वर्ष की भांति ठाकुरी देवी स्कूल के बाहर रामलीला ग्राउंड में किया जाएगा, जिसके लिए सभी पात्रों द्वारा अभ्यास सम्पूर्ण किया जा चूका है। समिति के प्रधान राजेश वर्मा ने रामलीला के कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि 18 सितम्बर को नारद मोह, 19 को श्रवण कुमार, 20 को राम जन्म, 21 को ताडका वध, 22 को सीता स्वयंवर, 23 को राम बनवास, 24 को दशरथ मरण, 25 को भरत मिलाप, 26 को पंचवटी, 27 को सीता हरण व बाली वध, 28 को अशोकवाटिका व लंका दहन, 29 को रावण अंगद संवाद, 30 को लक्ष्मण मूर्छा, 1 अक्तूबर को राम रावण युद्ध व 3 अक्तूबर को भगवान राम का राजतिलक किया जाएगा। समित के चेयरमैन व महानिदेशक डा.अशोक निर्मल ने रामलीला की तैयारियों के बारे में बताते हुए कहा कि रामलीला मंचन के सभी पात्र अपनी तैयारी पूरी कर चुके हैं और साथ ही रामलीला मंचन की अन्य सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। रामलीला मंचन में राम का पात्र अमित सिंघल, लक्ष्मण का पात्र राजेश वर्मा, सीता का पात्र विवेक शर्मा, रावण का पात्र योगिंद्र कंबोज, दशरथ का पात्र कुश गर्ग, हनुमान का पात्र राकेश कंबोज, मेघनाद का पात्र शशांक सिंघल, कौशल्या का पात्र इम्ना कटारिया, कैकेयी का पात्र सौरभ शर्मा, सुमित्रा का पात्र राघव नागपाल, भरत का पात्र सुमित सिंघल, शत्रुघ्न का पात्र शिवांश कंबोज, बाली का पात्र हेमंत सैनी, सुग्रीव का पात्र नरेश गर्ग, नारद का पात्र सुनील, श्रवण कुमार का पात्र विशाल कंबोज, परशुराम का पात्र राजीव ढींगरा, अंगद का पात्र पंकज कंबोज, बूढ़े मारीच का पात्र विपिन शर्मा द्वारा निभाया जाएगा।

### लाडवा रामलीला में दशरथ मरण का भावुक मंचन

**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** संगम मार्कीट में जय भारत कला मंच की रामलीला में शुक्रवार रात अयोध्या कांड का दृश्य दशरथ मरण प्रस्तुत किया गया। राजा दशरथ की भूमिका में अश्वनी गोस्वामी और भगवान राम की भूमिका में विक्की मलिक के अभिनय ने दर्शकों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि अंकुश गोयल ने किया और रामलीला को सांस्कृतिक विरासत बताया। समिति प्रधान रोकी शर्मा ने बताया कि आने वाले दिनों में भरत मिलाप सहित अन्य प्रसंगों का मंचन होगा।

### घरेलू हिंसा व बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम



**टोहाना (अप्रस)।** महिला एवं बाल विकास विभाग सुपरवाइजर करमजीत कौर ने शनिवार को गांव कन्हड़ी में घरेलू हिंसा एवं बाल विवाह की रोकथाम को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और घरेलू हिंसा से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सुपरवाइजर करमजीत कौर ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए आवश्यक है कि महिलाएं सुरक्षित और आत्मनिर्भर हों। घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाना हर महिला का अधिकार है। साथ ही बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना ही हमारे भविष्य को सशक्त बनाएगा। हम सबका कर्तव्य है कि मिलकर महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की रक्षा करें। बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और इसका सीधा असर बच्चों के भविष्य और स्वास्थ्य पर पड़ता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि यदि कहीं भी बाल विवाह होने की जानकारी मिले तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर सूचित करें, ताकि समय रहते ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इस क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और क्षेत्र की अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

### रक्तदान को लेकर भ्रांतियों से दूर रहें: डॉ. भोला

**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** अर्बन एस्टेट स्थित एचकेसीएल कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम हुआ। मुख्यातिथि डिप्टी एमएस डॉ. राजेश भोला ने कहा कि रक्तदान न केवल दूसरों की जान बचाता है बल्कि रक्तदाता के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने बताया कि 19 सितंबर को सेवा सदन, जींद में अपने माता-पिता की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित करेंगे। संस्था अध्यक्ष राजकुमार भोला ने युवाओं से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर छात्रों ने भी स्वेच्छा से रक्तदान करने की शपथ ली।



## आचार्य श्री देवव्रत जी को सौंपा महाराष्ट्र राज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 13 सितंबर।** गुजरात के राज्यपालश्री एवं गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संरक्षक आचार्य श्री देवव्रत जी को माननीय उप राष्टपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन् द्वारा महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त दायित्व (कार्यभार) दिया गया है। आचार्य देवव्रत जी की कार्यकुशलता और उन्नत कार्यशैली को देखते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें यह दोहरी जिम्मेदारी सौंपी है, जिसे लेकर पूरे गुरुकुल परिवार में उत्साह का माहौल है। आज गुरुकुल कुरुक्षेत्र में इसी संदर्भ में एक विशेष यज्ञ कराया गया, तत्पश्चात् गुरुकुल परिसर में लड्डू बांटे गये।

गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने ढोल की थाप पर झूमकर अपनी खुशी व्यक्त की, वहीं गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने आचार्य जी के सुपुत्र गौरव आर्य एवं उनकी पुत्रवधु श्रीमती कविता चौधरी को लड्डू खिलाकर बधाई दी।

प्रधान राजकुमार गर्ग ने कहा कि यह गुरुकुल ही नहीं अपितु हरियाणा प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि आचार्य देवव्रत जी को यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, निश्चित तौर पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने आचार्य जी की कर्तृतव्यनिष्ठा और कार्यकुशलता को देखकर यह निर्णय लिया है जिसके लिए गुरुकुल परिवार देश की माननीया राष्टपति एवं प्रधानमंत्री जी का आभारी हैं। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि आचार्य श्री हम सभी के प्रेरणास्रोत हैं। एक शिक्षक से देश के इतने ऊंचे संवैधानिक पद तक पहुंचना, इस यात्रा में कितना संघर्ष, कितना त्याग और कितना परिश्रम है, इससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

## प्तप्तप्त मोबाइल दुकान से नकदी चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

पानीपत (सुभाष जैन)। सीआईए-2 पुलिस टीम ने असंध रोड स्थित सेंट मैरी स्कूल के पास से मोबाइल दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान थर्मल कॉलोनी निवासी संतोष और कुरुक्षेत्र के झांसा गांव निवासी सोनू के रूप में हुई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों संदिग्ध किसी वारदात की फिराक में हैं। दबिश देने पर दोनों को काबू किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने 4 सितंबर को मतलौडा में मोबाइल दुकान का लॉक तोड़कर 3 हजार रुपये चोरी करने की वारदात स्वीकार की। उन्होंने बताया कि वह नशे के आदी हैं और पैसों की जरूरत पूरी करने के लिए चोरी करते हैं। दोनों ने करनाल के करसिंधु गांव में भी उसी दिन एक और दुकान से नकदी चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने उनके पास से 1 हजार रुपये बरामद किए, जबकि बाकी रकम खर्च कर दी गई। शनिवार को आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया। जांच में पता चला कि संतोष के खिलाफ चोरी के सात मामले दर्ज हैं और वह तीन साल पहले बेल पर बाहर आया था।

## 21वीं शताब्दी विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग: सत्यवान मालिक

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया



**जींद, 13 सितंबर।** राजकीय महाविद्यालय जींद में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डी एच ई ओ सत्यवान मलिक ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में विज्ञान के महत्व पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि 21वीं शताब्दी विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है, विज्ञान के माध्यम से मनुष्य सुविधा पूर्वक जीवन व्यतीत करना सीखता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत चन्द्रयान का सफल परीक्षण करके विश्व में अपनी छाप छोड़ चुका है। अपने वक्तव्य में उन्होंने बताया की समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन होना चाहिए क्योंकि विज्ञान प्रतियोगिता कोई योग्यता नहीं, बल्कि एक पाठ्येतर गतिविधि है।

संयोजिका श्रीमती मुकेश रेढू ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के संयोजन से किया गया। जिला जींद के विभिन्न कॉलेज की 13 टीमों ने भाग लिया। स्क्रीनिंग के बाद निम्न 8 टीम प्रतियोगिता का हिस्सा रही- राजकीय महाविद्यालय जींद-दो, के एम कालेज नरवाना-दो, राजकीय प्रियदर्शनी महिला महाविद्यालय जीन्द-दो, हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद-एक, राजकीय महाविद्यालय सफीदों-एक टीमें रहीं हैं। प्रतियोगिता में क्विज मास्टर डॉ कोमल दुहन व मंच संचालन डॉ विशाल रेढू ने अपनी मधुर वाणी से समस्त सभागार का दिल जीत लिया।

प्रतियोगिता की विजेता उत्कृष्ट पांच टीमों को जोनल लेवल के लिए चयनित किया गया जिनमें राजकीय महाविद्यालय जींद, प्रियदर्शनी महिला महाविद्यालय जींद, राजकीय महाविद्यालय सफीदों प्रथम स्थान, राजकीय महाविद्यालय जींद द्वितीय स्थान एवं के एम महाविद्यालय नरवाना की टीम तृतीय स्थान पर रही।सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जट्टान में हिंदी दिवस का भव्य आयोजन

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा




**कुरुक्षेत्र, 13 सितंबर।** आज आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जट्टान में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा हिंदी भाषा के महत्व को उजागर करने वाले भाषणों से हुई। इसके बाद बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं और लघु नाटिकाओं का मंचन कर सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर अध्यापिका नीरजा मैडम ने अपने संबोधन में बताया कि 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया था। हिंदी के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से 1953 के बाद यह निश्चित किया गया कि हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाएगा, और तब से यह परंपरा निरंतर जारी है।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए भाषण और कविता प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। छात्रों ने इस प्रतियोगिता में अपनी भाषाई प्रतिभा और अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे उनमें आत्मविश्वास का संचार हुआ।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रोबिन कुमार जी ने प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन किया और सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और हमें इसे बढ़ावा देने तथा सम्मानित करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार स्थानीय और राष्ट्रीय भाषाएँ भारत के विकास में 2047 तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी।

विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान सोहनलाल सैनी जी ने सभी अध्यापकगण और विद्यार्थियों को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि हर भाषा का अपना महत्व होता है, किंतु हिंदी हमारी मातृभाषा है, इसलिए हमें इसका आदर करना चाहिए और इसे गर्व के साथ अपनाना चाहिए।

## आपसी सामंजस्य से विवादों को निपटाने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है लोक अदालतः एसडीजेएम

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** उपमंडल समालखा न्यायालय परिसर में शनिवार को आयोजित लोक अदालत में बड़ी संख्या में लोग अपने लंबित मामलों के निस्तारण के लिए पहुंचे। लोक अदालत के सफल संचालन की जानकारी देते हुए एसडीजेएम संजय ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आम लोगों को जल्दी और सरल तरीके से न्याय दिलाना है।अक्सर छोटे-छोटे विवाद और बकाया मामलों में लोग वर्षों तक अदालत के चक्कर काटते रहते हैं। लेकिन लोक अदालत में इन्हीं मामलों का समाधान आपसी सहमति और समझौते के आधार पर उसी दिन कर दिया जाता है। इससे न सिर्फ पक्षकारों का समय और धन बचता है, बल्कि अदालतों पर लंबित मामलों का बोझ भी कम होता है। इस बार आयोजित लोक अदालत में 363 फरियादि पहुँचे थे जिन्मे से 237 फरियादियों को मौके पर निवारण कर दिया गया। उप प्रभागीय न्यायाधीश संजय ने बताया कि इस बार लोक अदालत को सफल बनाने के लिए पहले से ही अखबारों, नोटिसों और स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

## रोजगार और स्वरोजगार से हर परिवार आत्मनिर्भर बनेगा: गजेन्द्र सलूजा

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 13 सितंबर।** गांव राजाखेड़ी में अंत्योदय की भावना के साथ एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक को पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा एवं वर्तमान में सांसद और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा ने संबोधित किया।

बैठक में गांव के विशेष व्यक्तियों और ग्रामीणों से बातचीत करते हुए श्री सलूजा ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर परिवार को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाया जाए, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके।

उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ बीपीएल परिवारों के योग्य सदस्यों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। बैठक में विशेष रूप से गरीब परिवारों की आय बढ़ाने, युवाओं को प्रशिक्षण और स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

गांववासियों ने पेयजल, बिजली, सड़क और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याओं को उनके सामने रखा। श्री सलूजा ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और प्रशासन के माध्यम से शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को सुनना और उन्हें दूर करना ही सच्ची जनसेवा है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सुमित जागलान, मंडल अध्यक्ष गुरदेव, सरपंच प्रवीण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में गांव के विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

## हिंदी हमारी संस्कृति और पहचान का दर्पण: पूजा छाबड़ा

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप

**लाडवा,13 सितंबर।** सुगनी देवी स्कूल की प्रिंसिपल पूजा छाबड़ा ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं है, बल्कि यह हमारी सभ्यता, संस्कृति और पहचान का दर्पण है। भारत जैसे बहुभाषी देश में हिंदी वह सूत्र है जो विविधता को एकता में पिरोने का कार्य करती है।

पूजा छाबड़ा शनिवार को हिंदी दिवस के अवसर पर स्कूल में बच्चों को हिंदी बोलने के लिए प्रेरित कर रही थी। उन्होंने कहा कि हर वर्ष 14 सितंबर को हम हिंदी दिवस मनाते हैं। वर्ष 1949 में संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया था। तभी से इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में पूरे देश में बड़े उत्साह से मनाया जाता है। हिंदी हमारे विचारों को सहज और सरल ढंग से व्यक्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। हिंदी दिवस हमें याद दिलाता है कि हमें अपनी भाषा पर गर्व करना चाहिए। हमें हिंदी को सिर्फ बोलने तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि पढ़ाई, लेखन, तकनीक और दफ्तरों में भी इसका अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए।

हिंदी प्राचीन काल से जनमानस की भाषा रही है। चाहे संत कवियों की रचनाएं हों, भक्ति काल की वाणी हो या स्वतंत्रता संग्राम के नारों की गूंज-हिंदी ने हमेशा समाज को एकजुट करने का कार्य किया है। महात्मा गांधी ने हिंदी को जनता की भाषा कहा था और इसे राष्ट्रभाषा के रूप में देखने की इच्छा व्यक्त की थी। हिंदी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को हिंदी के महत्व का बोध कराना और इसे दैनिक जीवन में प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना है। कुछ लोग हिंदी को केवल बोलचाल की भाषा मानते हैं। यदि हम अपनी ही भाषा से दूरी बना लेंगे तो हमारी सांस्कृतिक जड़ें कमजोर हो जाएंगी।

## जमीनी विवाद में जानलेवा हमला करने के एक नाबालिग सहित 6 गिरफ्तार

वारदात में प्रयुक्त तीन डंडें व स्कार्पियो बरामद

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 13 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए वन की टीम ने थाना माडल टाउन क्षेत्र के फौजी नगर में जमीनी विवाद में पिस्तौल से जानलेवा हमला करने मामले में एक नाबालिग सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान शांति नगर निवासी संदीप, खुखराना गांव निवासी सुमित उर्फ मित्तू, सौंधापुर गांव निवासी विकास उर्फ मोटा, उंटला गांव निवासी दीपक उर्फ दीपू व घरौंडा निवासी रजत उर्फ लवली व एक की नाबालिग के रूप में हुई है।

उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुरेश कुमार सैनी ने शनिवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय ने उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए वन प्रभारी सब इस्पेक्टर संदीप की टीम को आरोपियों की धरपकड़ की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सीआईए वन की टीम अपने सभी सोर्स एक्टिव कर आरोपियों की धरपकड़ में जुटी थी। पुलिस टीम ने शुक्रवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर पांच आरोपियों संदीप, सुमित उर्फ मित्तू, विकास उर्फ मोटा, दीपक उर्फ दीपू, रजत उर्फ लवली को रिफाइनरी रोड आसन गांव से व शनिवार को एक नाबालिग आरोपी गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपियों ने नामजद फरार आरोपी तेजबीर व अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया तेजबीर प्रोपर्टी डीलर का काम करता है और विवादित जमीन पर कब्जा करने से लिए उनको साथ लेकर जाता है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयक्त एक स्कॉर्पियों गाड़ी व तीन डंडे बरामद कर शनिवार को नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश कर बाल सुधार गृह मधुबन भेज दिया और पांचों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से आरोपी दीपक व संदीप को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया व आरोपी सुमित, विकास व रजत को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पुलिस तीनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही फरार इनके साथी आरोपियों के ठिकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी।

**यह है मामला:** थाना माडल टाउन में शांति नगर माडल टाउन निवासी धर्मराज पुत्र दयानंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जमीन खरीद फरोख्त का काम करता है। वर्ष 2022 में उसने सावन पार्क निवासी निलेश के साथ मिलकर बिंझौल रोड फोजी नगर में 4 एकड़ जमीन खरीदी थी। जिस पर निलेश, भाई सुरेंद्र व उसका कब्जा है। उसने इसी प्रकार वर्ष 2023 में सेक्टर 13/17 निवासी सुनील सलूजा उर्फ बिट्टू व शांति नगर निवासी तेजवीर के साथ मिलकर सिवाह के नजदीक डाडौला रोड़ पर 4 एकड़ कृषि भूमी खरीदी थी। जिसे हिस्सों के मुताबिक बाट लिया था और कोई हिसाब किताब बकाया नहीं था। तेजवीर व सुनील बार बार उससे और हिस्सा मांग रहे थे और जान से मारने की धमकी देते रहते थे। उसकी फौजी नगर वाली जमीन पर कब्जा करने की धमकी देते थे। 7 सितंबर को सुनील व तेजबीर ने मिलकर उसकी फौजी नगर वाली जमीन पर जेसीबी से गडडे खुदवा दिए। 8 सितंबर को वह और उसका भाई सुरेंद्र गडडो को भरवा रहे थे। इसी दौरान उसके फोन पर तेजबीर ने फोन कर कहा वह कब्जा करने आ रहा है। इसके कुछ ही देर बाद तेजबीर, सुनील उर्फ बिट्टू सलूजा, संदीप, सुमित, शुभम, दीपू अपने 12/13 अन्य साथी आरापियों के साथ तीन स्कार्पियों गाड़ियों में सवार होकर आए और उन पर हमला कर दिया।

# श्राद्ध में स्त्री को भोजन नहीं कराना शास्त्र सम्मत नियम, एकादशी पर श्राद्ध वर्जित


ज्योतिषाचार्य, रोहित कुमार
लक्ष्य ज्योतिष संस्थान

भारतीय संस्कृति में पितरों का स्मरण, तर्पण और श्राद्ध कर्म का विशेष महत्व है। शास्त्रों में स्पष्ट रूप से वर्णित है कि पितरों को प्रसन्न करने से देवता प्रसन्न होते हैं और देवताओं की कृपा से जीवन में सुख-समृद्धि का संचार होता है। यही कारण है कि पितृ पक्ष के दिनों में श्रद्धालु पूरे विधि-विधान से अपने पितरों का श्राद्ध करते हैं। किंतु समय के साथ अनेक प्रचलन ऐसे भी चल पड़े हैं, जो शास्त्र सम्मत नहीं हैं। चंडीगढ़ के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य व लक्ष्य ज्योतिष संस्थान के चेयरमैन आचार्य रोहित कुमार का कहना है कि श्राद्ध में स्त्रियों को भोजन कराना और एकादशी के दिन श्राद्ध करना, दोनों ही कार्य शास्त्र-विरुद्ध हैं।

**एकादशी के दिन श्राद्ध क्यों वर्जित है?**

शास्त्रों के अनुसार एकादशी का दिन व्रत, उपवास और भगवान विष्णु की आराधना के लिए निर्धारित है। पुष्कर खंड में भगवान शिव ने पार्वती जी से स्पष्ट रूप से कहा है कि- 'जो लोग एकादशी के दिन श्राद्ध करते हैं, तो श्राद्ध कराने वाला, श्राद्ध ग्रहण करने वाला और जिस पितर के लिए श्राद्ध किया जा रहा है- तीनों ही नर्क गामी होते हैं। इसका तात्पर्य यह है कि एकादशी का दिन भोग-विलास या पितरों के भोज हेतु नहीं है। यह दिन केवल प्रभु



भक्ति, नाम-स्मरण और व्रत-पालन के लिए होना चाहिए। इसलिए यदि किसी का श्राद्ध एकादशी के दिन आता है तो उसका उत्तम विकल्प यह है कि द्वादशी (अगले दिन) श्राद्ध कर्म किया जाए। यदि द्वादशी संभव न हो तो केवल पितरों का पूजन करें और निर्धन ब्राह्मण को फलाहार ही करवाएं। उस दिन ब्राह्मण यदि व्रती न भी हो, तब भी उसे अन्न नहीं बल्कि फलाहार ही दिया जाना चाहिए।

**श्राद्ध में स्त्रियों को क्यों नहीं कराते भोजन:** आजकल एक गलत प्रथा चल पड़ी है कि यदि पिता का श्राद्ध है तो ब्राह्मण को भोजन कराया जाता है और यदि माता का श्राद्ध है तो ब्राह्मणी को भोजन कराया जाता है। यह पूर्णतः शास्त्र-विरुद्ध है। शास्त्रकारों का मत है कि श्राद्ध में केवल ब्राह्मण को ही भोजन कराया जाए। इसके पीछे कई कारण बताए गए हैं-

स्त्रियां जनेऊ धारण नहीं करतीं। उनके जीवन में अशुद्ध अवस्था (मासिक धर्म) आती रहती है। वे वैदिक संकल्प या कर्मकांड नहीं कर सकतीं। इसलिए अकेली ब्राह्मणी को भोजन कराना उचित नहीं है।

हाँ, यदि ब्राह्मण भोजन करने के लिए आए और उनके साथ उनकी पत्नी व बच्चे भी आ जाएँ तो कोई दोष नहीं है। परंतु केवल ब्राह्मणी को बुलाकर श्राद्ध कराना शास्त्रीय दृष्टि से मान्य नहीं है।

**पितृलोक और श्राद्ध का महत्व**

शास्त्रों के अनुसार पितृलोक का एक दिन, मृत्यु लोक के एक वर्ष के बराबर होता है। यहाँ एक वर्ष बीतता है तो पितृलोक में केवल एक दिन बीतता है। यही कारण है कि पितृपक्ष का हर दिन हमारे पितरों के लिए एक विशेष अवसर होता है। श्राद्ध केवल अन्न-दान या भोजन कराने भर से पूरा नहीं होता, बल्कि पितरों की शांति के लिए पवित्र ग्रंथों का पाठ भी आवश्यक है।

पितरों की शांति के लिए किए जाने योग्य कार्य

-श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ
-श्रीविष्णु सहस्रनाम का पाठ
-श्रीमहामंत्र का जप
-सतत नाम-स्मरण
-दान और पुण्य कार्य

इन सबके माध्यम से पितरों को गहन संतुष्टि मिलती है और उनकी कृपा से वंशज का जीवन सुखमय बनता है।

# भक्त हमेशा दातार की कृपा को ही मानते हैं


सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

निरलेप जीवन में अहंकार बड़ी बाधा पैदा करता है। क्योंकि अक्सर इन्सान को भ्रम हो जाता है कि शायद मैं खुद ही अपना तथा अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा हूं। अक्सर कह भी दिया जाता है कि 'दाने दाने पर लिखा है खाने वाले का नाम', लेकिन दास तो ऐसा मानता है कि 'दाने दाने पर लिखा है देने वाले का नाम।' दाना देने वाला जो प्रभु-दातार है, अगर इसकी कृपा न हो तो इन्सान के सामने भले ही अनेक पदार्थ पड़ रहें, उनमें से एक छोटासा कौर भी उठाकर मुंह में नहीं डाल सकता। भक्त हमेशा दातार की कृपा को ही मानते हैं। अगर कोई व्यापार करता है, तो भी ऐसा ही मानता है कि दातार अगर दिन में बीस-पच्चीस ग्राहक भी आ गये हैं, तो वे मेरे किसी यत्न के कारण नहीं, बल्कि तू मुझे रोजी-रोटी देना चाहता है, इसलिए कोई न कोई रुप धारण र तू ही मुझे रोजी-रोटी देने चला आता है। भक्तों की दृष्टि हमेशा से ऐसी ही रही है। लेकिन संसार का इन्सान अज्ञानतावश खुद कर्ता बन बैठता है। वह सोचता है कि मैं ही करने वाला हूं, सब कुछ मेरे तन की ताकत के कारण हो रहा है, मेरी क्ल, स्यानप के कारण हो रहा है, या फिर मेरे धन के कारण हो रहा है। ये सभी भ्रम की बातें होती हैं। जैसे अगर एक गाड़ी चल रही है, तो कोई इंजन या कोई घोड़ा या बैल उसको खींच रहा होता है। अगर उस गाड़ी क पहिए पर कोई मक्खी बैठी हो और थोड़ा-थोड़ा जोर भी लगा रही हो, और वह सोचने लगे कि पहिया मेरे जोर लगाने से चल रहा है, तो यह उसकी भूल ही है। इसी तरह कुदरत सभी काम निरंकार की शक्ति से कर रही है। इन्सान खुद को कर्ता मानकर अपने आप को बेकार ही अहंकार में फंसा लेता है। अहंकार को हटाने पर माया का प्रभाव, माया का असर, माया का लेप खत्म हो जाता है।

जब तक इन्सान अपनी 'मैं' को कायम रखता है, तब तक उसे उसका असर भी ग्रहण करना पड़ता है तथा जब इस 'मैं' को हटा देता है तो उस पर कोई सर नहीं होता, वह यश-अपयश से ऊपर हो जाता है। सुख-दुख में एकरस रहता है तथा इस निराकार का आसरा लेकर अपने आपको निराकार में ही समा देता है। अपने आपको निराकार के अर्पण कर देने से ही सहज अवस्था बन पाती है, मन के विकार स्वयं ही दूर होने लगते हैं, भेदभाव मिट जाते हं, जाति-पाति की दीवारें टूट जाती हैं, भाषा की दीवारें टूट जाती हैं। फिर कोई पराया नहीं रह जाता। ऐसी अवस्था बनजाने के बाद किसी से वैर करने का कोई आधार नहीं रह जाता। क्योंकि घृणा तो उतनी देर ही होती है।




## नोकरियां यहां देखें

**ऑयल इंडिया लिमिटेड में सीनियर**
ऑफिसर के कुल पदः 102
आवेदन की अंतिम तिथिः 26 सितंबर, 2025
योग्यताः बीटेक ,लॉ, आईटी व अन्य
आयु सीमाः 34 से 42 साल
करें आवेदनः
oil.india.com

**एनएचपीसी में जूनियर इंजीनियर व अन्य के**
कुल पदः 248
आवेदन की अंतिम तिथिः 1 अक्टूबर, 2025
योग्यताः पद के अनुसार
आयु सीमाः18 से 30 साल
करें आवेदनः
nhpcindia.gov.com

**आर वी यू एन एल में टेक्नीशियन के**
कुल पदः 2163
आवेदन की अंतिम तिथिः 25 सितंबर, 2025
योग्यताः आईटीआई
आयुः18 से 28 साल
करें आवेदनः
ibpsonline.ibps.in

**आर्मी एएफएमएस में मेडिकल ऑफिसर के**
कुल पदः 225
आवेदन की अंतिम तिथिः 3 अक्टूबर, 2025
योग्यताः एमबीबीएस
आयु सीमाः अधिकतम 30 साल
करें आवेदनः
join.afms.gov.in

**डी ई ई असम में स्पेशल एजुकेटर के**
कुल पदः 228
आवेदन की अंतिम तिथिः 30 सितंबर, 2025
योग्यताः 12वीं पास
आयु सीमा 18 से 40 साल
करें आवेदनः
करें आवेदनः
dee. assam.gov.in

**इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) में सिक्योरिटी असिस्टेंट के**
कुल पदः 455
आवेदन की अंतिम तिथिः 28 सितंबर, 2025
योग्यताः 10वीं पास
आयु सीमाः 18 से 27 साल
करें आवेदनः
mha.gov.in

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए
arthparkash.com देखें

## अमेजन.इन पर अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 202 5 से पहले 'अर्ली डील्स' का शुभारंभ, अर्ली डील्स से शुरू


**शिमला।** अमेजन.इन ने आज अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 से पहले 'अर्ली डील्स' को शुरु किया है,जो ग्राहकों को 13 सितंबर से शुरू होने वाले शानदार प्री-फेस्टिवल ऑफर कर रहा है। मुख्य फेस्टिवल 23 सितंबर से शुरू होगा, जिसमें प्राइम मेंबर्स को 24 घंटे की विशेष अर्ली एक्सेस का लाभ मिलेगा। इस साल का शॉपिंग फेस्टिवल विशाल डिलीवरी नेटवर्क, ऐआई संचालित शॉपिंग टूल्स और त्योहारों के जश्न को और भी खास बनाने के लिए विशेष मनोरंजन विकल्पों द्वारा खरीदारी का अनुभव को शानदार बनाने का वादा करता है।प्राइम मेंबर्स पूरे ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान बेहतरीन मूल्य का आनंद ले सकेंगे। 24 घंटे की अर्ली एक्सेस के लाभ के अलावा, प्राइम मेंबर्स विशेष ÷प्राइम धमाका ऑफर÷ विशेष लाइटनिंग डील्स और केवल प्राइम ऑफर को त्योहार की पूरी अवधि के दौरान प्राप्त कर सकते हैं। अमेज़न, अमेज़न इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम में खरीदारी वाले उत्पादों के माध्यम से डील्स दिखाने के लिए समीरा रेड्डी, राजीव मखानी और रणवीर बरार सहित 1 लाख से अधिक क्रिएटर्स को शामिल करेगा।यह पहल एलिवेट, फैशन, होम और 3,000 से अधिक क्रिएटर्स वाले नए टेक इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम जैसे विशेष प्रोग्राम में शामिल है।खरीदारी को और भी ज़्यादा रिवार्डिंग बनाने के लिए, अमेज़न पे लेटर अगले तीन महीनों के लिए फ़ैशन, फ़र्नीचर, किचन अप्लायंसेज़ वगैरह पर स्पेशल नो-कॉस्ट ईएमआई प्लान ऑफर कर रहा है।

## अमेज़न ने एक्सियो का अधिग्रहण पूरा किया

चंडीगढ़। अमेज़न ने आज यह घोषणा की है कि उसने भारतीय रिज़र्व बैंक (आर.बी.आई.) से नियामक अनुमोदन प्राप्त होने के बाद, भारत में अग्रणी डिजिटल ऋष्ठ और चेकआउट वित्त प्रदाता, एक्सियो (पहलेकैपिटल फ्लोट) का अधिग्रहण पूर्ण कर लिया है। भारत में अमेज़न के सबसे बड़े अधिग्रहणों में से एक इस अधिग्रहण की बदौलत भारत में अपनी वित्तीय सेवाओं के विस्तार के लिए अमेज़न की प्रतिबद्धता को और म?बूती मिली है। एक्सियो के साथ अमेज़न की मौजूदा साझेदारी भी है, जिसकी बदौलत छह वर्षों से अधिक समय से भारत में अमेज़न पे के लिए अभी खरीदें और बाद में भुगतान करें सेवाएं दी जा रही हैं। अमेजन में पेमेंट्स के वाइस प्रेसिडेंट महेंद्र नेरूकर ने कहा, केवल 6 में से 1 भारतीय ग्राहक के पास चेकआउट फाइनेंसिंग का एक्सेस है, इसलिए क्रेडिट एक्सेस बढ़ाना अमेज़न की एक मूलभूत प्राथमिकता है। पिछले छह वर्षों में, एक्सियो के साथ हमारी साझेदारी से हम 1 करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए ऋण उपलब्ध करा पाए हैं। एक्सियो की डिजिटल ऋष्ठ विशेषज्ञता, अमेज़न का एक्सेस, तकनीकी जानकारी और बैंक संबंध आने वाले वर्षों में लाखों और ग्राहकों और छोटे व्यवसायों को ज़म्मिदारी से ऋण देने में हमारी मदद करेगी।

# अच्छे समाज का निर्माण करने के लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा देना बेहद आवश्यक: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** देश के अच्छे नागरिक बनने और अच्छे समाज का निर्माण करने के लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा देना आवश्यक है। जब तक युवा पीढ़ी को अच्छी शिक्षा मुहैया नहीं करवाई जाएगी, तब तक देश व प्रदेश का विकास भी नहीं किया जा सकता। देश का अच्छे नागरिक बनने और अच्छे समाज का निर्माण करने के लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा देना निहायत जरूरी है। जब तक युवा पीढ़ी को अच्छी शिक्षा मुहैया नहीं करवाई जाएगी, तब तक देश और प्रदेश का विकास भी नहीं किया जा सकता। ठीक वैसे ही समाज में हर तरह का व्यक्तित्व होता है, किस व्यक्तित्व से कैसे निपटना है यह तय करना जरूरी है, उससे भी जरूरी है क्रोध को मारना। उम्र के साथ अनुभव भी बढ़ता है और व्यक्तित्व भी निखरता है। अच्छे नागरिक बनने के लिए स्कूल स्तर से ही काम करना पड़ता है और इसके लिए छात्र और शिक्षक के बीच में समन्वय होना जरूरी है, न की मनमुटाव। संवाद ही मनमुटाव मिटाने का सबसे आसान तरीका है ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर



24सी अणुव्रत भवन तुलसीसभागार में सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा वर्तमान में मनुष्य ने हवा में उड़ान, पानी में तैरना और धरती में आराम से रहने सब कुछ स्किल की बदौलत सीख लिया है, लेकिन नहीं सीख पाया है तो नैतिक मूल्य। व्यक्ति को नैतिक मूल्य खुद ही अपनाने पड़ते हैं। युवा अवस्था में बच्चों के दिमाग में नाकारात्मक और सकारात्मक बातें आती हैं, लेकिन दोनों में से किसका चुनाव करते हुए सही रास्ते पर चलना है यह उसे खुद ही तय करना होता है। आज भारत की बहुत सारी युवा विदेशों में भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अपना डंक बज रहे है इसका प्रमुख कारण है इमानदारी कड़ी मेहनत कर्तव्यनिष्ठा और अपने काम को पूरी लगन और वफादारी से निष्पादन करना आज विदेशों में आईटी सेक्टर में हमारे भारतीय लगभग सॉफ्टवेयर हार्डवेयर दोनों क्षेत्रों में अपना लोहा मनवा रहे हैं आज गूगल माइक्रोसॉफ्ट जैसे कंप्यूटर की तमाम जानी-मानी कंपनियां जिसके प्रमुख से लेकर सारे लगभग भारतीय है इसके अलावा आज भारत के लोग दुनिया भर में काफी बड़े-बड़े पदों पर बड़ी-बड़ी कंपनियों में अपने मेहनत का परचम लहरा रहे हैं ।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया सेवाभाव हमारे लिए आत्मसंतोष का वाहक ही नहीं बनता बल्कि संपर्क में आने वाले लोगों के बीच भी अच्छाई के संदेश को स्वतः उजागर करते हुए समाज को नई दिशा व दशा देने का काम करता है। जैसे गुलाब को उपदेश देने की जरूरत नहीं होती, वह तो केवल अपनी खुशबू बिखेरता है। उसकी खुशबू ही उसका संदेश है। ठीक इसी तरह खूबसूरत लोग हमेशा दयावान नहीं होते, लेकिन दयावान लोग हमेशा खूबसूरत होते हैं, यह सर्वविदित है।

## पंचांग

रविवार, 14 सितम्बर, 2025, सूर्योदयः 06:05 ए एम, सूर्यास्तः 06:27 पी एम, चन्द्रोदयः 11:18 पी एम, चन्द्रास्तः 01:11 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः भाद्रपद, पूर्णिमान्त महीनाः आश्विन, वारः रविवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः अष्टमी - 03:06 ए एम, सितम्बर 15 तक, नक्षत्रः रोहिणी - 08:41 ए एम तक, योगः वज्र - 07:35 ए एम तक, क्षय योगः सिद्धि - 04:55 ए एम, सितम्बर 15 तक, करणः बालव - 04:02 पी एम तक, द्वितीय करणः कौलव - 03:06 ए एम, सितम्बर 15 तक, सूर्य राशिः सिंह, चन्द्र राशिः वृषभ - 08:03 पी एम तक, राहुकालः 04:55 पी एम से 06:27 पी एम, गुलिक कालः 03:22 पी एम से 04:55 पी एम, यमगण्डः 12:16 पी एम से 01:49 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:52 ए एम से 12:41 पी एम, दुर्मुहूर्तः 04:48 पी एम से 05:38 पी एम, अमृत कालः 11:09 पी एम से 12:40 ए एम, सितम्बर 15, वर्ज्यः 02:01 पी एम से 03:32 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** आज खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। कारोबारी आज बिजनेस के मामलों में अपनों से सलाह लेकर काम करेंगे तो फायदा जरूर होगा।

**वृषः** आज आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से भरपूर प्रतिकूलता का अनुभव करेंगे। मन में उत्साह का संचार होगा।

**मिथुनः** बच्चों के साथ खेलना बहुत अच्छा और सुकून देने वाला अनुभव रहेगा। प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक नहीं होगा।

**कर्कः** आज अपने जीवन की किसी बड़ी समस्या को सुलझाने की हर संभव कोशिश करेंगे। इसमें आपको परिवार का सहयोग मिलेगा।

**सिंहः** आज आपके लिए आय के नए स्त्रोत बनेंगे। आपकी व्यवसायिक स्थिति में सुधार होगा। छोटी परेशानियां आपको घेरे रहेंगी।

**कन्याः** शरीर के किसी अंगे में दर्द होने की संभावना है। किसी भी ऐसे काम से बचें, जिसमें ज्यादा शारीरिक मेहनत की जरूरत हो।

**तुलाः** आज पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। कहीं से अचानक धन लाभ का अवसर मिल सकता है।

**वृश्चिकः** आज उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। नई योजनाएँ आकर्षक होंगी और अच्छी आमदनी का जरिया साबित होंगी।

**धनुः** असुविधा आपकी मानसिक शान्ति को खराब कर सकती है। संदिग्ध आर्थिक लेन-देन में फँसने से सावधान रहें।

**मकरः** आज आपका मनोबल ऊंचा रहेगा। इस राशि के लोगों को आज कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी सफलता मिलने वाली है।

**कुंभः** आज आपको किस्मत का साथ मिलेगा। आत्मविश्वास बढ़ सकता है। दिमाग में कई तरह की बातें भी रहेंगी।

**मीनः** अपने खराब मूड को शादीशुदा जिंदगी में तनाव का कारण न बनने दें। कुछ भी चालाकी भरे काम को करने से बचें।

# किसानों की धान की फसल हुई बर्बाद, बीमा कंपनियां मुआवज़ा देने से कर रहीं इंकार: कुमारी सैलजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि सिरसा सहित प्रदेश के 12 जिलों में धान की फसल बाढ़ और जलभराव से पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है, लेकिन बीमा कंपनियां इसे नुकसान मानने से साफ इंकार कर रही हैं। जिन किसानों ने पूरी ईमानदारी से फसल बीमा योजना के तहत प्रीमियम भरा, परंतु जब मुआवजा देने की बारी आई तो कंपनियां और सरकार दोनों ही किसानों से मुंह मोड़ रही हैं। ऐसे में भाजपा सरकार बीमा कंपनियों की मनमानी रोकने के लिए सख्त नियम बनाए जाएं और दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि यह किसानों के साथ खुला अन्याय है। बीमा कंपनियों को यह अधिकार किसने दिया कि वे डूबी हुई फसल को 'नुकसान' ही न मानें? उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा सरकार इन कंपनियों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है और आखिर इन्हें इस तरह की मनमानी करने की छूट क्यों दी जा रही है। ऐसा



लग रहा है कि सरकार और बीमा कंपनियां आपस में मिली हुई है और किसानों को मुआवजे के नाम पर गुमराह कर रही है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि किसान इस विश्वास में प्रीमियम भरते हैं कि विपरीत परिस्थिति में उन्हें मुआवजा मिलेगा लेकिन भाजपा सरकार और बीमा कंपनियों की मिलीभगत से किसानों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। यह सरकार की किसान विरोधी मानसिकता का जीता-जागता उदाहरण है।

सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि तुरंत विशेष गिरदावरी करवाई जाए और बर्बाद हुई फसल का उचित मूल्यांकन किया जाए, सभी प्रभावित किसानों को बिना किसी देरी के मुआवजा दिया जाए, बीमा कंपनियों की मनमानी रोकने के लिए सख्त नियम बनाए जाएं और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। सांसद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी और जब तक प्रभावित किसानों को उनका हक़ नहीं मिल जाता, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। साथ ही सांसद ने कहा कि अगर सरकार संकट की घड़ी में किसानों की मदद करने से पीछे हट रही है तो उसे स्वयं को किसान हितैषी कहने को कोई हक नहीं है। किसान हितों को लेकर भाजपा सरकार की नीयत में शुरू से ही खोट दिखाई दे रहा है।

### सांसद कुमारी सैलजा 15 को ऐलनाबाद में

सांसद कुमारी सैलजा 15 सितंबर को ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों शामिल होंगी। सोमवार सुबह 09.30 बजे सुनिल गोदारा के निवास स्थान नजदीक अशोका बेकरी, गांधी चौक, ऐलनाबाद जिला सिरसा पहुंचेगी, इसके बाद सुबह 10.00 बजे ऐलनाबाद क्षेत्र के गांव गुडियाखेड़ा, लुदेसर, मानक दीवान, दड़बा कलां, शाहपुरिया और गांव शक्कर मंदोरी में जलभराव से प्रभावित गांवों का दौरा करेंगी।

## डिश टीवी ने लॉन्च की वी.ज़ेड.वाई. स्मार्ट टीवी रेंज

चंडीगढ़। डिश टीवी इंडिया लिमिटेड, देश की अग्रणी डीटीएच सेवा प्रदाता कंपनी और 22 वर्षों से अधिक समय से एक विश्वसनीय घरेलू नाम, ने आज अपने रणनीतिक कदम के तहत एकीकृत स्मार्ट टीवी सेगमेंट में प्रवेश की घोषणा की। वी.ज़ेड.वाई. स्मार्ट टीवी के लॉन्च के साथ, डिश टीवी ने प्रसारण से आगे बढ़ते हुए घरेलू मनोरंजन उपकरण बाज़ार में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है।वी.जेड.वाई. का अर्थ है वाइब, ज़ोन और यू (आप) ्यह एक स्मार्ट मनोरंजन साथी है जो तकनीक, डिज़ाइन और मानवीय जुड़ाव का मेल है। यह सिर्फ एक टेलीविज़न नहीं, बल्कि एक ऐसा मनोरंजन संसार है, जो डिश टीवी की भरोसेमंद डीटीएच विशेषज्ञता को स्ट्रीमिंग के भविष्य के साथ जोड़ता है और इस तरह कॉन्टेंट तक पहुँच को सरल और सहज बनाता है, जैसा कि भारत में किसी अन्य एकीकृत स्मार्ट टीवी ब्रांड ने पहले कभी नहीं किया।लॉन्च पर बोलते हुए डिश टीवी इंडिया के सीईओ और कार्यकारी निदेशक श्री मनोज दोभाल ने कहा, दो दशकों से अधिक समय तक, डिश टीवी नवाचार और ग्राहक-केन्द्रित दृष्टिकोण के आधार पर लाखों भारतीय घरों में एक विश्वसनीय नाम रहा है।

## पंजाब में बाढ़ से प्रभावित छात्रों की सहायता के प्रयास में, फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू ) जेएम फाउंडेशन से एमओयू के जरिए जुड़ा

लुधियाना। शिक्षा प्लेटफॉर्म फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू ) ने डॉ. जगमोहन सिंह राजू, आईएएस (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व में काम करने वाली गैर-लाभकारी संस्था जेएम फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू ) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य हाल ही में पंजाब में आई भयंकर बाढ़ से प्रभावित छात्रों को शैक्षणिक सहायता प्रदान करना है। इस साझेदारी के तहत, जेएम फाउंडेशन प्रभावित छात्रों की पहचान और उन्हें संगठित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जबकि फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) निशुल्क स्कूल परीक्षा की तैयारी और प्रतियोगी परीक्षाओं की मार्गदर्शन सेवा उपलब्ध कराकर प्रभावित छात्रों को शैक्षणिक सहायता प्रदान करने का प्रयास करेगा। यह पहल छात्रों को विस्थापन और व्यवधान जैसी चुनौतियों के बावजूद पढ़ाई में पीछे न हटने में मदद करने पर केंद्रित है। इस सहयोग पर फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू ) के सह-संस्थापक प्रतीक महेश्वरी ने कहा, संकट के समय शिक्षा छात्रों और उनके परिवारों के लिए स्थिरता और आशा की एक महत्वपूर्ण धरोहर बन जाती है।

## कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रबंधक सरपंचो के साथ की बैठक



अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। गन्नौर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर धीरज कुमार ने शनिवार को गन्नौर थाने में सरपंचों के साथ बैठक की। थाना प्रबंधक ने सरपंचों को पुलिस के साथ सामंजस्य बनाए रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत शासन की सबसे छोटी इकाई है और वह अपने गांव की एक स्वतंत्र सरकार के रूप में कार्य करती है। ऐसे में गांव को सुरक्षित बनाने के लिए जरूरी स्थानों पर सीसीटीवी जरूर लगवाएं, ताकि अपराध पर लगाम लग सके। थाना प्रभारी ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का सहयोग करें और पुलिस प्रशासन का भी उन्हें पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि गांवो में संदिग्ध व्यक्तियों की यदि जानकारी मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराध से पहले ही उसे रोका जा सके।

### सूरत में मनाया जाएगा आचार्य शिव मुनि जी का 84वां जन्मोत्सव

# 84 हजार एकाशने-अयम्बिल व्रत का आयोजन: नरेश जैन

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत।** आत्मज्ञानी सद्गुरूदेव, श्रमण संघीय चतुर्थ पट्टधर पूज्य आचार्य सम्राट शिव मुनि जी महाराज का 84वां जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से आगामी 18 सितंबर, गुरुवार को शंखेश्वर जैन महातीर्थ, बलेश्वर (सूरत, गुजरात) में मनाया जाएगा। यह आयोजन ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेस, नई दिल्ली के तत्वावधान में शिवाचार्य जन्मोत्सव राष्ट्रीय आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जैन कॉन्फ्रेंस राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार नरेश जैन रानियां ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल जैन करेंगे, जबकि विजय जैन स्वागताध्यक्ष तथा सुरेश लुणावत जैन समारोह के गौरव होंगे। देशभर से जैन कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारी व प्रतिनिधि इस भव्य आयोजन में उपस्थित रहेंगे।

आचार्य सम्राट शिव मुनि जी का संपूर्ण जीवन वैराग्य, तप, आत्मज्ञान व ध्यान पर आधारित है। उन्होंने जैन धर्म के पाँच महाव्रतों - अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह को जीवन में आत्मसात कर पूरी श्रमण परंपरा को दिशा दी है। उनके नेतृत्व में आज 1350 से अधिक साधु-साध्वियां धर्मप्रचार व संयम साधना में रत हैं। जन्मोत्सव अवसर पर आचार्य शिव मुनि जी महाराज के साथ-साथ प्रमुख मंत्री शिरिष मुनि जी महाराज, सहमंत्री शुभम मुनि, शमित मुनि, निशान्त मुनि,



शाश्वत मुनि, शमेश मुनि, शुचित मुनि व शशान्त मुनि के मंगल दर्शन व प्रवचन भी होंगे। 16 सितंबर को राष्ट्रीय आत्म ध्यान प्रसार योजना के अंतर्गत सुबह 8 से 11 बजे तक 84 स्थानों पर ऑनलाइन ध्यान शिविर आयोजित होंगे। 18 सितंबर को राष्ट्रीय महिला शाखा के तत्वावधान में 84,000 एकाशने/आयम्बिल व्रत का आयोजन देशभर में होगा। इसी दिन से 28 सितंबर तक जैन कॉन्फ्रेंस युवा शाखा द्वारा भारत की 84 जेलों में फल वितरण व धार्मिक साहित्य पहुंचाया जाएगा। 17 सितंबर को राष्ट्रीय प्रबंधन समिति व कार्यकारिणी समिति की बैठक, सायं 6:30 बजे अभिनंदन समारोह तथा रात 7 बजे जैन युवा संगीत रत्न वैभव बाघमार की भक्ति संध्या होगी। 18 सितंबर प्रातः 9 बजे महाअभिवंदना एवं राष्ट्रीय सम्मान समारोह का शुभारंभ होगा। इसमें अरिहंत आराधिका श्रीमती निशा जैन (सूरत) को शिवाचार्य ध्यान साधना राष्ट्रीय सम्मान 2025 प्रदान किया जाएगा, साथ ही 2,51,000 की सम्मान राशि दी जाएगी।

# राष्ट्रहित व जनहित में लिया गया निर्णय है हमारी संस्कृति: योगी

मुख्यमंत्री डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जीवन की तीन स्थितियां होती हैं, जिसमें पहली प्रवृत्ति, दूसरी विकृति और तीसरी संस्कृति होती है। इसमें स्थिति का यथारूप रहना प्रवृत्ति है। इंसान परिवर्तन तो चाहता है, लेकिन परिवर्तन करने के लिए अपने आपको तैयार करने में हिचकता है। वहीं अगर कोई संस्थान या इंसान लगातार गिरावट की ओर जाता है तो यह विकृति होती है। इसी कड़ी में अगर एक व्यक्ति निर्णय लेता है। उसका निर्णय व्यापक जनहित और राष्ट्रहित में है, तो उसका निर्णय संस्कृति है। इसी संस्कृति का एक बेहतरीन उदाहरण डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान है। संस्थान ने महज 19 वर्षों में 20 बेड से बढ़कर 1,375 बेड का विस्तार किया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में कहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने 298 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और व्यक्ति की गति काल की गति है। हमें काल की गति से दो कदम आगे चलने के लिए तैयार रहना चाहिये। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति, समाज या देश काल की गति को पहचान नहीं पाता है, वह काल की चपेट में स्वयं आ जाता है क्योंकि काल की गति तो वही है, जिसके बारे में डॉ. श्याम नारायण पांडेय ने कहा था कि ये महाकाल का आसन है, इस पर किसी का शासन नहीं होता है। यदि कोई यह मन में बैठा ले कि मैं समय की गति को अवरुद्ध कर दूंगा, तो यह उसकी गलतफहमी होगी। ऐसे में हमें काल की गति से दो कदम आगे चलना होगा। अगर हम इस गति से चलेंगे तो प्रगति करेंगे, अगर नहीं चल पा रहे हैं, हम अपने को केवल समय के अनुरूप लेकर के जा रहे हैं, तो फिर हमें यथास्थितिवादी के रूप में लोग मानेंगे। हम कब आए, कब गए किसी को पता नहीं होगा। वहीं अगर हमारे कारण संस्थान को नुकसान हो रहा है तो मानकर चलिए कि आने वाली पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी। काल की गति के मामले में संस्थान ने अच्छी प्रगति हासिल की है। यही वजह है कि संस्थान ने पांच वर्षों में प्रदेश के टॉप तीन चिकित्सा संस्थान में अपना नाम दर्ज कराया है। इसमें पहला केजीएमयू 110 वर्ष की अपनी आयु पूरी कर चुका है, दूसरा एसजीपीजीआई जो लगभग चार दशक पुराना है।

वहीं लोहिया संस्थान ने काफी कम समय में एक लंबी छलांग लगाकर, प्रदेश के तीसरे टॉप चिकित्सा संस्थान में अपना नाम दर्ज कराया है। संस्थान की यह उपलब्धि दर्शाती है कि हमारी दिशा और लीडरशिप सही है। हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस दौरान कई भौतिक चुनौतियां आती हैं, लेकिन टीमवर्क होता है, कार्य करने का जज़्बा होता है, तो वह लोगों के मन में एक नए उत्साह का संचार करता है।

## प्रदेश ने टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर कोरोना महामारी को मात देने का मॉडल प्रस्तुत किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोहिया संस्थान एक ऐसे स्थान पर स्थित है, जो पूर्वी उत्तर प्रदेश का मुहाना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश का हर पेशेंट सबसे पहले आरएमएल में आता है। इसके बाद केजीएमयू या एसजीपीजीआई की तरफ जाता है। उन्होंने कहा कि सबसे घनी आबादी पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल की है। ऐसे में यहां से लोग सबसे पहले आरएमएल की ओर अपना रूख करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में चिकित्सा और चिकित्सा शिक्षा में हुए सुधारों की दिशा में तीन प्रमुख संस्थानों का योगदान अत्यधिक सराहनीय रहा है। इन संस्थानों ने सम और विषम परिस्थितियों में कार्य करते हुए प्रदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा के नए मानक स्थापित किए हैं। यह सुधार खासतौर पर कोरोना महामारी के दौरान देखे गए, जब उत्तर प्रदेश को पहली बार ऐसी महामारी का सामना करना पड़ा। कोरोना के प्रारंभिक दिनों में उत्तर प्रदेश में कोविड की जांच की कोई सुविधा नहीं थी। जब पहला मरीज आगरा और नोएडा से आया, तो उनके सैंपल दिल्ली के प्रतिष्ठित अस्पताल एम्स और सफदरजंग में भेजे गए थे। धीरे-धीरे प्रदेश में जांच की सुविधाएं विकसित की गईं और टेस्टिंग प्रक्रिया में सुधार हुआ। उस समय राज्य में 36 जनपद ऐसे थे, जहां आईसीयू का एक भी बेड नहीं था और ट्रेंड मैनपावर की भारी कमी थी। इसके बावजूद प्रदेश ने नए मॉडल अपनाए, जैसे वर्चुअल आईसीयू। एसजीपीजीआई, केजीएमयू और आरएमएल अस्पतालों ने प्रदेश के 75 जनपदों में वर्चुअल आईसीयू के माध्यम से मरीजों को बेहतर राहत देने के लिए प्रशिक्षित मैनपावर को भेजा। इन संस्थानों ने प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स की मदद से अन्य मेडिकल कॉलेजों और कोविड अस्पतालों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इसी का परिणाम है कि प्रदेश ने टेक्नोलॉजी का उपयोग करके महामारी को मात देने का मॉडल दुनिया के सामने प्रस्तुत किया।

# सर्वोत्तम पुलिसिंग सुनिश्चित करने के लिए अपनाएं 4आर प्रणाली: मुख्यमंत्री नायडू

राजनेताओं की आड़ में अपराधियों को न बख्शें

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



**अमरावती।** मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि वे राजनीति की आड़ में अपराध करने वालों को न बख्शें। उन्होंने कहा कि निवेश आकर्षित करने और राज्य की विकास दर को बढ़ाने के लिए कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस को प्रतिक्रिया, पहुँच, प्रतिक्रिया और परिणाम सहित 4आर प्रणाली अपनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को अपराध की सूचना मिलने पर तुरंत प्रतिक्रिया देने और घटनास्थल पर पहुँचने को प्राथमिकता देनी चाहिए। साथ ही, उन्हें मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चल रहे फर्जी अभियानों पर तुरंत प्रतिक्रिया देनी चाहिए और पुलिस से मदद मांगने वालों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए ताकि पुलिसिंग में बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकें।

आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पुलिस अधीक्षकों को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने पुलिसिंग को अद्यतन करने की आवश्यकता पर बल दिया क्योंकि अपराधी नए-नए तरीकों से अपराध कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने शुरू से ही कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता दी और रायलसीमा में गुटबाजी और तेलंगाना में नक्सलवाद का सफलतापूर्वक सफाया किया। परिणामस्वरूप, नक्सलियों ने अलीपीरी में उन पर बम विस्फोट किया।

पुलिस के लिए एक घटनाक्रम कैसे के बारे में बोलते हुए कहा कि केस स्टडी में मुख्यमंत्री ने कहा नेता राजनीति की आड़ में अपराध का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस को आपराधिक राजनीति पर गहराई से अध्ययन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने के लिए तकनीक का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पुलिस को जन-हितैषी रवैया अपनाना चाहिए और साथ ही असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करके फर्जी अभियान चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई जनप्रतिनिधि कुछ मांगता है तो उसे स्पष्ट करना चाहिए कि वह सही है या नहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस को विरोध प्रदर्शन के नाम पर अराजकता फैलाने की विपक्षी दलों की साजिश को विफल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के तीव्र विकास और प्रगति के लिए राज्य में शांति बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# प्राचीन श्री सत्य नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में विभिन्न मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों अन्य समाज सेवियों ने टेका माथा



मुख्य यजमान समाज सेवी सुंदरलाल अग्रवाल ने गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित कर, कहा सनातन का प्रचार-प्रसार हिन्दू संगठन निभा रहे अहम भूमिका

अर्थ प्रकाश संवाददाता

मोहाली। पितृ पक्ष के मौके पर मोहाली के सैक्टर-70 मटौर स्थित प्राचीन श्री सत्य नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में भगवान गौवर्धन पवर्त की कथा सुना कर प्रभु को छप्पन व्यंजनों का भोग लगाया गया । इस मौके कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा और मोहाली शहर के विभिन्न मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों, महिला संकीर्तन मंडल और अन्य समाज सेवियों ने बढ कर हिस्सा लिया । इस मौके पर आए गणमान्य व्यक्तियों ने कथा के मुख्य यजमान सुंदरलाल अग्रवाल द्वारा सनातन के प्रचार-प्रचार के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना भी की। वहीं समाज सेवी व रत्न प्रोफैशनल कॉलेज सोहाना के एमडी सुंदरलाल अग्रवाल और कथा व्यास पीठ से आचार्य इन्द्रमणि त्रिपाठी ने गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया । इस मौके पर विशेष तौर पर आज की कथा में आरएसएस संघ के प्रेम गोयल,सेवा भारती से तिरलोकी नाथ,कालिया, एसएसपी हरविंदर सिंह विर्क, श्री ब्रहामण सभा मोहाली के प्रधान वीके वैद,सैक्टर-66 स्थित शिव शक्ति मंदिर के मौजूदा प्रधान गोपाल सिंह ,सतपाल अरोडा के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे । फोटो कैप्शनः श्रीमद भागकत कथा में महाआरती में हिस्सा लेते श्रद्धालु व कथा व्यास आचार्य इन्द्रमणि त्रिपाठी कथा का श्रवण करवाते हुए व भगवान श्री कृष्ण जन्म दिन पर श्रद्धालु झूमते।

# कोई भी क्रोध में संघर्ष नहीं करना चाहिए: उप मुख्यमंत्री पवन

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



**अमरावती।** ऐसे समय में जब राज्य विकास की ओर अग्रसर है। कल्याणकारी फल प्रदान कर रहा है और सुशासन का संचालन कर रहा है, लोगों के बीच कलह पैदा करने की साजिशें शुरू हो गई हैं, राज्य के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने सोशल मीडिया पर 'X' ट्वीट करके आह्वान किया है। ऐसी साजिशों में शामिल लोगों से सभी को सतर्क रहना चाहिए। वे सोशल मीडिया के माध्यम से, यूट्यूब चैनलों के नाम पर, या किसी अन्य तरीके से जातियों और धर्मों के बीच कलह पैदा कर रहे हैं। जो लोग ऐसी चालों से समाज में अशांति और असुरक्षा पैदा कर रहे हैं, उन्हें दुनिया दस साल से देख रही है। उनके जाल में न फँसें, क्रोध में आकर संघर्ष का माहौल न बनाएँ। अगर आप ऐसा क्रोध दिखाएँगे, तो साजिशकर्ताओं का मनचाहा लाभ पूरा होगा।

मछलीपट्टनम में हुई हालिया घटनाएँ इसका एक उदाहरण हैं। एक व्यक्ति ने एक यूट्यूब चैनल पर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। मैं जन सेना के नेताओं, गठबंधन के नेताओं को इस दिशा में आगे बढ़ने का सुझाव देता हूँ। जो लोग आपत्तिजनक तरीके से भड़काते और बोलते हैं, चाहे मैंने नेताओं को मछलीपट्टनम विवाद की आंतरिक जाँच करने के निर्देश दिए हैं। मैंने स्पष्ट कर दिया है कि इस घटना में शामिल लोगों को नोटिस दिए जाएँगे और उनसे स्पष्टीकरण माँगा जाएगा। लोगों को उस पार्टी और उसके नेताओं से सावधान रहना चाहिए जो इस षड्यंत्र में शामिल हैं। पवन कल्याण ने स्पष्ट किया कि उनके द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार का लोकतांत्रिक और कानून सम्मत तरीके से प्रतिकार किया जाना चाहिए।

# शहर में नाकेबंदी कर पुलिस ने 46 चालकों के काटे चालान, 6 इंपाउंड

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। पंचकूला ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले चालकों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को विकास नगर, पंचकूला में सिटी ट्रैफिक एसएचओ वरिन्द्र कुमार की अगुवाई में विशेष नाकेबंदी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले कुल 46 चालकों के चालान काटे, जिनमें से 6 वाहन मौके पर ही इंपाउंड किए गए। अभियान के दौरान बाइक सवारों, ऑटो चालकों, पिकअप वाहनों सहित अन्य चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अधिकांश मामलों में चालकों के पास आवश्यक दस्तावेज, जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, आर.सी., बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं पाए गए, जिसके चलते चालान किए गए। पुलिस ने मौके पर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी और यह भी स्पष्ट किया कि बिना दस्तावेजों के वाहन चलाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है।

डीसीपी ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि जिला पुलिस सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं पर रोकथाम के उद्देश्य से लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज अपने पास रखें और यातायात नियमों का पालन करें। साथ ही पुलिस ने यह भी संदेश दिया कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ आगामी दिनों में और भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# सीजीईआरडब्ल्यूए, सेक्टर 7 की नई कार्यकारिणी का गठन आज

चंडीगढ़ (अप्रस)। सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (सीजीईआरडब्ल्यूए), सेक्टर 7 (ए, बी व सी) की एक सामान्य निकाय बैठक 14 सितंबर दिन रविवार को शाम 4 बजे सीपीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित की जाएगी।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन करना है। सचिव मनोज कुमार ने सामान्य पूल के सभी निवासियों से निर्धारित समय पर बैठक में भाग लेकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को कार्यकारिणी कि गठन प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। एसोसिएशन की पारदर्शिता एवं समुचित संचालन हेतु यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

# निरंकारी मिशन की उप-प्रधान राज वासदेव जी निरंकार प्रभु में ब्रह्मलीन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़/पंचकुला।** एक पवित्र संत जिन्होंने छह पातशाहियों के मार्गदर्शन में अपना संपूर्ण जीवन व्यतीत किया। सभी की प्रिय, मिशन की अनेक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक पुस्तकों की लेखिका जिनका जीवन निरंकारी मिशन के इतिहास में एक उज्ज्वल अध्याय बना हुआ है। 12 सितम्बर की देर रात्रि को निरंकार प्रभु द्वारा प्रदत्त स्वांसों को पूर्ण कर गुरु चरणों में तोड़ निभाते हुए निरंकारमय हो गई। उनका जीवन, न केवल निरंकारी मिशन के इतिहास में एक उज्ज्वल अध्याय रहा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना रहेगा। श्रीमती राज वासदेव सिंह जी का जन्म पेशावर, पाकिस्तान में 5 मई, 1941 में हुआ। गुरु परिवार से जुड़ाव के कारण बचपन से ही वह एक समर्पित गुरूसिख थी। उनका मूल नाम राजिन्दर कौर था, वासदेव सिंह जी से विवाह के उपरांत लेखन और सेवाओं के क्षेत्र में वह 'राज वासदेव' के नाम से जानी गई और यही नाम उनकी पहचान बन गया। उन्होंने शहंशाह बाबा अवतार सिंह जी से ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया। उनका पूरा परिवार ही निरंकारी मिशन के नाम रंग में पूर्णतः रंगा हुआ था। यही कारण था की उनकी सोच, भावनाओं एवं कर्म में वहीं समर्पित भाव, निर्भयता व इश्क हकीकी के जूनून की झलक स्पष्ट दिखाई देती थी।

राज वासदेव जी ने मिशन के प्रचार-प्रसार को अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया। वे चाहती थीं कि मिशन का हर बच्चा एक प्रचारक बने, और इसी उद्देश्य से उन्होंने देश-विदेश के अनेक स्थानों पर जाकर सत्संग, प्रचार और आध्यात्मिक जागरूकता का कार्य किया। 1990 से उन्होंने मिशन की पत्रिकाओं और प्रकाशनों में नियमित रूप से योगदान देना शुरू किया। उनके लेखन की शैली सरल, गहन और हृदयस्पर्शी थी, जो पाठकों को मिशन की शिक्षाओं से जो? देती थी। सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी ने 2002 की जनरल बॉडी मीटिंग में उन्हें संत निरंकारी मंडल की कार्यकारिणी समिति में एडिशनल मेम्बर इंचार्ज नियुक्त किया, और वे इस समिति की पहली महिला सदस्य बनीं। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से, निरंकारी राजपिता रमित जी की अध्यक्षता में श्रीमती राज वासदेव जी के प्रेरणादायी जीवन को समर्पित 'प्रेरणा दिवस' का आयोजन 14 सितम्बर 2025 को, ग्राउंड नंबर 8, बुराड़ी रोड, दिल्ली में दोपहर 3 बजे से सायं 5:30 बजे तक किया जाएगा। इस अवसर पर मिशन के संतजन उनके प्रेरणादायी जीवन से सीख लेकर, श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

# सिटी ब्यूटीफुल की वास्तुकला वर्षों से शोध का केंद्र: बबला

चंडीगढ़ की मेयर ने 11वीं इन्स आउट प्रदर्शनी का किया अवलोकन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित किए जा रहे 11वीं इन्स एंड आउट प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने चैंबर के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि चंडीगढ़ विरासती शहर है। इस स्थापत्य विरासत के कारण, अन्य देशों के छात्र नियमित रूप से चंडीगढ़ के डिज़ाइन, नियोजन सिद्धांतों का अध्ययन करने आते हैं। निर्माण क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और नवाचारों को बढ़ावा देना प्रशासन की पहलकदमियों में शामिल हैं। चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा शहर में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने तथा इसकी खूबसूरती को बढ़ाने की दिशा में कई अहम कदम उठाए जा रहे हैं। यहां की वास्तुकला वर्षों से शोध का केंद्र रही है। इस अवसर पर पीएचडीसीसीआई चंडीगढ़ चेप्टर के अध्यक्ष मधु सूदन विज तथा को-चेयर सुव्रत खन्ना ने उन्हें बताया कि पीएचडीसीसीआई द्वारा इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ आर्किटेक्टस, द फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडियन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), चंडीगढ़ बिजली वितरण लिमिटेड और नेटवर्क ऑफ पीपल फॉर कंस्ट्रक्शन के सहयोग से आयोजित यह प्रदर्शनी 15 सितंबर तक चलेगी। इस बार इस आयोजन की खास बात यह है कि यहां अधिक से अधिक कॉलेजों, विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को शामिल किया गया है ताकि भवन निर्माण के क्षेत्र में नए-नए आइडिया के बारे में पता चल सके और युवा इस विषय पर अपने विचार साझा करें।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 1743 स्वयंसेवक पंजाब बाढ़ राहत में बने देवदूत

सोशल मीडिया पर चलाया जा रहा झूठ का प्रचार गिरा औंधे मुंह




पंजाब में बाढ़ के रूप में आई आपदा की भयावहता को हम कभी भुला नहीं पाएंगे लेकिन समाज के हर वर्ग और क्षेत्र से उठे मदद के हाथों ने भी इंसानियत की बेमिसाल छवि को भी जगजाहिर किया है।

इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी अपने सेवा कार्यों को बखूबी निभाया है। पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के कार्यकर्ता जी-जान से जुटे हैं। ये बात और है की कुछ लोग सोशल मीडिया पर झूठे नैरेटिव गढ़कर इस विपदा काल में भी संघ को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। आरएसएस के स्वयंसेवकों को सोशल मीडिया की फोटो में ढूढ़ने वाले ये लोग शायद यह नहीं जानते की संघ का कार्यकर्ता धरातल पर उतरकर काम करने वाला होता है तथा दिखावे की दुनिया से दूर वसुधैव कुटुंब्कम का मूलभाव अपने दिल में लिए सदैव समाज में सेवाभाव से अपना समर्पण करता है।

दूसरी ओर शायद कुछ ऐसे लोग भी थे जो इस आपदा को अपने सोशल मीडिया फॉलोवर बढ़ाने के अवसर के रूप में देख रहे होंगे और दिखावे के लिए बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में घूम-घूमकर रील्स और वीडियो बनाने में लगे होंगे। विगत दिनों संघ के पंजाब प्रांत संघचालक स. इकबाल सिंह ने बताया कि संघ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है और उपेक्षित इलाकों में सेवाकार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब में बाढ़ प्रभावित इलाकों में संघ के 41 स्थानों पर 1743 स्वयंसेवक सेवा, राहत और बचाव कार्यों में सक्रिय हैं। इनमें संघ के सेवा भारती, भारत विकास परिषद, विद्या भारती, किसान संघ, एबीवीपी, माधव राव मूले सेवा समिति और सरहदी लोकसेवा समिति जैसे संगठनों द्वारा भागीदारी निभाई जा रही है। जरूरतमंदों तक हर संभव सहायता पहुंचाई जा रही है संघ स्वयंसेवक प्रभावित लोगों तक पका हुआ भोजन, सूखा राशन, पीने का पानी, तिरपाल, कंबल, फोल्डिंग बेड, दवाएं और आश्रय स्थल उपलब्ध करवा रहे हैं। पशुओं के लिए हरा और सूखा चारा भी पहुंचाया जा रहा है। कई स्थानों पर मेडिकल कैंप भी आयोजित किए जा रहे हैं। स. इकबाल सिंह ने बताया कि आपदाकाल में संकट के साथ-साथ समाज की जागृत शक्ति के दर्शन हुए हैं और देखने में आया है कि समाज का हर वर्ग पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आया है।

**दिनेश दिक्षित**
**लेखक एवं राजनीतिक विश्लेषक**

## सीबीएसई रिसोर्स पर्सन और प्रेरक शिक्षक – शमशेर शर्मा से खास बातचीत

# शिक्षण केवल पेशा नहीं, यह साधना है: शमशेर शर्मा

आज के समय में जब शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, भाषा के प्रति प्रेम और समर्पण को बनाए रखना आसान नहीं। लेकिन ऐसे शिक्षक ही शिक्षा जगत की असली धरोहर हैं, जो न सिर्फ़ ज्ञान देते हैं बल्कि उसे जीवन से जोड़ते हैं। शमशेर शर्मा – एक ऐसे ही नाम, जिन्होंने हिंदी को सिर्फ़ एक विषय नहीं, बल्कि अपने जीवन का मिशन बना लिया। मूल रूप से बाहमनी वाला कैथल से संबंध रखने वाले शमशेर शर्मा वर्तमान में प्रताप पब्लिक स्कूल ,करनाल के हिंदी विभाग के अध्यक्ष हैं।

हिंदी अध्यापक और सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन के रूप में उनका सफर न केवल प्रेरक है, बल्कि यह बताता है कि एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों और समाज की सोच को कैसे दिशा दे सकता है।

**हिंदी को अपने करियर के रूप में चुनने के पीछे आपका क्या कारण रहा?**

भाषा किसी समाज की आत्मा होती है और हिंदी हमारी संस्कृति की सांस है। मैंने हिंदी को केवल विषय के रूप में नहीं चुना, बल्कि इसे आने वाली पीढ़ी तक साहित्यिक संवेदना, अभिव्यक्ति और चिंतन की ताकत पहुंचाने का माध्यम माना। मेरे लिए यह एक पेशा नहीं, बल्कि एक सतत साधना है।

**सीबीएसई में रिसोर्स पर्सन के रूप में आपकी भूमिका किस प्रकार रही है?**

सीबीएसई में रिसोर्स पर्सन के तौर पर मेरा कार्य शिक्षकों के लिए कार्यशालाएं आयोजित करना, पाठ योजना, मूल्यांकन व नवाचार संबंधी प्रशिक्षण देना और नई शैक्षिक दृष्टियों को कक्षा में उतारने में उनकी सहायता करना है। मेरा उद्देश्य हमेशा यही रहा है कि शिक्षण केवल जानकारी का आदान-प्रदान न होकर अनुभव आधारित, संवादशील और कौशल-केंद्रित बने।

**आप वर्तमान समय में हिंदी की स्थिति को कैसे देखते हैं?**

हिंदी अब केवल कविता-कहानियों तक सीमित नहीं है। यह तकनीक, मीडिया, प्रशासन और वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है। यदि युवा पीढ़ी इसे आत्मविश्वास से अपनाए, तो यह उनके व्यक्तित्व को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला सकती है।

**विद्यार्थियों में रुचि जगाने के लिए आप कौन से नवाचार अपनाते हैं?**



कक्षा में मैं दृष्टञ्ज टूल्स, नाट्य रूपांतरण, माइंड मैपिंग, कहानी लेखन, कविता मंचन, क्विज़, रोल-प्ले और डिजिटल प्रोजेक्ट्स, लयात्मक पठन जैसे प्रयोग करता हूँ। जब छात्र खुद रचनाकार बन जाते हैं, तो वे पढ़ाई को बोझ नहीं, एक आनंदमय यात्रा समझते हैं।

**नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में हिंदी शिक्षकों की क्या भूमिका रहेगी ?**

नई शिक्षा नीति बहुभाषिकता और कौशल विकास पर जोर देती है। हिंदी शिक्षकों को चाहिए कि वे अपनी कक्षा को नवाचार, लोक साहित्य, तकनीकी एकीकरण और मूल्य-आधारित शिक्षण का संगम बनाएं। किताब और जीवन के बीच की दूरी को मिटाना ही असली बदलाव लाएगा।

**हिंदी विषय को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह कैसे बढ़ाया जा सकता है?**

हिंदी को जीवन से जोड़कर पढ़ाना ज़रूरी है। अगर हम पाठ्यक्रम को सामाजिक सरोकारों, समसामयिक घटनाओं और व्यक्तिगत अनुभवों से जोड़ें, तो विद्यार्थी स्वयं को उससे जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। मंचीय प्रस्तुतियाँ, ब्लॉग लेखन, पॉडकास्ट आदि माध्यमों से भी यह रुचिकर बन सकती है।

**नवोदित शिक्षकों के लिए आपका संदेश?**

शिक्षण एक पवित्र जिम्मेदारी है। हर शब्द, हर भाव, बच्चे के जीवन की दिशा तय करता है। खुद को सीखते रहना, तकनीक से जुड़ना, और सबसे बढ़कर–करुणा व संवेदनशीलता को बनाए रखना, यही एक सच्चे शिक्षक की पहचान है।

शमशेर शर्मा का यह विश्वास कि 'शिक्षा केवल किताबों में नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला में है' हमें याद दिलाता है कि एक सच्चा शिक्षक सिर्फ़ पढ़ाता नहीं, बल्कि मनुष्य का निर्माण करता है। ऐसे शिक्षक ही आने वाली पीढ़ियों में संस्कृति, संवेदना और ज्ञान का दीप जलाए रखते हैं।

# हरदीप सिंह मुंडियां ने राजस्व अधिकारियों को पारदर्शी, समयबद्ध व तेज़ गिरदावरी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

- बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष गिरदावरी हुई शुरू
- सूबे के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 2167 पटवारी विशेष गिरदावरी के लिए तैनात



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 सितंबर।** पंजाब में आए भयानक बाढ़ के कारण हुए नुकसान का मूल्यांकन करने के लिए सूबे भर में आज से विशेष गिरदावरी शुरू हो गई है। इस मद्देनज़र पंजाब के राजस्व, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां ने आज सारे संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी कि वे इस प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध और परिणाममुखी ढंग से संपूर्ण करें ताकि कोई भी प्रभावित परिवार बनता मुआवज़ा प्राप्त करने से वंचित न रहे।

स. हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशानुसार यह मुहिम जंगी स्तर पर शुरू की गई है, जिन्होंने भरोसा दिया है कि पंजाब के हर बाढ़ पीड़ित को 45 दिनों के अंदर मुआवज़ा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सारी प्रक्रिया पूरी ईमानदारी और जवाबदेही के साथ संपूर्ण की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मुआवज़ा कोई अहसान नहीं है, बल्कि प्रभावित लोगों का बनता हक है।

राजस्व मंत्री ने स्पष्ट किया कि अधिकारियों द्वारा किसी भी तरह की लापरवाही या जान-बूझ कर की गई देरी की सूरत में सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने भरोसा दिया कि विशेष गिरदावरी की निष्पक्ष और कुशल प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए सूबा सरकार द्वारा रोजाना आधार पर पूरी प्रक्रिया की निजी तौर पर निगरानी की जाएगी।

कैबिनेट मंत्री ने ग़ैर-प्रभावित क्षेत्रों के माल अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित गांवों में तैनात करने की भी हिदायत दी ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया समय पर मुकम्मल की जा सके।

स. मुंडियां ने बताया कि सूबे के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष गिरदावरी करवाई जाने के लिए कुल 2167 पटवारियों को तैनात किया गया है। ज़िला स्तरीय तैनातियों मुताबिक अमृतसर में 196 पटवारी, बर्नाला में 115, बठिंडा में 21, फरीदकोट में 15, फाजिल्का में 110, फिरोजपुर में 113, गुरदासपुर में 343, होशियारपुर में 291, जालंधर में 84, कपूरथला में 149, लुधियाना में 60, मालेरकोटला में 7, मानसा में 95, मोगा में 29, पठानकोट में 88, पटियाला में 141, रूपनगर में 92, संगरूर में 107, एस.ए.एस. नगर में 15, श्री मुक्तसर साहिब में 25 और ज़िला तरनतारन में 71 पटवारी तैनात किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि विशेष गिरदावरी के लिए तैनात टीमें गांव-गांव जाएंगी, खेतों का निरीक्षण करेंगी और फसलों व घरों के नुकसान व पशुओं की मौत के बारे में रिपोर्ट तैयार करेंगी।

पंजाब सरकार की तरफ से सूबे के इतिहास में अब तक की सबसे ज़्यादा मुआवज़ा राशि देने के मुख्यमंत्री के ऐलान को दोहराते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इस संबंधी किसानों और वसीनीकों को एक हफ्ते के अंदर- अंदर इतराज, यदि कोई है, उठाने का मौका दिया जाएगा ताकि सुधार के लिए बिना किसी देरी के कदम उठाए जा सकें। उन्होंने बताया कि किसानों को फसलों के नुकसान के लिए प्रति एकड़ 20,000 रुपये, जिन परिवारों के घर ढह गए हैं उन्हें 1,20,000 रुपये और आंशिक रूप से नुकसान पहुंचे घरों को 40,000 रुपये दिए जाएंगे। इसी तरह पशुओं के नुकसान का भी प्रावधिक नियमों अनुसार मुआवजा दिया जाएगा, जिसमें गाएं या भैंसों के लिए 37,500 रुपये और बकरियों के लिए 4,000 रुपये शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि बाढ़ संबंधी ताजा रिपोर्ट अनुसार पंजाब भर में लगभग 1,98,525 हेक्टेयर फसल क्षेत्र प्रभावित हुआ है, जिसमें गुरदासपुर का (40,169 हेक्टेयर), पटियाला (17,690 हेक्टेयर), तरन तारन (12,828 हेक्टेयर), फाजिल्का (25,182 हेक्टेयर), फिरोजपुर (17,257 हेक्टेयर), कपूरथला (17,574 हेक्टेयर), संगरूर (6,560 हेक्टेयर), होशियारपुर (8,322 हेक्टेयर), अमृतसर (27,154 हेक्टेयर), जालंधर (4,800 हेक्टेयर), रूपनगर (1,135 हेक्टेयर), लुधियाना (189 हेक्टेयर), बठिंडा (586.79 हेक्टेयर), एस.ए.एस. नगर (2,000 हेक्टेयर), एस.बी.एस. नगर (188 हेक्टेयर), पठानकोट (2442 हेक्टेयर), मानसा (12,207.38 हेक्टेयर) और मोगा (2240 हेक्टेयर) क्षेत्र शामिल हैं।

### मोगा में अब तक 56 लोगों की मौत

उन्होंने कहा कि रिपोर्ट अनुसार पिछले 24 घंटों के अंदर मोगा जिले में एक और मौत होने से सूबे भर में अब तक कुल 56 लोगों की मौत हो चुकी है। राजस्व मंत्री ने आगे कहा कि मान सरकार 45 दिनों के अंदर प्रभावित लोगों को मुआवजा राशि के चेक सौंपने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने बताया कि जिन गांवों में पूरी फसल तबाह हो गई है, वहां तत्काल राहत प्रदान करने के लिए यह प्रक्रिया मात्र एक महीने में पूरी की जाएगी। इसके साथ ही घरों और पशुओं के नुकसान का मुआवजा 15 सितंबर से देना शुरू कर दिया जाएगा ताकि इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जा सके।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए लोगों में दिखा भारी उत्साह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

- कुल 96272 मामलों का निपटारा हुआ और लगभग 234.41 करोड़ रुपये के पुरस्कार भी पारित किए गए



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 13 सितंबर।** लुधियाना सदस्य सचिव, पंजाब राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, एस.ए.एस. नगर, माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लुधियाना, श्रीमती हरप्रीत कौर रंधावा के निर्देशानुसार और श्रीमती सुमित सभरवाल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लुधियाना की देखरेख में 13 सितंबर को जिला न्यायालय, लुधियाना और उप-मंडल स्तर पर जगराओं, खन्ना, समराला और पायल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष महोदया हरप्रीत कौर रंधावा ने न्यायालयों का दौरा किया, जिसके दौरान प्रधान न्यायाधीश श्री रमन कुमार ने पारिवारिक न्यायालय में लंबित तलाक के दावे के मामले को दोनों पक्षों की सहमति से निपटाया और आपसी सहमति से दोनों पक्षों को अपने-अपने घरों में बसने के लिए राजी करवाया। इसी प्रकार, एक अन्य मामले में पति द्वारा अपनी पत्नी के घर बसाने के लिए धारा 9 एचएमए के तहत मामला दायर किया गया था, जिसका आज फैसला सुनाकर पति-पत्नी को खुशी-खुशी घर बसाने के लिए भेज दिया गया और मामला भी वापस ले लिया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित मामलों और प्री-लिटिगेटिव मामलों (ऐसे विवाद जो अभी तक न्यायालयों में दायर नहीं हुए हैं) के निपटारे के लिए जिला स्तर पर कुल 39 लोक अदालत बेंचों का गठन किया गया, जिनमें मुख्य रूप से आपराधिक शमनीय मामले, 138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावे, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, धन वसूली मामले, बिजली और पानी के बिल मामले, वेतन भत्ते से संबंधित मामले आदि शामिल थे। उप-मंडल स्तर पर कुल 10 लोक अदालत बेंचों का गठन किया गया, जिनकी अध्यक्षता न्यायिक अधिकारियों ने की।

# खालसा स्कूल जगराओं के विद्यार्थियों के लिए एक लैपटॉप भेंट किया

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 13 सितंबर।** जगराओं की समाज सेवी संस्था कर भला हो भला सोसाइटी ने शनिवार को खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल लड़के जगराओं के विद्यार्थियों के लिए एक लैपटॉप भेंट किया। इस अवसर पर कर भला हो भला सोसाइटी के चेयरमैन रोहित अरोड़ा, वाइस चेयरमैन राजिंदर जैन काका और अध्यक्ष मदन लाल अरोड़ा ने कहा कि खालसा स्कूल के विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए सोसाइटी ने स्वर्गीय अमित अरोड़ा की याद में स्कूल को एक नया लैपटॉप दिया है ताकि लैपटॉप की कमी के कारण जो भी काम रुका हुआ था, वह अब स्कूल का काम आसानी से हो सके और बच्चे पढ़ाई कर सकें।

इस अवसर पर खालसा स्कूल की प्रबंधक समिति के अध्यक्ष एडवोकेट संतोख सिंह दियोल और प्रिंसिपल चरणजीत सिंह भंडारी ने कहा कि सरकार एडेड स्कूलों को कोई वित्तीय सहायता नहीं देती है, जिसके कारण एडेड स्कूलों की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है। उन्होंने कहा कि स्कूल दानदाताओं और समाज सेवी संस्थाओं के सहयोग से चल रहे हैं और इन स्कूलों में बहुत गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं।

इस अवसर पर उन्होंने कर भला हो भला सोसाइटी का भी हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सोसायटी के सचिव नानेश गांधी, कैशियर नीरज कटारिया, सुनील बजाज, विशाल शर्मा, साहिल गुप्ता, शुभम अरोड़ा, नीरज मित्तल आदि मौजूद रहे।

# हवाई सुरक्षा खतरे में : ज़ीरकपुर एयरफील्ड के आसपास पक्षियों की बढ़ती संख्या पर प्रशासन सख्त

## उपायुक्त कोमल मित्तल ने दिए सभी विभागों को सख्त निर्देश

- कचरा प्रबंधन, सफाई और पशु अवशेष हटाने के आदेश
- समयसीमा में रिपोर्ट न देने पर कार्रवाई की चेतावनी



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**ज़ीरकपुर, 13 सितंबर।** जिला प्रशासन ने हवाई सुरक्षा को देखते हुए एयरफील्ड क्षेत्र और इसके आसपास बढ़ते पक्षियों के खतरे को गंभीरता से लिया है। शनिवार को उपायुक्त कोमल मित्तल ने सभी संबंधित विभागों और वायुसेना अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर साफ निर्देश दिए कि उड़ानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल और ठोस कदम उठाए जाएं।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि एयरफील्ड क्षेत्र में पक्षियों की मौजूदगी विमानन सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है।

उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि 'एयरफील्ड एरिया में उड़ रहे पक्षियों को पूरी तरह समाप्त करना अनिवार्य है, इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।'

उपायुक्त ने नगर परिषद, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, नगर नियोजन और वन विभाग समेत सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर लागू करें। इसमें आस-पास के क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन, खुले में गंदगी न फैलने देना, पशु अवशेष हटाना और पक्षियों को आकर्षित करने वाले सभी कारणों को खत्म करने पर खास जोर दिया गया।

बैठक में मौजूद वायुसेना अधिकारियों ने भी जानकारी दी कि पक्षियों की बढ़ती संख्या उड़ान भरते और उतरते विमानों के लिए गंभीर खतरा बन रही है। उपायुक्त ने कहा कि नगर निकाय नियमित सफाई अभियान चलाए और कूड़े के ढेर न लगने दे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता फैलाकर खुले में खाद्य अपशिष्ट डालने पर रोक लगाई जाए।

कोमल मित्तल ने सभी विभागों को स्पष्ट चेतावनी दी कि तय समयसीमा में कार्रवाई रिपोर्ट जमा करें, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हवाई सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

# पूर्व प्रिंसिपल ओम प्रकाश सैनी ने डीएवी स्कूल को भेंट किया वाटर कूलर



अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 13 सितंबर।** श्रीमती एन एन मोहन डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को पूर्व प्रिंसिपल ओम प्रकाश सैनी ने स्कूल को एक वाटर कूलर भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने विद्यालय में बिताए हुए सुनहरे पल याद किए और अपनी पुरानी यादें साझा कीं। उन्होंने अध्यापक साथियों और स्कूल मैनेजिंग कमेटी के सदस्यों के साथ मिलकर स्कूल में अपने अनुभवों को विस्तार से याद किया। ओम प्रकाश सैनी ने यह वाटर कूलर विशेष रूप से विद्यार्थियों की भलाई को ध्यान में रखते हुए भेंट किया, ताकि गर्मी के दिनों में वे स्वच्छ जल का उपयोग कर सकें।

इस मौके पर मैनेजिंग कमेटी के सदस्य विपिन थम्मन, अश्विनी जैन और डॉक्टर आमोद गुप्ता ने संयुक्त रूप से पूर्व प्राचार्य का धन्यवाद किया और उनके द्वारा स्कूल में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों की प्रशंसा की। विपिन थम्मन ने भावुकता के साथ ओम प्रकाश सैनी के साथ बिताए पिछले 25 वर्षों की यादें साझा कीं। साथ ही अश्विनी जैन ने स्कूल में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों के बारे में पूर्व प्राचार्य को जानकारी दी। वर्तमान प्रिंसिपल प्रीतम दास ने समस्त विद्यार्थियों की ओर से ओम प्रकाश सैनी का आभार व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर अन्य अध्यापक श्रीमती शमिता आहूजा, रमा, साधना शर्मा और अंकिता भी उपस्थित रही।

# श्री सुखमणि कॉलेज ऑफ लॉ के छात्रों ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय का किया दौरा, प्राप्त किया बहुमूल्य अनुभव

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 13 सितंबर।** श्री सुखमणि कॉलेज ऑफ लॉ, डेराबस्सी के विधि छात्र-छात्राओं ने हाल ही में नई दिल्ली में एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के तहत भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय का दौरा किया। इस दौरान छात्रों ने भारतीय न्याय व्यवस्था, उसके ऐतिहासिक महत्व और राष्ट्रीय विरासत का सजीव अनुभव प्राप्त किया।

इस यात्रा का मुख्य आकर्षण सर्वोच्च न्यायिक प्राधिकरण का भ्रमण था, जहां छात्रों ने अदालती कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया की गहराई से समझ प्राप्त की और लोकतंत्र को स्थायित्व प्रदान करने में न्यायपालिका की भूमिका पर अपने विचार विकसित किए। साथ ही, सर्वोच्च न्यायालय का संग्रहालय और पुस्तकालय भी देखा गया, जिससे उनके न्याय व संवैधानिक यात्रा के प्रति दृष्टिकोण और अधिक व्यापक हुआ।

यात्रा के दौरान छात्रों ने प्रतिष्ठित युद्ध स्मारक और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक इंडिया गेट का भी अवलोकन किया। वहां उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और देश की आज़ादी के लिए हुए बलिदानों पर विचार किया।

इस मौके पर एसएसजीआई के निदेशक डॉ. दमनजीत सिंह और मुख्य प्रशासक प्रो. रश्मपाल सिंह ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए बताया कि ऐसी शैक्षिक यात्राएँ व्यावहारिक शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

उन्होंने कहा, 'ये यात्राएँ छात्रों के शैक्षणिक ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव में बदलती हैं और उन्हें सिद्धांत को वास्तविक दुनिया से जोड़ने में मदद करती हैं।'

यह दिवसीय शैक्षिक यात्रा छात्र-छात्राओं के लिए यादगार एवं समृद्ध अनुभव साबित हुई, जिसने उनके विधि अध्ययन के क्षितिज को व्यापक बनाया और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया।

# वकील समुदाय किसी भी कीमत पर मासूम हरबीर के हत्यारे का केस न लड़े : डॉ. आशीष सरीन

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर 13 सितंबर।** मासूम हरबीर की जिस दरिंदगी से हत्या की गई, उससे मानवता शर्मसार है। इस कुकृत्य को अंजाम देने वाले दरिंदे को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। यह बात 'हिज एक्सीलेंट एंड इंस्टीट्यूट' और सेंट कबीर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चगरा के एमडी डॉ. आशीष सरीन ने हमारे पत्रकार के साथ एक प्रेस वार्ता दौरान कही। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्रारंभिक जाँच के अनुसार, यह पाया गया है कि कथित आरोपी बलात्कार के जुर्म में पहले ही 7 साल जेल की सजा काट चुका है और अब उसने इस घटना को अंजाम देकर सारी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने समस्त वकील समुदाय से अपील की कि वे मानवता के दुश्मन ऐसे दरिंदों को कानूनी मदद न देकर मासूम हरबीर को श्रद्धांजलि दें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पंजाब में गुंडागर्दी करने वाले प्रवासी मज़दूरों पर स्थायी लगाम लगाने का । उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस होशियारपुर जिले में रह रहे सभी प्रवासी श्रमिकों के आधार कार्ड व अन्य पहचान पत्रों की गहनता से जांच करे और दोषी पाए जाने पर प्रवासी श्रमिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। डॉ. सरीन ने मकान मालिकों से भी अपील की कि वे किसी भी प्रवासी या बाहरी व्यक्ति को मकान किराए पर देने से पहले उसका आधार कार्ड, वोटर कार्ड आदि की जांच मौजूदा पुलिस से जरूर करवा लें ताकि उक्त व्यक्तियों की पृष्ठभूमि का पता चल सके !

# नगर काउंसिल नयागांव की पार्षद अर्चना कोरी के पति बब्लू कोरी पर जच्चा -बच्चा टीकाकरण सेंटर में टीका प्रक्रिया में बाधा डालने के आरोप, महिला स्वास्थ्य कर्मी से हुई कहासुनी

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**न्यू-चंडीगढ़, 13 सितंबर।** नगर काउंसिल नयागांव के वार्ड नंबर- 17 की पार्षद अर्चना कोरी के पति बबलू कोरी पर सरकारी काम में रुकावट डालने और महिला स्वास्थ्य कर्मी से कहासुनी करने के आरोप लगे हैं। इसकी शिकायत एएनएम हरसिमरत कौर ने अपने उच्च अधिकारी डॉ. प्रीत मोहन खुराना, जो सीनियर मेडिकल ऑफिसर घड़ुंआ है उनको दी है। उस शिकायत के अनुसार, बुधवार को हरसिमरत कौर आंगनवाड़ी नंबर -7 में बच्चों का टीकाकरण कर रही थीं। तभी वार्ड नंबर- 17 की पार्षद अर्चना कोरी के पति बबलू कोरी वहां अपने साथी के साथ पहुंचे और लोगों को गुमराह करने लगे कि यह टीकाकरण ज़रूरी नहीं है, यह सिर्फ़ मर्जी से लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं उन्होंने एएनएम से लिखकर देने को कहा कि यह टीका लगने के बाद बच्चों को कोई बीमारी नहीं होगी। जब स्वास्थ्य कर्मी ने कहा कि इस बारे में उच्च अधिकारियों से बात करनी होगी तो उनके साथ बहुत कहासुनी करनी शुरू कर दी। वहीं एएनएम ने यह भी बताया कि वार्ड नंबर- 17 की पार्षद अर्चना कोरी के पति बबलू कोरी ने वहां लोगों को कहा कि उन्होंने अपनी पत्नी के गर्भावस्था के दौरान टीकाकरण नहीं कराया और अब बच्चे के जन्म के बाद भी बच्चे का टीकाकरण नहीं करवाया है। इतना ही नहीं वार्ड नंबर- 17 की पार्षद अर्चना कोरी के पति बबलू कोरी की ओर अपने संदेश को सोशल मीडिया और अख़बार में भी प्रकाशित कर दिया जिसके बाद लोग असमंजस में फंस गए और जानकारी जुटाते दिख रहे है ।

# विद्यार्थी का एकमात्र धर्म शिक्षा ग्रहण करना : तलवाड़

## बसी गुलाम हुसैन स्कूल में बच्चों को वितरित की शिक्षा सामग्री

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर 13 सितंबर।** विद्यार्थी जीवन पूरी जिंदगी का वह स्मरणीय समय होता है जब इंसान के जीवन की नींव रखी जाती है इसलिए इस समय विद्यार्थियों का केवल एक ही धर्म है कि वह दिल से शिक्षा ग्रहण करें।

उपरोक्त शब्द समाज सेवक संजीव तलवाड द्वारा गांव बस्सी गुलाम हुसैन में सत्य राज विद्यार्थी सहायता केंद्र की तरफ से विद्यार्थियों को शिक्षा सामग्री भेंट करने हेतु रखे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे।

तलवाड़ ने कहा कि हम स्कूल में जीते जाते भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं जो अध्यापक के रूप में हमें हमारी मंजिल प्राप्त करने में सहायता करते हैं ,इसलिए अपने अध्यापकों को भगवान के समान ही दर्जा देना चाहिए । समारोह में सहायता केंद्र इंचार्ज संजीव थापर ने बताया की संस्था का केवल एक ही मकसद है की विद्यार्थी रोजाना स्कूल आए और शिक्षा ग्रहण करें उन्होंने कहा विद्यार्थी को स्कूल आने में जो समस्याएं आती हैं संस्था उन सभी समस्याओं का निवारण करेगी। उन्होंने बताया कि अभी तक संस्था ने बाढ़ पीड़ित 26 बच्चों की मुश्किलों का समाधान कर उन्हें गोद लिया है। इस मौके जरूरतमंद 6 विद्यार्थियों को संस्था द्वारा गोद लिया गया जिनकी पढ़ाई का सारा खर्च सत्यराज विद्यार्थी सहायता केंद्र उठाएगा ।

कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ ग्राम पंचायत बस्सी गुलाम हुसैन के सदस्य एवं सत्यराज विद्यार्थी सहायता केंद्र के सदस्य भी उपस्थित थे।

# पूरे पंजाब में प्रवासियों द्वारा जमीन खरीदने पर पूर्ण प्रतिबंध लगना चाहिए : बेगमपुरा टाइगर फोर्स

## प्रवासियों के पंजाब में आधार कार्ड, वोटर कार्ड आदि हरगिज़ नहीं बनने चाहिए : बीरपाल, हैप्पी, सतीश, बंटी

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 13 सितंबर।** बेगमपुरा टाइगर फोर्स के चेयरमैन तरसेम दीवाना और राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मपाल साहनेवाल के निर्देशानुसार, बेगमपुरा टाइगर फोर्स की एक बैठक फोर्स के उप-कार्यालय विश्वकर्मा वेल्डिंग वर्क्स, अड्डा पुरानी बस्सी, होशियारपुर में फोर्स के पंजाब अध्यक्ष बीरपाल ठरोली की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें फोर्स के जिला अध्यक्ष हैप्पी फतेहगढ़, जिला सीनियर उप-प्रधान सतीश कुमार शेरगढ़ और ब्लॉक भूंगा के अध्यक्ष अनिल कुमार बंटी ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि जिस तरह बाहर के लोग, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में जमीन नहीं खरीद सकते, उसी तरह पंजाब में भी बाहरी लोगों के जमीन खरीदने पर तुरंत प्रतिबंध लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार को भी हिमाचल और जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर कानून बनाकर पंजाब में लागू करना चाहिए ताकि कोई भी बाहरी व्यक्ति पंजाब में जमीन न खरीद सके। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रवासियों के पंजाब में आधार कार्ड, वोटर कार्ड आदि नहीं बनने चाहिए और जिनके बने हुए हैं, उन्हें भी तुरंत रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो पंजाब को सोने की चिड़िया कहा जाता है और दूसरी तरफ प्रवासी इस सोने की चिड़िया के पंख कतरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। उन्होंने कहा कि अगर आज होशियारपुर का सर्वेक्षण किया जाए, तो हजारों लोग ऐसे होंगे जिनका होशियारपुर या पंजाब से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन किसी बड़ी साजिश के तहत पंजाब में बाहरी लोगों की आबादी बसाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बहुत से प्रवासी तो यूपी-बिहार में बड़े-बड़े अपराध करके पंजाब में आकर बसे हुए हैं। अगर इन बाहरी लोगों की पृष्ठभूमि की बारीकी से जांच की जाए, तो बहुत से लोगों का पर्दाफाश हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसमें हमारे कुछ पंजाबी भी दोषी हैं, जो अपने मुनाफे के लिए यह भी नहीं देखते कि जिस व्यक्ति को वे घर या दुकान दे रहे हैं, वह कौन है और कहाँ का है। यही कारण है कि आज सिर्फ होशियारपुर ही नहीं, बल्कि धीरे-धीरे पूरा पंजाब बारूद के ढेर पर बैठा दिखाई देगा।

उन्होंने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर होशियारपुर से इन प्रवासियों को निकालने के लिए कदम उठाना चाहिए, ताकि निर्दोष 5 साल के हरवीर सिंह जैसा मामला दोबारा न हो और न ही पंजाबियों की सामाजिक सुरक्षा को कोई खतरा हो। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले, होशियारपुर के व्यापारियों और अन्य संगठनों के एक समूह ने बाजारों में महंगी कीमत पर दुकानें खरीदने और किराए पर लेने वाले प्रवासियों की जांच की मांग की थी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उनके पास इतना पैसा कहाँ से आया और आ रहा है। उन्होंने होशियारपुर के सभी वकीलों और बार एसोसिएशन का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने हरवीर के हत्यारे दरिंदों का केस लड़ने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले कि कोई और ऐसा दिल दहला देने वाला मामला दोबारा हो, सभी पंजाबियों को पंजाब और पंजाबीयत के लिए एक मंच पर इकट्ठा होना चाहिए। इस अवसर पर ढिल्लों बद्धन, जस्सा सिंह, अमनदीप, सुखविंदर, नोनी, संदीप, रोहित बद्धन तथा अन्य उपस्थित थे।

केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने आपदाग्रस्त क्षेत्रों के दौरे के दूसरे दिन मनाली में की समीक्षा, बोले-

# पीएम मोदी स्वयं आपदा को लेकर चिंतित हैं: सावित्री

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 13 सितंबर।** केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री ठाकुर ने मनाली, बंजार एवं सैंज क्षेत्र का दौरा किया और आपदा में हुए नुकसान का जायजा लिया। राज्य मंत्री ने पुरानी मनाली के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का अवलोकन किया। नालसू और मनालसू नाला के आसपास बसे गांवों का भी जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी कठिनाइयों को समझा। सावित्री ठाकुर ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी स्वयं इस आपदा को लेकर चिंतित हैं और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास व सहायता के लिए केंद्र सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

राज्य मंत्री ने बताया कि पुरानी मनाली के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के साथ ही सोलंग, पलचांग, समाहड़ और बहांग जैसे गांवों का भी दौरा कर हालात का जायजा लिया। यहाँ बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से




*मनाली में आपदा वाले स्थानों का दौरा करतीं व स्थिति का जायजा लेतीं केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर।*

जनजीवन प्रभावित हुआ है। सीमा सड़क संगठन इन इलाकों में सड़कों के निर्माण और सुधार कार्य में जुटा हुआ है, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके एवं यातायात सुचारू रूप से बहाल हो सके।

राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने मनाली सर्किट हाउस में आपदा की स्थिति को लेकर सीमा सड़क संगठन, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण , जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस बैठक में आपदा से हुए नुकसान का आकलन, पुनर्निर्माण कार्यों की गति और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास संबंधी प्रयासों पर चर्चा की गई। सभी विभागों को राहत और पुनर्वास कार्यों को और तेज़ी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्?द्र मोदी ने बाढ़ और प्राकृतिक आपदा में मृतकों के निकटतम परिजनों को 2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की थी। आपदा प्रबंधन नियमों के तहत राज्यों को अग्रिम भुगतान सहित सभी प्रकार की सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि आपदा में हुए नुकसान की पूर्ण रिपोर्ट प्रधानमंत्री जी को जल्दी दे दी जाएगी।

## एक वर्ष में मेडिकल कॉलेजों में होंगे उल्लेखनीय सुधार : सीएम

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार एक वर्ष के भीतर हिमाचल प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में उल्लेखनीय सुधार करेगी। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को ईलाज के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और उन्हें प्रदेश में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मेडिकल कॉलेजों की कार्य प्रणाली को सुव्यवस्थित कर रही है। अटल सुपर-स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाना और टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी शुरू की जा चुकी है और चरणबद्ध तरीके से इस सुविधा का राज्य भर के अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी विस्तार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी मेडिकल कॉलेजों में कर्मचारियों, उपकरणों और मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दे रही है। राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए धन की कोई कमी नहीं आने देगी। प्रदेश सरकार डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और तकनीकी कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए प्रयासरत है।

# कुल्लू दशहरा उत्सव हेतु दुकानें एवं मार्केट आवंटन का शेड्यूल जारी

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा।

**कुल्लू 13 सितंबर।** राजस्व अधिकारी एवं अध्यक्ष प्लॉट आवंटन समिति गणेश ठाकुर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव-2025 का आयोजन आगामी 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है।

इस अवसर पर ढालपुर मैदान में विभिन्न प्रकार की दुकानें, प्रदर्शनियां और वाणिज्यिक गतिविधियां के प्लाट आवंटन नीलामी समिति द्वारा किया जाना है। आवंटन प्रक्रिया को लेकर जिला प्रशासन ने तिथि वार कार्यक्रम जारी किया है। इच्छुक व्यापारी/आवेदक प्लाट खरीदने के लिये प्लाट आवंटन कार्यालय मल्टीपर्पस भवन की ऊपरी तल नजदीक उपायुक्त कार्यालय ढालपुर कुल्लू में संपर्क कर सकते हैं ।

## जारी शेड्यूल के अनुसार

18 सितम्बर 2025 को कृषि एवं बागवानी उपकरण, टी स्टॉल, रेडीमेड गारमेंट्स के लिए

19 सितम्बर 2025 को लोकल झूले, टेंट मार्केट, बर्तन बाजार, बैग की दुकाने डोम के साथ, होटलढ्ढाबा एवं होजरी के लिए,

20 सितम्बर 2025 को मीना -III, (पुरानी हलवाई), हलवाई मार्किट , लोकल आर्टिकल ओपन स्पेस नए/पुराने जूते के लिये

21 व 22 सितम्बर 2025 को प्रदर्शनी मैदान (सरकारी/गैर सरकारी स्टॉल तथा खाने-पीने के स्टॉल) के लिए

23 व 24 सितम्बर 2025 को मीना बाजार-I एवं II के लिए

25 व 26 सितम्बर 2025 को समस्त मार्केट हेतु

27 व 28 सितम्बर 2025 को शेष दुकानों/प्लॉट्स का आवंटन खुली बोली के आधार पर किया जाएगा।

29 व 30 सितम्बर 2025 को पुराने कपड़ों के बाजार (पली मार्केट) के लिए,

1 व 2 अक्टूबर 2025 को राजा केम्प एरिया, नई रेडीमेड गारमेंट्स व वर्तन मार्केट के पीछे पार्किंग क्षेत्र के लिए इन दुकानों को 9 अक्टूबर से लगाया जायेगा।

# पाइनग्रोव ने जीता अंडर-12हॉकी चैंपियन का खिताब




अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर ने 9 से 12 सितंबर 2025 तक आयोजित 25वीं सब-जूनियर इंटर पब्लिक स्कूल हॉकी टूर्नामेंट (बालक वर्ग) में शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का ख़िताब अपने नाम किया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में पाइनग्रोव स्कूल ने शेरवुड कॉलेज, नैनीताल को 4-0 से हराकर इस खिताब पर अपना कब्ज़ा जमाया। यह फाइनल मैच पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर के संत स्टेडियम में खेला गया। नन्हें खिलाड़ियों ने अद्भुत कौशल, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए न केवल इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर अपना कब्ज़ा जमाया बल्कि अनेक व्यक्तिगत पुरस्कार भी अपने नाम किए। राजेश्वर सिंह कहलों को ÷टूर्नामेंट के सर्वाधिक स्कोरर÷ का खिताब मिला जबकि गुरशाज़ सिंह ठुकराल ÷सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर÷ घोषित किए गए तो वहीं जीवेश ने अपने दमदार प्रदर्शन से ÷प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट÷ का सम्मान प्राप्त किया। इस भव्य समापन समारोह में श्री मैथ्यू जॉन, हैडमास्टर, बिशप कॉटन स्कूल, शिमला मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।उन्होंने सभी विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

## सड़क किनारे पड़ा हजारों टन सेब हो रहा खराब

**शिमला।** हिमाचल सरकार के उपक्रम हिमाचल बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम द्वारा बागवानों से लिया गया सेब सड़क किनारे जगह- जगह सड़ रहा है। लंबे समय से इनकी ट्रांसपोर्टेशन नहीं हो पा रही और न ही HPMC द्वारा लिया गया सेब ऑक्शन किया जा रहा है। इससे बोरियों में भरा सेब खराब हो रहा है।

वहीं राजस्व मंत्री जगत सिंह ने नेगी ने बताया कि सड़कें बंद होने से सेब की ट्रांसपोर्टेशन में दिक्कत आई है। कई जगह बड़े ट्रक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे सेब फंसा हुआ है। मगर अब सड़कें बहाल हो रही है। ऐसे में सारा सेब निकालने का प्रयास किया जाएगा। सरकारी उपक्रम HPMC मंडी मध्यस्थता योजना के तहत बागवानों से निम्न क्वालिटी का सेब खरीदता है। अभी तक 43 हजार मिट्रिक टन सेब खरीद लिया गया है।

# आपदा प्रभावित लोगों की मदद में जुटा सिरमौर कल्याण मंच

सिरमौर कल्याण मंच सोलन की विशेष बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** सिरमौर कल्याण मंच सोलन की विशेष बैठक सोलन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के प्रधान प्रदीप ममगाई ने की। चर्चा के लिए बैठक का एजेंडा मंच के महासचिव यशपाल कपूर ने रखा।

बैठक में डॉ.यशवंत सिंह परमार जयंती पर हुए आय ङ्कव्यय का विवरण भी रखा गया जिसे उपस्थति सदस्यों ने अनुमोदित किया। साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यकारिणी को भी बधाई दी गई तथा आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों और सहयोग करने वाले लोगों का आभार भी प्रकट किया गया। आपदा से प्रभावित लोगों का यथा सामर्थ्य सहयोग करेंगे।



प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के कारण जो लोग काल का ग्रास बने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सिरमौर में भी प्राकृतिक आपदा से जान और माल का काफी नुकसान हुआ है। बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई. यह निर्णय लिया गया कि सिरमौर कल्याण मंच सोलन आपदा प्रभावित लोगों का यथा सामर्थ्य सहयोग करेगा। सिरमौर कल्याण मंच भवन निर्माण पर भी हुई चर्चा बैठक में कोठों में बन रहे सिरमौर कल्याण मंच भवन की प्रगति पर भी चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने इस बात पर सहमति दी कि संपर्क अभियान शुरू कर भवन के लिए सहयोग राशी एकत्रित की जाए। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. एस.एस.परमार, कँवर वीरेन्द्र सिंह ,डॉ.राम गोपाल शर्मा ,राजेन्द्र शर्मा ,नवीन निश्चल शर्मा,हरिंद्र ठाकुर,कमल सिंह कमल ,एल.आर.देहिया, उमेश कमल ,जगदीश शर्मा,कमल चौहान आदि मौजूद रहे ।

## निफ्ट स्नातक अक्षिता शर्मा ने मुख्यमंत्री को कलाकृति भेंट की

**शिमला।** निफ्ट दिल्ली स्नातक अक्षिता शर्मा ने आज मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू को एक कलाकृति भेंट की। इस कलाकृति में स्पीति और लाहौल की पारम्परिक कला और संस्कृति को प्रदर्शित किया गया है। इस कलाकृति में हिमालयी आभूषणों में पारंपरिक रूप से उपयोग किए जाने वाले एगेट और जैस्पर पत्थरों का उपयोग किया गया है।

कलाकृति में जड़े पत्थर सांस्कृतिक प्रतीक भी हैं। मुख्यमंत्री ने अक्षिता के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें पुरातन शिल्प को पुनर्जीवित करने, सार्थक सांस्कृतिक प्रदर्शनियों का आयोजन करने और हिमाचल की समृद्ध परंपराओं पर आधारित नई उत्पाद श्रृंखलाएं बनाने के लिए बधाई दी। निफ्ट दिल्ली से वर्ष 2016 में स्नातक अक्षिता शर्मा एक डिजाइनर और रचनात्मक सलाहकार हैं, जो शिल्प, संस्कृति और समकालीन डिजाइन के संगम पर काम करती हैं।

# बाढ़ प्रभावितों की हर संभव सहायता करें अधिकारी : विवेक

कांग्रेस नेता ने अधिकारियों को दिए आदेश

अर्थ प्रकाश/ अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत आपदा से प्रभावित विभिन्न गांव का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने प्रभावितों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। विवेक कुमार ने झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव ठठल जंगल, गोइंड, चौंता, बड?ांव गल्लू, बुखर, दमेहड़ा, बड?ांव, चुंगी आदि में आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को हरसंभव मदद करने को कहा गया है। विवेक कुमार ने कहा कि झंडूता



विधानसभा क्षेत्र के तहत प्राकृतिक आपदा के चलते करोड़ों का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के साथ आपदा से प्रभावित क्षेत्रों का लगातार दौरा किया जा रहा है। ताकि प्राकृतिक आपदा के चलते प्रभावित हुए लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। विवेक कुमार ने कहा कि लोगों के लिए सरकार की ओर से चलाई गई योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखबिंद्र सिंह सुक्खू ने आपदा में बेहतर कार्य किया है। प्रदेश सरकार की ओर से आपदा प्रभावितों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घर रहने के लायक नहीं हैं, क्षेत्र में उन लोगों के रहने का प्रबंध किया गया है। साथ ही सरकार द्वारा इन लोगों को किराये की सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को भी नुकसान के बारे में अवगत करवाया जा रहा है। अधिकारी भी नुकसान को लेकर लगातार रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा गया है। सभी प्रभावितों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

# राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत 16 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक चलेगा जन अभियान

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

मोटापा घटाने और संतुलित आहार को बढ़ावा देने पर रहेगा फोकस : उपायुक्त

**बिलासपुर, 12 सितम्बर।** जिला बिलासपुर में पोषण अभियान के अंतर्गत 16 सितम्बर से 16 अक्टूबर, 2025 तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा। यह जन-आंदोलन विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष पोषण माह की थीम ÷मोटापा घटाने और संतुलित आहार को बढ़ावा देने÷ पर केंद्रित रहेगी। इसके तहत चीनी, नमक और तेल का सीमित सेवन करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही, कुपोषण और अतिपोषण जैसी समस्याओं के बारे में भी लोगों को अवगत कराया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए जन-जागरूकता और व्यवहारिक सुधार गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा सामुदायिक सहभागिता को कार्यक्रम का अहम हिस्सा बनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक बचपन की देखभाल एवं शिक्षा ÷पोषण भी, पढ़ाई भी÷ विशेष अभियान के रूप में मनाया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के लिए कहानी सुनाने, कठपुतली नाटक और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के ज़रिये 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों के प्रारंभिक प्रोत्साहन पर बल दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा, साथ ही सिंगल-यूज़ प्लास्टिक कम करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा और पोषण वाटिकाओं को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इसके अलावा, शिशु एवं छोटे बच्चों की आहार पद्धतियों (ढ्ढङ्घष्टस्न) को अपनाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा वर्करों को प्रशिक्षित किया जाएगा तथा समुदाय स्तर पर परामर्श और प्रदर्शन गतिविधियां आयोजित होंगी।

उन्होंने यह भी बताया कि पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए पोषण चौपाल, पिता-केंद्रित कार्यशालाएं तथा पुरुष अभिभावकों की प्रेरणादायक कहानियों को मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी पोषण माह 2025 को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नुक्कड़ नाटक, रेडियो जिंगल, स्क्रीन पर जनसंदेश, तथा स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों और संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने जिलेवासियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस जागरूकता अभियान का हिस्सा बनें और एक सुपोषित जिला बनाने में सहयोग दें। जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा ने बताया कि गत वर्ष के दौरान पोषण अभियान के अंतर्गत अनेक गतिविधियां सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

शुभारंभ

उप-मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन 2025 का किया शुभारंभ

# सहकारिता भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ : मुकेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज यहां आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन 2025 का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सहकारिता के पुनर्जागरण का उत्सव है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सहकारिता अब एक जनदृआंदोलन का रूप ले चुकी है। इस अवसर पर कॉपरेटिव फेयर और फिनटेक कॉर्पोरेट प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि सहकारिता भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और आने वाले समय में तकनीकी नवाचार इसे और सशक्त बनाएगी।

उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल देश में सहकारिता का जनक है। हिमाचल से जली यह अलख अब पूरे देश में फैल चुकी है। वर्ष 1892 में हिमाचल प्रदेश के पंजावर



में सहकारिता समिति गठित की गई जिसका पंजीकरण वर्ष 1906 में हुआ था। वर्तमान में पंजावर क्षेत्र हरोली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। उन्होंने सहकारिता के जनक मियां हीरा सिंह को याद करते हुए कहा कि सहकारिता क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मान प्रदान करते हुए उन्हीं के नाम पर सहकारिता से संबंधित संस्थान स्थापित किया जा रहा है।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 5544 सहकारी समितियां सक्रिय हैं, जिनमें 2287 कृषि सहकारी समितियां और 10 सहकारी बैंक किसानों व ग्रामीणों की आर्थिक जरूरतें पूरी कर रहे हैं। कॉपरेटिव बैंक में लोगों के 27 से 28 हजार करो? रुपये जमा हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कॉपरेटिव बैंक सराहनीय कार्य कर रहे हैं। कॉपरेटिव बैंकों में लोगों का विश्वास बनाए रखने के दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा कदम उठाए जा रहे हैं। कॉपरेटिव बैंक 6 जिलों का, और कांग?ा कॉपरेटिव बैक 5 जिलों को और जोगिन्द्रा बैंक जिला सोलन का प्रतिनिधित्व कर रहा है। हर हिमाचली का खाता प्रदेश के बैंक में होना चाहिए। प्रदेश सरकार जिम्मेदारी से इनका संचालन सुनिश्चित करेगी। कॉपरेटिव क्षेत्र में हिमाचल उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। कॉपरेटिव समितियों और बैंकों में 60 हजार करोड़ रुपये की जमा पूंजी है।

उन्होंने कहा कि जिला कुल्लू की शॉल और टोपी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है। हरोली में हिमकैप कॉपरेटिव सहकारिता के माध्यम से हिमकैप इस्टीट्यूट स्थापित किया गया है। इस संस्थान में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे हिमाचल का नाम देश और विदेश में रोशन कर रहे हैं। सहकारिता क्षेत्र में प्रदेश की महिलाएं सफल उदाहरण पेश कर रहे हैं। ऊना में हाल ही में 5000 महिलाओं ने स्वां वुमेन फेडरेशन बनाई। महिलाओं की यह समिति कम समय में बेहतरीन कार्य करते हुए अब लगभग 25 करोड़ रूपये तक पहुंच गई है।

उन्होंने यह भी कहा कि सहकारी संस्थाएं आधुनिक तकनीक को अपनाकर डिजिटल पेमेंट से लेकर साइबर सुरक्षा समाधान तक की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन भारत की सहकारिता की यात्रा का एक मील पत्थर साबित होगा। एचपीएससीबी के अध्यक्ष देवेंद्र श्याम द्वारा मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। उन्होंने दो दिवसीय राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी, राष्ट्रीय राज्य सहकारिता बैंक महासंघ लिमिटेड के अध्यक्ष कोंडुरु रविंदर राव, रजिस्ट्रार ऑफ कोपरेटिव सोसायटी डीसी नेगी, हिमफैड के अध्यक्ष महेश्वर सिंह चौहान, राष्ट्रीय राज्य सहकारिता बैंक महासंघ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक भीमा सुब्रह्मण्यम, एआरडीबी के अध्यक्ष संजय चौहान व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को मीडिया क्षेत्र की जानकारी विशेषज्ञता व व्यावहारिक अवसर मिलेंगे

**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में आज "Career Prospects in Media" विषय पर एक ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर राजकीय महाविद्यालय सोलन एवं एम.एस. पवार इंस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिकेशन एंड मैनेजमेंट, सोलन के मध्य मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर भी किए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने अतिथियों एवं वक्ताओं के स्वागत से की। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय कौशल अर्जन का युग है और मास मीडिया में करियर की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। एम.एस. पवार



संस्थान के साथ हुए इस एम.ओ.यू. के बाद दोनों संस्थान मिलकर मीडिया क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों, रिसर्च, पब्लिक रिलेशंस, डिजिटल मीडिया, वीडियो एडिटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, एनीमेशन, फिल्म मेकिंग, सिनेमाटोग्राफी, मल्टीमीडिया, रेडियो जॉकी एवं प्रोडक्शन ट्रेनिंग आदि में ज्ञान एवं विशेषज्ञता का आदान-प्रदान करेंगे। मुख्य वक्ता डॉ. बी.एस. पवार, निदेशक, एम.एस. पवार मीडिया संस्थान ने कहा कि मीडिया क्षेत्र में हर विद्यार्थी के लिए करियर की संभावनाएं हैं।

# एकजुट होकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों का मुंहतोड़ दें जवाब : सैलजा

## बाढ़ पीड़ितों को सरकार सर्वे करवाकर दे उचित मुआवजा

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा है कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है, आज किसान, मजदूर, कामगार, पिछड़ा, दलित हर वर्ग भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से दुखी है, इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाते हुए इस गूंगी बहरी भाजपा सरकार को नींद से जगाने का काम करें और इसका दोहरा चेहरा जनता के समक्ष उजागर करे ताकि आने वाले समय में इस जनविरोधी सरकार को देश व प्रदेश से उखाड़कर फैंका जा सके। कुमारी सैलजा शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी फरीदाबाद के अध्यक्ष बलजीत कौशिक के सेक्टर-9 स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थी।

इससे पहले उन्होंने पूर्व विधायक आनंद कौशिक से मुलाकात कर कुशलक्षेम जानकर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। फरीदाबाद जिला कार्यालय पहुंचने पर



जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कुमारी सैलजा का शॉल ओढ़ाकर तथा बुक्के व मैमोंट भेंट कर स्वागत किया।

कुमारी सैलजा ने कहा कि पंजाब की तरह हरियाणा में भी बाढ़ ने फसलों और लोगों के आशियानों को उजाड़ दिया है, सैकड़ों लोग इस बाढ़ की चपेट में आकर आज सड़क पर आकर जीवन यापन कर रहे है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा सरकार द्वारा बाढ़ पीड़ितों को राहत देने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए और जो कदम उठाए वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। उन्होंने कहा कि फसलों के नुकसान को लेकर भाजपा सरकार ने जो पोर्टल शुरु किया है, उसमें कई प्रकार की खामियां है, जिसके चलते किसानों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा, इसलिए सरकार जमीनी स्तर पर अधिकारियों से सर्वे करवाकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दे और जो लोग इस प्राकृतिक आपदा में बेघर हुए है, उन्हें पुनः बसाने का काम करे। उन्होंने आज फरीदाबाद की स्मार्ट सिटी की चर्चा करते हुए कहा कि कभी एशिया के मानचित्र पर चमकने वाला शहर आज कूड़ा व नरक सिटी बनकर रह गई है, शहर में चारों ओर कूड़े के ढेर पड़े हुए है और नेशनल हाईवे के दोनों ओर भी गंदगी का ही आलम बना हुआ है, पिछले दिनों हुई बरसात में तो हालात इतने बदत्तर हो गए थे कि लोगों को फ्लाईओवर पार करने में दो-दो घण्टे का समय लग गया था।

उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की पोल खोलते हुए कहा कि यह अभियान बरसों से चलाया जा रहा है, परंतु इसके बावजूद फरीदाबाद में साफ-सफाई दूर दूर तक नजर नहीं आती, यह अभियान केवल कागजों तक सिमटा हुआ है। कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा धर्म जाति व वोट चोरी के नाम पर देश को बांटने का काम करती है, जबकि कांग्रेस पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है।

## जलभराव से बिगडे हालातों के लिए सरकार जिम्मेदार

● पृथला में जल त्रास्दी का दंश झेल रहे राकेश तंवर के निवास पर हालातों का जायजा लेने पहुंचीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**पलवल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में हो रहे जलभरव लेकर जो भी हालात बिगड़े है उसके लिए कही न कहीं सरकार जिम्मेदार है क्योंकि वह दावे करती है, अधिकारियों की कोई जवाब देही तय नहीं है, अधिकारियों ने जो कह दिया वहीं सही है। इस बार मौसम विभाग ने पहले चेतावनी दे दी थी और दे रहा है कि ज्यादा बारिश होगी। सरकार ने पहले से ही कोई प्रबंध नहीं किए और न ही मानसून आने से पहले नहरों, नालों और नदियों की सफाई कराई, आज प्रदेश की जनता उसी लापरवाही का दंश झेल रही है।

सांसद सैलजा शनिवार को पृथला में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राकेश तंवर के निवास पर जलभराव की स्थिति को देखने पहुंची थी। इस मौके पर उन्होंने स्वयं नाव पर सवार हो बरसाती पानी से



हुए जलभराव का जायजा भी लिया। बता दें कि पिछले एक माह से कांग्रेस नेता राकेश तंवर जल त्रासदी के शिकार हैं वह अपने ही घर में परिवार सहित मकान की पहली मंजिल पर कैद-सा जीवन जीने को मजबूर हैं। उनके घर के आसपास जन निकासी के अभाव में सैकड़ों एकड़ भूमि पानी में डूब चुकी है। हालत यह है कि खेत ही नहीं, लोगों के घरों में भी कई-कई फुट पानी भर गया है। ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह ठप हो गया है और प्रशासन अब तक आंख मूंदे बैठा है।

## आपदा में बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आए सरपंच सूरजपाल और भूरा



अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित करीब 27 गांवों के लोग अब राहत महसूस कर रहे हैं। बाढ़ के दौरान जहां प्रशासन ने अपनी ओर से राहत कार्य किए, वहीं फरीदाबाद सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल उ? भूरा ने चांदपुर गांव मे अपने निजी खर्चे से बाढ़ पीड़ितों के लिए भोजन, दवाइयां, भजन-कीर्तन व अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई।

शेल्टर होम में ठहरे सभी बाढ़ प्रभावित लोग अब अपने घरों को लौट रहे हैं। जाते समय मजदूरों और ग्रामीणों ने सरपंच सूरजपाल व भूरा का धन्यवाद किया और उन्हें मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया कि उनका विकास दिन-रात दोगुना हो।

सरपंच सूरजपाल ने कहा कि इस मदद में जो भी खर्च हुआ है, उसमें एक भी रुपया सरकारी खजाने से नहीं लिया गया। उन्होंने इसे अपना सामाजिक फर्ज मानते हुए जरूरतमंदों की सहायता की। यह उदाहरण एक बार फिर साबित करता है कि मुश्किल समय में समाज के लोग जब आगे आते हैं, तो हर आपदा को पार किया जा सकता है।

# फरीदाबाद : राष्ट्रीय लोक अदालत में 68,530 मामलों का निपटारा

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**हरियाणा** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं न्यायमूर्ति पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ माननीय लिसा गिल के दिशा निर्देशानुसार हरियाणा प्रांत में प्रत्येक जिले के अंदर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला फरीदाबाद के सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संदीप गर्ग की अध्यक्षता एवं निर्देशानुसार, श्रीमती रितु यादव मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख, में आज जिला अदालत सेक्टर 12, फरीदाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

इस लोक अदालत में 18 बेंच लगाए गए जिनमें श्री पुरुषोत्तम कुमार अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री राजेश कुमार यादव अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमती ज्योति लंबा अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री विनीत



सपरा अतिरिक्त प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट श्री उपेंद्र सिंह मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी निधि जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रगति राणा जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी संचित सिंह जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दीपाली सिंगल जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिज्ञासा शर्मा जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वंदना डिलन जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रजत कुमार कनौजिया न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी वीरेंद्र कुमार न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी रमणीक कौर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी डॉक्टर सारिका न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी पारस चौधरी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रियंका वर्मा जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सौरभ शर्मा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की बेंच बनाई गई जिनमें 104626,केस रखे गए, जिनमें से कुल 68530 केसों का निपटारा/ आपसी सहमति से लोक अदालत द्वारा किया गया।

न्यायिक दंडाधिकारी ने कहा कि लोक अदालत में फैसला होने पर जिसकी सुप्रीम कोर्ट तक कोई अपील नहीं होती कोर्ट फीस वापस हो जाती है तथा केस का फैसला हमेशा हमेशा के लिए हो जाता है जिससे पैसे व समय की बचत होती है तथा आपस में प्यार भाव बना रहता है।

### रेवाड़ी में 8745 केस का निपटारा

अर्थ प्रकाश/धनेश विद्यार्थी

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देश अनुसार एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रेवाड़ी गुरविंदर सिंह वाधवा के संरक्षण में, अमित वर्मा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रेवाड़ी की देखरेख में 13 सितम्बर को जिला न्यायालय रेवाड़ी, उपमंडल न्यायालय बावल तथा उपमंडल न्यायालय कोसली में तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। इस लोक अदालत के माध्यम से कुल 8745 मामलों का दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति के साथ लंबित मामले का निपटान हो गया।

## राष्ट्रीय समूह गान में 23 स्कूलों के छात्रों ने लिया भाग

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**पलवल।** भारत विकास परिषद शाखा पलवल द्वारा दयानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें इलाके के 23 विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया!

कार्यक्रम में फरीदाबाद से चैतन्य शर्मा, डॉ. बलराम व आकांक्षा भाटिया निर्णायक मंडल के सदस्य थे।

कार्यक्रम का उद्घाटन अमन भारद्वाज प्रधान ब्राह्मण सभा पलवल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारद्वाज ने कहा कि भारत विकास परिषद देश ही नहीं अपितु पूरे विश्व के बच्चों में संस्कार के कार्यक्रमों के द्वारा नींव रखने का काम करती है जिससे व्यक्ति में देश और समाज के प्रति राष्ट्र भक्ति की भावना उत्पन्न होती है। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक मंगला पूर्व विधायक



पलवल ने किया! देश भक्ति के तराने का एक कार्यक्रम शाखा स्तर, प्रांत स्तर, क्षेत्र और अखिल भारतीय स्तर पर होता है।

कार्यक्रम में एसपीएस स्कूल की टीम प्रथम स्थान पर रही जबकि धर्म पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान पर और बीपीएस स्कूल तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर दीपक मंगला ने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की और इस तरह के कार्यक्रमों को संस्कार के बीजारोपन का नाम दिया। कार्यक्रम में प्रांतीय गतिविधि संस्कार प्रमुख सतीश कौशिक शाखा अध्यक्ष, रवि दत्त भारद्वाज, सचिव राहुल गर्ग, पूर्व क्षेत्रीय अधिकारी अनिल मोहन मंगला, महिला संयोजीका सुनीता जिंदल, पूर्व क्षेत्रीय संयोजीका शशि मंगला, कोषाध्यक्ष राजेंद्र बंसल स्वतंत्र गोयल जिला समन्वय भगवत स्वरूप शिमला उपस्थित थे!

शाखा के अन्य सदस्य सुनील दत्त, नागिया , पुनीत भारद्वाज , गुलशन गोयल , राजन गुप्ता , ब्रज मोहन तायल , देवेन्द्र गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित रहे !

## बाल भवन में हिंदी-दिवस पर काव्य गोष्ठी आज

**रेवाड़ी।** रविवार को राष्ट्रीय कवि संगम, रेवाड़ी के तत्वावधान में बाबू बालमुकुंद गुप्त स्मृति सप्ताह तथा हिंदी-दिवस के संयुक्त अवसर पर काव्य-गोष्ठी आयोजित की जाएगी। उक्त संस्था के जिलाध्यक्ष मुकुट अग्रवाल% भावुक% ने बताया कि स्थानीय बाल भवन में सुबह 10 बजे आयोजित होने वाली इस काव्य-गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ-साहित्यकार प्रो. रमेश चंद्र शर्मा करेंगे जबकि इसके मुख्य वक्ता बाबू बालमुकुंद गुप्त पत्रकारिता एवं साहित्य संरक्षण परिषद के महासचिव एवं लेखक सत्यवीर नाहड़िया होंगे।

संगम के महासचिव अरुण गुप्ता अजेय ने बताया कि इस गोष्ठी में कवि एहमना भारद्वाज, राजेश भुलक्कड़, तेजभान कुकरेजा, यतिन चारण, प्रेमपाल अनपढ़, अरविंद भारद्वाज, डॉ. त्रिलोक फतेहपुरी, दलबीर फूल, सैनिक शत्रुघ्न, सुनील गुप्ता धीर, कुमार विकाश, डॉ. सुधा यादव, शिखा सिंघल, अभिलाषा नामदेव अपनी रचनाएं पढ़ेंगे।

# बीजेपी सरकार में बीमा कंपनियां अन्नदाता को सरेआम लूट रही हैं : ओंकार सिंह

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

**अम्बाला छावनी।** इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने बाढ़ के पश्चात किसानों की बदतर स्थिति पर बोलते हुए कहा कि हरियाणा में बारिश और बाढ़ के कारण प्रदेश के किसानों की लगभग 19 लाख एकड़ फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है।

बीमा प्रीमियम कटवाने के बावजूद भी 12 जिलों में बीमा कंपनियों ने जलभराव के कारण खराब हुई धान की फसल पर जलभराव का नियम लागू न होने का हवाला देते हुए मुआवजा देने से इंकार कर दिया है। बीजेपी सरकार बीमा कंपनियों से मिली हुई है इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कि किसान धान की फसल बर्बादी का आवेदन क्षतिपूर्ति पोर्टल पर भी नहीं कर सकते हैं। जब इसका कारण जाना तो पता चला कि जिन किसानों ने



फसल बीमा करवाया है उनकी फसल खराबी की शिकायत के आवेदन पोर्टल स्वीकार ही नहीं कर रहा है। बीमा कंपनियां अन्नदाता को सरेआम लूट रही है। हर साल का यही हाल है किसानों की जेब से हजारों करोड़ रूपए फसल बीमा के नाम पर लिए जाते हैं लेकिन जब फसल खराब होती है तो नियमों का बहाना बना कर मुआवजा देने से इंकार कर दिया जाता है। बीजेपी सरकार में अन्नदाता को चौतरफा मार पड़ी है। न तो सरकार किसानों को उसकी बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दे रही है, न बीमा कंपनियां किसानों को खराब फसल का पैसा दे रही हैं, न ही किसानों को समय पर खाद मिलता अगर मिलता है और ब्लैक में महंगा खरीदना पड़ता है, खाद के साथ किसानों को गैर जरूरी तरल यूरिया व अन्य सामान खरीदने पर मजबूर किया जाता है, सरकारी तंत्र मिलीभगत करके किसानों को मंडियों में लूटता है, सरकारी संरक्षण में किसानों को सरेआम नकली खाद बीज बेचा जाता है। उन्होंने सरकार से अपील की कि किसानों की मौजूदा स्थिति देखते हुए उन्हें तुरंत 70000 रुपए पर प्रति एकड़ का मुआवजा दिया जाए और जमीनों में खड़ा पानी निकल गया था कि अगली फसल की तैयारी हो सके।

## दो किलो 800 ग्राम गांजा सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने शुक्रवार शाम को समालखा बस अड्डे के बाहर एक नशा तस्कर को 2 किलो 800 ग्राम गांजे सहित गिरफ्तार किया है। पक? गए नशा तस्कर आरोपी की पहचान किशनपुरा निवासी सुशील के रूप में हुई है।

एंटी नारकोक्टिस सेल प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि शुक्रवार शाम को उनकी एक टीम गश्त के दौरान समालखा में भापरा मोड़ पर थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली कि संदिग्ध किस्म का एक युवक पीठू बैग लेकर समालखा बस अड्डे के बाहर किसी के इंतजार में ख?ा है। युवक के पास बैग में मादक पदार्थ होने की संभावना है।

सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंची। बस अड्डे के बाहर बैग लिए ख?ा युवक पुलिस टीम को देखकर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू किया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान सुशील पुत्र तेजपाल निवासी खन्ना रोड किशनपुरा के रूप में बताई।

पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ सतपाल की मौजूदगी में युवक के बैग की तलाशी ली तो अंदर एक प्लास्टिक पन्नी से गांजा नशीला पदार्थ बरामद हुआ। बरामद गांजा का वजन करने पर 2 किलो 800 ग्राम पाया गया।

प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उक्त गांजा वह दिल्ली में एक व्यक्ति से कम कीमत पर खरीदकर पानीपत व समालखा आसपास के क्षेत्र में बेचने के लिए लेकर आया था।

## सामाजिक सहयोग संस्थाओं का प्रमुख चरित्र : राजेश

लायंस क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल की चैरिटी की मंत्री राजेश नागर ने की प्रशंसा

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** लायंस क्लब फरीदाबाद सेंट्रल द्वारा बसंतपुर में बाढ़ पीड़ितों के लिए खाद्य पदार्थ वितरण किए और बडौली गांव के सरकारी स्कूल के लिए दो वाटर कूलर दान दिए। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर विशेष रूप से मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि संस्थाओं को सामाजिक योगदान करना ही चाहिए क्योंकि यही उनका मूल चरित्र है। उन्होंने लायंस क्लब की उनके सामाजिक सरोकारों के लिए धन्यवाद किया। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि सरकार के निर्देश पर प्रशासन बाढ़ प्रभावितों में निरंतर कार्य कर रहे हैं। किसानों के नुकसान का निरंकार आंकलन किया जा रहा है। कैंपों में सभी



प्रकार की दवाई और भोजन की निरन्तर व्यवस्था की जा रही है। लेकिन जनहित के कार्यों के लिए सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग आवश्यक है। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े में सहयोग करें। गौरतलब है कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन और 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती होती है।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन ओंकार सिंह रेणु, लायन एनके गुप्ता, योगेश गुप्ता, राहुल सिंघल, सीएल जैन, अजय शर्मा, संदीप गोयल आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## हथियार तस्करी में सप्लायर गिरफ्तार, हत्या का प्रयास व स्नैचिंग का मामला पहले से दर्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** क्राइम ब्रांच-19 की टीम ने अवैध हथियार तस्करी मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विकाश उर्फ काशी निवासी गांव गोगपुर जिला कुरुक्षेत्र के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को 12 सितंबर को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है, जिसके दौरान उससे गहन पूछताछ की जा रही है।

एसीपी क्राइम ने जानकारी दी कि इससे पहले 28 अगस्त को क्राइम ब्रांच-19 की टीम ने इंचार्ज प्रीतम सिंह की अगुवाई में गश्त के दौरान आरोपी बन्टी पुत्र स्वर्गीय ओमप्रकाश निवासी गांव नटवाल जिला पंचकूला को गिरफ्तार किया था। उस समय पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल बरामद की थी। आरोपी बन्टी को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने सप्लायर का खुलासा किया था। बाद में उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विकाश के खिलाफ पहले से ही कुरुक्षेत्र जिले में हत्या के प्रयास और स्नैचिंग के मामले दर्ज हैं। वर्तमान में आरोपी से पूछताछ जारी है, ताकि हथियार सप्लाई नेटवर्क और अन्य सहयोगियों तक पहुंचा जा सके। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना रायपुर रानी में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच एएसआई करमजीत द्वारा की जा रही है।

संस्कार — शेषावतार भगवान लक्ष्मण की स्थली पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

# श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया भगवान वामन अवतार का प्रसंग

अर्थ प्रकाश/दिनकर गावड़ी

**हांसी।** सिसाय पुल स्थित शेषावतार भगवान लक्ष्मण की पावन स्थली तीर्थ स्थान मंदिर श्री लक्ष्मण चौतरा में पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को कथा के तीसरे दिन कथावाचक पंडित त्रिलोकी नाथ पराशर ने भक्तों को भगवान वामन अवतार व समुद्र मंथन का प्रसंग सुनाया। इस दौरान भगवान वामन की झांकी भी दिखाई गई।

पंडित त्रिलोकीनाथ पराशर ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है। हमें भागवत कथा सुनने के साथ साथ उसकी शिक्षाओं पर भी



*संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में झूमते श्रद्धालु।*

अमल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ और अंहकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह धन संपदा क्षण भंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करों। इस दौरान मंदिर के सरपरस्त बक्शी लाल ठकराल, दिनेश मल्होत्रा, जगदीश सैनी, नंद किशोर खेतरपाल, पंडित गौतम उपाध्याय, सतीश खुराना, सुनील तागरा व अन्य श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही होती है ईश्वर की प्राप्ति

कथा में बताया कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। भगवान सूर्य बिना किसी भेदभाव के सृष्टि के सभी प्राणियों को अपना प्रकाश देते हैं। वायु सभी जीवों में प्राणों का संचार करती है। बादल परोपकार के लिए गरजते हुए वर्षा करते है, नदियां किसी से नहीं पूछती कि तुम मेरा जल क्यों पीते हो और वृक्ष भी किसी व्यक्ति से यह नहीं पूछते कि तुम मेरे फल क्यों तोड़ते हो। यदि हम अपना उद्धार करना चाहते हैं तो परोपकार में अपना जीवन लगाएं, जिससे कल्याण होगा।

## जयराम कन्या महाविद्यालय में टैलेंट शो का सफल आयोजन

**कुरुक्षेत्र, 13 सितम्बर।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय टैलेंट शो का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने गायन, वादन, नृत्य, कविता पाठ, भाषण, मोनो एक्टिंग, पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता,रंगोली इत्यादि विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ।




# लोगों के मोबिक्विक वॉलेट में अचानक करोड़ों की एंट्री व्यापारियों को 50 प्रतिशत कमीशन देकर कराया कैश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नूंह, 13 सितंबर।** हरियाणा के नूंह जिले में गुरुवार की देर रात डिजिटल पेमेंट एप मोबिक्विक में बड़ी गड़बड़ी देखने को मिली। कई यूजर्स के वॉलेट में अचानक लाखोंङ्ककरोड़ों रुपए दिखाई देने लगे। बिना किसी लेन-देन के खाते में रकम आने से लोग हैरान रह गए और इसका फायदा उठाने के लिए कुछ लोग तुरंत बाजार की ओर निकल पड़े।

सूत्रों के अनुसार, कई यूजर्स ने दुकानदारों और पेट्रोल पंप संचालकों को 40-50 प्रतिशत तक का कमीशन ऑफर कर नकद ले लिया। इस दौरान नूंह के एक मेडिकल व्यापारी सुरेंद्र के वॉलेट में अचानक रुपये 1.13 करोड़ शो होने लगे। वहीं दो अन्य खातों में करीब साढ़े सात लाख रुपए और गांव मरोड़ा के जलेबी विक्रेता के वॉलेट में रुपये 24 लाख तक दिखाई दिए।

रात करीब तीन बजे से यह गड़बड़ी शुरू हुई और सुबह आठ बजे तक लेन-देन का सिलसिला चलता रहा। लोग धड़ाधड़ ट्रांजेक्शन कर नकद निकालते रहे। लेकिन सुबह जब व्यापारियों ने रकम को अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करने का प्रयास किया तो सभी ट्रांजैक्शन फेल हो गए। इसके बाद हड़कंप मच गया और मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर और आईटी टीम को जांच में लगाया। नूंह एएसपी आयुष यादव ने कहा कि यह एक गंभीर साइबर फ्रॉड है। उन्होंने बताया कि फ्रॉड करने वाले लोग दुकानदारों को झांसा देकर उनके मोबिक्विक वॉलेट में नकली क्रेडिट दिखाते हैं। वॉलेट में तो पैसा क्रेडिट हो जाता है और यहां तक कि एप से जुड़ा साउंड बॉक्स भी 'पेमेंट सक्सेसफुल' की आवाज देता है, लेकिन यह रकम कभी बैंक खाते में ट्रांसफर नहीं होती।

एएसपी ने एडवाइजरी जारी कर लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में ऐसे लेन-देन को स्वीकार न करें और न ही लालच में आकर नकद दें। फिलहाल पुलिस के पास नूंह और पलवल से कई शिकायतें पहुंच चुकी हैं।

उदाहरण के तौर पर होडल क्षेत्र के एक दुकानदार ने बताया कि दो युवक उसके यहां आए और तीन पंखे खरीदे। उन्होंने मोबिक्विक वॉलेट से रुपये 5,000 ट्रांसफर करने का दावा किया और कैश व सामान लेकर चले गए, लेकिन बाद में वह रकम अकाउंट में कभी नहीं आई।

पुलिस ने मोबिक्विक कंपनी से भी संपर्क साधा है और यह जानने की कोशिश कर रही है कि गड़बड़ी कैसे हुई और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं।

एएसपी ने साफ कहा है कि यह पूरा मामला फ्रॉड है और यदि किसी के वॉलेट में इस तरह की रकम दिखाई दे तो तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में शिकायत करें।

फिलहाल, पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा होने की उम्मीद जताई है।

# फ्लाईओवर के नीचे ब्यूटीफिकेशन पर पोस्टरों का दाग, एनएचएआई करेगा सख्त एक्शन

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 13 सितंबर।** शहर को सुंदर बनाने के लिए फ्लाईओवर के नीचे ब्यूटीफिकेशन का काम चल रहा है, लेकिन कुछ लोगों की लापरवाही और नियमों की अनदेखी इस मेहनत को बिगाड़ रही है। हाल ही में फ्लाईओवर के पिलरों पर दोबारा पोस्टर चिपकाए गए हैं, जिससे पूरा सौंदर्यकरण खराब हो रहा है।

एनएचएआई द्वारा फ्लाईओवर के नीचे रंग-रोगन, पेंटिंग और हरियाली के जरिए आकर्षक माहौल बनाने का काम किया गया था। इसके बावजूद कुछ लोग विज्ञापन और प्रचार के लिए अवैध तरीके से पिलरों पर पोस्टर चिपका रहे हैं। इससे न केवल सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि सरकारी खर्च से किए जा रहे सौंदर्यीकरण की खूबसूरती भी फीकी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फ्लाईओवर के नीचे बनी रंग-बिरंगी दीवारें और पेंटिंग अब पोस्टरों की वजह से गंदी और बदरंग दिख रही हैं। कई जगहों पर तो पुराने पोस्टर हटाने के बाद दाग-धब्बे रह जाते हैं, जिन्हें दोबारा साफ़ करना मुश्किल हो जाता है।

> ब्यूटीफिकेशन को नुकसान पहुंचाने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जल्द ही ऐसे पोस्टरों को हटाने का अभियान चलाएंगे और बार-बार नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करेंगे।
>
> **राहुल सोखल, मैनेजर एनएचएआई**

एनएचएआई अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अब ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पिलरों पर पोस्टर चिपकाने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा और संबंधित कानून के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। अधिकारियों ने अपील की है कि लोग शहर को सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें और बिना अनुमति के कहीं भी पोस्टर न लगाएं।

# एमएसडीएम स्कूल में ड्रॉप परियोजना से पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 13 सितंबर।** इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन (आईपीसीए) ने किया इंडिया प्रा. लि. के सहयोग से शनिवार को एम.एस.डी.एम स्कूल, ज़रिकपुर में ड्रॉप परियोजना के तहत पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अभियान में सौ से अधिक छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साह से भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता निरीक्षक रंजीत कुमार और नगर पार्षद नवतेज नवी (वार्ड 30) की विशेष उपस्थिति में हुई।

आईपीसीए के वरिष्ठ परियोजना कार्यकारी शुभम दिवाकर ने छात्रों को ड्रॉप पात्र और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के महत्व के बारे में जानकारी दी। वहीं परियोजना समन्वयक हरप्रीत सिंह ने कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में रखने और उसके लाभों पर विस्तार से चर्चा की।

मंच पर मंथन कला दल ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर बच्चों को स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के प्रति प्रेरित किया। इसके बाद आईपीसीए द्वारा संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए, जिसमें छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई प्रश्न पूछे और समाधान भी साझा किए। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को ड्रॉप थैला और जागरूकता पुस्तिकाएं वितरित की गई ताकि यह संदेश पूरे समुदाय तक पहुँचे।

स्वच्छता निरीक्षक रंजीत कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ज़रिकपुर की सफाई व्यवस्था में आईपीसीए और ड्रॉप परियोजना का योगदान सराहनीय है। नगर पार्षद नवतेज नवी ने भी भविष्य में ऐसे पर्यावरणीय प्रयासों को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और स्थानीय समुदाय को प्लास्टिक कचरे के पृथक्करण और पुनर्चक्रण के लिए जागरूक करना था, ताकि ज़रिकपुर को स्वच्छ और हरित नगर बनाने में सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

# बुजुर्ग का पर्स चोरी मामला सुलझा, इंदिरा कॉलोनी के 2 शातिर चोर गिरफ्तार

**वारदात में इस्तेमाल बाइक, 8500 कैश बरामद**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 13 सितंबर।** सेक्टर-9/10 और 11/15 चौक के बीच एक बुजुर्ग व्यक्ति को बातो में उलझाकर पर्स चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के अनुसार 9 जून को पीड़ित बुजुर्ग द्वारा पुलिस चौकी 10 में शिकायत दर्ज करवाई गई, जिसके बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और गहन जांच की। घटना को लेकर थाना सेक्टर-14 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

12 सितंबर को क्राइम ब्रांच-19 के प्रभारी प्रीतम सिंह की टीम को गुप्त सूचना मिली कि दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर सेक्टर-16 स्थित न्यू लेबर चौक की ओर आ रहे हैं। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों संदिग्धों को रोककर पूछताछ की और मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोविंदा पुत्र महीपाल और मनीष कुमार पुत्र रामसुंदर के रूप में हुई है, जो दोनों पंचकूला की इंदिरा कॉलोनी के रहने वाले हैं। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी गोविंदा के खिलाफ पूर्व में नशा तस्करी का एक मामला दर्ज है।

डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल, 8,500 रुपये नकद और जरूरी दस्तावेज बरामद किए हैं। मामले की आगे की जांच मुख्य सिपाही सुनील कुमार द्वारा की जा रही है। बरामदगी के उपरांत दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।




**पेज एक का शेष**

# 10 दिनों में मलबे से मुक्त होंगे बाढ़ प्रभावित गांव....

इसी तरह, उन्होंने कहा कि 22 अक्टूबर तक तालाबों की सफाई का काम पूरा कर लिया जाएगा, जिसके लिए सरकार ने पहले ही सभी जरूरी व्यवस्थाएं कर ली हैं। भगवंत सिंह मान ने जिस तरह सभी ने एकजुट होकर इस प्राकृतिक आपदा के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, उसी तरह इस नेक कार्य में भी गैर-सरकारी संगठनों, युवा क्लबों और अन्य संगठनों से सहयोग की अपील की।

**गांवों में फॉगिंग और सफाई का खर्च सरकार देगी:** मुख्यमंत्री ने आशंका जताई कि बाढ़ के दौरान कई जानवरों की मृत्यु हो गई है, इसलिए ये टीमें इन पशुओं का उचित निपटारा करेंगी। इसके बाद प्रत्येक गांव में सफाई और फॉगिंग की जाएगी ताकि बीमारियों के फैलाव को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस पूरे अभियान के लिए 100 करोड़ रुपए का फंड रखा है, जिसमें से प्रत्येक प्रभावित गांव को शुरुआती फंड के रूप में एक लाख रुपए जारी किए जा रहे हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस फंड से अन्य जरूरतें भी पूरी की जाएंगी और सफाई का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

## हिमाचल प्रदेश के गांव गुतराहन में बादल फटा... कई वाहन मलबे की चपेट में आकर दबे

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला के नैना देवी विधानसभा क्षेत्र की उप तहसील के तहत आने वाले गांव गुतराहन में शनिवार सुबह बादल फटने से भारी तबाही हुई। इस दौरान कई वाहन मलबे की चपेट में आकर दब गए और सड़कों को भी भारी नुकसान हुआ। लेकिन गनीमत ये रही कि इस प्राकृतिक आपदा में किसी तरह की जानहानि का नुकसान नहीं हुआ, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। प्रभावित ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द मौके पर पहुंचकर स्थिति का आकलन करे और पीड़ितों को उचित मुआवजा मिले। वहीं, दूसरी ओर मंडी जिले के धर्मपुर में सपड़ी रोह गांव में सुबह 4 बजे लैंडस्लाइड हुई, जिसकी वजह से कई घर मलबे से घिर गए हैं। बता दें कि हिमाचल के कई जिलों में अब मौसम फिर से बिगड़ने लगा है। इसके बाद अब कई स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने की भी संभावना जाहिर की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के द्वारा 13 और 14 सितंबर को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर यूपी में 15 लाख से अधिक पौधे रोपित किए जाएंगे

लखनऊ (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार एक और बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान शुरू करेगी, इसके तहत 15 लाख से अधिक पौधे रोपित किए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक, सेवा पर्व पहल के तहत, 17 से 2 अक्टूबर के बीच राज्य भर में 15 लाख से ज़्यादा पौधे लगाए जाएँगे। यह पहल 9 अगस्त को राज्य के रिकॉर्ड तोड़ वृक्षारोपण अभियान के बाद की जा रही है, जब सिर्फ 12 घंटों में 37.21 करोड़ पौधे लगाए गए थे। हालांकि, सेवा पर्व के दौरान वृक्षारोपण एक राष्ट्रव्यापी अभियान होगा, जो केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पहल पर चलाया जाएगा, ताकि नागरिकों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया जा सके और एक व्यापक सहभागी आंदोलन बनाया जा सके। अभियान के शुभारंभ पर, राज्य में अब तक स्थापित 34 नगर वनों (शहरी वनों) में कम से कम 100 पौधे लगाए जाएँगे। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ए.के. सक्सेना ने अभियान के बारे में बताया कि, पारिस्थितिक लचीलेपन के लिए स्थानीय और देशी प्रजातियों के पेड़ लगाए जाने चाहिए। अभियान के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए प्रत्येक जिले में एक डीएफओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## पीलीभीत मेडिकल कॉलेज में आवारा कुत्ता मृत नवजात के शव को उठाकर भागा

पीलीभीत (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत मेडिकल कॉलेज में अस्पताल परिसर में एक आवारा कुत्ता मृत नवजात के शव को उठाकर भाग गया। खाग सराय गांव के अजय की पत्नी रेशमा (25) को प्रसव पीड़ा के चलते महिला अस्पताल में भर्ती किया गया था। शल्य चिकित्सा के बीच प्रसूता ने बच्चे को जन्म दिया। चिकित्सकों के अनुसार पैदा हुआ नवजात मृत अवस्था में होने के कारण अस्पताल प्रशासन ने परिजनों को उसका शव सौंप दिया। गुरुवार की रात नौ बजे करीब परिजन बच्चे का शव लेकर अस्पताल के बाहर स्थित पार्क की बेंच पर बैठे थे। इस बीच एक आवारा कुत्ता बेंच पर रखे नवजात के शव को मुंह में दबाकर भाग गया। परिजन और उपस्थित लोग कुत्ते का पीछा करने लगे। लगभग 100 मीटर दूर कुत्ता शव को झाड़ियों में छोड़कर भाग गया। महिला चिकित्सालय अधीक्षक ने घटना की पुष्टि कर बताया घटना के लिए चिकित्सालय कर्मी या अधिकारी दोषी नहीं है। उन्होंने कहा कि नवजात का शव प्रसूता की मां चमेली देवी को विधिवत सौंपा गया था। परिजन शिशु को बाहर पार्क में गए थे। यह घटना उनकी लापरवाही से हुई है। इसके लिए अस्पताल के स्टाफ को दोषी नहीं मान सकते है। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य संगीता अनेजा ने घटना पर कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## लव जिहाद के आरोपियों के घर पर चला बुलडोजर, भारी संख्या में पुलिस बल रह तैनात

भोपाल (एजेंसी)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में टीआईटी कॉलेज की छात्राओं से दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के दबाव का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। आरोपियों के अवैध निर्माण पर प्रशासन ने बुलडोजर की कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला कोर्ट से स्टे न मिलने के बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। एसडीएम भी वहां पहुंची। प्रशासन का कहना है कि आरोपियों के घर सरकारी ज़मीन पर बने हैं इसलिए बुलडोजर चलाने के पहले मकानों को चारों ओर से पुलिस ने बैरिकेड लगा दिए हैं। मौके पर 500 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात हैं। इस मामले में आरोपी बनाए गए युवक फरहान, साद और साहिल ने गिरोह बनाकर टीआईटी कॉलेज की छात्राओं से पहले दोस्ती की, फिर उनके साथ दुष्कर्म किया। छात्राओं के अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया गया और धर्म परिवर्तन कर दबाव बनाया। इतना ही नहीं, इन लड़कियों से अन्य छात्राओं को भी गिरोह में फंसाने के लिए मजबूर किया जाता था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक पहुंचा और आयोग की टीम को भोपाल आना पड़ा। अब जिला प्रशासन की यह कार्रवाई सरकार की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी का हिस्सा मानी जा रही है। स्थानीय लोगों की भीड़ प्रशासनिक अमले के साथ घटनास्थल पर मौजूद है। मौके पर मीडिया और फोटोग्राफरों का जमावड़ा है। अधिकारियों का कहना है कि कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

## अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग में भाजपा नेता संग तीन को भेजा जेल

आगरा (एजेंसी)। टीपी नगर (हरीपर्वत) स्थित जैन होटल में युवक का युवती के साथ अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग के मामले में न्यू आगरा पुलिस ने तीन और को जेल भेजा है। आरोपियों में भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा का पूर्व पदाधिकारी भी शामिल है। युवक से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी जा रही थी।

# आरएसएस से रिश्ते को मजबूत करने में जुटे पीएम मोदी और अमित शाह



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच रिश्तों को लेकर कई आशंकाएं जताई गई हैं कि इन दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं है। मतलब साफ है कि तल्खी भरे रिश्तों की चर्चा होती रही है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव बार-बार टालना। हालांकि अब परिस्थिति बदलती नजर आने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से अपने संबोधन के दौरान आरएसएस की प्रशंसा की थी। 11 वर्षों में पहली बार लाल किले से संघ की जिक्र हुआ था। प्रधानमंत्री ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के जन्मदिन पर देश के विभिन्न अखबारों में लेख में उनकी खुलकर प्रशंसा की। वहीं, हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा कि आरएसएस से जुड़ा होना कोई माइनस पॉइंट नहीं है। भाजपा के दोनों शीर्ष नेताओं के बयान इस बात संकेत देते हैं कि बीजेपी अपने वैचारिक मूल संगठन से सहज रिश्तों को लेकर तस्वीर साफ करना चाहती है और लोगों में एक सकारात्मक संदेश देने की कोशिश कर रही है।

15 अगस्त को मोदी ने लाल किले से कहा, 100 वर्षों की राष्ट्र सेवा आरएसएस का गौरवशाली अध्याय है। संघ विश्व का सबसे बड़ा एनजीओ है, जिसने सेवा, समर्पण और अनुशासन की मिसाल पेश की है। इससे पहले अमित शाह ने 30 जुलाई को संसद में कहा, हिंदू आतंकवादी नहीं हो सकता है। वहीं, 22 अगस्त को कोच्चि में मणोरमा कॉन्क्लेव में शाह ने कहा, मैं स्वयंसेवक हूं और जब तक भारत महान नहीं बनता हमें विश्राम का अधिकार नहीं है। इसके बाद 26 अगस्त को शाह ने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'RSS से जुड़ा होना कोई माइनस पॉइंट नहीं है।

वहीं जानकारों का मानना है कि बीजेपी अब अपने वैचारिक परिवार के साथ दूरी की अटकलों को खत्म करना चाहती है। एक रिपोर्ट में वरिष्ठ बीजेपी नेता के हवाले से कहा, आरएसएस और भाजपा अलग नहीं हैं। दोनों का लक्ष्य एक ही है। हाल की टिप्पणियां यह संदेश कार्यकर्ताओं तक पहुंचाने के लिए हैं। एक संघ नेता ने भी कहा, परिवार में मतभेद होते हैं। सत्ता का स्वभाव कभी-कभी नेताओं को असंवेदनशील बना देता है। ऐसे समय हम उन्हें याद दिलाते हैं कि व्यक्ति सुई है और विचारधारा धागा।

इसकी शुरुआत 2024 में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के उस बयान से होती है जब उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि भाजपा को अब आरएसएस पर पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है। भाजपा अध्यक्ष के इस बयान ने आरएसएस के कान खड़े कर दिए। इसके बाद से दोनों संगठनों के बीच रिश्ते थोड़े से असहज हुए। चुनाव विश्लेषकों का मानना है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिलने के पीछे आरएसएस की अनिच्छा भी एक कारण है। मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि सच्चा सेवक अहंकार रहित होता है। उनका यह बयान भाजपा के लिए एक संदेश की तरह था। हालांकि बाद में रिश्ते को पटरी पर लाने की कोशिश की गई है। इसके बाद महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनाव हुए। बीजेपी ने शानदार जीत दर्ज की। सियासी पंडितों ने इसे आरएसएस की प्रबंधन नीति का नतीजा बताया। संघ प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने किसी भी तनाव से इनकार करते हुए कहा कि यह परिवार का मामला है।

## नई पीढ़ी को फिल्म द बंगाल फाइल्स देखनी चाहिए : केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह

**बेगूसराय (एजेंसी)।** (ईएमएस)। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बेगूसराय में द बंगाल फाइल्स फिल्म देखने के बाद कहा कि यह फिल्म आजादी के बाद की पीढ़ी के लिए एक जरूरी दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में भारत के बंटवारे का सच दर्शाया गया है, जिसे नई पीढ़ी को जरूर देखना चाहिए। गिरिराज सिंह ने जोर देकर कहा कि यह फिल्म न सिर्फ ऐतिहासिक तथ्यों को उजागर करती है, बल्कि वर्तमान बंगाल के हालात को समझने के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, जो आजादी के बाद की पीढ़ी है, जिसने बंटवारे को नहीं देखा, उनके लिए द बंगाल फाइल्स बंटवारे का सच दिखाती है। यह फिल्म हर किसी को, खासकर युवा वर्ग को देखनी चाहिए। इसमें गांधी जी की भूमिका को भी अपने-अपने नजरिए से देखा जा सकता है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फिल्म देखने के बाद ऐसा लगता है कि बंगाल में मौजूदा हालात को देखते हुए लोगों की जरूरत फिर से महसूस हो रही है, जो समाज को बचाने के लिए खड़े हुए थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस फिल्म से कोई भी मुंह नहीं छिपा सकता, क्योंकि यह आधी आजादी के सच को सामने लाती है। विपक्ष द्वारा द बंगाल फाइल्स पर सवाल उठाए जाने के बारे में पूछे गए सवाल पर गिरिराज सिंह ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा, क्या इतिहास के पन्नों को झुठलाया जा सकता है? क्या सोहराबुद्दीन और पुलिस की घटनाएं इतिहास में दर्ज नहीं हैं? इस फिल्म में एक संदेश भी है कि अगर तुम बांटोगे, तो काटे जाओगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह फिल्म ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वहीं, मौलवियों द्वारा राजनीतिक फतवे जारी करने के सवाल पर गिरिराज सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, अगर मस्जिदों से मौलवी राजनीतिक फतवे जारी करेंगे तो हम मंदिरों से अपनी हुंकार भरेंगे। हुंकार का मतलब हुंकार होता है।

## मोदी का मणिपुर दौरा जमीनी हकीकत से ज्यादा प्रधानमंत्री की 'छवि' पर केंद्रित: गौरव गोगोई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर का दौरा करने में ÷दो साल की देरी÷ के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर शनिवार को निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री की यह यात्रा राज्य की जमीनी हकीकत के बजाय उनकी छवि पर अधिक केंद्रित है।

गोगोई ने कहा कि मई 2023 में जब मणिपुर में जातीय हिंसा भड़की थी, तब मोदी का दौरा राज्य में शांति बहाली की दिशा में पहला कदम होना चाहिए था। मणिपुर में मेइती और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा में अब तक कम से कम 260 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। विपक्षी दल राज्य का दौरा न करने के लिए प्रधानमंत्री की लगातार आलोचना कर रहे थे।

गोगोई ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी का दो साल पहले मणिपुर का दौरा करना राज्य में शांति बहाली और स्थिति सुधारने के सफर में पहला कदम होना चाहिए था।'

उन्होंने लिखा, 'अब दो साल की देरी के बाद, उनकी यात्रा मुख्य रूप से पूर्वोत्तर की भावनाओं का सम्मान करने के लिए होनी चाहिए। लेकिन, रुख बिल्कुल असंवेदनशील है और यात्रा जमीनी हकीकत के बजाय प्रधानमंत्री की छवि पर केंद्रित है।'

मोदी ने कुकी-जो बहुल चूड़ाचांदपुर और मेइती समुदाय का गढ़ कहलाने वाले इंफाल की अपनी यात्रा के दौरान दोनों जगहों पर आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से मुलाकात की। उन्होंने दोनों शहरों में जनसभाओं को भी संबोधित किया और राज्य के लिए 8,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की घोषणा की।

## राजनीतिक ज़मीन खोने के बाद से कुछ भी बोलने लगी हैं महबूबा मुफ्ती, ताजा बयानबाज़ी से बढ़ सकता है विवाद

**श्रीनगर(एजेंसी)।** महबूबा मुफ्ती एक बार फिर कश्मीर के सवाल पर ऐसी बयानबाज़ी कर रही हैं, जिससे शांति और स्थिरता की कोशिशों को ठेस पहुँच सकती है। उन्होंने डोडा के विधायक मेहराज मलिक की PSA (जन सुरक्षा अधिनियम) के तहत हुई गिरफ्तारी को 'लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला' बताते हुए सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका यह कहना कि 'लोकतंत्र में ऐसे मामलों का समाधान केवल सदन में बहस और प्रस्ताव से होना चाहिए' न केवल आधा सच है बल्कि वास्तविकताओं से भी परे है।

हम आपको बता दें कि जन सुरक्षा अधिनियम (PSA) का उपयोग केवल तभी किया जाता है जब व्यक्ति की गतिविधियाँ कानून-व्यवस्था या शांति-व्यवस्था के लिए ख़तरा मानी जाती हैं। यदि एक निर्वाचित प्रतिनिधि भी ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है, तो उस पर कार्रवाई करना पूरी तरह वैधानिक और आवश्यक है। लोकतंत्र का अर्थ अराजकता की छूट नहीं होता, बल्कि कानून के दायरे में रहकर जनता की सेवा करना होता है।

महबूबा मुफ्ती यह भलीभाँति जानती हैं कि कश्मीर में हिंसक राजनीति और अलगाववादी गतिविधियों को हवा देने वाले तत्वों पर समय-समय पर कड़ा रुख अपनाना पड़ा है। जब वह खुद सत्ता में थीं, तब भी PSA के तहत गिरफ्तारियाँ हुई थीं। आज उसी प्रक्रिया को 'लोकतंत्र पर हमला' बताना उनकी राजनीतिक अवसरवादिता को उजागर करता है।

उनका यह कहना कि 'कश्मीरी क़ैदियों को जेलों में कष्ट झेलना पड़ रहा है' एक भावनात्मक अपील तो है, लेकिन इसमें यह स्वीकारोक्ति नहीं है कि इन क़ैदियों का बड़ा हिस्सा आतंकी नेटवर्क से जुड़ा रहा है या हिंसक गतिविधियों में शामिल रहा है। इन्हें 'निर्दोष पीड़ित' बताना न केवल ग़लतबयानी है बल्कि जनता को गुमराह करने की कोशिश भी है।

देखा जाये तो कश्मीर धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहा है। पर्यटन, निवेश और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहे हैं। लेकिन महबूबा मुफ्ती जैसे नेताओं के ऐसे बयान युवाओं में भ्रम और असंतोष फैलाकर माहौल को अस्थिर कर सकते हैं। यह कहना कि अनुच्छेद 370 हटाने का समर्थन करने वाले अब 'उसका दर्द' झेल रहे हैं, वस्तुतः केंद्र सरकार की नीतियों को कटघरे में खड़ा करने और लोगों के मन में असुरक्षा पैदा करने की कोशिश है।

देखा जाये तो महबूबा मुफ्ती का बयान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा से अधिक राजनीतिक ज़मीन तलाशने का प्रयास प्रतीत होता है। सच्चाई यह है कि लोकतंत्र तभी मज़बूत होता है जब कानून का शासन सर्वोपरि हो। यदि कोई भी व्यक्ति—चाहे वह आम नागरिक हो या विधायक, कानून तोड़ेगा, तो उसके खिलाफ कार्रवाई अनिवार्य है। कश्मीर को आगे बढ़ाने के लिए ज़रूरी है कि स्थानीय नेता जिम्मेदारी से बोलें और ऐसे वक्तव्यों से बचें जो शांति-प्रक्रिया को बाधित कर सकते हैं। महबूबा मुफ्ती को समझना होगा कि कश्मीर अब भय और भ्रम की राजनीति से आगे बढ़ चुका है। ऐसे बयान न केवल ग़लतबयानी हैं बल्कि युवाओं को भटकाने वाले भी साबित हो सकते हैं।



## धीरेंद्र शास्त्री का संदेश : पड़ोसी देशों से सीखो, सामाजिक समरसता ही देश को बचाएगी

वाराणसी (एजेंसी)। बागेश्वर धाम सरकार आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित भगवान विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किए और कहा कि देश को बचाना है और अगर हम नहीं चाहते कि भारत की स्थिति हमारे पड़ोसी देशों जैसी हो, तो देश में सामाजिक समरसता का होना ज़रूरी है। आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए वे 7 नवंबर से 16 नवंबर तक पदयात्रा करेंगे। अपनी पदयात्रा पर मीडिया से बात करते हुए शास्त्री ने कहा कि काशी आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हम सामाजिक समरसता और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए 7 नवंबर से 16 नवंबर तक पदयात्रा करने जा रहे हैं। इसके लिए हमने आज भगवान विश्वनाथ के चरणों में प्रार्थना की। देश को बचाना होगा। अगर हम नहीं चाहते कि भारत की स्थिति हमारे पड़ोसी देशों जैसी हो, तो देश में सामाजिक समरसता जरूरी है। वैमनस्य दूर करना बहुत जरूरी है। भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करना बहुत जरूरी है। भारत एक अघोषित हिंदू राष्ट्र है। लोगों के विचारों और दिलों में भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना जरूरी है। यहां से हम गया जी जाएंगे। इससे पहले, शुक्रवार को, मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने भगवान शिव को समर्पित काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना और अनुष्ठान किए। बाद में, उन्होंने अपने आधिकारिक यात्रा कार्यक्रम के तहत अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर जाकर अपनी आध्यात्मिक यात्रा जारी रखी। प्रधानमंत्री रामगुलाम के मंदिर दौरे के बाद X पर एक पोस्ट में, विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत किया है।

## उद्धव के विरोध के बाद नितेश राणे का पलटवार, आदित्य ठाकरे बुर्का पहनकर देखेंगे भारत-पाक मैच




**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने एशिया कप 2025 में आगामी भारत बनाम पाकिस्तान मैच का विरोध करने के लिए शनिवार को आदित्य ठाकरे की आलोचना की और कहा कि वह %बुर्का% पहनकर मैच देखेंगे। राणे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आदित्य ठाकरे भारत-पाकिस्तान मैच बुर्का पहनकर छुपकर देखेंगे। ठाकरे का मज़ाक उड़ाते हुए राणे ने यह भी कहा कि उनकी आवाज़ उनकी पहचान छिपाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि अगर वह बुर्का पहनकर उस आवाज़ में बात करें, तो कौन जानेगा कि वह आदित्य ठाकरे हैं।

महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने कहा कि क्या सामना या उद्धव ठाकरे को भारत-पाकिस्तान मैच पर टिप्पणी करने का नैतिक अधिकार है? उद्धव ठाकरे के एक सांसद की रैली के दौरान %पाकिस्तान ज़िंदाबाद% के नारे लगे, हरे झंडे लहराए गए, हरा गुलाल उड़ाया गया और %सर तन से जुदा% जैसे नारे लगाए गए। तो फिर उन्होंने तब पाकिस्तान के प्रति गुस्सा क्यों नहीं जताया? इससे पहले शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को आगामी एशिया कप 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में भारत की भागीदारी पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार राजनीति और व्यापार को देशभक्ति के साथ मिला रही है।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए, ठाकरे ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा था कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, तो खून और क्रिकेट एक साथ कैसे बह सकते हैं? युद्ध और क्रिकेट एक साथ कैसे हो सकते हैं?... उन्होंने देशभक्ति का धंधा किया है। देशभक्ति का धंधा सिर्फ़ पैसे के लिए है। वे कल भी मैच खेलने जा रहे हैं क्योंकि उन्हें उस मैच से मिलने वाला सारा पैसा चाहिए। उद्धव ठाकरे ने आगे घोषणा की कि शिवसेना (यूबीटी) की महिला कार्यकर्ता एक प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन करेंगी।

उन्होंने कहा कि कल, शिवसेना (यूबीटी) की महिला कार्यकर्ता महाराष्ट्र की सड़कों पर उतरेंगी और वे हर घर से प्रधानमंत्री मोदी को सिंदूर भेजेंगी। इस बीच, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि एसीसी या आईसीसी द्वारा आयोजित बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भाग लेना देशों के लिए एक बाध्यकारी बात है, लेकिन भारत पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय टूर्नामेंट नहीं खेलता है और जब तक देश पर आतंकवादी हमले बंद नहीं हो जाते, तब तक वह इनसे बचता रहेगा। यह बात दोनों देशों के बीच आगामी एशिया कप 2025 मैच से पहले कही गई है।

## नक्सलियों की मौत से डरी कुख्यात महिला नक्सली सुजाता ने किया सरेंडर

**–एक करोड़ का था इनाम, दक्षिण बस्तर में कई सालों से थी सक्रिय**



**बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव और एंटी नक्सल ऑपरेशन को देखते हुए एक करोड़ की इनामी कुख्यात महिला नक्सली सुजाता ने सरेंडर कर दिया है। सुजाता के सरेंडर से बस्तर संभाग में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे मुहिम के बीच माओवादियों संगठन को एक और बड़ा झटका लगा है। सुजाता दक्षिण बस्तर में कई सालों से सक्रिय थी और नक्सलियों के दक्षिण सब जोन ब्यूरो इंचार्ज रह चुकी है। सुजाता पर एक करोड़ का इनाम घोषित किया गया था।

मीडिया रिपोर्ट में पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुजाता ने तेलंगाना में सरेंडर किया है। उसके सरेंडर से माओवादी संगठन को झटका लगा है। खास बात यह है कि सुजाता कुख्यात नक्सली कमांडर किशनजी की पत्नी है, जो कुछ साल पहले पश्चिम बंगाल में मुठभेड़ में मारा गया था। सरेंडर करने वाली सुजाता खुद सीसी मेंबर है और कई राज्यों में उस पर लाखों का इनाम घोषित कर रखा है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक सुजाता लंबे समय से छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में सक्रिय रहकर बड़े हमलों की साजिश रचने में शामिल रही है। सुजाता के सरेंडर को छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को खत्म करने के अभियान में बड़ी सफलता माना जा रहा है। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा लगातार एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस बार बारिश में भी ऑपरेशन चलाया जा रहा है और एनकाउंटर में शीर्ष माओवादी मारे जा रहे हैं।

बता दें छत्तीसगढ़ में माओवादी संगठनों को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। दो दिन पहले छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में पुलिस एनकाउंटर में 10 नक्सली मारे गए थे, जिसमें एक करोड़ का इनामी नक्सली सीसी मेंबर मनोज उर्फ बालकृष्ण भी शामिल था। गरियाबंद में मारे गए सभी 10 नक्सलियों पर 2.40 करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। वहीं एक दिन पहले बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को ढेर कर दिया था। नक्सलियों की पहचान हिड़मा पोड़ियाम और मुन्ना मड़कम के रूप में हुई थी। दोनों पर 8-8 लाख रुपए का इनाम था। मुठभेड़ स्थल से एक 303 रायफल, एक नग 12 बोर बंदूक समेत विस्फोटक सामान बरामद किया गया है।

## जन्म प्रमाण पत्र से नहीं बनेगा बच्चों का आधार कार्ड, अब माता-पिता का दस्तावेज हुआ अनिवार्य

**पटना (एजेंसी)।** हर भारतीय नागरिक की पहचान का अहम दस्तावेज आधार कार्ड बन चुका है। चाहे बैंक खाता खुलवाना हो या स्कूल में बच्चों का दाखिला करवाना हो या फिर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना हो, सब जगह आधार कार्ड की जरूरत पड़ती है। लेकिन अब बच्चों के आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया गया है। अब तक बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए केवल जन्म प्रमाण पत्र ही पर्याप्त माना जाता था। लेकिन अब भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने नियमों में संशोधन किया है। यूआईडीएआई ने स्पष्ट किया है कि बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए केवल जन्म प्रमाण पत्र पर्याप्त नहीं होगा। अब इसके साथ माता-पिता के पहचान और पते से जुड़े दस्तावेज भी अनिवार्य होंगे। यानी बच्चे का आधार उसके माता या पिता के आधार और पहचान पत्र से लिंक होकर ही बनेगा। इस नियम के तहत बच्चे की उम्र, पहचान और पते की पुष्टि के लिए माता-पिता के दस्तावेज जांचे जाएंगे। इससे आधार प्रक्रिया और भी मजबूत और पारदर्शी बनेगी। साथ ही इससे यह सुनिश्चित होगा कि बच्चे की पहचान सही है और उसका रिकॉर्ड सरकारी डाटाबेस में सुरक्षित है।

* माता-पिता के निम्नलिखित दस्तावेज होंगे जरूरी

बच्चे का आधार बनवाने के लिए माता-पिता के निम्नलिखित दस्तावेज जरूरी होंगे। माता या पिता का आधार कार्ड, वोटर आईडी, पासपोर्ट या पैन कार्ड, घर का बिजली बिल, राशन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि। इसके अलावा बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र जिसमें बच्चे का नाम और जन्म तिथि साफ-साफ अंकित हो। इसके साथ ही 5 साल से कम उम्र के बच्चों का आधार ÷ब्लू आधार÷ के नाम से जाना जाता है। इसमें बच्चे की बायोमेट्रिक जानकारी नहीं ली जाती, बल्कि फोटो और माता-पिता से जुड़े दस्तावेजों के आधार पर कार्ड जारी होता है। जैसे ही बच्चा 5 साल का होता है, उसकी बायोमेट्रिक जानकारी (फिंगरप्रिंट और आइरिस स्कैन) अपडेट करानी होती है। यूआईडीएआई के नियमों के अनुसार, बच्चे का आधार 15 साल की उम्र में दोबारा अपडेट कराना अनिवार्य है। इस दौरान बच्चे की पूरी बायोमेट्रिक जानकारी दोबारा ली जाती है ताकि उसके रिकॉर्ड भविष्य में भी सही और प्रमाणिक बने रहें।



# इन्फोसिस के शेयर पुनर्खरीद के बाद दूसरी कंपनियां भी ला सकती है बायबैक ऑफर

**नई दिल्ली।**

इन्फोसिस ने 18,000 करोड़ रुपए की शेयर फिर खरीदने की घोषणा की है। यह ऐसा फैसला है जिसे उसकी प्रतिस्पर्धी बड़ी कंपनियां भी अपने शेयर भाव में गिरावट के बीच अपना सकती हैं और वे पुनर्खरीद की राह पर बढ़ने प्रोत्साहित हो सकती हैं। इन्फोसिस 1800 करोड़ रुपए के औसत भाव पर 10 करोड़ शेयरों की पुनर्खरीद करेगी। यह कीमत गुरुवार के उसके 1,509.50 रुपए के बंद भाव की तुलना में 19.3 फीसदी ज्यादा है।

कंपनी ने गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में कहा था कि यह कंपनी की चुकता इक्विटी पूंजी में कुल इक्विटी शेयरों का 2.41 फीसदी है। मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज में संस्थागत शोध विश्लेषक के उपाध्यक्ष अभिषेक पाठक ने कहा कि कंपनी के शेयर पुनर्खरीद की घोषणा के बाद कई दूसरी कंपनियां भी बायबैक ऑफर की राह पर आ सकती हैं। पाठक ने कहा कि यह पेशकश मुख्य रूप से शेयरधारकों को नकदी लौटाने का एक तरीका है, न कि व्यापार चक्र के बारे में कोई संकेत। उन्होंने कहा कि बड़ी आईटी कंपनियां हर 18 से 24 महीने में पुनर्खरीद पेशकश लाती हैं और इसलिए यह नियमित प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि वास्तव में इन्फोसिस ने साफ कहा है कि उसका लक्ष्य अर्ध-वार्षिक लाभांश, बायबैक और या विशेष लाभांश के जरिए पांच साल की अवधि में अपने मुक्त नकदी प्रवाह का करीब 85 फीसदी वापस लौटाना है।

बेंगलुरु की इस फर्म ने 2017 में अपने बायबैक के लिए 13,000 करोड़ रुपए का इस्तेमाल किया और 1,150 करोड़ रुपए के औसत भाव पर 11.3 करोड़ शेयर खरीदे। 2019 में इन्फोसिस ने खुले बाजार में 747 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 11.05 करोड़ शेयर खरीदने के लिए 8,260 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इसी तरह, 2021 और 2022 में उसने 9,200 करोड़ रुपए यानी 5.58 करोड़ शेयर और 9,300 करोड़ रुपए यानी 6.04 करोड़ शेयर की पुनर्खरीद की है।

मुंबई के एक वरिष्ठ बाजार विश्लेषक के मुताबिक इन्फोसिस का बायबैक 'काफी सकारात्मक' है और इससे दूसरी तिमाही के नतीजों से पहले निवेशकों का भरोसा बढ़ने की उम्मीद है। विश्लेषक ने कहा कि आईटी क्षेत्र में मौजूदा अस्थिरता और शेयर के बेहतर प्रदर्शन के लिए मजबूत ट्रिगर्स की कमी को देखते हुए इस तरह का घटनाक्रम गिरावट रोकने में मदद करता है।

उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर इन्फोसिस के लिए इस बायबैक को काफी सकारात्मक माना जा रहा है और प्रतिस्पर्धियों की ओर से भी कुछ और घोषणाएं होने की उम्मीद है।

# जीएसटी की नई दरें लागू होने के बाद हर महीने सरकार को देनी होगी रिपोर्ट

**इससे पता चलेगा घटी दरों का लाभ ग्राहकों को मिल रहा है या नहीं**

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 9 सितंबर को जारी सर्कुलर में अपने क्षेत्रीय कार्यालयों से कहा कि वे 22 सितंबर से जीएसटी की नई दरें लागू होने के बाद मक्खन, पनीर, शैंपू, टूथपेस्ट, बिस्कुट, चॉकलेट, सीमेंट और दवाओं जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में होने वाले बदलावों पर नजर रखें और मासिक रिपोर्ट पेश करें।

सर्कुलर में सीबीआईसी ने प्रधान मुख्य आयुक्तों को निर्देश दिया है कि वे व्यापार संघों और क्षेत्रीय इकाइयों से वस्तुवार कीमत के आंकड़े जमा करें, जिसमें नई दरें लागू होने के पहले और बाद के दाम शामिल हों।

यह कवायद 6 महीने तक जारी रहेगी, जिससे यह जाना जा सके कि कम हुई जीएसटी दरों का लाभ ग्राहकों को मिल रहा है या नहीं। इस सिलसिले में पहली रिपोर्ट 30 सितंबर तक भेजी जानी है। उसके बाद हर महीने की 20 तारीख को मार्च 2026 तक दरों की रिपोर्ट भेजनी होगी।

सूचीबद्ध 54 वस्तुओं की दरों की अद्यतन जानकारी देनी है, उनमें मक्खन, चीज और घी जैसे डेरी उत्पाद, बिस्कुट, चॉकलेट और आइसक्रीम जैसे पैकेज्ड फूड शामिल हैं। इन वस्तुओं में साबुन, शैंपू और टूथपेस्ट जैसे प्रसाधनों के साथ-साथ सीमेंट, दवाइयां, साइकिल, खिलौने जैसी महंगी वस्तुएं और टेलीविजन और एयर कंडीशनर जैसी टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं भी शामिल हैं। नाम सार्वजनिक न किए जाने को इच्छुक एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि केंद्र का ध्यान रोजमर्रा के इस्तेमाल वाले सामान पर है और फील्ड में काम करने वाली यूनिट व्यापार संगठनों के साथ मिलकर काम करेगी, जिससे कि इसका लाभ ग्राहकों तक पहुंचाया जा सके।

उन्होंने कहा कि वे स्वतंत्र रूप से भी अनुपालन की निगरानी करेंगे। अधिकारी ने बिज़नेस स्टैंडर्ड से कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय सीधे बाजार की जांच करेंगे और केवल व्यापार संघों या उद्योग निकायों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों पर निर्भर नहीं रहेंगे।

केपीएमजी में पार्टनर और अप्रत्यक्ष कर के प्रमुख ने कहा कि यह निर्देश सरकार के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होने कहा कि सरकार ने इस पर जोर दिया है कि उद्योग को यह तय करना होगा कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे।

# अगर वाहन विकास धीमा रहा तो भारत दुनिया से पिछड़ जाएगा

**डिजाइन में बार-बार बदलाव लॉन्च में डाल रहे हैं रुकावट**

**नई दिल्ली।**

भारतीय वाहन विनिर्माताओं द्वारा नए मॉडल पेश करने में 'अंतिम चरण वाले इंजीनियरिंग बदलावों' से देर होती है। यह ऐसी समस्या है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिस्पर्धी क्षमता पर असर डालती है।

एक फर्म के अध्ययन से यह जानकारी दी गई कि करीब 80 फीसदी मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) ने बाधाएं बताई गई हैं। बताया जा रहा है कि भारत में यह देर ज्यादा होती है और इलेक्ट्रिक वाहनों के मामले में तो और भी ज्यादा।

अगर हमारा वाहन विकास धीमा है तो आशंका है कि भारत दुनिया से पिछड़ जाएगा। चीन अपने वाहनों को 18 से 24 महीनों में तैयार कर रहा है जबकि भारत 36 से 60 महीनों में। अध्ययन में बताया गया है कि डिजाइन में बाद वाले चरण के बदलाव लॉन्च में रुकावट डाल रहे हैं, आपूर्तिकर्ताओं की क्षमता कम कर रहे हैं और वैश्विक वाहन बाजार में भारत की प्रतिस्पर्धी क्षमता को प्रभावित कर रहे हैं।

अध्ययन में यह भी कहा गया है कि आम धारणा के विपरीत किसी वाहन का शुरुआती प्रोटोटाइप तैयार करने और सत्यापन के बाद भी इंजीनियरिंग बदलाव खत्म नहीं होते। आदर्श बात तो यह है कि प्री-प्रोडक्शन में बदलाव 15 फीसदी से कम, लॉन्च के बाद उत्पादन में 8 फीसदी या उससे कम और उत्पाद में स्थिरता आने के बाद यह बदलाव 3 फीसदी से भी कम रहने चाहिए। अलबत्ता, विकास चक्र के बाद वाले चरणों में भी ऐसे बदलाव ज्यादा होते हैं।

केवल 6 फीसदी ओईएम ही इस आदर्श का पालन करती हैं, 13 फीसदी ओईएम हल्का उतार-चढ़ाव बताती हैं और 81 फीसदी ओईएम इस पैटर्न के मुकाबले खासा बड़ा अंतर दिखाती हैं। ऐसा हरेक बदलाव डिजाइन, टूलिंग, बार-बार के सत्यापन या सॉफ्टवेयर अपडेट में फिर से काम किए जाने की जरूरत बता सकता है।

इससे मॉडल पेश करने के तय समय में देर होती है और लागत बढ़ जाती है। ये बदलाव आपूर्तिकर्ताओं को भी प्रभावित करते हैं। करीब 57 फीसदी पुर्जा विनिर्माताओं ने कहा कि अंतिम चरण में बार-बार बदलाव से उनकी टीमों को लगातार दोबारा काम और समस्याओं का समाधान करना पड़ता है। इन्हें परियोजनाओं के बीच संसाधनों को बार-बार बदलना पड़ता है।

# एसबीआई सेविंग्स अकाउंट में 50,000 रुपए बैलेंस तो मिलेगा अच्छा रिटर्न

**बैंक ने मल्टी ऑप्शन डिपॉजिट स्कीम में किया नया नियम लागू**

**नई दिल्ली।**

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने एक बड़ा बदलाव किया है। बैंक ने अपने करोड़ों ग्राहकों के लिए अपनी खास मल्टी ऑप्शन डिपॉजिट यानी एमओडी स्कीम में नया नियम लागू किया है। अब इस स्कीम का फायदा लेने के लिए आपके सेविंग्स अकाउंट में कम से कम 50,000 रुपए का बैलेंस होना जरूरी है। पहले यह रकम 35,000 रुपए थी यानी अब आपको पहले से ज्यादा पैसे अकाउंट में रखने होंगे, ताकि इस स्कीम का लाभ मिल सके। जिन लोगों के पास छोटा या मध्यम बैलेंस है, उनके लिए यह बदलाव मुश्किल हो सकता है, लेकिन जिनके पास ज्यादा बैलेंस है, उनके लिए यह स्कीम अब भी अच्छा रिटर्न देगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अगर आपके सेविंग्स अकाउंट में 50,000 रुपए से ज्यादा रकम है, तो अतिरिक्त पैसा अपने आप फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी में बदल जाता है। यह रकम एक हजार रुपए की छोटी-छोटी यूनिट्स में एफडी में जाती है। इस एफडी पर आपको वही ब्याज मिलता है, जो सामान्य टर्म डिपॉजिट पर मिलता है।

यह ब्याज सेविंग्स अकाउंट के ब्याज से कहीं ज्यादा होता है। अगर आपके अकाउंट में बैलेंस कम हो जाता है, तो बैंक अपने आप एमओडी से पैसा निकालकर आपके सेविंग्स अकाउंट में डाल देता है यानी आपको जरूरत पड़ने पर पैसे आसानी से मिल जाते हैं। खास बात यह है कि सीनियर सिटीजन्स को इस स्कीम में अतिरिक्त ब्याज का फायदा भी मिलता है।

# जीएसटी कटौती से स्पेयर पार्ट्स सस्ते होने और औपचारिक अर्थव्यवस्था मजबूत होगी : गोयल

**नई दिल्ली।**

भारत के केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, पीयूष गोयल ने ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एसीएमए) के 65वें वार्षिक सत्र में जीएसटी की दरों में हाल ही में की गई कटौती की सराहना की है। दरअसल जीएसटी 2.0 के तहत ऑटोमोबाइल स्पेयर पार्ट्स पर लगने वाले जीएसटी को 28 से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। ट्रैक्टरों पर जीएसटी दर को घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस कटौती को ऐतिहासिक सुधार और ऑटो उद्योग के लिए एक बड़ी राहत बताया है। उनका मानना है कि इससे कृषि क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, स्पेयर पार्ट्स सस्ते होने और औपचारिक अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इस कदम से रोजगार के अवसर बढ़ने और वैल्यू चेन में मांग पैदा होगी। केंद्रीय मंत्री गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि जीएसटी रेट कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने मेक इन इंडिया पहल के 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख कर कहा कि यह सप्लाई चेन को मजबूत करने, निर्यात बढ़ाने और हाई-क्वालिटी मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने का सही समय है। उन्होंने कोरोना महामारी के



दौरान भारत द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की, जिसमें अन्य देशों को दवाइयाँ और टीके उपलब्ध कराना शामिल है, जिससे भारत की छवि एक विश्वसनीय वैश्विक भागीदार के रूप में मजबूत हुई है।

# मोटो मोरिनी ने भारतीय ग्राहकों के लिए किश्स बडे तोहफे का ऐलान

**नई दिल्ली ।** भारतीय ग्राहकों के लिए इटैलियन मोटरसाइकिल ब्रांड मोटो मोरिनी ने बड़ा तोहफा पेश किया है। मोटो मोरिनी ने अपनी लोकप्रिय सेईमेजो रेट्रो स्ट्रीट और स्क्रैम्बलर मोटरसाइकिलों पर भारी डिस्काउंट और आकर्षक फाइनेंस स्कीमें लॉन्च की हैं। कंपनी ने सेईमेजो सीरीज़ की कीमतों में सीधे 91 हजार रुपये तक की कटौती की है। पहले इनकी कीमत 5.20 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) थी, जबकि अब ग्राहक इन्हें केवल 4.29 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) में खरीद सकते हैं। इतालवी डिजाइन और हाईटेक इंजीनियरिंग से बनी यह रेंज अब पहले से कहीं ज्यादा किफायती हो गई है। यही नहीं, 21 सितंबर से पहले की गई खरीद पर ग्राहकों को 33 हजार रुपये तक का जीएसटी बेनिफिट भी मिलेगा। साथ ही, कंपनी ने फेस्टिव फाइनेंस ऑफर भी पेश किया है जिसमें लो ईएमआई, आकर्षक ब्याज दरें, 60 महीने तक की अवधि, तुरंत अप्रूवल और 95 प्रतिशत तक डेट कवरेज जैसी सुविधाएं शामिल हैं। ग्राहकों को इसके लिए सैलरी सर्टिफिकेट की भी जरूरत नहीं होगी। प्रीमियम मोटरसाइकिलों की बढ़ती कीमतों और महंगाई के दौर में मोटो मोरिनी का यह कदम ग्राहकों को बड़ी राहत देने वाला है।




# एसआईपी भारतीय निवेशकों के लिए बना सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा विकल्प

**ग्लोबल अनिश्चितताओं के बावजूद अगस्त में निवेश ने नया कीर्तिमान बनाया**

**नई दिल्ली।** म्युचुअल फंड में एसआईपी आज भारतीय निवेशकों के लिए सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा विकल्प बन चुका है। पिछले एक दशक में इसका क्रेज बढ़ता ही गया। मंथली इन्वेस्टमेंट के इस आसान तरीके ने न सिर्फ छोटे निवेशकों को फाइनेंशियल डिसिप्लिन सिखाया है, बल्कि उन्हें लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न कमाने का मौका भी दिया है। यही वजह है कि बाजार में कभी तेजी रही या फिर गिरावट का माहौल, निवेशक एसआईपी के जरिए लगातार योगदान करते रहे हैं। इसमें खास बात यह है कि हाल ही में भारी उतार-चढ़ाव और ग्लोबल अनिश्चितताओं के बावजूद अगस्त 2025 में एसआईपी निवेश ने एक नया कीर्तिमान बनाया है। इस महीने कुल एसआईपी योगदान रिकॉर्ड स्तर पर 28,265 करोड़ रुपए पहुंच गया है, जो पिछले 10 सालों का सबसे ऊंचे स्तर पर है। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक अगस्त 2016 से अगस्त 2025 तक एसआईपी के जरिए निवेश में जबरदस्त उछाल आया है। यह आंकड़े बताते हैं कि भारतीय निवेशक अब शॉर्ट-टर्म ट्रेडिंग की बजाय लॉन्ग टर्म निवेश और व्यवस्थित तरीके से वेल्थ क्रिएशन पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक अगस्त 2016 में एसआईपी योगदान केवल 3,497 करोड़ रुपए था, जो हर साल लगातार बढ़ता गया। अगस्त 2017 में यह बढ़कर 5,206 करोड़ रुपए हो गया और अगस्त 2018 में 7,658 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। इसके बाद 2019 और 2020 में यह क्रमशः 8,231 करोड़ रुपए और 7,792 करोड़ रुपए रहा। अगस्त 2021 से इसमें तेजी आई और एसआईपी योगदान 9,923 करोड़ रुपए हो गया। अगस्त 2022 में यह बढ़कर 12,693 करोड़ रुपए, अगस्त 2023 में 15,814 करोड़ रुपए और अगस्त 2024 में 23,547 करोड़ रुपए पहुंच गया। सबसे बड़ा उछाल अगस्त 2025 में देखने को मिला, जब एसआईपी योगदान रिकॉर्ड स्तर पर 28,265 करोड़ रुपए हो गया है।

# अर्बन कंपनी के 1900 करोड़ के आईपीओ को मिले 103 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब




**नई दिल्ली।** निवेशकों ने अर्बन कंपनी, देव एक्सेलरेटर और श्रंगार हाउस ऑफ मंगलसूत्र के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को हाथो-हाथ लिया। टेक स्टार्टअप अर्बन कंपनी के 1900 करोड़ रुपए के आईपीओ को कुल मिलाकर 103.63 गुना आवेदन मिले हैं। आईपीओ को संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में 140.2 गुना, एचएनआई श्रेणी में 74.04 गुना, खुदरा निवेशकों की श्रेणी में 39.25 गुना और कर्मचारियों के लिए आरक्षित श्रेणी में 36.8 गुना आवेदन मिले हैं। इस भारी प्रतिक्रिया के कारण अर्बन कंपनी पिछले छह सालों में 100 गुना से ज्यादा आवेदन हासिल करने वाली 65वीं कंपनी बन गई है। बता दें अर्बन कंपनी एक ऐसे बाजार का संचालन करती है जो ग्राहकों को सौंदर्य, सफाई, प्लंबिंग, बढ़ईगीरी, उपकरण मरम्मत और अन्य सेवाएं प्रदान करने वाले पेशेवरों से जोड़ता है। आईपीओ का कीमत दायरा 98 से 103 रुपए तय किया गया है और कीमत दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन 14,800 करोड़ रुपए है। कोटक इन्वेस्टमेंट बैंकिंग के प्रबंध निदेशक ने कहा कि निवेशक समझते हैं कि कई तरह की घरेलू सेवाओं के लिए अर्बन कंपनी एकमात्र मार्केटप्लेस है। समय के साथ इसकी पहुंच न केवल सेवाओं के विस्तार के मामले में बल्कि इसके परिचालन वाले शहरों की संख्या में भी बढ़ी है। उसका कोई प्रतिस्पर्धी नहीं है, जिससे कंपनी के पास मूल्य प्रदान करते रहने की दीर्घकालिक क्षमता है। आईपीओ की कामयाबी सार्वजनिक होने की योजना बना रही अन्य उपभोक्ता इंटरनेट कंपनियों के लिए अच्छा संकेत है।

# पांच नए इश्यू और 12 कंपनियां शेयर बाजार में होंगी लिस्टिंग, निवेशकों के लिए मौका

**नई दिल्ली।**

अगले हफ्ते शेयर बाजार में बहुत कुछ होने वाला है। कई कंपनियों के नए शेयर बाजार में आएंगी और कई कंपनियां लिस्ट होंगी। कुल मिलाकर पांच नए इश्यू खुलेंगे और 12 कंपनियां बाजार में अपनी जगह बनाएंगी। इसमें मुख्य सेगमेंट से दो इश्यू निवेश के लिए खुलेंगे और तीन कंपनियां लिस्ट होंगी। वहीं, छोटे और मध्यम बिजनेस सेगमेंट में तीन कंपनियों के इश्यू आएंगे और नौ कंपनियां लिस्ट होंगी। ये हफ्ता निवेशकों के लिए काफी व्यस्त और मौके भरा रहेगा।

मेन सेगमेंट में अर्बन कंपनी, देव एकोलेरोटर और शीरीनगर हाउस ऑफ मंगलसूत्र के शेयर 17 सितंबर 2025 को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। इनके आईपीओ 12 सितंबर को बंद हो चुके हैं। इनके शेयरों का अलॉटमेंट सोमवार को पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है। निवेशकों की नजर अब इन कंपनियों के प्रदर्शन पर है। इसके अलावा, मेन सेगमेंट में दो नए आईपीओ भी लॉन्च होंगे। पहला है यूरो प्रतीक सेल्स का आईपीओ, जो 16 सितंबर से शुरू होकर 18 सितंबर 2025 तक चलेगा। कंपनी 1.83 करोड़ शेयरों के जरिए 451.31 करोड़ रुपए जुटाने की कोशिश करेगी। इसके लिए शेयर की कीमत 235 से 247 रुपए के बीच रखी गई है।

एक लॉट में 60 शेयर होंगे, यानी निवेश करने के लिए कम से कम 14,820 रुपए चाहिए होंगे। ये शेयर 23 सितंबर 2025 को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। दूसरा आईपीओ है वीएमएस टीएमटी का, जो 17 सितंबर से शुरू होकर 19 सितंबर 2025 तक खुलेगा। ये पूरी तरह से 1.5 करोड़ शेयरों का नया इश्यू है, जिससे कंपनी 148.50 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इसके शेयर की कीमत 94 से 99 रुपए के बीच होगी। एक लॉट में 150 शेयर होंगे और इसके लिए कम से कम 14,850 रुपए निवेश करने होंगे।

एसएमई सेगमेंट में भी हलचल रहेगी। सम्पत एल्युमीनियम, टेकडी साइबरसिक्युरिटी और जेडी केबल्स के आईपीओ अगले हफ्ते खुलेंगे। इसके अलावा नो कंपनियां इस सेगमेंट में लिस्ट होंगी। इनमें एलटी एल्वेटर, एयरफ्लोआ रेल टेक्नालॉजी, ग्लेक्सी मेडिकेयर, जय अम्बे




सुपरमार्केट्स, ताऊरेन एमपीएस, कारबोनस्टील इंजीनियरिंग, निलांचल कारबो मेटालिक्स और वाशिस्ता लक्झरी फैशन शामिल हैं। ये कंपनियां छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए बने प्लेटफॉर्म पर अपनी शुरुआत करेंगी।

निवेशकों के लिए ये हफ्ता अच्छा रहेगा, लेकिन सावधानी भी जरूरी है। बाजार में उतार-चढ़ाव रहता है, इसलिए निवेश पहले अच्छे से सोच-विचार करें। कोई भी फैसला लेने से पहले अपने वित्तीय सलाहकार से बात करें। ये समय निवेश के लिए रोमांचक है, लेकिन सही जानकारी और समझदारी के साथ आगे बढ़ना जरूरी है।

# सेबी ने बदले आईपीओ और एमपीएस के नियम, अब बड़ी कंपनियां भी छोटे आईपीओ ला सकेंगी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शुक्रवार को हुई बोर्ड की बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। इनमें आईपीओ नियमों में बदलाव, मिनिमम पब्लिक शेयर होल्डिंग (एमपीएस) के पालन के लिए ज्यादा समय, विदेशी निवेशकों के लिए आसान रास्ते और इक्विटी इंस्ट्रूमेंट्स का दर्जा देना शामिल है। सेबी ने बड़ी कंपनियों के लिए छोटे साइज का आईपीओ लाने का रास्ता साफ कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अब बड़ी कंपनियां अपने आईपीओ में अपने पेड-अप कैपिटल का न्यूनतम 2.5 फीसदी शेयर बेच सकेंगी। अभी लिस्टिंग के बाद पांच लाख करोड़ रुपए वाली कंपनियों को आईपीओ में कम से कम अपने पेड-अप कैपिटल का 5 फीसदी शेयर बेचने पड़ते हैं। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि हम मौजूदा चार हजार करोड़ लेवल की कैटेगरी के अलावा चार अतिरिक्त कैटेगरी पेश कर रहे हैं जो इस प्रकार हैं- 4,000 करोड़ से 50,000 करोड़, 50,000 करोड़ से 1 लाख करोड़, 1 लाख करोड़ से 5 लाख करोड़ और 5 लाख करोड़ से ज्यादा। ऐसी कंपनियां जिनका मार्केट कैप 5,500 करोड़ से लेकर 1 लाख करोड़ रुपए तक होगा, उनके लिए न्यूनतम पब्लिक ऑफर एक हजार करोड़ रुपए+इश्यू के बाद 8 फीसदी मार्केट कैपिटलाइजेशन होगा। 1 लाख करोड़ से ऊपर की कंपनियों का मिनिमम पब्लिक ऑफर (एमपीओ) 6,250 करोड़ रुपए + 2.75फीसदी मार्केट कैपिटलाइजेशन होगा। 5 लाख करोड़ एमकैप वाली कंपनियों के लिए एमपीओ 15,000 करोड़ रुपए + 1फीसदी मार्केट कैपिटलाइजेशन तय किया गया है, जिन कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 50,000 करोड़ से एक लाख करोड़ रुपए होगा, उन्हें 25 फीसदी के मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग (एमपीएस) नियम के पालन के लिए 5 साल का समय मिलेगा। अभी ऐसी कंपनियों को इस नियम के पालन के लिए सिर्फ तीन साल का समय दिया जाता है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 698.26 अरब डॉलर के करीब पहुंचा

**नई दिल्ली।**

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5 सितंबर को समाप्त हुए हफ्ते में सालाना आधार पर 4.03 अरब डॉलर बढ़कर 698.26 अरब डॉलर पहुंच गया है। इसकी जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा दी गई। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार बढ़त हो रही है। बीते महीने विदेशी मुद्रा भंडार 3.51 अरब डॉलर बढ़कर 694.2 अरब डॉलर हो गया है। आरबीआई के मुताबिक, विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) का मूल्य 54 करोड़ डॉलर बढ़कर 584.47 अरब डॉलर हो गया है।

विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव डॉलर के रूप में शामिल होता है। समीक्षा अवधि में विदेशी मुद्रा भंडार के अहम घटकों में से एक गोल्ड रिजर्व 3.53 अरब से बढ़कर 90.29 अरब डॉलर हो गया। भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न अनिश्चितता के बीच, दुनिया भर के केंद्रीय बैंक अपने विदेशी मुद्रा भंडार में सुरक्षित निवेश के रूप में गोल्ड के रिजर्व को तेजी से बढ़ा रहे हैं। आरबीआई द्वारा अपने विदेशी मुद्रा भंडार में सोने के शेयर को 2021 से करीब दोगुना किया है।

केंद्रीय बैंक के मुताबिक, समीक्षा अवधि में विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) की वैल्यू 18.74 अरब डॉलर रह गई है।



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारतीय रिजर्व पोजीशन भी 20 लाख डॉलर बढ़कर 4.75 अरब डॉलर हो गई है।

मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार आरबीआई को रुपए को तेजी से गिरने से रोकने और उसकी अस्थिरता को कम करने के लिए ज्यादा डॉलर जारी करके हाजिर और अग्रिम मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करने में सक्षम बनाता है।

# टैक्स कट का पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएगी रॉयल एनफील्ड

**नई दिल्ली ।**

जीएसटी दरें कम होने के बाद रॉयल एनफील्ड कंपनी ने घोषणा की है कि वह टैक्स कट का पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएगी। सबसे ज्यादा बिकने वाली रेंज क्लासिक 350, बुलेट 350, हंटर 350 और मेट्योर 350 के खरीदारों को इसका फायदा मिलेगा। इन बाइक्स की कीमतों में 22,000 रुपये तक की कमी की जाएगी। नई दरें 22 सितंबर, 2025 से लागू होंगी। जीएसटी काउंसिल ने हाल ही में 350 सीसी तक की मोटरसाइकिलों पर टैक्स दर को 28प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। इस बदलाव के बाद रॉयल एनफील्ड की 350 सीसी सेगमेंट की बाइक्स और भी किफायती हो जाएंगी। कंपनी के सीईओ बी. गोविंदराजन ने कहा कि यह सुधार न केवल ग्राहकों को राहत देगा, बल्कि पहली बार बाइक खरीदने वालों का उत्साह भी बढ़ाएगा और इस सेगमेंट को और मजबूती मिलेगी। कंपनी ने यह भी साफ कर दिया है कि जीएसडी कट का असर सिर्फ मोटरसाइकिलों तक सीमित नहीं रहेगा। एक्सेसरीज, राइडिंग गियर और सर्विस पर भी कीमतें घटेंगी। नवरात्रि और दिवाली जैसे बड़े त्योहारों के ठीक पहले आया यह फैसला कंपनी के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है।

# पटना पहुंचे नड्डा का हुआ जोरदार स्वागत, बिहार में चुनावी सरगर्मी हुई तेज

–विपक्ष पर साधा निशाना और बोले– नाच ना आवे आंगन टेड़ा...

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आते जा रहे हैं वैसे-वैसे राजनीतिक सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं। इसी बीच शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पटना पहुंचे। पार्टी कार्यकर्ताओं व अनेक नेताओं ने पटना एयरपोर्ट पर नड्डा का जोरदार स्वागत किया। पार्टी अध्यक्ष का यह दौरा संगठन की मजबूती और चुनावी रणनीति को धार देने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने पटना पहुंच कर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। नड्डा ने एक कॉन्क्लेव में कहा, कि विपक्ष ने देश की सियासत को निचले स्तर पर ला दिया है। जिस प्रकार से प्रधानमंत्री की मां के लिए अपशब्द कहे गए। उन्होंने आगे कहा, कि, आज कुछ लोगों के स्वार्थी प्रयासों और गलत नेतृत्व की वजह से देश को अंधकार में धकेल दिया गया है। चुनाव में हार के बाद विपक्ष का लगातार चुनाव आयोग पर हमलावर रहने को लेकर नड्डा ने नाच न आवे आंगन टेड़ा वाली कहावत कह निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस द्वारा जारी एक एआई वीडियो का जिक्र करते हुए कहा, कि नाच ना आवे आंगन टेढ़ा। चुनाव लड़ना न आए, जनता का आशीर्वाद न मिले तो इलेक्शन कमीशन को दोषी ठहरा दो। बीजेपी अध्यक्ष ने बिहार में विपक्षी नेताओं की शैक्षिक योग्यता पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि कोई 8वीं पास है, तो कोई 9वीं पास। ऐसे नेताओं के हाथों में बिहार का भविष्य कैसे सुरक्षित होगा? उन्होंने 2003 से पहले बिहार में होने वाले 'तेल पिलावन' और 'लाठियाभाज' जैसे आयोजनों को याद कर विपक्ष पर जंगलराज का तंज भी कसा।

गौरतलब है कि बिहार में चुनावी सरगर्मियां तेज हो चली हैं, इसी बीच बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शनिवार को पटना पहुंचे हैं। नड्डा का यह दौरा संगठन और चुनावी रणनीति को धार देने के लिए अहम मायने रखता है।

**पीएम मोदी भी करेंगे दौरा और देंगे सौगात**

यहां बताते चलें कि भाजपा अध्यक्ष नड्डा के इस दौरे के बाद 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी बिहार दौरा संभावित है। इस दौरान पीएम मोदी बिहार को अनेक परियाजनों की सौगात दे सकते हैं। इसी के साथ पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन कर एक बड़ी सौगात बिहार वासियों को पीएम मोदी दे सकते हैं।



## रौनक सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित 5वीं श्रीमद् भागवत कथा शुरू, मौली जागरां विकास नगर में कलश यात्रा निकाली



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह/ मनीमाजरा। मौली जागरां स्थित विकास नगर में पूर्व डिप्टी मेयर व भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल दुबे, पार्षद श्रीमती बिमला दुबे और रौनक सेवा फाउंडेशन द्वारा शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन शुरू करवाया गया है। कथा की विधिवत शुरुआत रविवार शाम को राज्यसभा, सांसद स. सतनाम सिंह संधू ने ज्योति प्रचंड कर शुभारंभ करेंगे। कथा शुरू करने से पहले आज शनिवार सुबह को पूर्व डिप्टी मेयर अनिल दुबे, उनकी पत्नी पार्षद बिमला और बेटे शानू दुबे ने सिर पर कलश रखकर पूरे एरिया मौली जागरां–विकास नगर में कलश यात्रा निकाली। उन्होंने बताया कि मौली जागरां, विकास नगर के रामलीला मैदान में होने वाली यह श्रीमद्भागवत कथा 14 से 20 सितंबर तक चलेगी। 21 को हवन और भंडारा होगा। वहीं वृंदावन से आए पंडित पंकज शास्त्री कथा करेंगे। रोज शाम 6 बजे शुरू होकर रात 10 बजे तक चलने वाली इस कथा में भागवान श्री कृष्ण जी के द्वारा दिए गए उपदेश कथा में बताएँ जाएँगे। कलश यात्रा में महिलाओं ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शानू दुबे ने बताया कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी कथा का आंनद नगरवासी लेंगे । और भगवान श्री कृष्ण जी के द्वारा दिए गए उपदेशों को अपने जीवन में अमल करेंगँ श्रीमद्भागवत कथा शुरु करने से पहले कलश यात्रा निकालते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व डिप्टी मेयर अनिल दुबे ।

## दिल्ली के शालीमार बाग, साकेत और द्वारका में तीन स्थानों पर मैक्स अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी

अर्थ प्रकाश/ नई दिल्ली । दिल्ली अग्निशमन सेवा ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के शालीमार बाग, साकेत और द्वारका में तीन स्थानों पर मैक्स अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई । अग्निशमन विभाग ने बताया कि शनिवार शाम करीब पौने पांच बजे दिल्ली के द्वारका स्थित मैक्स अस्पताल में बम की धमकी के बारे में एक कॉल आई।अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम को दोनों अस्पतालों में तैनात किया गया तथा तलाशी अभियान शुरू किया गया।इस बीच, शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के ताज पैलेस होटल को बम की धमकी वाला एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसे बाद में दिल्ली पुलिस ने फर्जी बताया। होटल की तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और दिल्ली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। होटल के एक प्रवक्ता ने कहा, गहन सुरक्षा जाँच के बाद, सरकारी अधिकारियों ने बताया है कि यह घटना एक धोखा थी। हमारे मेहमानों और कर्मचारियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है और हम लगातार सतर्क हैं।

## अमेरिका में जिंदा जला पानीपत का ड्राइवर

अर्थ प्रकाश/ करनाल। हरियाणा के करनाल जिले का रहने वाले 24 वर्षीय युवक की अमेरिका के अर्कनास आई–40 हाईवे पर ट्रक में जिंदा जलकर मौत हो गई। दरअसल, एक ओवरसाइज लोडेड ट्रक ने साइड से टक्कर मारी दी थी। जिसके बाद ट्रक का संतुलन बिगड़ गया। इस हादसे में मूल रूप से पानीपत और हाल करनाल के रहने वाले ट्रक ड्राइवर अमित कुमार की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक ट्रक पूरी तरह जल चुका था। हादसे की जांच शुरू कर दी गई है और मृतक के परिजनों को डीएनए रिपोर्ट आने के बाद ही शव सौंपा जाएगा। हालांकि इस प्रक्रिया में 4 से 5 दिन लगने का अनुमान है।

## मेनका गांधी ने क्यों कहा... इस तरह के माहौल में कोई भी भगवान नहीं टिक सकता

अर्थ प्रकाश/ नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की नेता और पशु अधिकार कार्यकर्ता मेनका गांधी ने चार धाम यात्रा के दौरान होने वाले निर्माण कार्यों और जानवरों की मौतों पर चिंता जाहिर है। उन्होंने कहा कि इस तरह के विकास और क्रूरता को देखकर उनका दिल टूट जाता है। उनका मानना है कि इस तरह के माहौल में कोई भी भगवान नहीं टिक सकता। उन्होंने हेमकुंड में 700 जानवरों की मौत का भी जिक्र किया, जो वहां गिरने से मारे गए थे। उन्होंने कहा कि जिस जगह पर कभी घास के मैदान और फूल होते थे, वह अब दिल तोड़ देने वाली जगह बन गई है। मेनका गांधी ने कबूतरों से इंसानों को कोई खतरा न होने की बात कही है।उन्होंने कहा कि दुनिया में आज तक कबूतरों से एक भी मौत नहीं हुई है।



उन्होंने मुंबई में तोड़े गए कबूतरखानों पर दुख जताकर उम्मीद जाहिर की कि मुख्यमंत्री द्वारा बनाई गई कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद उन्हें फिर से बनाया जाएगा। इसके साथ ही, उन्होंने केरल सरकार के जंगली सूअरों को मारने के फैसले की आलोचना की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सूअरों को मारा गया, तब आने वाले पाँच सालों में वहाँ एक भी पेड़ नहीं बचेगा, क्योंकि जंगली सूअर ही ब्रैकन फर्न नामक पौधे को खाते हैं, जो पेड़ों की वृद्धि को रोकता है। मेनका गांधी ने आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का स्वागत किया है। इस फैसले के अनुसार, जो कुत्ते शेल्टर होम में हैं, उन्हें बाहर छोड़ा जा सकता है। लेकिन जो कुत्ते आक्रामक स्वभाव के हैं या रेबीज से पीड़ित हैं, उनकी नसबंदी (स्टेरिलाइजेशन) की जाए और उन्हें बाहर न छोड़ा जाए। मेनका गांधी ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर संतोष जताया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम मोदी की मां का एआई वीडियो बनाने पर दिल्ली पुलिस का एक्शन, कांग्रेस आईटी सेल के खिलाफ केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/ नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां हीराबेन मोदी की छवि बिगाडऩे वाले एक डीपफेक वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। भाजपा की शिकायत पर कांग्रेस और कांग्रेस आईटी सेल के खिलाफ नॉर्थ एवेन्यू थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। यह शिकायत भाजपा दिल्ली चुनाव प्रकोष्ठ के संयोजक संकित गुप्ता ने दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि 10 सितंबर 2025 को शाम कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल आईएनसी बिहार से प्लेटफॉर्म एक्स पर एक एआई जनरेटेड फर्जी वीडियो जारी किया गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां की छवि को अपमानजनक तरीके से दिखाया गया था। भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा कि यह वीडियो सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के लिए ही नहीं, बल्कि एक महिला की गरिमा और मातृत्व का भी घोर अपमान है। भाजपा ने इसे राजनीति की सीमा से बाहर जाकर किसी के व्यक्तिगत जीवन और उसके परिवार पर हमला करार दिया है। शिकायतकर्ता संकित गुप्ता ने यह भी उल्लेख किया कि 27–28 अगस्त को बिहार के दरभंगा में आयोजित कांग्रेस–राजद की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान भी प्रधानमंत्री और उनकी मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की गई थीं। उनका कहना है कि कांग्रेस की यह हरकत सुनियोजित है और चुनावी माहौल को प्रभावित करने की कोशिश है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 318(2), 336(3)(4), 340(2), 352, 356(2) और 61(2) सहित आईटी एक्ट और डिजिटल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट की प्रासंगिक धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में सभी डिजिटल सबूतों को सुरक्षित करते हुए तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है।

### नई पीढ़ी को फिल्म द बंगाल फाइल्स देखनी चाहिएः केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह

अर्थ प्रकाश/ बेगूसराय। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बेगूसराय में द बंगाल फाइल्स फिल्म देखने के बाद कहा कि यह फिल्म आजादी के बाद की पीढ़ी के लिए एक जरूरी दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में भारत के बंटवारे का सच दर्शाया गया है, जिसे नई पीढ़ी को जरूर देखना चाहिए। गिरिराज सिंह ने जोर देकर कहा कि यह फिल्म न सिर्फ ऐतिहासिक तथ्यों को उजागर करती है, बल्कि वर्तमान बंगाल के हालात को समझने के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, जो आजादी के बाद की पीढ़ी है, जिसने बंटवारे को नहीं देखा, उनके लिए द बंगाल फाइल्स बंटवारे का सच दिखाती है। यह फिल्म हर किसी को, खासकर युवा वर्ग को देखनी चाहिए। इसमें गांधी जी की भूमिका को भी अपने–अपने नजरिए से देखा जा सकता है।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फिल्म देखने के बाद ऐसा लगता है कि बंगाल में मौजूदा हालात को देखते हुए लोगों की जरूरत फिर से महसूस हो रही है, जो समाज को बचाने के लिए खड़े हुए थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस फिल्म से कोई भी मुंह नहीं छिपा सकता, क्योंकि यह आधी आजादी के सच को सामने लाती है। विपक्ष द्वारा द बंगाल फाइल्स पर सवाल उठाए जाने के बारे में पूछे गए सवाल पर गिरिराज सिंह ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा, क्या इतिहास के पन्नों को झूठलाया जा सकता है? क्या सोहराबुद्दीन और पुलिस की घटनाएं इतिहास में दर्ज नहीं हैं? इस फिल्म में एक संदेश भी है कि अगर तुम बांटोगे, तो काटे जाओगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह फिल्म ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वहीं, मौलवियों द्वारा राजनीतिक फतवे जारी करने के सवाल पर गिरिराज सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, अगर मस्जिदों से मौलवी राजनीतिक फतवे जारी करेंगे तो हम मंदिरों से अपनी हुंकार भरेंगे। हुंकार का मतलब हुंकार होता है। उन्होंने कहा कि मैं युवाओं से अपील करता हूं कि वे इस फिल्म को देखें और इतिहास के उन पहलुओं को समझें, जो आज भी समाज को प्रभावित करते हैं।

### लखनऊ में पूर्व आईपीएस और उनकी पत्नी पर एफआईआर दर्ज

**-जालसाजी, धोखाधड़ी और पद का दुरुपयोग करने का लगा आरोप**

अर्थ प्रकाश/ लखनऊ। यूपी के लखनऊ में पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर और उनकी पत्नी नूतन ठाकुर एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। ताल कटोरा थाना में दंपती के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन पर कथित जालसाजी, धोखाधड़ी और पद के दुरुपयोग करने का आरोप लगे हैं1 ताल कटोरा के आवास विकास कॉलोनी के रहने वाले संजय शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें आरोप लगाया है कि 1999 में जब अमिताभ ठाकुर देवरिया में एसपी के पद पर कार्यरत थे। उस समय उनकी पत्नी नूतन ठाकुर ने फर्जी नाम और पते के आधार पर औद्योगिक क्षेत्र देवरिया में प्लॉट संख्या बी–2 हासिल किया। इसके लिए नूतन ने खुद को बिहार के जिला सीतामढ़ी की रहने वाली नूतन देवी पत्नी अभिजात ठाकुर बताकर आवेदन किया था। बताया गया कि आवेदन पत्र, ट्रेजरी चालान, शपथ पत्र और ट्रांसफर डीड जैसे दस्तावेज भी जाली नाम और पते पर बनाए गए थे। जानकारी के मुताबिक नूतन ने इस प्लॉट को बेचकर अपने सही नाम से लाभ कमाया। इस पूरे मामले में पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर पर भी गंभीर आरोप लगे हैं। बताया जा रहा है कि पद पर रहते हुए उन्होंने धोखाधड़ी की जानकारी होने के बावजूद न तो कोई कार्रवाई की और न ही एफआईआर दर्ज कराई। शिकायतकर्ता संजय शर्मा का कहना है कि अमिताभ ठाकुर ने पद का दुरुपयोग किया, जो भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। संजय ने यह भी आरोप लगाया है कि नूतन ठाकुर ने नूतन इंडस्ट्रीज नाम से सीतामढ़ी में फर्म का पंजीकरण दिखाकर न केवल शर्मा इंजीनियरिंग वर्क्स के प्रोपराइटर राम जनक को बल्कि राज्य सरकार को भी धोखे में रखा। इस धोखाधड़ी में अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। इसलिए पूरे मामले की जांच सीबीआई या एसआईटी से कराई जाए। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए यह मामला सुर्खियों में आ गया है। जांच के बाद ही साफ होगा कि दस्तावेजों की फर्जीवाड़े की साजिश में और कौन–कौन शामिल हैं।

## मेयर हरप्रीत कौर बबला ने डड्डूमाजरा स्थित डंपिंग ग्राउंड में हरित मिशन का नेतृत्व किया; पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** हरित क्षेत्र को बढ़ाने और पर्यावरणीय परिस्थितियों में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, शहर की मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला ने डड्डूमाजरा स्थित डंपिंग ग्राउंड की चारदीवारी के अंदर एक विशाल पौधारोपण अभियान का नेतृत्व किया। अधीक्षण अभियंता (जल एवं पर्यावरण) और नगर निगम के समर्पित बागवानी कर्मचारियों के सहयोग से, इस पहल के तहत स्टरकुलिया अलाटा और सुखचैन सहित 125 पौधों के साथ-साथ सिंगल चांदी, एक्सोकेरिया बाइकलर, रात की रानी और हमेलिया पेटेंस की 500 झाड़ियाँ लगाई गईं।



मेयर ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऑक्सीजन पैदा करने वाली प्रजातियों का पौधारोपण पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने और क्षेत्र में वायु गुणवत्ता में सुधार लाने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा, ÷हमारा उद्देश्य हरियाली बढ़ाकर, प्रदूषण कम करके और जनता की चिंताओं का समाधान करके दादूमाजरा का कायाकल्प करना है। दुर्गंध और अन्य नागरिक समस्याओं को दूर करने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं, जिनका जल्द ही समाधान कर दिया जाएगा।'

उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम सतत शहरी विकास और सामुदायिक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, और शहर के सौंदर्यीकरण और पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

## ज्वाइंट एक्शन कमेटी के प्रतिनिधिमंडल की और से उपयुक्त चंडीगढ़ निशांत कुमार यादव को सम्मानित किया गया और आउटसोर्स कर्मचारियो को आ रही कठिनाइयां के बारे मांग पत्र सोप्पा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

जवाइंट एक्शन कमेटी का प्रतिनिधिमंडल आज उपयुक्त चंडीगढ़ श्री निशांत यादव को मिला। प्रतिनिधिमंडल की अगवाई कमेटी के संयोजक अश्वनी कुमार और चेयरमैन सुरमुख् सिंह ने की और उपयुक्त का फूलों का गुलदस्ता और सरोपा देकर सम्मानित किया और आउट सोर्स वर्कर्स को आ रही कठिनाई के बारे मांग पत्र भी सोप्पा। प्रतिनिधिमंडल ने उपयुक्त चंडीगढ़ को बताया के चंडीगढ़ के अलग अलग विभागों मे काम कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियो का ठेकेदार आर्थिक शोषण लगातार कर रहे है, जब ठेका बदलता है और नए ठेकेदार को ठेका मिलता है तब ठेकेदार पुराने आउटसोर्स कर्मचारियो को दुबारा नोकरी मे रखने की एवज मे पैसों की मांग करता है,और आउटसोर्स कर्मचारी को नोकरी से निकाले जाने के डर से पैसों का भुगतान करना पढ़ता है,मांग की इस पर रोक लगाई जाए, आगे बताया के आउटसोर्स कर्मचारियो को वेतन का भुगतान समय पर नही किया जाता इस कारण आउटसोर्स कर्मचारियो को बहुत दिकत होती हैं,वेतन का भुगतान हर महीने की 7 तारीख तक करवाया जाए और इस की अधिसूचना जारी की जाए,आउटसोर्स कर्मचारियो को बोनस नही दिया जा रहा उनको पीजीआई कर्मचारियो की तर्ज पर बोनस का भुगतान दिवाली से पहले किया जाए,और बताया के वर्ष 2025-26 का डी सी रेट बहुत कम बढ़ाया गया है इस लिए माहगई को देखते हुए 8 फीसदी और बढ़ाया जाए।उपयुक्त चंडीगढ़ निशांत कुमार यादव ने मांगो को ध्यानपूर्वक सुना और प्रतिनिधमंडल को भरोसा दिया मांगो पर बनती कार्यवाही जल्द की जाएगी । प्रतिनिधिमंडल मे अश्वनी कुमार, सुरमुख् सिंह,राज राम,कुलदीप सिंह, कमल कुमार,रविंद्र बिंदु,अशोक कुमार,रंजीत सिंह और माम राज शामिल थे।



## नेपाल में जेन–जी आंदोलन का उत्तराखंड में असर, नेपाली ग्राहकों पर निर्भर बनबसा बाजार में सन्नाटा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली ।** नेपाल में जेन-जी आंदोलन के बाद पैदा हुई अशांति ने भारत-नेपाल सीमा पर स्थित उत्तराखंड के बनबसा बाजार को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। बीते तीन दिनों से सीमा पर सन्नाटा छा गया है, जिससे स्थानीय व्यापारियों का 90 प्रतिशत से अधिक कारोबार ठप हो चुका है।

बनबसा बाजार, जो मुख्य रूप से नेपाली ग्राहकों पर निर्भर है, अब पूरी तरह शांत हो गया है। व्यापारियों को प्रतिदिन 40 से 50 लाख रुपये का अनुमानित नुकसान हो रहा है। नेपाली शहर महेंद्रनगर (कंचनपुर) में लगे कर्फ्यू के कारण सीमा पर आवागमन पूरी तरह बंद है, जिसका सीधा असर भारतीय बाजार पर पड़ा है। स्थानीय व्यापारी अब नेपाल में शांति बहाल होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि उनका कारोबार पटरी पर लौट सके। बनबसा बाजार चंपावत जिले में स्थित है और नेपाल के महेंद्रनगर से सटा हुआ है। यह बाजार दैनिक आवश्यकताओं जैसे नमक, तेल, चीनी, मसाले, परचून, सब्जी, गुड़ आदि के लिए नेपाली ग्राहकों का प्रमुख केंद्र है। इसके अलावा, कपड़े, हार्डवेयर, मोटर पार्ट्स, दवाइयां और अन्य महत्वपूर्ण सामान भी यहां से नेपाल निर्यात होते हैं। सामान्य दिनों में बाजार नेपाल के हजारों ग्राहकों से गुलजार रहता है, लेकिन अब नेपाली ग्राहक न आने से 90-95 प्रतिशत दुकानें बंद पड़ी हैं। केवल 10 प्रतिशत स्थानीय भारतीय ग्राहकों पर निर्भरता बची है। व्यापारी दिन में ही दुकानों पर खाली बैठे हैं या गद्दियों पर सो रहे हैं। मीना बाजार पूरी तरह धराशायी हो चुका है, जहां कई दुकानदार शाम 4 बजे ही घर लौट जाते हैं। स्थानीय व्यापार मंडल के अनुसार, बनबसा का कारोबार पूरी तरह नेपाल पर आश्रित है। सामान्यतः दैनिक व्यापार 60-70 लाख रुपये तक होता था, जो अब घटकर मात्र 1-2 लाख रह गया है। इससे आर्थिक संकट गहरा गया है। व्यापारियों की चिंता दशहरा और दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों को लेकर है। नेपाल में दशहरा सबसे बड़ा त्योहार है, जब बनबसा बाजार में प्रतिदिन 2.5 से 3 करोड़ रुपये का कारोबार होता है। यदि स्थिति यूं ही बनी रही, तो त्योहारों पर भी असर पड़ेगा और व्यापारियों की जीविका खतरे में

## कार्यक्रम–आचार्यश्री सुबल सागरजी के सानिध्य में वात्सल्य रत्न आचार्य श्री विमल सागर महाराज की 110 वीं जन्मजयंती पर हुआ अभिषेक

आचार्यश्री सुबल सागर के गूंजे मंत्र, भक्तों ने किया आचार्यश्री विमल सागर की प्रतिमा का सतरंगी अभिषेक, देखकर गूंजे जयकारों

जैन समाज के श्रद्धालुओ ने पीले वस्त्र धारण कर भक्ति भाव के साथ किया अभिषेक, हुई बृहद शांतिधारा।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर-** श्री दिगंबर जैन बीस पंथी बडा मंदिर प्रबंधक कमेटी चंपाबाग मंदिर दाना ओली ग्वालियर के तत्वाधान में आचार्यश्री सुबल सागर महाराज के सानिध्य में आज शनिवार को चंपाबाग जैन मंदिर में जैन धर्म सबसे बड़े संत वात्सल्य रत्नाकर दादा गुरु श्री 108 विमल सागर महाराज की 110 वीं जन्म जयंती समारोह महोत्सव पर आचार्य श्री विमल सागर की प्रतिमा पर सतरंगी पंचामृत अभिषेक किए। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया की आचार्यश्री सुबल सागर महाराज के सानिध्य में चंपाबाग समिति के पदाधिकारी और जैन समाज के लोगो ने पीले वस्त्र धारण कर पंचामृत अभिषेक में प्रथम कलशों से जल, सुगंधित जल, दही, इच्छुक रस, अनार , केशर, दूध, दही, चंदन का लेप, सर्व औषधिक, नारियलपानी, पाइनपाल, घी, बूरा, गुलाब के फूल से पुषवर्षा, आदि से सतरंगी पंचामृत अभिषेक भक्ति भाव के साथ किया। जैसे ही प्रथम अभिषेक हुआ तो उपस्थित संख्या में जैन समाज के लोगो ने दादा गुरुदेव के जयकारों के साथ मंदिर का परिसर गूंज उठा। आचार्यश्री विमल सागर की प्रतिमा पर शांतिधारा आचार्यश्री के मुख्यबिंद मंत्रो से दिलीप खापर ओर निखिल गोधा परिवार ने की। वही आचार्यश्री सुबल सागरजी के चरणों में मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद टोंग्या, महामंत्री पंकज छाबड़ा, सुरेन्द्र बैनाड़ा, महावीर जैन, विनय कासलीवाल, गौतम गौधा नीरज छाबड़ा, कमलेश बिलाला, एवं महिला मंडल ने श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद लिया।

**आचार्यश्री विमल सागर सहज, सरल के साथ जन-जन के संत थे: आचार्यश्री सुबल सागरजी।**

आचार्यश्री सुबल सागर महाराज ने अपनी अमृतमय वाणी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि साधुओं का मानव जाति पर बहुत बड़ा उपकार है, संतों की श्रृंखला में वात्सल्य रत्नाकर आचार्य श्री विमल सागर जी महाराज हुए जिनका पूरे देश में जैन समाज 110 वीं जन्मजयंती वर्ष माना रही है। वे सहज, सरल संत थे। वे जन-जन के संत थे। आत्म कल्याण के साथ-साथ अनवरत दूसरों के कल्याण और पीड़ा हरने में कुशलता रखते थे। उनके त्याग, तपस्या, करुणा, वात्सल्य से अनेकों दुखियों के दुख दूर हुए। उनका ध्यान साधना लोगों के लिए विस्मयकारी था। आज हमें आवश्यकता है उनके बताए हुए सदमार्ग पर चलने की। उनकी प्रेरणा से अनेक लोक कल्याणकारी कार्य हुए जो उन्हें हमेशा जीवंत बनाए रखे।



**आज होगा आचार्यश्री सुबल सागर के अवतरण दिवस पर विधान ओर नाटक मंचन।**

*जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि परम पूज्य आचार्य श्री108 सुबल सागर जी महाराज का आज 14 सितंबर रविवार को अवतरण दिवस चम्पावाग धर्मशाला नई सड़क पर मनाया जाएगा। सन्मति सुबल मंगल वर्षायोग एवं सकल जैन समाज की ओर से सुबह 07 बजे से सहस्रनाम विधान होगा। वही सुबह 9 बजे आचार्य श्री के मंगल उद्बोधन होगे। वही शाम 7 बजे से 8 बजे तक भजन सांध्य ओर 8 बजे से विवेक से सुबल तक की जन्म से वैराग्य की यात्रा का नाट्य मंचन की ओर प्रस्तुति नेमीनाथ जैन मिलन बालिका एवं महिला मंडल के द्वारा किया जाएगा।

# एशिया कप में आज होगा भारत और पाकिस्तान का हाई वोल्टेज मुकाबला

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नोमेंट में रविवार को भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमों के बीच हाई वोल्टेज मुकाबला होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत हासिल करने पूरी ताकत लगा देगी। भारतीय टीम हालांकि इस मैच में जीत की प्रबल दावेवारी है क्योंकि उसकी बल्लेबाज और गेंदबाजी पाकिस्तान से बेहतर है। अभी तक दोनो ही टीमों ने अपनी शुरुआती मैच जीत लिए है। भारतीय टीम ने पहले मैच में यूएई के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज की जबकि पाक का ओमान से जीत में जमकर पसीना बहाना पड़ा। अंक तालिका में अभी भारतीय टीम पहले जबकि पाक दूसरे नंबर पर है। दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला बेहद अहम है। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम के सुपर 4 में पहुंचने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। आंकड़ों पर नजर डालें तो खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने आठ बार खिताब जीता है, वहीं पाकिस्तान ने केवल दो बार ही जीत हासिल की है।

भारत और पाक टीमों ने दुबई मैदान में पहले भी खेला है। इस मैदान पर स्पिनरों को अधिक सहायता मिलती है। दोनो ही टीमों के पास अच्छे स्पिनर है जिसका लाभ वे उठाना चाहेंगी। इस मैच में दोनो ही टीमों की जीत उनकी अंतिम ग्यारह पर भी निर्भर करेगी।

पाक के खिलाफ भारतीय टीम की पारी की शुरुआत शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा ही करेंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खासकर अर्शदीप सिंह को इस मैच में जगह मिलती है या नहीं ये देखना होगा। वहीं मध्य क्रम की .कमान सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, संजू सैमसन और शिवम दुबे पर रहेगी। .ऑलराउंडर के तौर पर हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल और शिवम दुबे को अवसर मिलेगा सैमसन विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर फिनिशर की भूमिका निभाएंगे। वहीं गेंदबाजी की जिम्मेदारी जसप्रीत बुमराह, पंड्या, दुबे, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल के पास रहेगी।



पाकिस्तान की टीम में सैम अयूब, शाहिबजादा फरहान, मोहम्मद हारिस, फखर जमां और सलमान आगा पर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी रही। वहीं गेंदबाजी की कमान स्पिनर मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी, सुफियान मुकीम और अबरार अहमद पर रहेगी।.

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** = सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह।

**पाकिस्तान** = सलमान आगा (कप्तान), सैम अयूब, साहिबजादा फरहान, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), फखर जमान, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, सुफियान मुकीम, अबरार अहमद।

# भारत-पाक मैचों का क्रेज कम हुआ, अब तक आधे टिकट भी नहीं बिके



**मुम्बई (एजेंसी)।** दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह को अब भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) में भी अहम जिम्मेदारी मिल सकती है। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने उन्हें 28 सितंबर को होने वाली बीसीसीआई की सालाना आम बैठक के लिए अपना प्रतिनिधि बनाया है। गौरतलब है कि एजीएम में बीसीसीआई पांच प्रमुख पदाधिकारियों का चुनाव करेगा। वहीं बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने सौरव गांगुली को अपना नियुक्त किया है। ऐसे में गांगुली को भी बोर्ड के अगले अध्यक्ष पद का दावेदार माना जा रहा है। वह पहले भी बीसीसीआई अध्यक्ष रहे हैं।

बीसीसीआई एजीएम के मुख्य एजेंडे में बीसीसीआई बोर्ड अध्यक्ष सहित शीर्ष पदाधिकारियों के चुनाव और नियुक्ति भी शामिल है। जिनमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष शामिल है। बैठक में शीर्ष परिषद के लिए एक आम सभा प्रतिनिधि और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के लिए दो सदस्यों के नाम पर भी फैसला होगा। हरभजन भारत की 2007 टी-20 विश्व कप और 2011 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य थे। वह पहले पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के सलाहकार रहे हैं। इस बार वह अपने राज्य संघ के प्रतिनिधि के रूप में पहली बार उपस्थित रहेंगे।

वहीं इससे पहले महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का नाम भी बीसीसीआई अध्यक्ष के लिए सामने आया था पर सचिन ने इससे इंकार कर दिया था। वहीं हभजन ने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है।

बीसीसीआई की पिछली वार्षिक आम बैठकों एजीएम को देखें, तो बड़ी प्रतिस्पर्धा की संभावना कम ही है। देवजीत सैकिया सचिव, प्रभतेज सिंह भाटिया कोषाध्यक्ष और रोहन देसाई संयुक्त सचिव जैसे मौजूदा पदाधिकारियों के अपने पदों पर बने रहने की उम्मीद है।

# हांगकांग ओपन: सात्विक-चिराग सत्र के पहले फाइनल में पहुंचे



**हांगकांग (एजेंसी)।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को सीधे गेम में जीत के साथ हांगकांग ओपन सुपर 500 के फाइनल में प्रवेश किया। इस तरह उनके पास इस साल खिताब जीतने का लंबा इंतजार खत्म करने का मौका है। दुनिया की नौवें नंबर की इस जोड़ी ने चीनी ताइपे के बिंग-वेई लिन और चेन चेंग कुआन को 21-17, 21-15 से हराकर इस सत्र में छह सेमीफाइनल मुकाबलों में मिली हार के बाद अपने पहले फाइनल में जगह बनाई।

आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी का सामना चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग तथा चीनी ताइपे के फैंग-चिह ली और फैंग-जेन ली के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। शुरुआती गेम में दोनों जोड़ियां 3-3 और 6-6 से बराबरी पर थीं। लेकिन सात्विक के स्मैश और चिराग के तेज 'इंटरसेप्शन' की बदौलत भारतीय जोड़ी 11-8 से आगे हो गई। हालांकि ताइवानी जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 12-12 कर लिया लेकिन भारतीय जोड़ी ने 15-12 से बढ़त बना ली।

चिराग के तेज रिटर्न के साथ दूसरे गेम प्वाइंट पर गेम अपने नाम कर लिया। अगले गेम में चेन और लिन मजबूत शुरुआत कर 4-2 से आगे थे, लेकिन भारत ने 6-6 से बराबरी हासिल कर ली। चिराग की कुछ गलतियों के कारण ताइवानी जोड़ी 10-8 से आगे हो ली। लेकिन सात्विक ने एक और तेज स्मैश लगाकर स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया। फिर भारतीय जोड़ी ने अपनी पकड़ मजबूत करते हुए स्कोर 17-15 कर दिया। जल्द स्कोर 19-15 हो गया। लेकिन चेन की एक नेट गलती ने सात्विक और चिराग को पांच मैच प्वाइंट दिला दिए।

# एशिया कप में पाकिस्तान पर हमेशा भारी पड़ी है भारतीय टीम

**दुबई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीम एक बार फिर रविवार को एशिया कप में टकरायेंगी। इस मैच को लेकर भारी रोमांच रहता है। दोनो ही टीमें इस मैच को जीतने के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। इस मैच के लिए सभी तैयारियों हो गयी हैं और दोनो ही टीमें आपस में टकराने के लिए तैयार हैं। भारतीय टीम ने अपने अपने पहले ही मैच में मेजबान यूएई को एकतरफा मुकाबले में हराकर अपने इरादे जता दिये हैं। वहीं पाकिस्तान ने पहले मुकाबले में कड़े संघर्ष के बाद ओमान को हराया है। दोनों टीमें एक ही ग्रुप में है। भारतीय टीम अंक तालिक में पहले जबकि पाक दूसरे नंबर पर है।



आंकड़ों पर नजर डालें तो एशिया कप में अब तक दोनों ही टीमों के बीच 18 बार मुकाबले हुए हैं। इसमें भारतीय टीम को 10 बार जबकि पाकिस्तान को 6 बार जीत मिली है। भारतीय टीम रिकॉर्ड 8 बार एशिया कप ट्रॉफी जीती है। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का फाइनल कभी नहीं हुआ है। एशिया कप की शुरुआत साल 1984 में हुई थी। भारत और पाकिस्तान की टीमें तब से अभी तक 18 बार आमने-सामने आई हैं। दोनों टीमों के बीच 1997 और 2023 में एक एक मुकाबला परिणाम रहित रहा। 15 बार एशिया कप एकदिवसीय प्रारुप में हुआ। फॉर्मेट में इसमें भारतीय टीम ने आठ जबकि पाकिस्तान ने 5 बार जीत हासिल की है। दो मुकाबलों का परिणाम नहीं मिला है। दोनों टीमों के बीच खेले गए एशिया कप मुकाबलों में विराट कोहली ने सबसे अधिक रन बनाए हैं। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ 8 मैचों में 476 रन बनाए हैं।

# श्रेयस के लिए जगह बनाने सैमसन को पांचवे नंबर पर आजमाया जा रहा : श्रीकांत

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर कृष्णमाचारी श्रीकांत ने कहा है कि एशिया कप में जिस प्रकार संजू सैमसन को पांचवें नंबर पर रखा गया है उससे उन्हें नुकसान होगा। श्रीकांत के अनुसार इस नंबर पर सैमसन अधिक सफल नहीं रहे है और इससे उनका मनोबल कमजोर होगा। इस पूर्व बल्लेबाज का मानना है कि श्रेयस अय्यर के लिए जगह बनाने सैमसन को पांचवे नंबर पर आजमाया जा रहा है। यूएई के खिलाफ मैच में वह पांचवे नंबर पर उतरे थे। शुभमन गिल को टी20 में उपकप्तान बनाये जाने के बाद से ही ये तय हो गया था कि सैमसन के हाथ से पारी की शुरुआत का अवसर निकल गया है। श्रीकांत ने कहा, मुझे लगता है कि सैमसन को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कराकर, वे श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी का रास्ता बना रहे हैं। संजू ने पांचवें नंबर पर ज्यादा बल्लेबाजी नहीं की है और उन्हें उस नंबर पर बल्लेबाजी भी नहीं करनी चाहिए। इससे पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने का उनका आत्मविश्वास डगमगा जाएगा। ये सैमसन के पास अंतिम अवसर है। मैं उन्हें यह भी बता दूंगा कि अगर वह इस नंबर पर अगली तीन पारियों में रन नहीं बना पाए, तो श्रेयस उनकी जगह ले लेंगे।



# बटलर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में 30 गेंदों पर ही 83 रन बनाये

### –रोहित और जोनाथन का रिकार्ड तोड़ा

**ओल्ड ट्रैफर्ड (एजेंसी)।** इंग्लैंड के जोस बटलर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से दो अहम रिकार्ड अपने नाम किये हैं। इस मैच में अपनी बल्लेबाजी से बटलर ने रोहित शर्मा और जोनाथन चार्ल्स के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। बटलर ने केवल 30 गेंदों में 83 रन बनाये। वहीं 65 रन पावरप्ले में बने। बटलर ने फिल साल्ट के साथ 126 रनों की साझेदारी की। इंग्लैंड ने पावर प्ले में 100 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किसी भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में पावरप्ले में यह किसी बल्लेबाज का सबसे अधिक स्कोर है। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के पहले छह ओवरों में 65 या उससे अधिक रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

बटलर का टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पॉवरप्ले में चौथा सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 73, पॉल स्टर्लिंग ने 67 और कॉलिन मुनरो ने 66 रन बनाये थे। वहीं चौथे स्थान रहे हैं हेड ने 2024 में स्कॉटलैंड के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि स्टर्लिंग और मुनरो ने क्रमशः 2020 और 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी।

### बटलर ने 276.66 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए

बटलर ने इस दौरान 276.66 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जो किसी भी पूर्ण सदस्य टीम के खिलाफ किसी भी सलामी बल्लेबाज द्वारा 80 से अधिक रनों की सबसे तेज पारी है। उन्होंने भारत के रोहित द्वारा 2017 में श्रीलंका के खिलाफ बनाया गया रिकॉर्ड तोड़ दिया, रोहित ने तब 35 गेंदों में शतक लगाया था। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 260 से अधिक की स्कोरिंग रेट से 80 से अधिक रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 2023 में सेंचुरियन में वेस्टइंडीज के लिए जोनाथन चार्ल्स के रिकॉर्ड 46 में से 118 रन को तोड़ दिया।



# चहल की तरफ बनना चाहते हैं आर्यवीर कोहली



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के भतीजे आर्यवीर कोहली ने इस बार दिल्ली प्रीमियर लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। आर्यवीर विराट की तरह बल्लेबाज नहीं बल्कि लेग स्पिनर हैं। वह युजवेंद्र चहल जैसा गेंदबाज बना चाहते हैं और दिवंगत ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वार्न को अपना आदर्श मानते हैं। आर्यवीर ने चहल ओर वार्न दोनों के वीडियो देखकर स्पिन की बारीकियां सीखीं। दिल्ली कैपिटल्स द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में आर्यवीर ने यह खुलासा किया है। चहल अच्छे प्रदर्शन के बाद भी करीब दो साल से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर हैं। उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच साल 2023 में खेला था। वो अगस्त 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 मैच में मैदान में उतरे थे। इससे पहले जनवरी 2023 में उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी एकदिवसीय मैच खेला था। चहल हालांकि आईपीएल में सक्रिय हैं। वो पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल में खेलते हैं। वहीं विराट टेस्ट और टी20 से संन्यास के बाद अब केवल एकदिवसीय में ही खेलेंगे।

# अनुराग ठाकुर ने तोड़ी चुप्पी, बताया क्यों जरूरी है भारत-पाकिस्तान के बीच मैच होना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई और भारत सरकार को वर्तमान में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को एशिया कप 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की अनुमति देने के अपने फैसले के लिए प्रशंसकों की काफी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। सभी आलोचनाओं के बीच पूर्व भारतीय खेल मंत्री और वर्तमान भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने एक स्पष्टीकरण जारी किया कि जब एसीसी या आईसीसी द्वारा आयोजित टूर्नामेंट की बात आती है तो ऐसी प्रतियोगिताएं अपरिहार्य हैं।


एशियाई दिग्गज भारत और पाकिस्तान ने आखिरी बार 2012 13 में द्विपक्षीय श्रृंखला में एक-दूसरे का सामना किया था। तब से दोनों टीमें एशिया कप या वनडे और टी20 विश्व कप जैसी वैश्विक या महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं में एक-दूसरे से भिड़ती रही हैं।





अनुराग ठाकुर ने कहा, 'जब एसीसी या आईसीसी द्वारा बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित किए जाते हैं, तो देशों के लिए उनमें भाग लेना एक मजबूरी और आवश्यकता बन जाती है। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया जाएगा, उन्हें मैच छोड़ना होगा और दूसरी टीम को अंक मिलेंगे। लेकिन भारत पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय टूर्नामेंट नहीं खेलता है। हमने वर्षो से यह निर्णय लिया है कि जब तक पाकिस्तान भारत पर आतंकवादी हमले बंद नहीं कर देता तब तक भारत पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय टूर्नामेंट नहीं खेलेगा।' गौर है कि एशिया कप 2025 में टीम इंडिया का दूसरा मुकाबला पाकिस्तान से होगा। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में दुबई के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में यूएई को एकतरफा मुकाबले में नौ विकेट से हरा दिया। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 का मुकाबला 14 सितंबर को होगा।

# अब तुर्की के फुटबॉल क्लब से खेलेंगे मैनचेस्टर यूनाइटेड के आंद्रे ओनाना



मैनचेस्टर। मैनचेस्टर यूनाइटेड के गोलकीपर आंद्रे ओनाना अब आने वाले सत्र में तुर्की के फुटबॉल क्लब त्राब्जोंसपोर की ओर से खेलते हुए दिखेंगे। त्राब्जोंसपोर ने इस फुटबॉलर को लोन पर शामिल किया है हालांकि अभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस करार को मंजूरी मिलनी शेष है। यह करार तुर्की की ट्रांसफर विंडो बंद होने से पहले ही पूरा किया गया है। इसी को लेकर त्राब्जोंसपोर ने कहा, मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ करार हुआ है, जिसके तहत पेशेवर फुटबॉलर आंद्रे ओनाना का 2025–26 सत्र के लिए हमारे क्लब में ट्रांसफर किया गया है। इस फुटबॉलर ने जुलाई 2023 में इटली के इंटर मिलान क्लब से जुड़ने के बाद रेड्स की ओर से 102 मैच खेले हैं। आंद्रे ने मैनचेस्टर में अपने पहले सीजन के दौरान केवल एक मैच ही नहीं खेला था। उन्होंने एफए कप में अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आंद्रे पिछले सत्र में भी पसंदीदा गोलकीपर बने थे। वह सेव ऑफ द मंथ अवॉर्ड को तीन बार जीतने वाले पहले गोलकीपर हैं। ओनाना ने अपने दूसरे सीजन में 50 मैच खेले, जिसके बाद त्राब्जोंसपोर के साथ जुड़ने के लिए राजी हो गए। उन्होंने इस सीजन में अब तक यूनाइटेड के लिए केवल एक मैच खेला है। हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण ओनाना प्री–सीजन के दौरान टीम के साथ नहीं खेल पाए थे। उन्होंने सीजन के अपने पहले मैच में एक गलती की, जिसके चलते यूनाइटेड को काराबाओ कप में हार झेलनी पड़ गई।

# रोहित और विराट की कमी नहीं खलेगी, भारत बी टीम भी पाकिस्तानी को हरा देगी: पूर्व क्रिकेटर भारत

**दुबई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान एशिया कप 2025 के अपने दूसरे ग्रुप चरण के मुकाबले में आमने सामने होंगे, जो 14 सितंबर को दुबई के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा। एशियाई दिग्गजों के बीच होने वाले हाई वोल्टेज मुकाबले से पहले पूर्व भारतीय क्रिकेटर अतुल वासन का मानना है कि एशिया कप 2025 में इंडिया बी टीम भी सलमान आगा की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम को हरा देंगी।

वासन भारत की एशिया कप 1990-91 विजेता टीम का हिस्सा थे। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें एशिया कप 2025 में बल्लेबाजी जोड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली की कमी महसूस नहीं होगी। रोहित और विराट भारत टी20 विश्व कप 2024 जीतने के बाद से टी20 से संन्यास ले चुके हैं।

अतुल वासन ने कहा, 'भारत की बी टीम भी इस पाकिस्तानी टीम को हरा देगी क्योंकि हालात बदल गए हैं। जब हम 90 के दशक में खेलते थे तब वे बहुत अच्छी टीम हुआ करते थे। अब स्थिति बदल गई है। मुझे रोहित शर्मा और विराट कोहली की कमी नहीं खलेगी क्योंकि फिर मुझे सुनील गावस्कर और कपिल देव की भी याद आने लगेगी। राजा मर गया, राजा अमर रहे। चीजें बदलती रहती हैं, नए सुपरस्टार आते हैं और यह धन-दौलत की शर्मिंदगी और मुझे चयनकर्ताओं पर तरस आता है क्योंकि सबको एक ही टीम में रखना पड़ता है क्योंकि किसे बाहर करना है और किसे चुनना है।'

भारत का पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी मुकाबला आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हुआ था, जहां विराट कोहली के नाबाद शतक की बदौलत रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने पाकिस्तान को एकतरफा मुकाबले में छह विकेट से हराया था। गौर है कि सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में यूएई के खिलाफ शानदार जीत के बाद पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले आत्मविश्वास से भरी होगी।

# विश्व तीरंदाजी : रिकर्व स्पर्धा में गाथा की हार से भारत की उम्मीदें समाप्त हुईं



सियोल। दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में जारी विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ी रिकर्व में फिर असफल रहे हैं। इस चैंपियनशिप में 15 साल की युवा तीरंदाज गाथा खड़के के हारते ही इस वर्ग में भारत की सभी संभावनाएं समाप्त हो गयीं। प्री–क्वार्टर फाइनल में हुए एकतरफा मुकाबले में गाथा को कोरिया की लिम सी–ह्योन से 6–0 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही रिकर्व वर्ग में भारतीय टीम का अभियान समाप्त बिना किसी पदके के ही समाप्त हो गया। वहीं कंपाउंड तीरंदाजों ने एक ऐतिहासिक स्वर्ण सहित दो पदक जीते। यह लगातार तीसरा मौका है जब भारतीय रिकर्व तीरंदाज विश्व चैंपियनशिप से खाली हाथ लौटे हैं। भारत ने आखिरी बार 2019 में रिकर्व में पदक जीता था, जब तरूणदीप राय, अतनु दास और प्रवीण जाधव की पुरुष टीम ने रजत पदक हासिल किया था। इस बार टूर्नामेंट में अनुभवी तीरंदाजों ने भी निराश किया। अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी पहले ही दौर में बाहर हो गईं। इसी प्रकार शीर्ष क्रम के पुरुष रिकर्व तीरंदाज और धीरज बोम्मदेवरा भी असफल रहे।

# अर्शदीप को टीम से बाहर रखने पर भारतीय कोच ने तोड़ी चुप्पी, कहा- यह कोई एजेंडा नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में यूएई के खिलाफ एशिया कप 2025 के मुकाबले के लिए सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम की प्लेइंग इलेवन में अर्शदीप सिंह को न चुनने के फैसले पर खुलकर बात की। ज्यादातर प्रशंसकों और विशेषज्ञों ने भविष्यवाणी की थी कि पंजाब के इस तेज गेंदबाज को टीम में टूर्नामेंट के पहले मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ खेलते हुए देखा जाएगा।

यूएई के खिलाफ भारत ने एकमात्र विशेषज्ञ तेज गेंदबाज के रूप में जसप्रीत बुमराह को चुना, जबकि शिवम दुबे और हार्दिक पांड्या को अंशकालिक विकल्प के रूप में तीन स्पिन विकल्पों के साथ उतारा गया। अर्शदीप को प्लेइंग इलेवन से बाहर करने के बारे में पूछे जाने पर कोटक ने कहा कि ऐसे फैसलों के पीछे कोई एजेंडा नहीं होता।

सीतांशु कोटक ने कहा, 'क्योंकि मुख्य कोच और कप्तान के साथ हमारी पहली बातचीत यही होती है कि जाहिर है ये 15 खिलाड़ी ऐसे ही हैं। हर कोई खेलने का हकदार है।'

उन्होंने आगे कहा, 'अगर कोई खिलाड़ी नहीं खेल रहा है तो उसके लिए मुश्किल होगी क्योंकि उसे लगेगा कि उसे टीम से बाहर कर दिया गया है। लेकिन आखिरकार यह एक टीम खेल है। इसलिए सभी जानते हैं कि इसमें कोई एजेंडा नहीं है कोई व्यक्तिगत पसंद-नापसंद नहीं है। टीम के लिए जो भी सबसे अच्छा होगा कप्तान और मुख्य कोच वही तय करेंगे और मुझे नहीं लगता कि किसी के मन में कोई संदेह है। इसलिए जो भी नहीं खेल रहा है वे हमेशा उन खिलाड़ियों की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं जो खेल रहे हैं।'

गौर है कि अर्शदीप सिंह ने 63 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जहां उन्होंने 5/37 के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 99 विकेट लिए हैं। पंजाब के अर्शदीप भारत की टी20 विश्व कप 2024 टीम का हिस्सा थे, जहां उन्होंने 17 साल बाद टीम को अपना दूसरा टी20 विश्व कप खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। वह 8 मैचों में 17 विकेट लेकर दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे।

